आज

३.००

तीन रुपये मात्र

भाजन

गौरवशाली परम्परा १०७ वर्ष

दीवाली सेलिब्रेशन-
पटाखों का कॉम्पटीशन

रकुल

वाराणसी, गुरुवार ५ नवम्बर, २०२६ सौर १९, कार्तिक कृष्ण ११, २०८३ वि.। वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज (रीवा संस्करण), कानपुर (झांसी संस्करण), लखनऊ, आगरा, बरेली, हल्द्वानी,पटना (कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित * काशी संस्करण पृष्ठ १२, मूल्य ३.०० रुपये

हमारे सभी देश वासियों, काशी वासियों व चन्दौली वासियों को

धनतेरस, छोटी दीपावली



दीपावली, काली पूजा,





भैया दूज, गोवर्धन पूजा

एवं डाला छठ की



हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।



अश्वनी शुक्ला

प्रमुख समाजसेवी



बैठक को संबोधित करते सीडीओ व एसपी। छाया:आज

रौजा पावर पर लगेगा पांच एमवीए का नया ट्रांसफार्मर

गाजीपुर। शहर के रौजा पावर हाउस की बिजली आपूर्ति व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए पांच एमवीए क्षमता का नया ट्रांसफार्मर लगाया जाएगा। बुधवार को विद्युत वितरण खंड द्वितीय के अधिशासी अभियंता गोपाल सिंह ने भूमि पूजन कर निर्माण कार्य की शुरुआत कराई। इस परियोजना पर करीब एक करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। विभाग ने दिसंबर के अंतिम सप्ताह तक कार्य पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।अधिशासी अभियंता ने बताया कि रौजा पावर हाउस में पहले से 10-10 एमवीए क्षमता के दो ट्रांसफार्मर लगे हैं। गर्मी के मौसम में बिजली की खपत बढ़ने से इन पर अतिरिक्त भार पड़ता था। ओवरलोडिंग के चलते पूर्वी फीडर सहित शहर के कुछ अन्य फीडरों पर रोस्टिंग करनी पड़ती थी। इससे उपभोक्ताओं को बार-बार बिजली कटौती और ट्रिपिंग की समस्या का सामना करना पड़ता था। नया ट्रांसफार्मर स्थापित होने से बिजली वितरण की क्षमता बढ़ेगी और ओवरलोडिंग की समस्या में कमी आएगी। इससे शहर के उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं बेहतर बिजली आपूर्ति मिलने की उम्मीद है।


भूमि पूजन कर निर्माण कार्य की शुरुआत करते एई। छाया:आज

बाजार, आबादी वाले क्षेत्रों में नहीं लगेंगी पटाखों की दुकानें

गाजीपुर। आगामी दीपावली एवं डाला छठ महापर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के लिए बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कानून-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी आलोक प्रसाद की उपस्थिति में हुई बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मुख्य विकास अधिकारी आलोक प्रसाद ने निर्देश दिया कि सभी छठ घाटों पर समय से साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, अस्थायी शौचालय और बैरिकेडिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। घाटों पर गोताखोरों एवं नाविकों की तैनाती की जाए। नदी के गहरे और खतरनाक स्थानों को चिह्नित कर चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं। नगर पालिका एवं नगर पंचायतों को घाटों और बाजारों में सफाई, फॉगिंग तथा कूड़ा निस्तारण की विशेष व्यवस्था करने को कहा गया। एसपी ने त्योहार के दौरान अराजक तत्वों और सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। घाटों पर महिला पुलिस सहित पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, बाजारों और धार्मिक स्थलों पर सादे कपड़ों में भी पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे। अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) वेद सिंह चौहान, मुख्य राजस्व अधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक नगर, सभी उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। भांवरकोल प्रतिनिधि के अनुसार- आगामी धनतेरस, दीपावली, भैया दूज और छठ पूजा को शासन की ओर से जारी दिशा-निर्देशों की जानकारी दी गई। थानाध्यक्ष ने पूजा समितियों और प्रतिमा स्थापित करने वाले आयोजकों से त्योहारों के दौरान शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट किया कि त्योहारों के दौरान

उल्लंघन पर होगी काररवाई, दीपावली और डाला छठ को लेकर प्रशासन अलर्ट

शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए बुधवार को थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। थानाध्यक्ष राजीव कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में हुई बैठक में पूजा आयोजकों, डीजे संचालकों, संभ्रांत नागरिकों और धर्मगुरुओं को किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या अशांति बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सेवराई प्रतिनिधि के अनुसार- आगामी दीपावली एवं छठ पूजा पर्व को शांतिपूर्ण, सकुशल और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से बुधवार को स्थानीय पुलिस चौकी सेवराई परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। उपजिलाधिकारी गजराज सिंह यादव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, व्यापारियों, दुकानदारों और संभ्रांत लोगों ने भाग लिया। बैठक में त्योहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात, पटाखों की बिक्री और शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक में एसडीएम ने पटाखा दुकानदारों को सख्त हिदायत देते हुए स्पष्ट किया कि बाजार के अंदर और आबादी वाले क्षेत्रों में किसी भी परिस्थिति में पटाखों की दुकान नहीं लगाई जाएगी। पटाखों की बिक्री केवल प्रशासन द्वारा निर्धारित सुरक्षित स्थानों पर और नियमानुसार ही की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि यदि कोई दुकानदार बाजार अथवा आबादी वाले क्षेत्र में पटाखों की दुकान लगाते हुए पाया गया तो उसके खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।वहीं, कोतवाल नंद कुमार तिवारी ने कहा कि दीपावली एवं छठ पूजा को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहेगा। बाजारों, प्रमुख चौराहों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में पुलिस की विशेष निगरानी रहेगी। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील किया कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा अफवाह की जानकारी तत्काल पुलिस को दें। उन्होंने स्पष्ट किया कि त्योहारों के दौरान सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

दीपावली से पहले खाद्य सुरक्षा विभाग की छापेमारी

४० किलो मिलावटी मिठाई नष्ट

गाजीपुर। दीपावली पर्व पर मिलावटखोरी रोकने और आमजन को शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने बुधवार को जिले के विभिन्न बाजारों में विशेष अभियान चलाया। इस दौरान नौ खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित किए गए। वहीं मानव उपभोग के लिए अनुपयुक्त पाई गई करीब 40 किलोग्राम छेना मिठाई, गुलाब जामुन और जलेबी सहित अन्य मिठाइयों को नष्ट कराया गया। नष्ट कराई गई मिठाइयों का अनुमानित मूल्य 10,210 रुपये बताया गया है। अभियान के तहत पीजी कॉलेज चौराहा स्थित यदुवंशी स्वीट्स से छेना मिठाई का नमूना लेकर 10 किलोग्राम संदूषित मिठाई नष्ट कराई गई। सुजनपुर, सेवराई में डिलीवरी वाहन से मिश्रित दूध का नमूना लिया गया। सेवराई बाजार में बर्फी, जबकि भदौरा बस स्टैंड स्थित मां कामाख्या स्वीट हाउस से बूंदी के लड्डू और जलेबी नष्ट कराई गई। यह अभियान खाद्य सुरक्षा अधिकारियों गुलाबचंद गुप्त, विपिन कुमार गिरि, धनंजय सिंह, अरविंद्र प्रजापति, पंकज कुमार कन्नौजिया एवं अमरनाथ की टीम ने चलाया।

सेना से सेवानिवृत्त होकर गांव लौटने पर लोगों ने किया स्वागत

सैदपुर, गाजीपुर। रावल गांव के सुनील कुमार जायसवाल 30 साल की सैन्य सेवा के बाद 1 नवंबर 2026 को सेवानिवृत्त हो गए। सुनील ने भारतीय सेना में सूबेदार के पद पर सेवा दी। इनपुट में उन्हें सूबेदार ऑर्डिनरी कैप्टन भी बताया गया है। तीन दशक तक वर्दी पहनकर देश की रक्षा की, अब सेवानिवृत्त हुए सूबेदार ऑर्डिनरी कैप्टन सुनील कुमार जायसवाल, 30 साल की गौरवशाली सैन्य सेवा को मिला सलाम। देश की रक्षा में समर्पित रहे ऐसे वीर जवान को सलाम। वर्दी भले ही उतर गई हो, लेकिन देशसेवा का जज्बा और सम्मान हमेशा कायम रहेगा।

यूसुफपुर मंडी का ५.३७ करोड़ रुपये से होगा कायाकल्प

मोहम्मदाबाद, गाज़ीपुर। उत्तर प्रदेश सरकार की पहल पर गाज़ीपुर स्थित यूसुफपुर कृषि उत्पादन मंडी परिसर की तस्वीर जल्द बदलने वाली है। प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं के अनुरूप मंडी में कृषि उपज के भंडारण, आवागमन और विपणन से जुड़ी आधारभूत सुविधाओं में व्यापक सुधार किया जाएगा। इसके लिए उत्तर प्रदेश राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद ने कुल 5 करोड़ 37 लाख 19 हजार रुपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है।विकास योजना के तहत 500-500 मीट्रिक टन क्षमता वाले तीन प्रमुख गोदामों का जीर्णोद्धार किया जाएगा। इन गोदामों की पुरानी एसी शीटों को बदलकर नई टिकाऊ प्रोफाइल शीट लगाई जाएंगी। इसके साथ ही गोदामों की आवश्यक मरम्मत, रंगाई और पुताई का काम भी पूरा कराया जाएगा, जिससे कुल 1,500 मीट्रिक टन की भंडारण क्षमता किसानों के लिए अधिक उपयोगी हो सकेगी।मंडी परिसर की आंतरिक सड़कों को आवागमन के अनुकूल बनाने के लिए हॉटमिक्स पद्धति से मरम्मत व सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। उनका लक्ष्य है कि मंडी आने वाले किसानों को आवागमन, नीलामी, भंडारण और तौल जैसी मूलभूत सुविधाएं सुगमता से मिलें। उन्होंने आश्वासन दिया कि सभी स्वीकृत विकास कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूरे कराए जाएंगे।

सबजूनियर बालिका कबड्डी के लिए ट्रायल छह को

गाजीपुर। रायबरेली में 14 से 16 नवंबर तक आयोजित होने वाली प्रदेश स्तरीय समन्वय सबजूनियर बालिका कबड्डी प्रतियोगिता के लिए जिले में 6 नवंबर को चयन प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। जिला खेल कार्यालय एवं जिला कबड्डी संघ के संयुक्त तत्वावधान में सुबह 10 बजे से नेहरू स्टेडियम, गोराबाजार में ट्रायल होगा। इच्छुक खिलाड़ी सुबह 9:30 बजे तक अपना पंजीकरण करा सकती हैं। खिलाड़ियों को फोटोयुक्त पात्रता प्रमाणपत्र, प्रधानाचार्य से प्रमाणित आयु प्रमाणपत्र और आधार कार्ड लाना अनिवार्य होगा। चयन प्रक्रिया में प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

सात के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

मरदह, गाजीपुर। पुलिस ने विवाहिता का दहेज के लिए उत्पीड़न करने के प्रकरण में सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।विवाहिता पूजा खरवार पुत्री मनकू खरवार निवासी भोजापुर थाना मरदह ने तहरीर में आरोप लगाया है कि उसकी शादी मई 2018 में हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार सचिन उर्फ शनी खरवार निवासी तारांडमरी, थाना गौराबादशाहपुर जिला जौनपुर के साथ हुई थी। ससुराल जाने के बाद पति सचिन उर्फ शनी, सास राधिका देवी, ननद अंकिता, शिवानी व प्रतिभा, जेठानी प्रीति, चाचा रमेश,जीजा सोनू सभी दान दहेज के लिए मारने-पीटने तथा प्रताड़ित करने लगे।इस बीच एक बच्चा अर्पित कुमार पैदा हुआ। इसके बावजूद दहेज में गाड़ी व रुपये की मांग की जाने लगी। ससुराल वालों ने उसके पति की दूसरी शादी रूपा उर्फ पूजा पुत्री मीना निवासी निर्वल नगर मुम्बई से चोरी-चुपके करा दी। पति दूसरी पत्नी के साथ वाराणसी में संदहा थाना सारनाथ क्षेत्र में अपने जीजा सोनू खरवार के यहां रह रहा है।वहां जाने पर पति,उसकी दूसरी पत्नी और जीजा ने गाली गलौज,मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया और जान से मारने की धमकी दी। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक थाना मरदह अनील कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर मंगलवार की शाम को 7 लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

दुष्कर्म के मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

जखनिया, गाजीपुर। भुड़कुड़ा थाना पुलिस ने नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपी को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बुधवार को मुखबिर की सूचना पर आरोपी को भुड़कुड़ा महाविद्यालय के सामने तिराहे से गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार थाना भुड़कुड़ा में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 264/26 के तहत बीएनएस की धारा 65(1), 351(3) तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 3/4(2) में आरोपी अभिषेक विश्वकर्मा (21) पुत्र धर्मवीर विश्वकर्मा निवासी करंजी हरिहर, थाना भुड़कुड़ा के खिलाफ मुकदमा दर्ज था। उस पर 15 वर्षीय नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म करने का आरोप है। मुकदमा दर्ज होने के बाद से ही वह फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही थी। उपनिरीक्षक सुनील सिंह चौकी प्रभारी मंझनपुर ने हमराहियों के साथ कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

एक नज़र इधर भी

चार गोलियां भी नहीं डिगा सकीं हौसला, सीताराम को पुण्यतिथि पर किया याद

मुहम्मदाबाद (गाजीपुर)। स्वतंत्रता संग्राम के वीर सेनानी स्वर्गीय सीताराम राय की पुण्यतिथि शेरपुर कलां में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस दौरान आयोजित श्रद्धांजलि सभा में लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके अदम्य साहस और बलिदान को नमन किया। मुख्य वक्ता युवा समाजसेवी हिमांशु राय ने कहा कि अंग्रेजी हुकूमत की बर्बरता भी सीताराम राय के हौसले को नहीं तोड़ सकी। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान उन्हें चार गोलियां मारी गईं और मृत समझकर कठवां मोड़ के पास बेसो नदी में फेंक


स्वतंत्रता सेनानी के चित्र पर माल्यार्पण करते लोग। छाया:आज

दिया गया। लेकिन मौत को मात देकर उन्होंने तत्कालीन कलेक्टर मुनरो के सामने जीवित लौटकर अंग्रेजों को चुनौती दी। इसी अदम्य साहस के कारण वे 'जिंदा शहीद' के नाम से प्रसिद्ध हुए।नारायन उपाध्याय ने उनके सामाजिक विचारों पर प्रकाश डाला। डॉ. आलोक राय, चौधरी दिनेश चंद्र राय और भाजपा नेता राजेश राय %बागी% ने भी विचार व्यक्त किए।कार्यक्रम की अध्यक्षता रवीन्द्रनाथ राय तथा संचालन ओमप्रकाश मिश्र ने किया। इस अवसर पर विद्यासागर गिरी, शशिधर राय, डॉ. सुरेश राय, डॉ. रमेश राय, आनंद राय, बच्चू उपाध्याय, प्रदीप राय, छोटू राय और आशीष उपाध्याय सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। वक्ताओं ने उनके संघर्ष और राष्ट्रभक्ति की गाथा नई पीढ़ी तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

पूर्व कृषि वैज्ञानिक के निधन से शोक

नंदगंज (गाजीपुर)। ग्रामसभा बासुचक निवासी एवं पूसा, नई दिल्ली के पूर्व वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. सुभाषचंद्र सिंह का मंगलवार को सुबह निधन हो गया। उनके निधन की खबर से गांव एवं क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। डॉ. सिंह का निधन क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है। वे समय-समय पर इंटर कॉलेज बासुचक को अपना मार्गदर्शन प्रदान करते रहे। उनके ज्ञान, अनुभव और विद्यालय के प्रति योगदान को सदैव याद किया जाएगा।उनके निधन पर इंटर कॉलेज बासुचक के समस्त विद्यालय परिवार ने शोकसभा आयोजित कर दो मिनट का मौन रखा तथा दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिजनों को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

चोरों ने करीब डेढ़ लाख रुपये के सामान पर किया हाथ साफ

जमानिया,गाजीपुर। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत स्टेशन बाजार में एक बंद मकान को निशाना बनाकर चोरों ने करीब डेढ़ लाख रुपये के सामान पर हाथ साफ कर दिया। घटना के 72 घंटे बाद मंगलवार देर रात पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मदनपुरा निवासी सुजीत शर्मा का मकान संख्या 59 ख स्थानीय रेलवे स्टेशन के पास स्थित है। पीड़ित के मुताबिक उनका यह मकान करीब एक महीने से बंद पड़ा था। इसी का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। बीते 2 नवंबर की सुबह जब सुजीत अपने मकान पर पहुंचे, तो वहां का नजारा देख उनके होश उड़ गए। कमरों में सारा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था और कई कीमती सामान गायब थे। चोरी गए कुल सामान की कीमत लगभग डेढ़ लाख रुपये आंकी गई है। प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

हथियाराम मठ में उत्सव भवन का भूमि पूजन, डेढ़ करोड़ से बनेगा बारात घर

जखनियां (गाजीपुर)। क्षेत्र के सिद्धपीठ हथियाराम मठ के अंतर्गत बारात घर एवं उत्सव भवन का भूमि पूजन उप जिलाधिकारी अतुल कुमार ने विधि-विधान से किया। शासन की ओर से करीब डेढ़ करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत होने के बाद भवन निर्माण की प्रक्रिया शुरू होने से मठ के शिष्यों और क्षेत्रीय लोगों में उत्साह है। प्रस्तावित उत्सव भवन का निर्माण मठ के शिष्यों को शादी-विवाह सहित अन्य मांगलिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कराया जा रहा है । .शिष्य शिवानंद सिंह उर्फ झंडा सिंह ने बताया कि यह उत्सव भवन के साथ ही सिद्धपीठ हथियाराम मठ का धार्मिक एवं आध्यात्मिक क्षेत्र में विशेष महत्व है। यहां दूर-दराज से श्रद्धालु और शिष्य दर्शन-पूजन के लिए पहुंचते हैं। उत्सव भवन का निर्माण होने से मठ से जुड़े लोगों को सामाजिक एवं धार्मिक आयोजनों में भी सुविधा मिलेगी।

युवा संवाद में मतदान के अधिकार के प्रति किया जागरूक

गाजीपुर। मेरा युवा भारत, गाजीपुर के तत्वावधान में बुधवार को सत्यदेव डिग्री कॉलेज में विकसित भारत युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका मुख्य विषय नो योर वोट रहा। इसमें 100 से अधिक युवाओं ने प्रतिभाग कर मतदाता जागरूकता से जुड़े विषयों पर चर्चा की।कार्यक्रम में जिला युवा अधिकारी रवि कुमार मिश्रा ने मेरा युवा भारत की ओर से संचालित युवा सहभागिता एवं नेतृत्व विकास कार्यक्रमों की जानकारी दी। मुख्य वक्ता एवं यूथ आइकॉन सृजन चतुर्वेदी ने विशेष गहन पुनरीक्षण, मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने, संशोधन तथा निर्वाचन से जुड़े विभिन्न प्रपत्रों की प्रक्रिया समझाई। उन्होंने कहा कि मतदान अधिकार के साथ ही प्रत्येक नागरिक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी


प्रतिभागियों के साथ अतिथिगण। छाया:आज

है। युवाओं को स्वयं जागरूक होने के साथ दूसरों को भी मतदान के लिए प्रेरित करना चाहिए। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार ने युवाओं को लोकतांत्रिक शपथ दिलाई। दिग्विजय उपाध्याय ने राष्ट्र निर्माण में युवाओं की रचनात्मक भूमिका पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन सुभाष चंद्र प्रसाद ने किया। प्रश्नोत्तरी एवं संवाद सत्र में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस दौरान नवीन कुमार सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

गंगाराम दास मानवता अभ्युदय महायज्ञ पर भजन कीर्तन

जमानियां,गाजीपुर। क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव में योगी 108 सद्गुरु परमहंस संत गंगाराम दास महाराज द्वारा प्रवर्तित दस दिवसीय गंगाराम दास मानवता अभ्युदय महायज्ञ श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ शुरू त हुआ। महायज्ञ के पहले दिन मंगलवार देर शाम सत्य, न्याय और धर्म पर आधारित भव्य संगीत, भजन एवं जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जागरण में मशहूर गायक गोलू राजा और गायिका कविता यादव ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। देर रात तक चले इस कार्यक्रम में कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भक्तिमय गीतों की प्रस्तुति दी। वाद्ययंत्रों की मधुर तान और भक्ति गीतों की गूंज से समूचा यज्ञ परिसर गुंजायमान हो उठा। इस दौरान श्रद्धालु भक्ति भाव में डूबकर झूमते और जयकारे लगाते नजर आए, जिससे पूरा वातावरण आस्था व आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो गया। कार्यक्रम



भजन संध्या में गीत प्रस्तुत करते कलाकार। छाया:आज

को संबोधित करते हुए आयोजक एवं मानव-धर्म-प्रसार-प्रवर्तन समाज सेवी संस्था के अध्यक्ष दया राम दास ने कहा कि इस महायज्ञ का उद्देश्य केवल धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में मानवता, सद्भाव, प्रेम और भाईचारे की स्थापना करना है। वही सपा नेता रितेश सिंह ने जोर देते हुए कहा कि मानवता ही सबसे बड़ा धर्म है। प्रत्येक व्यक्ति को जाति-भेद से ऊपर उठकर एक-दूसरे के सुख-दुख में सहभागी बनना चाहिए। इस मौके पर युवा समाजसेवी एवं भारतीय किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष बबलू यादव, प्रह्लाद यादव, गोविंद, संतोष, मनोज यादव, साधु मोहन, नीतीश कुमार, हिरामन, पंकज सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

दिलदारनगर में सजी अखिल भारतीय कवि सम्मेलन की महफिल

दिलदारनगर, गाजीपुर। स्थानीय नगर के रामलीला मैदान में मंगलवार की रात एक भव्य अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। सामाजिक, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक मंच श्रद्धवश् द्वारा आयोजित यह काव्य गोष्ठी परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद को समर्पित थी। कार्यक्रम में देश के विभिन्न हिस्सों से आए कवियों और शायरों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को रातभर मंत्रमुग्ध रखा। इस खास मौके पर उत्तराखंड के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. सिद्धेश्वर सिंह को श्रद्धव साहित्य सम्मानश् से नवाजा गया। इसके साथ ही लेखक आनंद कुशवाहा द्वारा रचित नाटकों एवं लघु-नाटिकाओं के संग्रह श्बबूल का पेड़श् पुस्तक का विमोचन भी किया गया। कवि सम्मेलन का विधिवत शुभारंभ मुख्य व विशिष्ट अतिथियोंकृनगर पंचायत अध्यक्ष अविनाश जायसवाल, विपिन बिहारी राय और भदौरा सीएचसी के चिकित्सा प्रभारी डॉ. धनंजय आनंद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर किया। सम्मेलन में आजमगढ़ के मशहूर शायर अहमद आजमी और फतेहपुर के प्रसिद्ध हास्य कवि समीर शुक्ल ने अपनी रचनाएं पेश कीं।

पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार

भांवरकोल, गाजीपुर। हत्या के प्रयास के मामले में अदालत द्वारा गैर जमानती वारंट के बावजूद काफी समय से अनुपस्थित चल रहे वारंटी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार पांडेय ने बताया कि गिरफ्तार वारंटी रामजी राय इसी थाना क्षेत्र के कुंडेसर गांव का रहने वाला है। वह काफी दिन से अदालत में अनुपस्थित चल रहा था। उसे सम्बंधित अदालत में पेश किया गया है।

आज

३.०० तीन रुपये मात्र

भाजन

गौरवशाली परम्परा

२०७ वर्ष

दीवाली सेलिब्रेशन-पटाखों का कॉम्पटीशन

रकुल



वाराणसी, गुरुवार ५ नवम्बर, २०२६ सौर १९, कार्तिक कृष्ण ११, २०८३ वि.। वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज (रीवा संस्करण), कानपुर (झांसी संस्करण), लखनऊ, आगरा, बरेली, हल्द्वानी,पटना (कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित * काशी संस्करण पृष्ठ १२, मूल्य ३.०० रुपये

केन्द्रने ऊर्जा सुरक्षाके लिए १७,३१४ करोड़की दो परियोजनायेंको दी मंजूरी

नयी दिल्ली (आससे.)। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को देश की ऊर्जा सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए दो महत्वपूर्ण योजनाओं को मंजूरी दी। इनमें 92 जीडब्ल्यूएच ग्रिड-स्केल ऊर्जा भंडारण प्रणालियों के लिए 14,500 करोड़ रुपये का व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण शामिल है। इसके अतिरिक्त, लिथियम और निकल जैसे महत्वपूर्ण खनिजों के प्रसंस्करण को बढ़ावा देने हेतु 2,814 करोड़ रुपये की योजना को भी हरी झंडी मिली।इन दोनों योजनाओं के लिए कुल 17,314 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। ये निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल बैठक में लिए गए। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मीडिया को इन फैसलों की जानकारी दी। **(शेष पृष्ठ ९ पर)**



लिथियम और निकल जैसे महत्वपूर्ण खनिजों के प्रसंस्करण को बढ़ावा देनेके लिए २,८१४ करोड़ की योजना

बढ़े हुए वेतनके साथ अग्निवीरोंको मिलेगा दो सालका सेवा विस्तार

२५ प्रतिशत अग्निवीरोंको नियमित करनेका फैसला, छह सालके बाद स्थायी नौकरीके लिए पूर्ण करने होंगे मानदंड

नयी दिल्ली (आससे.)। भारतीय सशस्त्र बलों में अग्निवीर के रूप में सेवा दे रहे युवाओं के लिए बड़ी खबर सामने आई है। वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों के मुताबिक, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल एनएस राजा सुब्रमणि ने अग्निवीरों के सेवा कार्यकाल में दो साल की बढ़ोतरी की घोषणा की है। इस बदलाव के तहत अग्निवीरों को चार साल के निर्धारित कार्यकाल के बजाय कुल छह साल तक सेवा देने का अवसर मिलेगा। सीडीएस एन एस राजा सुब्रमणि ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि 14 जून 2022 में यह योजना आई थी। तब अग्निवीरों के प्रदर्शन के सतत आकलन की बात कही गई थी। अग्निवीरों के पहले बैच के चार वर्ष पूर्ण होने वाले हैं। अग्निवीरों के बारे में सकारात्मक फीडबैक मिला है। 25 फीसदी अग्निवीरों को नियमित सशस्त्र बलों में शामिल किया जाएगा। इस योजना के तहत शेष 75 फीसदी अग्निवीरों को दो साल की अवधि और दी जाएगी। इस दो साल की अवधि के बाद जो अग्निवीर इच्छुक होंगे और चरणबद्ध तरीके से सेवा से मुक्त करने की तैयारी कर रहे थे।सीडीएस ने कहा कि कैबिनेट ने दो साल की इस अवधि को मंजूरी दी है। चयन



चयन मापदंडों पर खरे उतरेंगे, उन्हें नियमित सशस्त्र बलों में शामिल किया जाएगा। यह फैसला ऐसे समय में सामने आया है, जब सेना के तीनों अंग नवंबर 2026 के मध्य से अग्निपथ योजना के पहले बैच के लगभग 75 प्रतिशत अग्निवीरों को का दायरा बढ़ चुका है। सभी जिलों से अग्निवीर आ रहे हैं। पारदर्शिता के लिए अब पहले लिखित परीक्षा ली जा रही है, फिर फिजिकल टेस्ट ले रहे हैं। चार वर्षों की अवधि में अग्निवीरों की फिजिकल फिटनेस, हौसला और अनुशासन उच्च स्तर का रहा है। उनकी दक्षता को बढ़ाने के लिए प्रयास किए गए हैं। 10वीं पास अग्निवीरों को आगे की पढ़ाई कराई गई है।

फीडबैक और समीक्षा के बाद निर्णय लिया गया कि 75 फीसदी अग्निवीरों को दो साल की अवधि और दी जाएगी। इसके तहत उन्हें ज्यादा पारितोषिक और विस्तारित सेवा निधि मिलेगी। इसी के साथ कैबिनेट ने सभी अग्निवीरों के लिए यह मार्ग प्रशस्त कर दिया है कि वे सशस्त्र बलों में समाहित हो सकें।सरकार के इस फैसले पर राजनीतिक बयानबाजी भी शुरू हो गई है। एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवेसी ने कहा कि 75ब्र अग्निवीरों को, जिन्हें पहले 4 साल बाद सेवा से बाहर होना था, अब 2 साल का अतिरिक्त कार्यकाल मिलेगा। इसके बाद, वे चयन मानदंडों के आधार पर सशस्त्र बलों में भर्ती के लिए आवेदन कर सकेंगे।

नशेमें रहने वाला जनताको नशेसे नहीं बचा सकता-राहुल

पंजाब (एजेंसी)। संगरूर के गांव फगुवाला में कांग्रेस की इंसाफ रैली में राहुल गांधी ने मान सरकार और आम आदमी पार्टी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने सबसे पहले मंच पर मौजूद दिवंगत गायक सिद्धू मूसेवाला के पिता का जिक्र किया। इसके बाद उन्होंने कहा कि आज पंजाब में नशा और गैंग्सटरिज्म सबसे बड़ा संकट बन चुका है। राहुल गांधी ने मूसेवाला के अपनी पुरानी मुलाकात को याद करते हुए कहा कि सिद्धू मूसेवाला बेहद टैलेंटेड और



संगरूरमें की जनसभा, मान सरकारपर बोला हमला

ऊर्जावान युवा थे। उन्होंने दुख जताते हुए कहा कि जिस सोच ने मूसेवाला को दिन-दहाड़े और बिना डरे गोलियों से भून दिया, वह दुखद है। राहुल ने कहा कि जिस पिता को अपने जवान बेटे की अर्थी देखनी पड़े, उससे बड़ा दर्द इस दुनिया में और कुछ नहीं हो सकता। उन्होंने आरोप लगाया कि मूसेवाला की सिक्योरिटी हटाए जाने के बाद सरेआम उनकी हत्या कर दी गई। पंजाब में नशे के मुद्दे पर सरकार को घेरते हुए राहुल गांधी ने कहा कि जब वह पहले पंजाब आए थे और उन्होंने नशे की बात कही थी, तब विपक्ष के तमाम दलों बीजेपी और अकाली दल ने उनकी बात को नकारा था। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जब तक प्रदेश में उद्योग, फैक्ट्रियां और खेती-किसानी मजबूत नहीं होगी, तब तक नशा और गैंग्सटरिज़्म का खात्मा नहीं हो सकता। आप सरकार पर निशाना साधते हुए राहुल ने कहा कि चुनाव के समय उन्होंने वादा किया था कि वे पंजाब से नशा पूरी तरह मिटा देंगे। जनता ने उन पर भरोसा भी किया, लेकिन आज सवाल यह है कि सरकार ने प्रदेश के किस कोने से नशा खत्म किया है? **(शेष पृष्ठ ९ पर)**

राज्य विधानसभाओंके लिए भी बने डिजिटल ऑडिट मॉनिटरिंग प्लेटफॉर्म-ओम बिरला

नयी दिल्ली (आससे)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने राज्य विधानमंडलों के लिए संसद की तर्ज पर डिजिटल ऑडिट मॉनिटरिंग प्लेटफॉर्म विकसित करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि इससे लेखापरीक्षा संबंधी टिप्पणियों की निगरानी, उन पर कार्रवाई और रिपोर्टों के समयबद्ध निस्तारण में मदद मिलेगी। केंद्र और राज्यों को मिलकर लेखापरीक्षा एवं मूल्यांकन की मजबूत व्यवस्था विकसित करनी चाहिए। बिरला बुधवार को तिरुवनंतपुरम में संसद और राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों की लोक लेखा समितियों के सभापतियों के दो दिवसीय सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि तकनीक के इस्तेमाल से विधायी निगरानी में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ेगी, लेकिन इसे मानवीय विवेक का विकल्प नहीं बनने देना चाहिए। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक धन के प्रत्येक रुपये का उचित हिसाब होना चाहिए और उसका उपयोग निर्धारित उद्देश्य के लिए ही किया जाना चाहिए। लोक लेखा समितियों को सरकारी खर्च की जांच के साथ यह भी देखना चाहिए कि योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंच रहा है या नहीं। कैग की लेखापरीक्षा टिप्पणियों पर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करना भी जरूरी है। लोकसभा अध्यक्ष ने समितियों के सदस्यों और अधिकारियों के प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण तथा राज्यों की बेहतर कार्यप्रणालियों और तकनीकी नवाचारों को साझा करने पर जोर दिया। उन्होंने सम्मेलन में अंगीकृत 'केरलम संकल्प' को लोक लेखा **(शेष पृष्ठ ९ पर)**



सड़क हादसेमें सगे भाई समेत तीन की मौत

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। बिहार के नालंदा के हरनौत थाना क्षेत्र में बीती रात सड़क हादसे में दो सगे भाइयों समेत तीन लोगों की जान चली गयी। मंगलवार की देर रात कभी करीब 10 बजे पांच दोस्त एक ही बाइक पर सवार होकर और हरनौत बाजार घूमने गए थे। जहां राष्ट्रीय राजमार्ग पर अचानक तेज रफ्तार बाइक के सामने एक कुत्ते को बचाने के चक्कर में **(शेष पृष्ठ ९ पर)**

भोजपुरमें मां-बेटे की बेरहमीसे हत्या

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। बिहार के भोजपुर जिले के जगदीशपुर थाना के तेंदुनी गांव में बीते देर रात जमीन बंटवारे और संपत्ति विवाद को लेकर मां और बेटे की बेरहमी में से हत्या कर दी गई ।इस दोहरे हत्याकांड से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने इस मामले में बड़े बेटे और बहू को हिरासत में लिया है।मृतकों में रामवती कुंवर 60 वर्ष उनके पुत्र सुनील कुमार महतो 30 वर्ष की पहचान हुई है। मंगलवार की एक बजे मां बेटे अपने कमरे में सो रहे थे उसी समय उन पर हमला किया गया । हमलावरों ने बेहद क्रूरता से दोनों की हत्या कर दी।

राहुल गांधी 'फुस्स राकेट', लांच होने वाले नहीं-मुख्यमंत्री

गोरखपुर (आससे.)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस, सपा सहित पूरा इंडी गठबंधन भारत की विकास व आत्मनिर्भरता की यात्रा



'लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ' पदयात्रा कार्यक्रम में कार्यकर्ताओंको किया संबोधित

में लगातार रोड़े अटका रहा है। कांग्रेस और उसका इंडी गठबंधन दिल्ली में अराजकता पैदा कर लोकतंत्र के लिए खतरा बना हुआ है। राहुल गांधी फुस्स रॉकेट हैं, जिनका बारूद खत्म हो चुका है, सिर्फ धुआं बचा है। कांग्रेस चाहे जितनी बार उन्हें लॉन्च कर ले, अब वह लॉन्च नहीं होने वाले।

सीएम योगी आज गोरखपुर में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन की अगुवाई में निकाली गई 'लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ' पदयात्रा शुरू करने से पहले महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज के मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने श्री नवीन का बतौर राष्ट्रीय अध्यक्ष गोरक्षधरा में प्रथम आगमन पर भावपूर्ण स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस, सपा और इंडी गठबंधन के दल अगर चुनाव जीतते हैं तो परिणाम उनका पुरुषार्थ होता है। और, यदि जनता उनके नकारेपन के कारण जवाब दे देती है, वे हार जाते हैं तो ईवीएम पर दोष थोपना उनकी प्रवृत्ति बन गई है। सीएम योगी ने कहा कि एसआईआर की कार्यवाही पहली बार देश में नहीं हुई है। अलग-अलग समय में और ज्यादातर कांग्रेस पार्टी के समय में भी मतदाता सूची **(शेष पृष्ठ ९ पर)**

एसएससी-सीजीएल २०२६ : जारी हुई उत्तर कुंजी

नयी दिल्ली (आससे.)। कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) ने संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा 2026 (सीजीएल टियर-1) की संभावित उत्तर कुंजी जारी कर दी है। आयोग ने उम्मीदवारों की उत्तर पुस्तिकाएं (रिस्पॉन्स शीट) भी उपलब्ध करा दी हैं। उम्मीदवार अब अपने उत्तरों का मिलान संभावित उत्तर कुंजी से कर सकते हैं। आयोग ने 4 नवंबर 2026 को इस संबंध में आधिकारिक सूचना जारी की है। उम्मीदवार आयोग की आधिकारिक वेबसाइट ह्यह्यष्.द्श1.द्बठ्ठ पर जाकर अपनी उत्तर पुस्तिका और संभावित उत्तर कुंजी देख सकते हैं। इसके लिए उम्मीदवारों को अपना पंजीकरण नंबर और पासवर्ड दर्ज करके लॉगिन करना होगा। आयोग ने संभावित उत्तर कुंजी पर आपत्ति दर्ज कराने के लिए समय सीमा तय कर दी है। उम्मीदवार 4 नवंबर 2026 सुबह 9 बजे से 7 नवंबर 2026 रात 9 बजे तक ऑनलाइन आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। प्रत्येक प्रश्न या उत्तर पर आपत्ति दर्ज कराने के लिए 50 रुपये शुल्क देना होगा।

बीएचयू और नगर निगम वाराणसी को बमसे उड़ाने की मिली धमकी

वाराणसी (का.प्र.)। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय और नगर निगम को बुधवार को सुबह बम से उड़ाने की धमकी भरा ई मेल मिलने से दहशत फैल गयी। इस सूचना पर वाराणसी पुलिस अलर्ट हो गयी। घंटों चली जांच पड़ताल में किसी भी प्रकार की कोई आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली है। जानकारी के अनुसार वाराणसी नगर निगम और काशी हिन्दू विश्वविद्यालय को आतंकवादियों के द्वारा मिले धमकी

ई मेल से मिली धमकी के बाद प्रशासन अलर्ट, भारी पुलिस बल के साथ की गयी सघन चेकिंग, दहशत का रहा माहौल

भारी संख्या में पुलिस फोर्स बीएचयू और नगर निगम पहुंची। परिसर को खाली करा दिया गया। जिससे अफरा-तफरी मच गयी। पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल, अपर पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था एवं मुख्यालय) शिवहरी मीणा, डीसीपी काशी गौरव वंशवाल मौके पर पहुंचे थे। पूर्व में वाराणसी में आतंकवादी घटनाएं हो चुकी है। जिसको देखते हुए जिला प्रशासन अलर्ट मोड में है। भरे ई मेल से जिला प्रशासन में हड़कम्प मच गया। बुधवार की अल सुबह नगर निगम वाराणसी को मिले ई-मेल पर लिखा था। महापौर और नगर निगम को बम से उड़ा दिया जायेगा। इसकी सूचना नगर निगम के अफसरों ने जिलाधिकारी और वाराणसी पुलिस कमिश्नर को तत्काल दी गयी। इस सूचना पर एसीपी चेतगंज शुभम सिंह तथा सिगरा **(शेष पृष्ठ ९ पर)**

पंजाब : आप विधायकके सात ठिकानोंपर ईडीका छापा

चंडीगढ़ (एजेंसी)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को पंजाब में एक साथ सात स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया। यह कार्रवाई मोगा जिले में सरकारी और संस्थागत संपत्तियों के कथित धोखाधड़ी से अधिग्रहण तथा सार्वजनिक धन के दुरुपयोग से जुड़े मामले में की गई है। ध्यान देने वाली बात है कि अमनदीप कौर मोगा से मौजूदा विधायक हैं और आम आदमी पार्टी ने 2027 पंजाब विधानसभा चुनाव के लिए भी अपना उम्मीदवार चुना है। तलाशी के दायरे में आम आदमी पार्टी की महिला विंग की पंजाब प्रधान और मोगा की **(शेष पृष्ठ ९ पर)**

अमूलने बढ़ाये घी-बटरके दाम

नयी दिल्ली (आससे.)। अमूल ने घी और बटर 3 से 50 रुपए तक महंगा कर दिया है। एक किलो घी का कार्टन 630 से बढ़कर 680 रुपए



का हो गया है। बटर के 100 ग्राम पैक की कीमत 63 से बढ़कर 66 रुपए हो गई है। इकोनॉमिक टाइम्स के मुताबिक, दाम बढ़ने की वजह गुजरात-राजस्थान में नकली घी के खिलाफ कार्रवाई के बाद ब्रांडेड घी की बढ़ी मांग है। इससे सितंबर 2025 की ल्स्ज्ञ कटौती का फायदा भी काफी कम हो गया है। सितंबर 2025 में जीएसटी की दर घटने के

घीमें ५० रुपये-बटरमें ३० रुपये किलोकी बढ़ोतरी

बाद अमूल ने 700 डेयरी प्रोडक्ट्स के दाम कम किए थे। डेयरी प्रोडक्ट्स पर जीएसटी 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत किया गया था।उस समय एक लीटर घी के कार्टन की कीमत 650 से घटकर 610 हो गई **(शेष पृष्ठ ९ पर)**

दो से अधिक बच्चों पर चुनावी पाबंदी की प्रासंगिकता खत्म- सुप्रीम कोर्ट

नयी दिल्ली (आससे)। सुप्रीम कोर्ट ने स्थानीय निकाय चुनाव लड़ने के लिए दो से अधिक बच्चे होने पर उम्मीदवारों को अयोग्य ठहराने वाले कानूनों की प्रासंगिकता पर सवाल उठाया है। अदालत ने कहा कि देश में घटती प्रजनन दर और बदलती जनसांख्यिकीय स्थिति को देखते हुए ऐसे कानूनों पर फिर से विचार करने की जरूरत है। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की पीठ ने कहा कि वर्ष 2003 में भारत की कुल प्रजनन दर तीन थी, जो अब घटकर 1.9 रह गई है। यह 2.1 के प्रतिस्थापन स्तर से भी कम है। ऐसे में जनसंख्या **(शेष पृष्ठ ९ पर)**

अमेरिका : मिडटर्म चुनाव में ट्रंप की जबरदस्त हार

वाशिंगटन (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने मतदाताओं से अपील की थी कि वे 2026 के मिडटर्म चुनावों को सीधे उनके कार्यकाल पर जनमत संग्रह समझकर मतदान करें।बुधवार को आए चुनावी नतीजों से साफ हो गया है कि जनता ने उनके इस आह्वान पर अपना कड़ा फैसला सुना दिया है। पूरे अमेरिका में डेमोक्रेटिक पार्टी की जबरदस्त ब्लू वेव देखने को मिली, जिसके चलते डेमोक्रेट्स ने अमेरिकी संसद के दोनों सदनों-हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स और सीनेट पर पूर्ण नियंत्रण हासिल कर लिया है।यह परिणाम सत्ताधारी रिपब्लिकन पार्टी और राष्ट्रपति ट्रंप के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। डेमोक्रेट्स ने न केवल अपनी सीटें बचाईं बल्कि टेक्सास, कंसास, साउथ कैरोलिना और आयोवा जैसे दशकों पुराने रिपब्लिकन गढ़ों में ऐतिहासिक जीत दर्ज की।



डेमोक्रेट्स पार्टीने सीनेट-हाउसने हासिल किया बहुमत

भारतीय जहाजोंको ईरानने दी होर्मुजसे जाने की छूट



चीन समेत कई देशोंको भी राहत

तेहरान (एजेंसी)। पश्चिम एशिया में अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच भारत के लिए राहत की खबर है। ईरान सरकार ने एक बार फिर स्पष्ट किया है कि भारतीय जहाजों को होर्मुज जलडमरूमध्य से आने-जाने की छूट दी गई है। ईरान ने भारत के अलावा चीन, इराक और कतर के जहाजों को भी अपने प्रतिबंधों से बाहर रखा है। ईरानी संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति समिति के उपाध्यक्ष अहमद हयात-मोगद्दम ने कहा कि इन चार देशों के जहाज बिना किसी रोक-टोक के इस समुद्री रास्ते से गुजर सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारत को यह छूट दवाइयों के आयात को ध्यान में रखकर दी गई है। वहीं, चीन को यह सुविधा राजनीतिक समर्थन के बदले दी गई है। इस बीच ईरान के भीतर अमेरिका के साथ फिर से युद्ध शुरू होने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान समेत कई बड़े नेता कतर की मध्यस्थता से बातचीत का रास्ता अपनाने के पक्ष में हैं। ईरानी संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति समिति के उपाध्यक्ष अहमद हयात-मोगद्दम ने कहा कि भारत, चीन, इराक और कतर को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की विशेष अनुमति दी गई है।





चोलापुर में सड़क हादसे में घायल व्यक्ति की मौत

दानगंज। चोलापुर थाना क्षेत्र के कटारी गांव स्थित सिहुलिया जिओ पेट्रोल पंप के पास गत सोमवार को देर रात्रि अज्ञात वाहन की टक्कर से एक अज्ञात व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची १०८ एंबुलेंस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) चोलापुर लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। उपचार के दौरान मंगलवार को उसकी मौत हो गयी। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है।

ज्ञानपुर नहर में आटो पलटने से दो घायल

मिर्जामुराद। क्षेत्र के गणेशपुर गांव स्थित ज्ञानपुर नहर पर बुधवार सुबह एक ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें कल्लीपुर गांव निवासी आटो चालक नरेश (२८ वर्ष)और उसका साथी अतीम (३० वर्ष) नामक दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। आटो बेनीपुर सब्जी मंडी से खालिसपुर की ओर जा रहा था। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने दोनों घायलों को पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

कैफे में घुसकर मारपीट करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

लंका अस्सी रोड पर दी सनातनीस कैफे में घुसकर मंगलवार को मारपीट करने वालों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। पुलिस संचालक पीयूष दुबे की शिकायत पर विश्वनाथ पेइंग गेस्ट हाउस के मालिक राज ओझा हर्ष दुबे अभिषेक दुबे पवन चौबे दिनेश सिंह हर्षित चौबे आदर्श अर्पित ओझा संस्कार के खिलाफ दुकान में घुसकर मारपीट धमकी देने के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया। आरोप है कि दुकान में घुसकर आरोपी मारपीट करने लगे। जान से मारने की नीयत से आरोपी पत्थर उठाकर मारे। जिसको रोकने में हाथ में चोट लगी।आरोपी दुकान के मैनेजर की डंडे से पिटायी किया। पुलिस मामले की जांच कर रही है तथा आसपास के सीसी फुटेज भी खंगाली है।

अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने ली वृद्धा की जान, आक्रोशित ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

गोसाईंपुर। चोलापुर थाना क्षेत्र के गोसाईपुर चौकी अंतर्गत गुरुवट ग्राम सभा के समीप बुधवार को एक तेज रफ्तार और अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने सड़क पर कहर बरपाया। लोगों के घरों में घरेलू कामकाज कर अपने घर लौट रही ६५ वर्षीय वृद्धा को स्कॉर्पियो ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उनकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। इस भीषण हादसे में स्कॉर्पियो सवार लोग भी गंभीर रूप से घायल हो गये। दुर्घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने मृतका का शव सड़क पर रखकर बाबतपुर-चौबेपुर मार्ग पर जाम लगा दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने भारी मशक्कत के बाद लोगों को समझा-बुझाकर यातायात बहाल कराया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

विपरीत दिशा से काल बनकर आयी स्कॉर्पियो

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, गुरुवट गांव निवासी स्वर्गीय पारस चौहान की पत्नी इंद्रावती देवी उर्फ तेतरा (लगभग ६५ वर्ष) दिनभर लोगों के घरों में मेहनत-मजदूरी और घरेलू कार्य करने के पश्चात शाम को अपने घर वापस लौट रही थीं। अभी वह गुरुवट के पास ही पहुंची थीं कि विपरीत दिशा से आ रही एक अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भयानक थी कि इंद्रावती देवी संभलने का मौका तक नहीं पा सकीं और उनकी मौके पर ही सांसें थम गयी। वहीं, इस दुर्घटना में स्कॉर्पियो में सवार लोग भी गंभीर रूप से घायल हो गये, जिन्हें स्थानीय नागरिकों की सहायता से तत्काल उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़, बेसहारा हुआ इकलौता पुत्र

सड़क हादसे की खबर जैसे ही गांव में पहुंची, मृतिका के घर में कोहराम मच गया और घटनास्थल पर भारी भीड़ जमा हो गयी। मृतका इंद्रावती देवी के सिर से उनके पति का साया पहले ही उठ चुका था। परिवार में उनका इकलौता पुत्र है, जो मानसिक रूप से विक्षिप्त (अस्थिर) रहता है। घर में कमाने वाला अन्य कोई सदस्य न होने के कारण इंद्रावती देवी ही अकेले मेहनत-मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करती थीं। मां की इस अचानक और दर्दनाक मौत से अब उस बेसहारा और अस्वस्थ बेटे के सामने भुखमरी एवं जीवन-यापन की अत्यंत विकट आर्थिक और मानसिक स्थिति उत्पन्न हो गयी है। इस हृदयविदारक विडंबना को देखकर मौके पर मौजूद हर शख्स की आंखें नम हो गयी।

पुलिस के समझाने-बुझाने पर समाप्त हुआ चक्काजाम

घटना से खफा ग्रामीणों ने क्षेत्र में बेलगाम दौड़ रहे वाहनों पर रोक लगाने और पीड़ित गरीब परिवार को आर्थिक सहायता दिलाए जाने की मांग को लेकर बाबतपुर-चौबेपुर मार्ग को जाम कर दिया, जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गयीं। मामले की गंभीरता को देखते हुए गोसाईपुर चौकी पुलिस एवं चोलापुर थाने की फोर्स तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस अधिकारियों ने शोकाकुल परिजनों और आक्रोशित ग्रामीणों को ढांढस बंधाते हुए निष्पक्ष विधिक कारवाई और हरसंभव मदद का भरोसा दिया, जिसके बाद जाम समाप्त हुआ। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है और वाहन एवं चालक के खिलाफ अग्रिम कानूनी कारवाई की जा रही है।

बड़ागांव में शातिर चोर गिरफ्तार

बड़ागांव पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मंगलवार की देर रात मदनपुर नहर पुलिया के पास से चोरी की एक बाइक और आधा दर्जन खाली घरेलू गैस सिलेंडर के साथ एक शातिर चोर को उस समय हिरासत में ले लिया जब वह सिलेंडर बेचने की फिराक में खड़ा था। स्थानीय थाने पर तैनात उप निरीक्षक मनीष कुमार अपने हमराहियों के साथ क्षेत्र में शांति सुरक्षा के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे इस दौरान मिली सुचना के आधार पर उपरोक्त गिरफ्तार स्थल से चोरी की बाइक के साथ जौनपुर के केराकत थाना अंतर्गत बराई गांव निवासी आयुष कुमार उर्फ अंकित को गिरफ्तार कर उसके निशानदेही पर नहर पुलिया के पीछे छिपाकर रखे गये छह खाली गैस सिलेंडर बरामद किया है। पुलिस की पुछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त ने स्वीकार किया कि उसने अपने साथी अर्जुन निवासी नाउपुर थानागद्दी के साथ उक्त बाइक वाराणसी के पांडेयपुर से चोरी किया था जिसका इस्तेमाल दोनों गैस सिलेंडर की चोरी करने के लिए करते थे आज चोरी किये गये गैस सिलेंडर को बेचने के लिए वहां खड़े थे और अर्जुन बड़ी वाहन लेने गया था। पुलिस काफी देर तक अर्जुन का इंतजार करती रही लेकिन वह वापस नहीं आया।

CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR
(Formerly Known as Kanpur University Kanpur - 208024)
A++ NAAC

Ref.No.:CSJMU/Purchase/104/2026 Date : 04.11.2026

जेम–निविदा सूचना

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय द्वारा Deployment, Operation, Maintenance and Management of One Smart Bus-based Primary Healthcare Unit हेतु GeM Bid No. GEM/2026/B/8222183 दिनांक 02.11.2026 को जेम पोर्टल पर प्रकाशित की गई है। उक्त निविदा की अंतिम तिथि 12.11.2026 सायं 05:00 बजे तक है। विस्तृत निविदा दस्तावेज, शर्तें एवं संशोधन GeM Portal- https://gem.gov.in/ पर उपलब्ध होंगे। **कुलसचिव**

बनारस रेल इंजन कारखाना, वाराणसी-221004

संख्या– टीटीसी/रेल कौशल विकास योजना/2026–27 दिनांक 03.11.2026

'रेल कौशल विकास योजना' प्रशिक्षण कार्यक्रम की संक्षिप्त सूचना

'रेल कौशल विकास योजना' (2026–2027) के अंतर्गत आगामी Batch (दिसम्बर–2026) के लिए बरेका/वाराणसी में नवयुवकों/नवयुवतियों के लिए 'लघु अवधि' (3 सप्ताह) प्रशिक्षण का आयोजन किया जाना है। इस प्रशिक्षण में इलेक्ट्रिशियन, फिटर, मशीनिष्ट एवं वेल्डिंग ट्रेड सम्मिलित है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रत्येक ट्रेड में प्रति बैच 15 नवयुवकों/नवयुवतियों को चयनित कर प्रशिक्षण दिया जायेगा। इस प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षण शुल्क देय नहीं है, परन्तु प्रशिक्षणार्थियों को अपने रहने खाने की व्यवस्था स्वयं करनी होगी। इस योजना के तहत प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों को रेलवे में रोजगार पाने का कोई दावा नहीं होगा। अर्हता : 1. हाई स्कूल उत्तीर्ण 2. उम्र : 18–35 वर्ष 3. आवेदन तिथि : 07.11.2026 (00-00 Hrs.) से 20.11.2026 (23-59 Hrs.) इच्छुक अभ्यर्थी प्रशिक्षण हेतु आवेदन एवं विस्तृत जानकारी के लिए website https://railkvy.indianrailways.gov.in का अवलोकन करें। प्रशिक्षण हेतु आवेदन ऑनलाइन ही किया जाना है। ऑफलाइन माध्यम द्वारा कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

पीआरओ/बरेका/एम–05 प्रा.प्र.केन्द्र, बरेका, वाराणसी

/blwvaranasi वेबसाइट: www.blw.indianrailways.gov.in

उत्तर मध्य रेलवे

सं. 74-W/E-Tender/Sr. DEN-II/PRYJ9420262027 दिनांक : 02.11.2026

ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना

मण्डल रेल प्रबन्धक / इंजीनियरिंग / उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिये, निर्धारित प्रपत्र पर निम्नलिखित ई-निविदा, दिनांक 27.11.2026 को 13.30 बजे तक आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है:-

क्र.सं.	निविदा सं0	कार्य का अनुमानित मूल्य (रु.)	बयाने की रकम (रु.)
1	199	1,20,40,057.00	2,40,800.00

कार्य का विवरण : वरिष्ठ मंडल अभियंता / द्वितीय / प्रयागराज के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत प्रयागराज-कानपुर खंड में विभिन्न स्थानों पर गैंग रेस्ट शेडों का निर्माण।

कार्य समापन की अवधि : 12 (बारह) माह, **निविदा खुलने की तिथि** : 27.11.2026, **'सिमिलर वर्क' के लिये न्यूनतम वांछनीय आधार** : कोई भी सिविल इंजीनियरिंग का कार्य।

नोट: 1. ई-निविदा प्रपत्र सभी निविदादाताओं को निःशुल्क निर्गत किये जायेंगे। 2. उपर्युक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित वेबसाइट www.ireps.gov.in पर समय 13:30 बजे तक निविदा खुलने की निर्धारित तिथि 27.11.2026 तक उपलब्ध है। 3. उपर्युक्त निविदा में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिये कि वे अपने आपको I.T. Act-2000 के अन्तर्गत C.C.A. द्वारा जारी डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। 4. निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेंशियल रेट पैज पर ही विचारणीय हैं। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी फार्म/लैटरहेड पर यदि संलग्न हैं तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। 5. निविदादाता अपनी निविदा के साथ निर्धारित प्रोफार्मा पर एक प्रमाण-पत्र, जैसा निविदा प्रपत्र में उल्लिखित है, प्रस्तुत करेंगे, जिसके अभाव में उनकी निविदा अविचारणीय होगी तथा निरस्त कर दी जायेगी। 6. माल एवं/अथवा सेवाओं के सप्लायर/ठेकेदार समय-समय पर निर्धारित जी.एस.टी. एक्ट तथा नियमों के अन्तर्गत होंगे। 7. संलग्न किये जाने वाले सभी प्रपत्र निविदाकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित होने चाहिये। 8. निविदा सूचना को उत्तर मध्य रेलवे की वेबसाइट www.ncr.indianrailways.gov.in पर भी अपलोड कर दिया गया है। 9. बयाने की राशि केवल नेट बैंकिंग अथवा गेटवे भुगतान के रूप में ही स्वीकार की जायेगी। 10. किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिये IREPS की वेबसाइट की हेल्प लाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। 11. ऑनलाइन निविदा खुलने की तिथि 27.11.2026 को समय 13:30 बजे तक प्रस्तुत की जा सकती हैं। 12. निविदादाता को जी.सी.सी. 2022 भाग-I के पैरा 10 से 18 के अनुपालन में उल्लिखित आवश्यक दस्तावेजों को निविदा के साथ अनिवार्य रूप से संलग्न करना है अथवा उनकी निविदा अपूर्ण मानी जायेगी एवं तदनुसार अविचारणीय होगी। 2509/26 (PH)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
लिफ्ट सिंचाई निर्माण खण्ड, वरूणापुरम्, सिगरा, वाराणसी-२२१०१०

अल्पकालीन ई–निविदा सूचना

संख्या–02/अअ/एल0आई0सी0डी, वीएनएस/वी.सी.बी., आउटडोर/बी.पी.सी./2026–27

महामहिम राज्यपाल महोदय उ0प्र0 की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिये पंजीकृत मूल निर्माता फर्मों अथवा उनके अधिकृत डीलर/संयुक्त पार्टनर जो राज्यों के उद्योग निदेशालय/भारत सरकार के उद्योग मंत्रालय/राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम में निम्नलिखित कार्य हेतु मूल निर्माता के रूप में पंजीकृत हों, कृपया अनुभव प्राप्त 'ए' श्रेणी (ग्रेड) अथवा उपरान्त श्रेणी में सिंचाई विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से जिन्होंने समीक्षित कार्य को पूर्व में कराया हो, से मुहरबन्द निविदायें फर्म एवं फिक्सड दरों पर दिनांक 30.11.2026 को अपराह्न 16.00 बजे तक ऑन-लाईन ई-निविदाऐं, निर्धारित विधाओं यथा (1) तकनीकी बिड एवं (2) फाइनेंशियल बिड में आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 01.12.2026 को 16.00 घंटे, जैसा की निम्नांकित है, खोली जायेगी। बिड जमा करने का विस्तृत विवरण ई–निविदा प्रपत्र में ई–प्रोक्योरमेंट की वेब–साइट http:// etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

जो फिक्सड, कज्य उद्योग निदेशालय/राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम में बिडिंग आइटम हेतु पंजीकृत नहीं हैं, उनको बिड सिक्यूरिटी (EMD) धनराशि, जो निम्नलिखित है, ई–निविदा पोर्टल पर डिजिटल रूप से जमा करना अनिवार्य होगा। जो बिडर्स बिड सिक्यूरिटी (EMD) से छूट चाहते हैं, उनको सक्षम अधिकारी से निर्गत संबंधित उद्योग पंजीकरण प्रमाण–पत्र, छूट हेतु प्रार्थना–पत्र के साथ बिड खुलने के समय अथवा तिथि से पूर्व जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में उनकी बिड खोली नहीं जायेगी/विचार नहीं किया जायेगा।

अल्पकालीन ई–निविदा हेतु प्रस्तावित निविदा प्रपत्र का मूल्य भी ई–निविदा पोर्टल पर डिजिटल रूप से जमा करना अनिवार्य होगा। ई–निविदा पोर्टल पर डिजिटल रूप से जमा किये जाने वाली धरोहर धनराशि एवं निविदा प्रपत्र मूल्य के डिजिटली भुगतान न किये जाने पर पोर्टल पर अग्रेतर कार्यवाही नहीं हो सकेगी तथा उनकी बिड खोली नहीं जायेगी/विचार नहीं किया जायेगा।

बी	वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेंट की उपलब्धता की तिथि एवं समय	07.11.2026 को 10.00 बजे से
सी	बिड डाक्युमेंट/अपलोड करने की अवधि, जिसके साथ बिड डाक्यूमेंट शुल्क, बिड सिक्योरिटी/इण्डस्ट्रीज रजिस्ट्रेशन प्रमाण–पत्र ई0एम0डी0 में छूट हेतु एवं अन्य आवश्यक डाक्यूमेंट्स पी0डी0एफ0/एक्सएलएस0 फार्मेट में	10.11.2026 को 10.00 बजे से 30.11.2026 को 16.00 बजे तक
डी	निविदा प्रपत्र शुल्क, बिड सिक्योरिटी मूल रूप में/इण्डस्ट्रीज रजिस्ट्रेशन प्रमाणपत्र, ई0एम0डी0 में छूट हेतु प्रमाणक एवं अन्य जोड़ित अभिलेख संबंधित कार्यालय में जमा करने की निर्धारित तिथि व समय	01.12.2026 को डोपहर 14.00 बजे दिन तक
ई	आनलाइन तकनीकी भाग खोले जाने की तिथि एवं समय	01.12.2026 को 16.00 बजे
एफ	आनलाइन वित्तीय भाग खोले जाने की तिथि एवं समय	04.12.2026 को 16.00 बजे
जी	बिड खोले जाने का स्थान	कार्यालय अधिशासी अभियन्ता लिफ्ट सिंचाई निर्माण खण्ड, सिंचाई विभाग, वरूणापुरम्, सिगरा, वाराणसी–221010 दूरभाष–सं0 : 0542–2985196
एच	बिड डाक्यूमेंट फीस	रू. 2,000.00 (स्टेशनरी चार्जे) + (रू0 360.00 + 54.00 जी.एस.टी.)
आई	बिड सिक्योरिटी (अर्नेस्ट मनी डिपोजिट)	रू. 64,000.00 (चौंसठ हजार मात्र)
जे	कार्य अवधि	03 माह

नोट–(1) निविदा सूचना के हिन्दी व अंग्रेजी प्रकाशन में किसी भिन्नता की स्थिति में अंग्रेजी प्रकाशन मान्य होगा।
(2) उपरोक्त समग्री राजकीय सिंचाई कार्य हेतु है।
(3) उक्त निविदा नोटिस वित्तीय स्वीकृति की प्रत्याशा में जारी की जा रही है। वित्तीय स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात ही निविदा खोली जाएगी।

उ.प्र.–260163 अधिशासी अभियन्ता
दिनांक–03.11.2026 लिफ्ट सिंचाई निर्माण खण्ड, वाराणसी

वेबसाइट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
सोन यान्त्रिक निर्माण खण्ड,सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग,
वरूणापुरम्, सिगरा, वाराणसी-221010

अल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्या–01/सो0यां0नि0ख0वा0/2026–27

महामहिम राज्यपाल महोदय उ0प्र0 की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा सोन पम्प नहर तृतीय चरण पर स्थापित 6.6 के0वी0 विद्युत आपूर्ति एवं 1475 किलोवाट क्षमता की काम्पटन मेक एच0टी0 मोटर तथा सोन पम्प नहर चतुर्थ चरण पर स्थापित 6.6 के0वी0 विद्युत आपूर्ति एवं 1000 किलोवाट क्षमता की काम्पटन मेक एच0टी0 मोटरकी रिवाइंडिंग एवं वार्निशिंग का कार्य के लिए अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त कार्य हेतु सिंचाई विभाग, उत्तर प्रदेश में वार्षिक/विद्युत 'ए' श्रेणी में पंजीकृत एवं अनुभव प्राप्त ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदायें फिक्सड दरों पर दिनांक 16.11.2026 पूर्वान्ह 15.00 बजे तक ऑन–लाइन ई–निविदायें, निर्धारित विधाओं यथा (1) तकनीकी बिड एवं (2) फाइनेंशियल बिड में आमंत्रित की जाती है। तकनीकी बिड दिनांक 17.11.2026 को 15.00 बजे, जैसा की निम्नांकित है, खोली जायेगी। बिड जमा करने का विस्तृत विवरण ई–निविदा प्रपत्र में ई–प्रोक्योरमेंट की वेब–साइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

पूर्व में सिंचाई विभाग के पूर्ण किये गये समान कार्य का विगत तीन/दो/एक वर्ष का अनुभव कम से कम निविदित कार्य के अनुमानित लागत क्रमशः 40%-50%-80% होना चाहिए। जो बिडर्स, राज्य उद्योग निदेशालय/एम.एस.एम.ई./राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम में बिडिंग आइटम हेतु पंजीकृत नहीं है, उनकी बिड सिक्यूरिटी (EMD) धनराशि, जो निम्नलिखित है, ई–निविदा पोर्टल पर डिजिटल रूप से जमा करना अनिवार्य होगा। जो बिडर्स बिड सिक्यूरिटी (EMD) से छूट चाहते है, उनको सक्षम अधिकारी से निर्गत संबंधित उद्योग पंजीकरण प्रमाण–पत्र छूट हेतु प्रार्थना–पत्र के साथ बिड खुलने के समय अथवा तिथि से पूर्व जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में उनकी बिड खोली नहीं जायेगी/विचार नहीं किया जायेगा।

अल्पकालीन ई–निविदा हेतु प्रस्तावित निविदा प्रपत्र का मूल्य भी ई–निविदा पोर्टल पर डिजिटल रूप से जमा करना अनिवार्य होगा। ई–निविदा पोर्टल पर डिजिटल रूप से जमा किये जाने वाली धरोहर धनराशि एवं निविदा प्रपत्र मूल्य के डिजिटली भुगतान न किये जाने पर पोर्टल पर अग्रेतर कार्यवाही नहीं हो सकेगी तथा उनकी बिड खोली नहीं जायेगी/विचार नहीं किया जायेगा।

अल्पकालीन ई–निविदा प्रपत्र में निर्धारित तकनीकी विशेषताएं एवं शर्तों में कोई विचलन/परिवर्तन मान्य नहीं होगा। अधोहस्ताक्षरी को ई–निविदा/ई–प्रक्रिया से संबंधित कोई भी कार्यवाही बिना किसी कारण के निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा। अवकाश घोषित होने की दशा में यह निविदा अगले कार्यालय दिवस में उसी समय खोली जायेगी।

टेबल–01

लाट सं0	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख रू0में)	धरोहर धनराशि (लाख रू0में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 में	ठेकेदार की श्रेणी
1	सोन पम्प नहर तृतीय चरण पर स्थापित 6.6 के0वी0 विद्युत आपूर्ति एवं 1475 किलोवाट क्षमता की काम्पटन मेक एच0टी0 मोटर की रिवाइंडिंग, विार्निशिंग, रिवाइंडिंग एवं इक्विपमेन्ट इन्सटालेशन का कार्य (बिना आयरन आर्मेचर के अनुसार)	01 लाख	18.87	0.37	28 दिन	2000.00 +300.00 + 18 % GST	जिन्हें विभाग द्वारा 'ए' श्रेणी में सत्यापित एवं अनुभव प्राप्त ठेकेदार
2	सोन पम्प नहर चतुर्थ चरण पर स्थापित 6.6 के0वी0 विद्युत आपूर्ति एवं 1000 किलोवाट क्षमता की काम्पटन मेक एच0टी0 मोटर की रिवाइंडिंग, विार्निशिंग, रिवाइंडिंग एवं इक्विपमेन्ट इन्सटालेशन का कार्य (बिना आयरन आर्मेचर के अनुसार)	01 लाख	17.64	0.36	21 दिन	2000.00 +300.00 + 18 % GST	जिन्हें विभाग द्वारा 'ए' श्रेणी में सत्यापित एवं अनुभव प्राप्त ठेकेदार

टेबल–02: महत्वपूर्ण तिथियाँ

A	वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेंट की उपलब्धता की तिथि एवं समय	07.11.2026 from 11.00 Hours onwards
B	बिड डाक्युमेंट/अपलोड करने की अवधि, जिसके साथ बिड डाक्यूमेंट शुल्क, बिड सिक्योरिटी/इण्डस्ट्रीज रजिस्ट्रेशन प्रमाण–पत्र ई0एम0डी0 में छूट हेतु एवं अन्य आवश्यक डाक्यूमेंट्स पी0डी0एफ0/एक्सएलएस0 फार्मेट में	From 07.11.2026,11.00 Hours Up to 16.11.2026 up to 15:00 Hours
C	निविदा प्रपत्र शुल्क, बिड सिक्योरिटी मूल रूप में/इण्डस्ट्रीज रजिस्ट्रेशन प्रमाणपत्र, ई0एम0डी0 में छूट हेतु प्रमाणक एवं अन्य जोड़ित अभिलेख संबंधित कार्यालय में जमा करने की निर्धारित तिथि व समय	17.11.2026 up to 14.00 Hours
D	आनलाइन तकनीकी भाग खोले जाने की तिथि एवं समय	17.11.2026 up to 15.00 Hours
E	आनलाइन वित्तीय भाग खोले जाने की तिथि एवं समय	तकनीकी मूल्यांकन के उपरान्त ई–टेण्डर वेबसाइट पर अपलोडित की जायेगी।
F	बिड खोले जाने का स्थान	अधिशासी अभियन्ता, सोन यान्त्रिक निर्माण खण्ड, वरूणापुरम् सिंचाई कालोनी सिगरा वाराणसी। पिन कोड– 221010

उ.प्र.–260251 अधिशासी अभियन्ता
दिनांक–03.11.2026 सोन यान्त्रिक निर्माण खण्ड वाराणसी

वेबसाइट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
जौनपुर-गाजीपुर वृत्त, लो.नि.वि., जौनपुर
(Email ID:-sepwdjnp.gzp@gmail.com)

पत्रांक:- 5453/एस.ई.टेण्डर/जी.गा. वृत्त/26-27 दिनांक:- 29.10.2026

ई-निविदा आमंत्रण सूचना (एस.बी.डी.)
राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धात्मक बिडिंग

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑन लाईन ई–निविदा https://etender.up.nic.in के माध्यम से मार्ग कार्य में लो0नि0वि0 के पंजीकृत फर्म/ठेकेदार से आईटम दर के आधार पर दिनांक–13.11.2026 दोपहर 12:00 बजे से दिनांक–21.11.2026 दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा की टेक्निकल बिड दिनांक–21.11.2026 अपरान्ह 3:30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में उपस्थित लो0नि0वि0 के पंजीकृत फर्म/ठेकेदारों अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष ऑन लाईन खोली जायेगी। टेक्निकल बिड में क्वालीफाईड पाये गये ठेकेदारों की वित्तीय बिड अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में खोली जायेगी एवं यदि कोई शुद्धि–पत्र होगा तो उसे https://etender.up.nic.in पर दिनांक–21.11.2026 के पूर्व अपलोड कर दिया जायेगा। कार्यालय बन्द होने अथवा छुट्टी होने की दशा में टेक्निकल बिड एवं वित्तीय बिड उसी क्रम में समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। विस्तृत विवरण https://etender.up.nic.in पर लागइन करें।

क्र0 सं0	जनपद	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रू0 लाख में)	धरोहर धनराशि (रू0 लाख में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य व जी0एस0टी0 सहित (रू0 में)	अधिशासी अभियन्ता का पता	अधीक्षण अभियन्ता का पता	मुख्य अभियन्ता का पता
वित्तीय वर्ष 2026–27 में स्वीकृति की प्रत्याशा में।									
1	जौनपुर	जनपद जौनपुर में प्रतापगज बनसफा नागेश्वर धाम मंदिर शेरवा अन्य जिला मार्ग के चैनेज 0.000 से 7.860 तक चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य। (5 वर्षीय अनुरक्षण सहित)	1244.85	24.90	12 माह	5590.00	निर्माण खण्ड–2 लो0नि0वि0, जौनपुर	अधी0 अभि0 लो0नि0वि0, जौनपुर	मुख्य अभियन्ता लो0नि0वि0 वाराणसी

1. बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गई दरें जी0एस0टी0 को छोड़ते हुए लगाई गयी है।
2. शासनादेश संख्या–879(1)/23–7–2020 दिनांक 25.08.2020 में निहित प्राविधानानुसार प्रहरी एप्लीकेशन पर वांछित प्रपत्र अपलोड करना अनिवार्य होगा।
3. निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।
4. वित्त लेखा अनुभाग–1 के शासनादेश संख्या–16/2020/ए–1–10शा0स0/दस–2020 दिनांक 29.12.2020 एवं अर्द्धशासकीय पत्र सं0–9/4/2020–पी.पी.डी. दिनांक 12.11.2020 एवं प्रमुख अभियन्ता, उ0प्र0, लो0नि0विभाग लखनऊ के पत्र संख्या–3951एम0टी0/सामान्य वर्ग/ 60एम0 टी0/2020 दिनांक 13.04.2021 में दी गई व्यवस्था के अनुपालन में कार्य की निविदा हेतु कोई भी धरोहर धनराशि वांछित नहीं है। निविदादाता को निर्धारित प्रारूप पर शपथ–पत्र देना अनिवार्य होगा।

(राजेश राव) अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड–2, लो0नि0वि0 जौनपुर

(एस0के0 सिंह) अधीक्षण अभियन्ता जौनपुर–गाजीपुर वृत्त, लो0नि0वि0 जौनपुर

उ.प्र.:– 260029
दिनांक:– 02.11.2026
वेबसाईट:– www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय सहायक अभियन्ता द्वितीय,
बंधी प्रखण्ड द्वितीय रावर्ट्सगंज, सोनभद्र

कोटेशन सं0–01/स0अ0द्वि0/2026–27

इस उपखण्ड के अन्तर्गत पोखर बंधी, बजिया बंधी एवं बरवाटोला बंधी, पर बाँध सुरक्षा अधिनियम–2021 में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत निर्धारित प्रोटोकाल के तहत निम्नलिखित कार्यों के क्रियान्वयन हेतु तकनीकी रूप से दक्ष एजेन्सी/फर्म द्वारा दरों के निर्धारण के लिए मोहर बंद कोटेशन दिनांक– 10.11.2026 से दिनांक–17.11.2026 तक आमंत्रित किये जाते है, कराये जाने वाले कार्यों का विवरण निम्नवत है–

क्र0सं0	बाँध का नाम	अक्षांश एवं देशान्तर		कार्य का विवरण	दर (धनराशि रू0 में)
1	2	3		4	5
1	Pokhar Bundhi	23°56'04"N	83°06'52"E	Design Flood Review (DFR)	
2				Operation & Maintenance Manual	
3				Emergency Action Plan (EAP)	
4				Hazard Potential	
5				Seismic Design Parameters	
6				Dam Break Analysis	
7				Rule Curve & Spillway Rating Curve	
1	Bajiya Bundhi	23°54'2.47" N	83°06'18"E	Design Flood Review (DFR)	
2				Operation & Maintenance Manual	
3				Emergency Action Plan (EAP)	
4				Hazard Potential	
5				Seismic Design Parameters	
6				Dam Break Analysis	
7				Rule Curve & Spillway Rating Curve	
1	Barwatola Bundhi	24°03'41"N	83°06'51"E	Design Flood Review (DFR)	
2				Operation & Maintenance Manual	
3				Emergency Action Plan (EAP)	
4				Hazard Potential	
5				Seismic Design Parameters	
6				Dam Break Analysis	
7				Rule Curve & Spillway Rating Curve	

नोट – यह कोटेशन केवल दर निर्धारण एवं प्राक्कलन तैयार करने के उद्देश्य से लिया जा रहा है। अधिक जानकारी हेतु विभागीय वेबसाइट https://www.idup.gov.in/ पर देखें अथवा उपखण्डीय कार्यालय में संपर्क करें।

उपरोक्त बाँधों का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है–

क्र0सं0	बाँध का नाम	बाँध का प्रकार	निर्माण वर्ष	कैचमेन्ट एरिया (वर्ग किमी0 में)	ऊँचाई (मीटर में)	कुल संचयन क्षमता (एम0सी0एम0)
1	2	3	4	5	6	7
1	पोखर बंधी	अर्दन	1992	7.10	12.00

१७ को ददरी मेले का भूमि पूजन, २४ को होगा कार्तिक पूर्णिमा स्नान

ददरी मेला और कार्तिक पूर्णिमा स्नान की तैयारियों में जुटा प्रशासन, डीएम ने दिये आवश्यक निर्देश



बलिया। कार्तिक पूर्णिमा स्नान एवं ऐतिहासिक ददरी मेला की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने मेले और स्नान पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा- निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बताया कि 17 नवंबर को ददरी मेला का भूमि पूजन होगा, जबकि 9 नवंबर से 30 नवंबर तक पशु मेला आयोजित किया जाएगा। वहीं, 23 एवं 24 नवंबर को शिवपुर घाट पर कार्तिक पूर्णिमा का स्नान होगा। ददरी मेला का मीना बाजार 24 नवंबर से 20 दिसंबर तक लगेगा। उन्होंने कार्तिक पूर्णिमा स्नान के मद्देनजर महावीर घाट से पीडब्ल्यूडी स्टोर तक पार्किंग की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। पीडब्ल्यूडी स्टोर से शवदाह गृह तक कच्ची सड़क तथा शवदाह गृह से स्नान घाट तक श्रद्धालुओं के आवागमन के लिए समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। स्नान घाट पर पर्याप्त प्रकाश, महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम, बैरिकेडिंग, पर्याप्त संख्या में नाव, विद्युत व्यवस्था और पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने ददरी मेले के व्यापक प्रचार-प्रसार पर विशेष जोर देते हुए निर्देश दिया कि बिहार बॉर्डर पर मेले से संबंधित होर्डिंग अनिवार्य रूप से लगाई जाएं। इसके साथ ही शहर में लगी एलईडी स्क्रीन पर भी मेले का प्रचार किया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोगों को इसकी जानकारी मिल सके। उन्होंने मेले में प्रकाश, साफ-सफाई और शौचालय की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही किसानों से संबंधित 89 एकड़ भूमि के अधिग्रहण की कार्रवाई शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। ददरी मेला परिसर में चार स्थानों पर पार्किंग की व्यवस्था करने कहा। जिलाधिकारी ने चेयरमैन को निर्देशित किया कि ददरी मेले के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए राष्ट्रीय स्तर के पत्रकारों को आमंत्रित किया जाए। इसके अलावा पर्यटकों को भी मेले में आमंत्रित करने की व्यवस्था की जाए।

भारतेंदु मंच पर होंगे विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम

जिलाधिकारी ने बताया कि ददरी मेले में तिथिवार संस्कृति कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसमें 27 नवंबर को चेतन प्रतियोगिता, 30 नवंबर को दंगल प्रतियोगिता, 01 दिसंबर से 05 दिसंबर तक खेल प्रतियोगिता, 05 दिसंबर को भक्ति नाइट्स, 08 दिसंबर को म्यूजिक नाइट्स, 11 दिसंबर को भोजपुरी नाइट्स, 13 दिसंबर को संत समागम (दिन में), 15 दिसंबर को बॉलीवुड नाइट्स, 17 दिसंबर को कवि सम्मेलन एवं 19 दिसंबर को कौव्वाली का आयोजन किया गया है। बैठक में सीडीओ आलोक कुमार, एडीएम अनिल कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट आसाराम वर्मा, चेयरमैन संत कुमार गुप्ता उर्फ मिठाई लाल एवं जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

गैस सिलिंडर में रिसाव के बाद लगी आग, विस्फोट में महिला की मौत

बलिया। बांसडीहरोड थाना क्षेत्र के माधोपुर गांव में मंगलवार रात गैस सिलिंडर में रिसाव के बाद लगी आग और सिलिंडर फटने से दर्दनाक हादसा हो गया। इस घटना में एक महिला की मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। गांव में भी शोक का माहौल है। जानकारी के अनुसार, माधोपुर गांव निवासी दयाशंकर चौरसिया की पत्नी विजयलक्ष्मी मंगलवार रात घर में खाना बना रही थीं। इसी दौरान अचानक रसोई में रखे गैस सिलिंडर से गैस का रिसाव होने लगा। देखते ही देखते सिलिंडर में आग लग गई। आग लगते ही घर में अफरा-तफरी मच गई। परिवार के लोगों ने सूझबूझ और हिम्मत दिखाते हुए जलते हुए सिलिंडर को उठाकर घर से बाहर फेंक दिया। परिवार के लोग अभी कुछ समझ पाते, उससे पहले ही कुछ सेकंड बाद सिलिंडर तेज धमाके के साथ फट गया। धमाका इतना जोरदार था कि सिलिंडर का एक टुकड़ा दरवाजे पर खड़ी विजयलक्ष्मी के सिर में जा लगा। गंभीर चोट लगने से वह मौके पर ही अचेत होकर गिर पड़ीं। परिजन आनन-फानन में उन्हें लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। फिलहाल जिला अस्पताल में महिला के शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

नंदपुर ढाले पर घायल मिला युवक

हल्दी (बलिया)। हल्दी थाने से करीब 100 मीटर पश्चिम नंदपुर ढाले पर मंगलवार की देर शाम एक 26 वर्षीय युवक घायल अवस्था में अचेत पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से उसे तत्काल जिला अस्पताल भिजवाया। युवक की पहचान दुबहर गांव निवासी कृपाशंकर गुप्ता (26) पुत्र दयाशंकर गुप्ता के रूप में हुई है। वह काफी दिनों से अपने ननिहाल हल्दी थाना क्षेत्र के रेपुरा गांव में अपने नाना रामदेव गुप्ता के यहां रह रहा था। जानकारी के अनुसार, मंगलवार की शाम करीब छह बजे कृपाशंकर किसी काम से हल्दी आया था। इसी दौरान वह किसी वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटनास्थल पर अचेतावस्था में पड़े युवक को देखकर लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने परिजनों को सूचना दे दी है। वहीं, घटनास्थल के पास मिली युवक की मोटरसाइकिल को कब्जे में लेकर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गुजरात की तर्ज पर यूपी में भी होगा डेयरी सेक्टर का विस्तार-डीएम

बलिया। जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने बुधवार को विकास खण्ड चिलकहर के अंतर्गत ग्राम जिगनी खास में स्थित बनास डेयरी का फीता काटकर उद्घाटन किया। जिलाधिकारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में ग्रामीण अर्थव्यवस्था और डेयरी उद्योग को मजबूत करने के लिए व्यापक स्तर पर प्रयास शुरू किए गए हैं और गुजरात की तर्ज पर उत्तर प्रदेश के जनपदों में भी डेयरी सेक्टर और पशुपालन का विस्तार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सरकार का मुख्य उद्देश्य हर परिवार को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाना है। इसके लिए हर गांव और ब्लॉक स्तर पर सरकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाई जाएगी और पशुपालकों को सब्सिडी प्रदान की जाएगी। साथ ही उन्नत नस्ल की गायों को लाने और कृत्रिम गर्भाधान की आधुनिक तकनीकों (जिससे केवल बछिया ही पैदा हो सके) के प्रयोग पर बल दिया जा रहा है। जगह-जगह लैब स्थापित करने और सहकारिता समितियों को जोड़ने का काम जारी है ताकि उत्तर प्रदेश को डेयरी उत्पादन का एक बड़ा हब बनाया जा सके। साथ ही युवाओं और किसानों को स्वरोजगार तथा व्यापार से जोड़ने के लिए सरकार ने कई महत्वपूर्ण योजनाओं की शुरुआत की है। सभा को संबोधित करते हुए बताया गया कि श्मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजनाश् के अंतर्गत युवाओं को अपना व्यवसाय शुरू करने के लिए 5 लाख रुपये तक का लोन दिया जा रहा है। इस लोन पर अगले 4 वर्षों तक न तो कोई ब्याज लगेगा और ना ही किसी गारंटी की आवश्यकता होगी।

सभासद को फोन पर जान से मारने की धमकी

मनियर (बलिया)। स्थानीय थाना क्षेत्र में मोबाइल फोन पर गाली-गलौज करने और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर मनियर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, नगर पंचायत मनियर के वार्ड नंबर-7 निवासी व मनोनीत सभासद दिलीप कुमार सिंह उर्फ टुनटुन सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि 2 नवंबर को उनके मोबाइल नंबर पर एक फोन आया। फोन करने वाले की पहचान राजेश कुमार सिंह पुत्र स्वर्गीय रमाधार सिंह निवासी नगर पंचायत मनियर, वार्ड नंबर-7 (पुरानी पानी टंकी के पास) के रूप में बताई गई है। पीड़ित का आरोप है कि फोन पर राजेश कुमार सिंह ने उनके साथ गाली-गलौज के साथ जान से मारने की धमकी दी है।

चोरी के आभूषणों के साथ आरोपी गिरफ्तार

अलमारी का ताला तोड़कर उड़ाये थे लाखों के जेवर, बेचने के लिए बलिया जाते समय चिरैया मोड़ से धराया



बैरिया (बलिया)। स्थानीय कस्बे के पश्चिम टोला निवासी अनिता देवी पत्नी मनोज वर्मा के घर से चोरी हुए सोने के आभूषणों को बैरिया पुलिस ने बरामद कर लिया है। पुलिस ने चोरी के आरोप में विकास पांडेय निवासी गोविंदपुर, थाना बैरिया को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से चोरी के सोने के हार, मंगलसूत्र और तीन अंगूठियां बरामद हुई हैं। क्षेत्राधिकारी बैरिया आलोक कुमार गुप्ता ने बताया कि दो नवंबर की रात आरोपी ने पीड़िता के घर में घुसकर अलमारी का ताला तोड़ दिया और उसमें रखे लाखों रुपये के सोने के आभूषण चोरी कर लिए। इस मामले में तीन नवंबर को बैरिया थाने में संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। उन्होंने बताया कि चार नवंबर की प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद सिंह और चौकी प्रभारी सुरेमनपुर मुकेश कुमार व पुलिस टीम चिरैया मोड़ पर वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपी को चोरी के आभूषणों के साथ गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पता चला कि वह चोरी के आभूषण बेचने के लिए बलिया जा रहा था। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ वर्ष 2023 में भी बैरिया थाने में चोरी के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए आरोपी का चालान कर न्यायालय के सुपुर्द कर दिया।

खाद्य विभाग की छापेमारी, ६७ किलो मिठाइयां नष्ट, लिए गये आठ नमूने

बलिया। दीपावली पर्व पर मिलावटखोरी और असुरक्षित खाद्य पदार्थों की बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने बुधवार को जिले में विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया। इस दौरान मिठाई की दुकानों और निर्माणशालाओं का निरीक्षण कर कुल आठ खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित किए गए। वहीं, एक्सपायर्ड, बासी और अस्वास्थ्यकर स्थिति में मिली करीब 67 किलोग्राम मिठाइयों को मौके पर नष्ट कराया गया। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने न्यू श्री कामधेनु स्वीट्स, बलिया से दूध और बूंदी के लड्डू के दो नमूने लिए। यहां करीब 27 किलोग्राम एक्सपायर्ड खाद्य पदार्थ, जिसकी अनुमानित कीमत 12,640 रुपये थी, नष्ट कराया गया। न्यू छप्पन भोग स्वीट्स से बूंदी दाना और खोया के दो नमूने लिए गए। बैरिया तहसील मोड़ स्थित संजय कुमार गुप्ता की मिठाई निर्माणशाला से रंगीन रसगुल्ला और गुलाब जामुन के दो नमूने, मधु मिलन मिष्ठान भंडार से खोया तथा इंदरपुर चट्टी स्थित शिवांगी मिष्ठान भंडार से पेड़ा का एक-एक नमूना संग्रहित किया गया। सभी नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा। इसके अलावा विभाग की मोबाइल खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला फूड सेफ्टी ऑन व्हील के माध्यम से रसड़ा के कोतवाली रोड पर करीब 50 खाद्य कारोबारियों और उपभोक्ताओं को जागरूक किया गया। मौके पर जांच के दौरान बूंदी लड्डू, इमरती और डोडा बर्फी सहित करीब 40 किलोग्राम मिठाइयों में रंगों का अत्यधिक प्रयोग तथा बासी एवं अस्वास्थ्यकर स्थिति मिलने पर उन्हें नष्ट कराया गया।

रोजगार मेले में ५२८ युवाओं को मिली नौकरी

पूर्व सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने चयनित अभ्यर्थियों को वितरित किये ऑफर लेटर



बैरिया (बलिया)। उत्तर प्रदेश सरकार के रोजगार मिशन के तहत बुधवार को सुदिष्ट बाबा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सुदिष्टपुरी रानीगंज के परिसर में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिला सेवायोजन अधिकारी विवेकानंद की अध्यक्षता में आयोजित इस मेले में 528 युवक-युवतियों को रोजगार के लिए चयनित किया गया। जबकि नौकरी पाने के लिए कुल 1203 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। रोजगार मेले में देश के विभिन्न क्षेत्रों से आईं 26 कंपनियों के प्रतिनिधियों ने अपनी टीम के साथ प्रतिभाग किया। कंपनियों के प्रतिनिधियों ने अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया और उनकी योग्यता के आधार पर नौकरी के लिए चयन किया। जिला सेवायोजन अधिकारी विवेकानंद ने बताया कि युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भविष्य में भी इस तरह के रोजगार मेलों का आयोजन किया जाता रहेगा। मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने चयनित अभ्यर्थियों को ऑफर लेटर वितरित किए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि रोजगार का अवसर मिलने के साथ ही युवाओं को बचत करने की आदत भी विकसित करनी चाहिए। खंड विकास अधिकारी बैरिया एके सिंह, आईटीआई के प्रधानाचार्य पन्नालाल गुप्ता, प्राचार्य प्रो. संतोष कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

दिवंगत शिक्षक के परिवार को ४९.६८ लाख की मदद

बांसडीह (बलिया)। प्रदेश के शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों, शिक्षणेत्तर अधिकारियों व कर्मचारियों हितों के लिए समर्पित संस्था टीचर्स सेल्फ केयर टीम (टीएससीटी) ने क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय, बभनौली (बेरुआरबारी) के दिवंगत शिक्षक राकेश सिंह की पत्नी निशा सिंह को 49.68 लाख रुपये से अधिक की मदद की है। टीएससीटी प्रदेश के करीब चार लाख शिक्षकों, शिक्षा मित्रों, अनुदेशकों, शिक्षा विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों का ऐसा समूह है, जो किसी अपने सदस्य के निधन पर उसके परिवार की आर्थिक मदद करती है। प्रत्येक माह की तरह इस बार भी प्रदेश के बीस परिवारों को करीब 10 करोड़ सहायता धनराशि मिली। इसमें राकेश की पत्नी निशा भी शामिल हैं। उन्हें प्रदेश के तीन लाख 31 हजार से अधिक सदस्यों ने 15-15 रुपये की मदद करके करीब 50 लाख की मदद की है। इनमें जनपद के सदस्यों की संख्या 6,733 है। निशा सिंह पत्नी स्व.राकेश सिंह ने बताया कि पति की हार्ट अटैक से मौत के बाद उत्पन्न संकट की घड़ी में आर्थिक सम्बल प्रदान करने के लिए टीएससीटी के प्रदेश अध्यक्ष विवेकानंद, महामंत्री सुधेश पांडे, कोषाध्यक्ष संजीव रजक आदि के साथ ही जिला, ब्लाक के पदाधिकारियों और सदस्यों का आजीवन आभारी रहूंगी।

जनगणना के तीसरे चरण का प्रशिक्षण शुरू

बैरिया (बलिया)। जनगणना कार्य को सुचारु एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से बाबा लक्ष्मण दास द्वाबा राष्ट्रीय इंटर कॉलेज, बैरिया में जनगणना के तीसरे चरण का प्रशिक्षण प्रारम्भ हो गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 240 प्रगणक एवं सुपरवाइजर प्रतिभाग कर रहे हैं। विद्यालय के छह कमरों में 12 प्रशिक्षकों द्वारा जनगणना से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं एवं आवश्यक निर्देशों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण देने वालों में राजेश ओझा, पंकज सिंह, सुशील वर्मा, विजय राय एवं शशिकांत सहित कुल 12 प्रशिक्षक शामिल हैं।

घायल की इलाज के दौरान मौत, तीन पर मुकदमा

भीमपुरा (बलिया)। थाना क्षेत्र के आरीपुर सरया गांव में 19 अक्टूबर को जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट में घायल 63 वर्षीय लालधर राम की मंगलवार सुबह वाराणसी के अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक के पुत्र की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरीपुर सरया निवासी लालधर राम का अपने पट्टीदार अनिल कुमार से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। इसी विवाद में 19 अक्टूबर को दोनों पक्षों के बीच मारपीट हो गई थी, जिसमें दोनों तरफ के लोग घायल हुए थे। इस बीच गंभीर रूप से घायल लालधर राम का वाराणसी में इलाज चल रहा था। मंगलवार सुबह उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। इसके बाद मृतक के पुत्र सोनू ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

पंखे के सहारे फंदे से लटका मिला युवक का शव

हल्दी (बलिया)। थाना क्षेत्र के मुडाडीह गांव में बुधवार की सुबह 35 वर्षीय युवक का शव घर के छत पर बने कमरे में पंखे के सहारे फंदे से लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मुडाडीह गांव निवासी शशिलाल श्रीवास्तव पुत्र कमलेश्वर श्रीवास्तव मंगलवार की रात भोजन करने के बाद छत पर बने कमरे में सोने चले गए। रात में किसी समय उन्होंने कमरे में पंखे के सहारे कपड़े का फंदा लगा लिया। बुधवार की सुबह करीब सात बजे तक कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो पिता ने छत पर जाकर दरवाजा खटखटाया। अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने दरवाजा खोला तो युवक का शव फंदे से लटकता मिला। पिता ने थाने में शिकायती पत्र देकर बेटे को मानसिक रूप से बीमार बताया है। थानाध्यक्ष राजू कुमार राय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

पचास हजार का इनमिया गैंगस्टर गिरफ्तार

नगरा (बलिया)। नगरा पुलिस ने पचास हजार रुपये के इनमिया गैंगेस्टर को पकड़ने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए गैंगेस्टर पर नगरा एवं बलिया कोतवाली में विभिन्न धाराओं में लगभग आधा दर्जन मुकदमा पंजीकृत है। थानाध्यक्ष संजय मिश्रा ने बताया कि वे स्वयं हमराही सिपाहियों के साथ भोर में गश्त पर निकले थे कि मुखबिर से सूचना मिली कि गैंगेस्टर एक्ट का आरोपी मुन्ना गोड़ निवासी लीलकर थाना सिंकन्दरपुर अपने घर पर मौजूद हैं।मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुचकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया तथा थाने ले आई।पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही के बाद आरोपी को न्यायालय चालान कर दिया।थानाध्यक्ष ने बताया कि पकड़े गए गैंगेस्टर पर पचास हजार रुपये का इनाम घोषित था।

जया किशोरी ने किया वार्षिक पत्रिका 'आरोहण' का विमोचन

बलिया। शिक्षा, संस्कार एवं रचनात्मकता के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित कर रहे आर.के. मिशन स्कूल, सागरपाली में विश्वविख्यात कथावाचक एवं आध्यात्मिक वक्ता जया किशोरी ने विद्यालय की वार्षिक पत्रिका 'आरोहण' का विधिवत विमोचन किया। इस वर्ष विद्यालय की वार्षिक पत्रिका का शीर्षक 'आरोहण - ज्ञान से ऊंचाई तक' रखा गया है। यह प्रेरणादायी थीम इस विचार को अभिव्यक्त करती है कि ज्ञान ही वह आधार है, जिसके माध्यम से व्यक्ति अपने जीवन में सफलता, संस्कार और उत्कृष्टता की नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकता है। पत्रिका में विद्यार्थियों की साहित्यिक प्रतिभा, रचनात्मक अभिव्यक्ति, कलात्मक कौशल, सांस्कृतिक गतिविधियों, शैक्षणिक उपलब्धियों एवं उनके नवाचारपूर्ण विचारों को स्थान दिया गया है। यह पत्रिका विद्यार्थियों के सपनों, कल्पनाओं और उनकी प्रतिभा को अभिव्यक्त करने का एक सशक्त मंच है। विद्यालय के छात्र यशान ने अपनी कलात्मक प्रतिभा का परिचय देते हुए जया किशोरी जी का सुंदर पोट्रेट तैयार कर उन्हें सादर भेंट किया। विद्यालय के प्रबंधक हर्ष श्रीवास्तव ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान प्रदान करना नहीं, बल्कि उनमें नैतिक मूल्यों, आत्मविश्वास, अनुशासन, रचनात्मकता और जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण का विकास करना भी है। 'आरोहण' इसी सोच का प्रतिबिंब है। संस्थापिका सुनीता श्रीवास्तव, वर्तिका राज एवं प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।



छात्र की मौत के मामले में अवर अभियंता निलंबित

बलिया। शिक्षा क्षेत्र गड़वार के कनैला स्थित प्राथमिक विद्यालय नवीन पोखरा की छत पर हाईटेंशन तार की चपेट में आने से हुई छात्र की मौत मामले में मुख्य अभियन्ता (वितरण) पूर्वान्चल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड आजमगढ़ क्षेत्र आजमगढ़ रामबाबू ने अवर अभियन्ता रामनारायण यादव को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। यह कार्रवाई अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल बलिया की संस्तुति पर की गई है। निलम्बन अवधि में रामनारायण यादव 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र गड़वार अतिरिक्त कार्यभार फेफना बलिया, कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल-बलिया से सम्बद्ध रहेंगे। उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता अनुमन्य होगा। बता दें कि दो नवम्बर को थाना गड़वार क्षेत्रान्तर्गत प्राथमिक विद्यालय नवीन पोखरा के पीछे से गुजर रही 11 केवी विद्युत लाइन के संपर्क में आने से छात्र अरशद अहमद (12) पुत्र इजहार अहमद निवासी ग्राम विसुकिया की मौत हो गई थी। घटनास्थल के परीक्षण में पाया गया कि विद्यालय बाउंड्री से 11 केवी विद्युत लाइन की क्षैतिज दूरी तथा ग्राउंड क्लीयरेंस मानक के अनुसार नहीं है। अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल-बलिया द्वारा इनके विरूद्ध विभागीय नियमानुसार कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही किये जाने हेतु संस्तुति की गयी थी।

चोरी की बाइक के साथ चार आरोपी गिरफ्तार

बलिया। नरही थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी की घटना का खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की एक अपाचे मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस के अनुसार, बिहार के बक्सर जिले के खड़ाबगेन गोला थाना क्षेत्र के बराढ़ी गांव निवासी मनोज कुमार की अपाचे मोटरसाइकिल एक नवंबर 2026 को सरयां उजियार में चोरी हो गई थी। पीड़ित की लिखित तहरीर पर नरही थाने में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना के खुलासे के लिए पुलिस टीम प्रयास कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने सरायकोटा से रामगढ़ जाने वाले नहर किनारे मार्ग पर घेराबंदी कर चार आरोपियों को सुबह हिरासत में ले लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान नरही थाना क्षेत्र के नसिरपुर मठ निवासी चंदन यादव (35), अजय कुमार चौधरी (20), भुवर कुमार (19) और आदित्य कुमार (18) के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की अपाचे मोटरसाइकिल बरामद की। आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद चारों आरोपियों को न्यायालय चालान कर दिया गया।

फुटबाल प्रतियोगिता में मणिपुर, पंजाब, झारखंड का रहा दबदबा

मेजबान उत्तर प्रदेश व गोवा का मुकाबला 1-1 से ड्रा



बलिया। स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित 70वीं राष्ट्रीय विद्यालयी फुटबॉल प्रतियोगिता के तीसरे दिन कुल 27 लीग मुकाबले खेले गए। बुधवार को पांचों खेल मैदानों पर मणिपुर, पंजाब, झारखंड, आईबीएसएसओ आदि टीमों ने दमदार प्रदर्शन कर जीत दर्ज किया। वहीं स्टेडियम में मेजबान उत्तर प्रदेश टीम का गोआ के विरुद्ध खेल गया मुकाबला 1-1 की बराबरी पर खत्म हुआ। मैच के 11वें मिनट में गोवा ने खाता खोला वहीं संघर्षपूर्ण मुकाबले में उत्तर प्रदेश के लिए 55वें मिनट में अभिषेक ने गोल कर 1-1 की बराबरी पर ला खड़ा किया। मैच के आखिर तक दोनों टीमें और कोई गोल नहीं कर सकीं, नतीजतन मुकाबला ड्रॉ रहा। बुधवार को वीर लोरिक स्पोर्ट्स स्टेडियम में पहले मुकाबले में आईबीएसएसओ ने एकतरफा मुकाबले में चंडीगढ़ को 5-0 से पराजित किया। वहीं अन्य मुकाबलों में कर्नाटक ने झारखंड को 2-0, पंजाब ने तेलंगाना को 5-0 व गोवा ने तेलंगाना को 2-0 से पराजित किया। पॉलिटेक्निक खेल मैदान पर दिल्ली ने उड़ीसा को 2-0, नवोदय विद्यालय समिति ने आईपीएसई को 3-1, चंडीगढ़ ने मध्य प्रदेश को 3-0, असम ने दिल्ली को 3-0 व लक्षदीप ने नवोदय विद्यालय को 2-1 से पराजित किया। वहीं मिनी स्टेडियम शेर में खेले गए मुकाबलों में छत्तीसगढ़ ने कर्नाटक को 3-0 से मात दिया। अन्य मुकाबलों में पश्चिम बंगाल ने हरियाणा को 2-0, झारखंड ने हिमाचल प्रदेश को 5-0 से पराजित किया, वहीं महाराष्ट्र व केरला के मध्य खेला गया मुकबला 2-2 की बराबरी पर खत्म हुआ। रामदहीन सिंह इंटर कॉलेज के खेल मैदान पर उत्तराखंड ने त्रिपुरा को 1-0, मणिपुर ने आंध्र प्रदेश को 14-0 व महाराष्ट्र ने सीबीएसई को 2-0 से मात दिया। निर्णायक की भूमिका अमल कुंवर, मोहम्मद गयासुद्दीन, अजय यादव, मेहरुद्दीन, शनि कुमार, सौरभ कुमार, अजीत सिंह, चंद्रकांत राय, राजू कुमार, मोहम्मद अशफाक, संजय साहनी, धर्मवीर प्रजापति, रवि शर्मा, हाजी मुनव्वर, मनोज तिवारी, उपेंद्र शुक्ला, नवनीत व विशाल कुमार आदि ने निभाई। क्रीड़ा अधिकारी जवाहर लाल यादव, दिनेश कुमार सिंह, पंकज सिंह, द्रोणवीर सिंह यादव, मोहम्मद नईम अहमद, अश्विनी यादव, मोहम्मद दानिश, शशि प्रकाश राय, अनुज सिंह, प्रवेंद्र यादव आदि उपस्थित रहे।

खिलाड़ियों को वितरित किये गये गिफ्ट बैग

बलिया। जनपद में आयोजित 70वीं राष्ट्रीय विद्यालयी फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर रहे सभी 644 खिलाड़ियों एवं 100 से अधिक कोच मैनेजर्स को गिफ्ट बैग उपहार में दिया जा रहा है। मंगलवार देर शाम जिला वॉलीबाल एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं सनबीम स्कूल, अगरसंडा के निदेशक डॉ कुंवर अरुण सिंह ने इसकी शुरुआत की। जहां खिलाड़ियों को बैग में ट्रैक सूट, टीशर्ट, कप एवं जनपद का मशहूर सत्तु पैकेट भी दिया जा रहा हैं। बुधवार शाम भी खिलाड़ियों में यह गिफ्ट बैग वितरित किया गया। खिलाड़ियों में उपहार बैग पाकर खिल उठे। आयोजन समिति द्वारा निर्णायकों, लाइजनिंग ऑफिसर्स एवं समिति सदस्यों आदि को भी यह उपहार दिया जाना है।

राजकीय बाल गृह बालिका में सजा दीपावली का मेला

बलिया। महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित राजकीय बाल गृह बालिका निधरिया में शासन के निर्देश पर दीपावली पर्व के दृष्टिगत 'तरंग' कार्यक्रम के तहत भव्य मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने बुधवार को दीप प्रज्वलित कर किया। जिला प्रोबेशन अधिकारी डॉ. अमरेंद्र कुमार पौत्स्यायन ने जिलाधिकारी का अंगवस्त्र एवं पौधा भेंट कर स्वागत किया। उन्होंने संस्था की गतिविधियों और व्यवस्थाओं की जानकारी देते हुए बताया कि यहां 11 जनपदों की बालिकाएं आवासित हैं। वर्तमान में संस्था में 98 बालिकाओं के साथ उनके सात बच्चे भी रह रहे हैं। अधीक्षिका अमित रानी जैन, कुंवर नमो नारायण, प्रदीप राय, अंजलि, निकिता सिंह, आकांक्षा राय, विजय वर्मा, हरिकेश, जयप्रकाश, प्रमोद पांडेय आदि मौजूद रहे।

एक नजर इधर भी

५१ छात्राओं को नि:शुल्क साइकिल वितरित

रसड़ा (बलिया)। क्षेत्र के सिसवार गांव स्थित श्री राम अशीष सिंह इण्टर कालेज में विद्यालय परिवार की ओर से गरीब असहाय 51 छात्राओं को नि:शुल्क साइकिल वितरित की गई। स्कूल के प्रबंधक आशुतोष कुमार उर्फ सोनू सिंह ने छात्राओं को साइकिल वितरित कर कहा कि विद्यालय परिवार द्वारा उन छात्राओं जो काफी दूर से पैदल ही पढ़ने स्कूल आती थी उन्हें साइकिल दी गई है। होनहार छात्राओं को आगे भी विद्यालय परिवार सहयोग प्रदान करता रहेगा। इस मौके पर प्रधानाचार्य मनोज कुमार पांडेय, सतेन्द्र कुमार चौहान, हरेन्द्र प्रसाद वर्मा, अवध बिहारी, संगीता सिंह, शैल शर्मा आदि उपस्थित रहे।

पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

बांसडीह (बलिया)। मंगलवार देर शाम पुलिस ने धनतेरस और दीपावली से पहले वाहन जांच अभियान चलाया। सीओ जयशंकर मिश्र के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने दोपहिया और चारपहिया वाहनों को रोककर जांच की। पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा के निर्देश पर सीओ जयशंकर मिश्र और प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह की अगुवाई में यह अभियान चला। पुलिस ने दोपहिया वाहनों की डिक्की खुलवाकर तलाशी ली। यातायात नियम तोड़ने वाले चालकों के चालान काटे गए। अभियान में एसएसआई अजय पाल, प्रभारी निरीक्षक क्राइम अरुण कुमार सिंह, चौकी प्रभारी सौरभ श्रीवास्तव, पुलिस बल और महिला पुलिसकर्मी मौजूद रहीं।

आज बलिया में रहेंगे कांग्रेस के अभिषेक दत्त, केशव चन्द्र यादव

बलिया। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव अ

रेलवे फाटक पर बनेगा ८० करोड़ का ओवरब्रिज

१८ करोड़ रुपये अवमुक्त, ज्ञानपुर विधायक विपुल दुबे ने प्रेसवार्ता में किया ऐलान, जल्द होगा शिलान्यास



ज्ञानपुर। सराय जगदीश हाल्ट स्थित रेलवे फाटक पर लगने वाले जाम से जल्द ही लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है। यहां करीब 80 करोड़ रुपये की लागत से रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कराया जाएगा। परियोजना को प्रशासनिक स्वीकृति मिलने के साथ ही निर्माण के लिए 18 करोड़ रुपये अवमुक्त हो चुके हैं। रेलवे से एनओसी सहित कुछ तकनीकी औपचारिकताएं पूरी होते ही शिलान्यास की प्रक्रिया शुरू होगी। यह जानकारी ज्ञानपुर विधायक विपुल दुबे ने बुधवार को आयोजित प्रेसवार्ता में दी। विधायक ने बताया कि सराय जगदीश रेलवे फाटक पर आए दिन लगने वाला जाम क्षेत्र की बड़ी समस्या है। इससे मरीजों, विद्यार्थियों, नौकरीपेशा लोगों और आम राहगीरों को परेशानी उठानी पड़ती है। इसी मार्ग पर स्थित माता सीता समाहित स्थल पर आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को भी जाम से जूझना पड़ता है। उन्होंने एक भावुक घटना का जिक्र करते हुए बताया कि एक दिन इसी रास्ते से गुजरते समय रेलवे फाटक पर जाम में फंसी एंबुलेंस में 16 वर्षीय बच्चा जिंदगी और मौत से जूझ रहा था। इस घटना ने उन्हें झकझोर दिया और समस्या का स्थायी समाधान कराने का संकल्प लिया। विधायक ने कहा कि रेलवे की एनओसी समेत शेष तकनीकी प्रक्रियाएं करीब 30 दिनों में पूरी कराने का प्रयास है। इसके लिए वह प्रयागराज जाकर रेलवे अधिकारियों से मुलाकात करेंगे और ब्रिज कारपोरेशन के अधिकारियों से समन्वय स्थापित करेंगे।

ककराही और माधोसिंह में भी बनेगा ओवरब्रिज

विधायक ने कहा कि विकास की पहल सराय जगदीश तक सीमित नहीं रहेगी। ककराही और माधोसिंह रेलवे फाटक पर भी ओवरब्रिज निर्माण के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। मूसी में पुल निर्माण का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि पहले वहां रास्ता काफी संकरा था, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी होती थी। अब पुल बनने से लोगों को सुविधा मिली है।

कोनिया की समस्या के समाधान की भी तैयारी

विधायक ने बताया कि कोनिया क्षेत्र में आवागमन की समस्या के समाधान के लिए जमीन चिह्नित कर ली गई है। पावर कारपोरेशन के स्तर पर कुछ प्रक्रियाएं शेष हैं, जिन्हें जल्द पूरा कराने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वह स्वयं को ज्ञानपुर का वकील मानते हैं और जनता की समस्याओं को उठाना अपनी जिम्मेदारी समझते हैं। विकास के लिए निरंतर प्रयास, अधिकारियों से समन्वय और जनता का विश्वास जरूरी है। ज्ञानपुर विधानसभा के साथ पूरे जनपद की जनसमस्याओं का स्थायी समाधान कराना उनकी प्राथमिकता है।

पोषण योजना में बच्चों को मिलेगा हलवा और नमकीन उपमा

ज्ञानपुर। प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को अब पीएम पोषण योजना के तहत मीठा हलवा और नमकीन उपमा भी परोसा जाएगा। वित्तीय वर्ष 2026-27 में सप्लीमेंट्री न्यूट्रीशन के तहत यह व्यवस्था प्रदेश के सभी जनपदों के योजना से आच्छादित विद्यालयों में लागू की जाएगी। इसकी शुरुआत छह नवंबर को धनतेरस के अवसर पर होगी। बीएसए शिवम पांडेय ने बताया कि नई व्यवस्था के तहत महीने के पहले और तीसरे सप्ताह में बच्चों को मीठा हलवा दिया जाएगा, जबकि दूसरे, चौथे और पांचवें सप्ताह में नमकीन उपमा वितरित किया जाएगा। इससे बच्चों को नियमित मध्याह्न भोजन के साथ अतिरिक्त पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। योजना के तहत वितरित किए जाने वाले खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और व्यवस्था की निगरानी भी की जाएगी।

दिव्यांगों को २४० ट्राइसाइकिल समेत ३९८ सहायक उपकरण वितरित

ज्ञानपुर। दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने और जरूरतमंद परिवारों को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से बुधवार को विकास भवन कंसापुर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविन्द शुक्ला की अध्यक्षता में दिव्यांगजन सशक्तीकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में दिव्यांगजनों को 398 सहायक उपकरण वितरित किए गए। वहीं, पिछड़ा वर्ग के लाभार्थियों को शादी अनुदान और कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना के तहत स्वीकृति पत्र एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। वितरित उपकरणों में 240 ट्राइसाइकिल, 31 व्हीलचेयर, 50 स्मार्ट केन, 33 लेप्रोसी किट, 17 एमआर किट, छह ब्रेल किट, छह कान की मशीन और 15 मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल शामिल हैं। उपकरण पाकर दिव्यांगजनों के चेहरे खिल उठे। इनसे उन्हें आवागमन और दैनिक गतिविधियों में सहूलियत मिलेगी तथा आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम में अन्य पिछड़ा वर्ग के गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह के लिए संचालित शादी अनुदान योजना के तहत 20 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र दिए गए। इसके अलावा ओ-लेवल और सीसीसी कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना के तहत चयनित 60 अभ्यर्थियों को स्वीकृति पत्र एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस मौके पर सीडीओ बाल गोविन्द शुक्ला ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र और जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराना उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। वहीं, शादी अनुदान और कंप्यूटर प्रशिक्षण जैसी योजनाएं जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक संबल देने के साथ युवाओं के कौशल विकास और रोजगार के अवसर बढ़ाने में सहायक हैं। कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला युवा कल्याण अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और लाभार्थी मौजूद रहे। अंत में जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ने सभी के प्रति आभार जताया।

सीनियर सभासद के प्रयास से वार्ड की सबसे जटिल समस्या सीवर नाले का हुआ समाधान

भदोही। नगर में जब भी विकास कार्य की बात आती है तो वह सबसे पहले मोहल्ला जमुन्द वार्ड 28 में निरंतर 25 वर्षों से हुए विकास कार्य की बखान होने लगती है। वार्ड के जनता की जुबान पर बेसाख्ता हर दिल अजीज विकास पुरुष नगर पालिका परिषद भदोही में लगातार 5 बार से सभासद पद पर आसीन होकर जनता की सेवा करने वाले सीनियर सभासद गुलाम हुसैन संजरी का नाम आता है। आज श्री संजरी के प्रयास से वार्ड में सबसे जटिल समस्या सीवर नाले का निर्माण युद्धस्तर पर 26 लाख की लागत से कराया जा रहा है। यही नही श्री संजरी द्वारा कराए गए विकास कार्य की बखान नगर के अन्य वार्डो के सम्भ्रांतजन भी करते है। मालूम हुआ कि कोई किसी की बखान ऐसे ही नही करता, जब कोई काम किया जाता है तो लोग उसकी तारीफ करने पर लोग विवश हो जाते हैं। सीवर लाइन निर्माण के सम्बंध में जब सीनियर सभासद गुलाम हुसैन संजरी से बात हुई तो उन्होंने सबसे पहले अपने प्रिय चेयरमैन श्रीमती नरगिस अतहर एवं अपने हर दिल अजीज चेयरमैन पति डॉ मो0 अतहर अंसारी का दिल से शुक्रिया अदा करते हुए बताया कि वार्ड में जितने भी विकास कार्य हो रहे हैं वह सब हमारे चेयरमैन श्रीमती नरगिस अतहर व हमारे हर दिल अजीज चेयरमैन पति डॉ मो0 अतहर अंसारी के निगाहे करम का नतीजा है जिन्होंने वार्ड में विकास कार्य करने का दरियादिली दिखाई। कहा हम उनके प्रति आभार प्रकट करते हैं।

शांतिभंग की आशंका में १२ गिरफ्तार, यातायात नियम तोड़ने पर ७०२ वाहनों का चालान

यातायात पुलिस ने नौ लाख २७ हजार ५०० रुपये का वसूला शमन शुल्क, दोपहिया और चारपहिया वाहन चालक काररवाई की जद में

ज्ञानपुर। जनपद में कानून व्यवस्था बनाए रखने और यातायात नियमों का पालन कराने के लिए भदोही पुलिस ने बुधवार को अभियान चलाया। इस दौरान शांति भंग की आशंका में जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से 12 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। वहीं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 702 वाहनों का चालान कर नौ लाख 27 हजार 500 रुपये का शमन शुल्क वसूला गया। पुलिस के अनुसार, गोपीगंज थाना क्षेत्र के बिहरोजपुर गांव से उपनिरीक्षक उमेश चंद्र यादव ने दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। औराई थाना क्षेत्र के पूर्वीपुर से उपनिरीक्षक श्याम यादव ने एक व्यक्ति को पकड़ा। सुरियावां थाना क्षेत्र के अमिलहरा गांव से उपनिरीक्षक सुरेंद्र दुबे ने पांच व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। वहीं दुर्गागंज थाना क्षेत्र के अर्जुनपुर से उपनिरीक्षक राजेश यादव ने चार व्यक्तियों को हिरासत में लिया। सभी के खिलाफ धारा 170/126/135 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई करते हुए चालान संबंधित न्यायालय भेजा गया। उधर, यातायात पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की। अभियान के दौरान 550 दोपहिया और 152 चारपहिया समेत कुल 702 वाहनों का चालान किया गया। पुलिस ने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से इस्तेमाल करने तथा सुरक्षित वाहन चलाने की अपील की।

धनतेरस और दीपावली को लेकर भदोही में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

ज्ञानपुर। आगामी धनतेरस और दीपावली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए भदोही पुलिस ने सुरक्षा की तैयारियां पूरी कर ली हैं। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्कता बढ़ा दी गई है। थाना प्रभारियों की ओर से अपने-अपने क्षेत्रों में पीस कमेटी और व्यापारी सुरक्षा संबंधी बैठकें आयोजित कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा चुके हैं। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने बताया कि त्योहारों के मद्देनजर जनपद के सभी संवेदनशील स्थानों, भीड़भाड़ वाले बाजारों और मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। प्रमुख स्थानों पर पुलिस पिकेट लगाई गई है, जिससे किसी भी आपात स्थिति से तत्काल निपटा जा सके। उन्होंने बताया कि सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस लगातार पैदल गश्त कर रही है। इसके साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की सघन चेकिंग भी की जा रही है। बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर पुलिस की सक्रियता बढ़ाई गई है। एसपी ने कहा कि पुलिस प्रशासन का उद्देश्य है कि जनपदवासी बिना किसी भय के सुरक्षित माहौल में धनतेरस और दीपावली का त्योहार मना सकें। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क है और अराजक तत्वों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है।

तीन दिन में निस्तारित करें छात्रवृत्ति के लंबित आवेदन

ज्ञानपुर। दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के तहत लंबित आवेदनों को लेकर जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने जनपद के सभी संबंधित उच्च शिक्षण संस्थानों को तीन दिन के भीतर लंबित आवेदन पत्रों का परीक्षण कर निस्तारण एवं अग्रसारण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। लापरवाही के चलते पात्र विद्यार्थियों को योजना के लाभ से वंचित होने की आशंका है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रमेश चन्द्र ने बताया कि चार नवंबर 2026 तक जनपद में योजना के तहत कुल 1162 आवेदन अंतिम रूप से भरे गए हैं। इनमें से शिक्षण संस्थानों की ओर से महज 431 आवेदनों का ही निस्तारण किया गया है, जबकि 731 आवेदन अब भी संस्थानों के लॉगिन पर लंबित हैं। उन्होंने बताया कि आवेदन अग्रसारित करने की अंतिम तिथि 15 नवंबर निर्धारित है। आगामी दीपावली सहित अन्य त्योहारों के चलते शिक्षण संस्थानों में अवकाश रहने की संभावना है। ऐसे में समय रहते आवेदन निस्तारित नहीं किए गए तो पात्र छात्र-छात्राएं छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति के लाभ से वंचित हो सकते हैं। इसको देखते हुए सभी संबंधित संस्थानों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने लॉगिन पर लंबित आवेदनों की जांच कर अधिकतम तीन दिन में निस्तारण की प्रक्रिया पूरी करें। अधिकारी ने स्पष्ट किया कि विद्यार्थियों के हितों को प्राथमिकता देते हुए समयसीमा के भीतर आवेदन अग्रसारित करना सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसी पात्र विद्यार्थी को योजना का लाभ मिलने में परेशानी न हो।

जाम बना जानलेवा, एंबुलेंस फंसने से मचा हड़कंप

गोपीगंज। नगर के सबसे व्यस्त इलाकों में से एक अंजही मोहाल गल्ला मंडी में बुधवार को जाम की समस्या ने फिर से गंभीर रूप ले लिया। मरीज को लेकर जा रही एक एंबुलेंस घंटों जाम में फंसी रही। स्थानीय लोगों और पुलिस की काफी मशक्कत के बाद एंबुलेंस को किसी तरह बाहर निकाला जा सका। इस घटना ने नगर की यातायात व्यवस्था की पोल खोल दी है। जाम की समस्या को देखते हुए नगर पालिका और पुलिस प्रशासन ने नगर में नो-इंट्री व वन-वे व्यवस्था लागू की है, लेकिन यह व्यवस्था सिर्फ कागजों तक ही सीमित रह गई है। न तो वाहन चालक नियमों का पालन कर रहे हैं और न ही जिम्मेदार अधिकारी सख्ती से पालन करा रहे हैं। नतीजा यह है कि सुबह से लेकर देर शाम तक अंजही मोहाल से लेकर मुख्य बाजार तक जाम लगा रहता है।

गांव-गांव पहुंचेगा टीका मित्र प्रचार वाहन, टीकाकरण के प्रति करेगा जागरूक



घोसिया। नियमित टीकाकरण के प्रति लोगों को जागरूक करने और इससे जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने के उद्देश्य से बुधवार को औराई ब्लॉक में विशेष जनजागरूकता अभियान की शुरुआत हुई। संस्था के सहयोग से संचालित टीका मित्र प्रचार वाहन को उपजिलाधिकारी शिवेंद्र कुमार वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर एसडीएम ने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों तक टीकाकरण का संदेश पहुंचाना है। प्रचार वाहन गांव-गांव जाकर लोगों को टीकाकरण के महत्व की जानकारी देगा और उनके मन में मौजूद आशंकाओं व भ्रांतियों को दूर करेगा। सीएचसी औराई के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कृष्णा दुबे ने कहा कि नियमित टीकाकरण बच्चों को कई गंभीर और संक्रामक बीमारियों से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। केवल टीके उपलब्ध कराना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि प्रत्येक परिवार को इसके प्रति जागरूक करना भी जरूरी है। स्वास्थ्य विभाग का प्रयास है कि कोई भी पात्र बच्चा या गर्भवती महिला टीकाकरण से वंचित न रहे। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे स्वास्थ्य कर्मियों का सहयोग करें और निर्धारित समय पर बच्चों व गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण अवश्य कराएं। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी दिलीप पासी, सीडीपीओ मंजू वर्मा, डॉ. जितेंद्र कुमार दुबे और खंड शिक्षा अधिकारी सुरेंद्र पटेल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। चार से 23 नवंबर तक चलने वाला यह प्रचार वाहन औराई ब्लॉक के विभिन्न गांवों और दूरस्थ क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों को नियमित टीकाकरण के प्रति जागरूक करेगा।

एसडीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

जनगणना-२०२७ : दूसरे चरण की तैयारियों की समीक्षा

१६ नवंबर से शुरू होगी स्व-गणना

ज्ञानपुर। जनगणना-2027 के द्वितीय चरण की तैयारियों को लेकर बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक हुई। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) शुभांगी शुक्ला और मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ला की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित बैठक में स्व-गणना, जनसंख्या गणना और पुनरीक्षण कार्य की तैयारियों की समीक्षा की गई। अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं समय से पूरी करने के निर्देश दिए गए। बैठक में बताया गया कि जनगणना के दूसरे चरण में 16 से 30 नवंबर तक स्व-गणना होगी। इसके बाद एक दिसंबर 2026 से चार जनवरी 2027 तक जनसंख्या गणना का कार्य कराया जाएगा। वहीं, पांच से नौ जनवरी तक पुनरीक्षण कार्य निर्धारित किया गया है। अधिकारियों को पूरी प्रक्रिया पारदर्शी, व्यवस्थित और त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए गए। अपर जिलाधिकारी शुभांगी शुक्ला ने कहा कि जनगणना राष्ट्रीय महत्व का कार्य है। इसमें सभी विभाग आपसी समन्वय बनाकर अपनी जिम्मेदारियों का समयबद्ध तरीके से निर्वहन करें। उन्होंने स्व-गणना के प्रति लोगों को जागरूक करने और अधिक से अधिक नागरिकों को इसमें भागीदारी के लिए प्रेरित करने पर जोर दिया। सीडीओ बाल गोविंद शुक्ला ने कहा कि सोशल मीडिया और विभागीय प्रचार माध्यमों के जरिए जनगणना की प्रक्रिया एवं निर्धारित समय-सारिणी का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से गांवों और शहरी क्षेत्रों में घर-घर तक जानकारी पहुंचाई जाए। बेसिक शिक्षा विभाग और उच्च शिक्षण संस्थानों के माध्यम से जागरूकता रैलियां भी आयोजित कराई जाएं, ताकि



विद्यार्थी और युवा भी इस अभियान से जुड़ सकें। बैठक में जनगणना कार्मिकों के प्रशिक्षण, आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता और विभागीय समन्वय को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों से कहा गया कि आमजन को स्व-गणना और जनसंख्या गणना की प्रक्रिया की सही जानकारी उपलब्ध कराएं, जिससे निर्धारित समय में कार्य सुचारु रूप से पूरा हो सके। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

रामपुर गंगा घाट पर पीपा पुल निर्माण शुरू, जोड़े गये ६२ पीपे

गोपीगंज। क्षेत्र के रामपुर गंगा घाट पर पीपा पुल का निर्माण कार्य तेजी से शुरू हो गया है। कार्तिक पूर्णिमा के पूर्व पुल से आवागमन शुरू होने की संभावना बढ़ गई है। बताया गया कि विजय दशमी के दिन पूजन के उपरांत पीपा जोड़ने का काम शुरू किया गया था। अब तक 62 पीपे जोड़े जा चुके हैं, जो कुल लक्ष्य का आधे से अधिक है। तेजी से चल रहे निर्माण कार्य को देखते हुए इस बार समय से पहले ही पुल पर आवागमन शुरू होने की उम्मीद जताई जा रही है। पीपा पुल बन जाने से कार्तिक पूर्णिमा स्नान के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं को काफी सहूलियत होगी और गंगा पार के दर्जनों गांवों का संपर्क भी सुगम हो जाएगा।

कार-बाइक की टक्कर, बाइक सवार दो घायल

गोपीगंज। राष्ट्रीय राजमार्ग पर ऊज थाना क्षेत्र के वहीदा मोड़ के पास कार व बाइक की टक्कर में बाइक सवार दो लोग घायल हो गए, उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीगंज में भर्ती कराया गया, ऊज थाना क्षेत्र के पूरेनगरी निवासी विनोद कुमार 32 वर्ष व दिनेश कुमार 30 वर्ष प्रयागराज की तरफ से बाइक से घर लौट रहे थे वहिदा मोड़ के पास सामने से आ रही कार से टकरा गए जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए घायल अवस्था में स्थानीय पुलिस के सहयोग से उन्हें गोपीगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान दोनों की हालत गंभीर होने पर अन्यत्र रेफर कर दिया गया।

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान पर अभद्र टिप्पणी और कमल तिवारी को जान से मारने की धमकी, दी तहरीर

ज्ञानपुर। केंद्रीय मंत्री एवं लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के खिलाफ सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने और पार्टी के प्रदेश महासचिव एवं भदोही प्रभारी कमल तिवारी को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। इस संबंध में बुधवार को पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने ऊंज थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दी और आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश महासचिव एवं भदोही प्रभारी कमल तिवारी, प्रदेश संगठन महामंत्री धनंजय दुबे और जिलाध्यक्ष राम अवध मिश्रा शामिल रहे। पार्टी नेताओं ने पुलिस से संबंधित फेसबुक आईडी के वास्तविक संचालक की पहचान करने, डिजिटल साक्ष्यों की जांच कराने और मामले में प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। साथ ही कमल तिवारी ने पुलिस अधीक्षक से स्वयं और पार्टी पदाधिकारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का अनुरोध किया।



रावण दहन होते ही गूंजे जय श्रीराम के जयकारे

ऊंज। विजयदशमी के अवसर पर बुधवार को रामलीला मैदान बीसा में राम-रावण युद्ध का भव्य मंचन किया गया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में दर्शकों की भीड़ उमड़ी। भगवान श्रीराम के हाथों रावण का वध होते ही पूरा मैदान जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा। इसके बाद रावण, मेघनाद और कुंभकर्ण के विशालकाय पुतलों का दहन किया गया। रामलीला मैदान में दोपहर बाद से ही दर्शकों का पहुंचना शुरू हो गया था। शाम होते-होते पूरा मैदान दर्शकों से खचाखच भर गया। महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने उत्साह के साथ रामलीला का आनंद लिया। मंच पर राम और रावण की सेनाओं के बीच हुए युद्ध का जीवंत मंचन किया गया। पहले कुंभकर्ण ने वानर सेना में तबाही मचाई, लेकिन अंत में लक्ष्मण ने उसका वध कर दिया। इसके बाद मेघनाद ने शक्ति बाण से लक्ष्मण को मूर्छित कर दिया। हनुमान जी संजीवनी बूटी लेकर पहुंचे, जिससे लक्ष्मण को नया जीवन मिला। अंत में भगवान श्रीराम और रावण के बीच भीषण युद्ध हुआ। विभीषण के बताने पर श्रीराम ने रावण की नाभि में स्थित अमृत कुंड पर बाण चलाया, जिससे रावण का अंत हो गया। इस मौके पर वंश नारायण दुबे, सुरेश चंद्र पांडेय, विशंभर नाथ, लालचंद दुबे, सुभाष चंद्र, लकी विश्वकर्मा गया नाथ दुबे, मंगला प्रसाद, कल्लन श्रीवास्तव, रिंकू दुबे सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



जनजातीय गौरव दिवस पखवाड़े में होंगे विविध आयोजन

ज्ञानपुर। जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को याद करने और जनजातीय कला, संस्कृति एवं परंपराओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जिले में एक से 15 नवंबर तक जनजातीय गौरव दिवस पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसके तहत विभिन्न विभागों और शैक्षणिक संस्थानों की ओर से विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने संबंधित अधिकारियों को शासन की गाइडलाइन के अनुसार कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार कर आयोजन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। पखवाड़े के दौरान विद्यालयों, छात्रावासों और आवासीय संस्थानों में भगवान बिरसा मुंडा सहित जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन और संघर्ष पर निबंध, चित्रकला, क्विज, लोकनृत्य, नाटक एवं संगीत प्रतियोगिताएं होंगी। वहीं जनजातीय उत्पादों, पारंपरिक हस्तशिल्प, वनधन केंद्रों के उत्पादों और श्री अन्न से तैयार पारंपरिक व्यंजनों की प्रदर्शनी एवं फूड स्टॉल लगाए जाएंगे। इसके अलावा जनजातीय समुदायों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए स्वास्थ्य शिविर, छात्रवृत्ति जागरूकता कार्यक्रम और वन अधिकार अधिनियम सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इन आयोजनों में जनप्रतिनिधियों, विद्यार्थियों, स्वयं सहायता समूहों, कलाकारों और शिल्पकारों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी ने जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) को जनपद स्तर का नोडल अधिकारी नामित किया है। सभी संबंधित विभागों को अपने नोडल अधिकारी का नाम और मोबाइल नंबर उपलब्ध कराने के साथ कार्यक्रमों की तिथिवार कार्ययोजना प्रस्तुत करने को कहा गया है। आयोजनों में पेयजल, स्वच्छता, शौचालय, प्राथमिक चिकित्सा, सुरक्षा और दिव्यांगजनों के लिए आवश्यक सुविधाएं भी सुनिश्चित करनी होंगी।

आईजीआरएस रैंकिंग में भदोही पुलिस प्रदेश में अव्वल, लगातार तीसरी श्रेणी में मिला प्रथम स्थान

ज्ञानपुर। जनसमस्याओं के त्वरित, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के मामले में भदोही पुलिस ने प्रदेश स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। उत्तर प्रदेश शासन की आईजीआरएस (जनसुनवाई) प्रणाली की अक्टूबर 2026 की मासिक मूल्यांकन रिपोर्ट में भदोही पुलिस को पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान मिला है। इसके साथ ही वाराणसी जोन और विंध्याचल रेंज में भी जनपद पुलिस ने पहली रैंक हासिल कर तीनों स्तरों पर अपना दबदबा कायम किया है। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में जनसुनवाई और शिकायतों के निस्तारण को प्राथमिकता दी जा रही है। एसपी की ओर से नियमित समीक्षा बैठकों के माध्यम से थानों को भेजे गए प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की निगरानी की जाती है। साथ ही शिकायतों का स्थलीय एवं निष्पक्ष सत्यापन कराने के साथ ही निस्तारण की गुणवत्ता और शिकायतकर्ताओं से मिलने वाले फीडबैक पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस उपलब्धि में पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित आईजीआरएस सेल की टीम की भी अहम भूमिका रही। टीम की ओर से शिकायतों की लगातार मॉनिटरिंग और तकनीकी प्रबंधन किया गया। एसपी ने टीम के कार्यों की सराहना करते हुए इसी तत्परता और संवेदनशीलता के साथ आगे भी जनशिकायतों का निस्तारण करने के लिए प्रेरित किया। आईजीआरएस सेल में निरीक्षक राजकुमार सिंह प्रभारी के रूप में तैनात हैं। उनके साथ उपनिरीक्षक संतोष कुमार सिंह, मुख्य आरक्षी हीरालाल विश्वकर्मा तथा आरक्षी विवेक कुमार, आकाश कुमार और कौशल कुमार ने इस उपलब्धि में योगदान दिया।

रामलीला मैदान में भरत मिलाप मेला सकुशल संपन्न

गोपीगंज। नगर की प्राचीन रामलीला, विजयदशमी और ऐतिहासिक भरत मिलाप मेला सकुशल संपन्न होने के बाद मंगलवार को नव युवक दल की ओर से अभिनंदन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। शिव-सावित्री लान में आयोजित कार्यक्रम में मेले की सफलता में सहयोग देने वाले जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, संभ्रांत नागरिकों और कार्यकर्ताओं को माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। समारोह में राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष सोहन लाल श्रीमाली, सांसद डॉ. विनोद बिंद, ज्ञानपुर विधायक विपुल दुबे, नगर पालिका परिषद गोपीगंज के अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता, पूर्व प्रमुख दिनेश सिंह, पूर्व पालिका अध्यक्ष प्रह्लाद दास गुप्ता, ज्ञानपुर के चेयरमैन घनश्याम दास गुप्ता, डीघ ब्लॉक प्रमुख मनोज मिश्रा, माबूद खान, शिव प्रसाद अग्रवाल, रतन लाल अग्रहरि, सोमनाथ गुप्ता और ऋषि बघेल सहित अन्य लोगों का स्वागत किया गया। इस मौके पर प्रदीप अग्रवाल टुनटुन, श्रीकांत जायसवाल, अश्वनी अग्रवाल, विंदेश गुप्ता, शिवशंकर गुप्ता, गोपाल अग्रवाल, मिथिलेश अग्रहरि, मुकेश अग्रवाल, बऊ सिंह, संजीव जायसवाल, दामोदर अग्रहरि और ज्योति नारायण सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। संचालन राजेंद्र पुष्कर ने किया।

आयुर्वेदिक फार्मेसी की परीक्षा में आदर्श ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

गोपीगंज। वैद्य छोटेलाल आयुर्वेदिक संस्थान, मडुवाडीह, वाराणसी में अमवा के छात्र आदर्श पांडेय ने आयुर्वेदिक फार्मेसी के अंतिम वर्ष (सत्र 2025-26) की परीक्षा में कालेज में प्रथम स्थान प्राप्त कर संस्थान का गौरव बढ़ाया है। उनकी इस उपलब्धि पर कालेज के प्राचार्य एवं गुरुजनों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

खेलों से बच्चों में अनुशासन, टीम भावना का होता है विकास-एएसपी

सेंट थामस स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता, विजेता खिलाड़ियों को मेडल-प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

ज्ञानपुर। नगर स्थित सेंट थॉमस स्कूल में बुधवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता (एनुअल स्पोर्ट्स मीट) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न खेल स्पर्धाओं में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में स्कूली बच्चों ने पूरे उत्साह और खेल भावना के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए एएसपी शुभम अग्रवाल ने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न अंग हैं। इनसे बच्चों में अनुशासन, टीम भावना और आपसी सहयोग की भावना विकसित होती है। खेल न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ रखते हैं, बल्कि मानसिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रतियोगिता में हार और जीत से अधिक महत्वपूर्ण उसमें उत्साह के साथ प्रतिभाग करना है। खेल हमें संघर्ष करने, चुनौतियों का सामना करने और आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम के समापन पर मुख्य अतिथि ने विभिन्न स्पर्धाओं के विजे

कूप में मिला लापता वृद्धा का शव

बीते ३१ अक्तूबर को खेत में काम करने के लिए गयीं थी रामकल देवी

बभनी(सोनभद्र)। स्थानीय थाना क्षेत्र के चपकी ग्राम पंचायत के बघमड़वा टोला में 62 वर्षीय महिला का शव बुधवार को सरकारी सिंचाई कूप में उतराया हुआ पाये जाने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका बीते 31 अक्टूबर से ही घर से लापता था। थाना क्षेत्र के चपकी ग्राम पंचायत के बघमड़वा टोला में 62 वर्षीय रामकल देवी पत्नी सम्पत गौड़ का शव घर से कुछ दूर पर स्थित सिंचाई कूप उतराया मिला। मृतका बीते 31 अक्टूबर को घर से खेत में काम करने के लिए निकली थी, लेकिन घर नहीं पहुंची। इसके बाद से परिवार के लोग महिला की जगह-जगह खोजबीन में जुटे हुए थे।बुधवार की सुबह सरकारी सिंचाई कूप के पास महिला का शव देखा गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बरामद किया। इस संबंध में उपनिरीक्षक शिवमूरत यादव ने बताया कि महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी भेजा जा रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

गोवंश तस्करी से संबंधित गैंगस्टर एक्ट मामले में चार गिरफ्तार

विंढमगंज(सोनभद्र)। स्थानीय पुलिस ने बुधवार को गोवंश तस्करी से संबंधित गैंगस्टर एक्ट मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अवैध गोवंश तस्करी में संलिप्त आरोपियों की गिरफ्तारी एवं उनके विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ऋषभ रुणवाल एवं क्षेत्राधिकरी विनय प्रभाकर साहनी के कुशल पर्यवेक्षण में थाना निरीक्षक रविकान्त मिश्र मय पुलिस टीम द्वारा गैंगस्टर एक्ट से सम्बन्धित आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में क्रमश: गैग लीडर अरविन्द कुमार गुप्ता पुत्र मेहीलाल गुप्ता निवासी बरेव टोला झुझवा, राजनारायण गोड़ पुत्र गुलाली गोड़ निवासी पोखरा, विजय खरवार पुत्र रामप्रसाद खरवार निवासी ग्राम बरेव टोला झुझवा एवं बैजूलाल गोड़ पुत्र डलई राम निवासी ग्राम बरेव टोला झुझवा, थाना बभनी शामिल हैं।

एक साथ तीन वाहनों की भिड़ंत, चालक की मौत

ट्रीपर चालक गंभीर रूप से घायल, अस्पताल में भर्ती

दुद्धी(सोनभद्र)। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के झारो खुर्द गांव में बुधवार को टीपर, डीसीएम और बोलेरो के बीच हुई भीषण भिड़ंत में डीसीएम चालक की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि टीपर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। बोलेरो चालक को भी हल्की चोटें आई हैं। हादसा इतना जोरदार था कि तीनों वाहनें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई हैं और डीसीएम व टीपर के चालक अपने-अपने केबिन में फंस गए। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। वहीं, दुर्घटना के चलते दुद्धी-म्योरपुर मार्ग पर घंटों आवागमन बाधित रहा और सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टीपर चालक 18 वर्षीय नंदू सिंह पुत्र मुन्नालाल सिंह निवासी कोरगी बालू लदा वाहन लेकर झारो गांव की ओर जा रहा था। इसी दौरान सामने से मैदा लदा डीसीएम आ रहा था। बताया जा रहा है कि दोनों वाहनों की रफ्तार तेज थी। झारो खुर्द के पास पहुंचते ही दोनों चालकों का वाहनों से नियंत्रण बिगड़ गया और आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। इसी बीच पीछे से पेटियों में दवाइयां लेकर दुकानों पर सप्लाई करने दुद्धी आ रही बोलेरो भी दोनों वाहनों से टकरा गई। तीन वाहनों की एक साथ हुई भिड़ंत से सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

डीएम,सीडीओ ने फीता काटकर सोन अर्घ्य दीपावली सरस मेला-२०२६ का किया शुभारंभ

डाइट मैदान में सजे ४० स्टाल, छह नवम्बर तक चलेगा सरस मेला

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत जिला मिशन प्रबंधन इकाई (एनआरएलएम) द्वारा आयोजित तीन दिवसीय सोन अर्घ्य दीपावली सरस मेला-2026 का शुभारंभ बुधवार को डाइट मैदान, उरमौरा, राबर्ट्सगंज में जिलाधिकारी चर्चित गौड़ एवं मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती जागृति अवस्थी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने मेले में लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया तथा स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा तैयार किए गए उत्पादों की जानकारी प्राप्त की। मेले में कुल 40 स्टॉल लगाए गए हैं, जिनमें स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित विभिन्न प्रकार के उत्पादों एवं अन्य स्थानीय सामग्रियों की बिक्री की जा रही है। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पादों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से ग्रामीण महिलाओं को अपने उत्पादों के प्रदर्शन एवं बिक्री के लिए बेहतर मंच मिलता है। इससे उनके स्वरोजगार को प्रोत्साहन मिलने के साथ ही आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में भी महत्वपूर्ण अवसर उपलब्ध होते हैं। उन्होंने स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने तथा स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को अधिक से अधिक बाजार उपलब्ध कराने के महत्व पर जोर दिया। उल्लेखनीय है कि यह मेला 04 से 06 नवम्बर तक आयोजित किया जा रहा है। मेले का मुख्य उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी ग्रामीण महिलाओं द्वारा तैयार किए गए उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराना, स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित करना तथा महिलाओं की आजीविका को सशक्त बनाना है। इस अवसर पर सोन अर्घ्य ब्रांड का शुभारंभ भी किया जाएगा। मेले में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आकर्षण का केंद्र रहेंगे। इस अवसर पर डीसी मनरेगा रविन्द्र सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ द्वारा जनपदवासियों से अपील की गई है कि वे 04 से 06 नवम्बर तक डाइट मैदान, उरमौरा में आयोजित सोन अर्घ्य दीपावली सरस मेला-2026 में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों की खरीदारी करें तथा ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के प्रयासों में सहभागी बनें।

दीपों की रोशनी से जगमगाया चोपन छठ घाट

सोननदी के तट पर श्रद्धा और आस्था के साथ मना गंगा उत्सव

चोपन(सोनभद्र)। नमामि गंगे अभियान के अंतर्गत जिला गंगा समिति, सोनभद्र के तत्वावधान में बुधवार को नगर पंचायत चोपन स्थित सोन नदी के तट छठ घाट पर गंगा उत्सव का भव्य एवं आकर्षक आयोजन किया गया। श्रद्धा, आस्था और सांस्कृतिक उल्लास से सराबोर इस आयोजन में सोन नदी का तट भक्ति के रंग में रंगा नजर आया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, रंगोली प्रतियोगिता, नौकायन प्रतियोगिता, दीपदान, दीपोत्सव और भव्य गंगा आरती ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक एवं उत्सवमय बना दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रभागीय वनाधिकारी आशुतोष जायसवाल एवं जिला विद्यालय निरीक्षक जयराम सिंह उपस्थित रहे। वहीं अति विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पंचायत चोपन के अध्यक्ष उस्मान अली की गरिमामयी उपस्थिति रही।



नशीली दवाओं का बड़ा जखीरा बरामद

५२ हजार से अधिक टैबलेट-कैप्सूल, १३१.८ लीटर कोडिनयुक्त कफ सिरप जब्त

सिंगरौली। सिंगरौली जिले में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ सिंगरौली पुलिस ने व्यापक अभियान चलाते हुए महज आठ दिनों में बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर संचालित विशेष एंटी-नारकोटिक्स अभियान के तहत जिले के विभिन्न थाना और चौकी क्षेत्रों में छापेमारी कर हेरोइन, स्मैक, गांजा, कोडिनयुक्त कफ सिरप और भारी मात्रा में नशीली टैबलेट-कैप्सूल जब्त की गई हैं। कार्रवाई में जब्त मादक पदार्थों, नशीली औषधियों, वाहनों और अन्य सामग्री की अनुमानित कीमत 17 लाख 70 हजार 918 रुपए आंकी गई है। पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन गौरव राजपूत के निर्देशन, डीआईजी रीवा हेमंत चौहान के मार्गदर्शन, पुलिस अधीक्षक सिंगरौली शियाज के.एम. के नेतृत्व और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सर्वप्रिय सिन्हा के पर्यवेक्षण में यह अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस टीमों ने विगत आठ दिनों में जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए नशे के अवैध कारोबार से जुड़े लोगों पर शिकंजा कसा। अभियान के दौरान पुलिस ने कुल 6 किलो 339 ग्राम अवैध गांजा, 4.05 ग्राम हेरोइन और 4.92 ग्राम स्मैक बरामद की। इसके अलावा 1,318 शीशी कोडिनयुक्त कफ सिरप जब्त किया गया, जिसकी कुल मात्रा 131.8 लीटर है। सबसे बड़ी बरामदगी नशीली टैबलेट और कैप्सूल की रही। पुलिस ने 52 हजार 560 नशीली टैबलेट-कैप्सूल जब्त किए हैं। नशे के कारोबार में इस्तेमाल किए जा रहे बोलेरो, मोटरसाइकिल, स्कूटी सहित अन्य सामग्री भी जब्त की गई है। इस अभियान में बरगवां पुलिस की कार्रवाई विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। पुलिस ने मेडिकल स्टोर से जुड़े अवैध भंडारण का खुलासा करते हुए भारी मात्रा में नशीली औषधियां बरामद कीं। वहीं विन्ध्यनगर, माड़ा, सरई, बैढ़न, मोरवा, नवानगर, गढ़वा, जियावन और लंघाडोल थाना क्षेत्रों के साथ जयंत, निगरी, निवास, गोरबी और खुटार चौकियों में भी पुलिस ने कार्रवाई की।

पटाखा दुकानदारों को सुरक्षा नियमों का पालन करने की हिदायत

रेणुकूट(सोनभद्र)। धनतेरस, दीपावली और छठ पर्व को देखते हुए मंगलवार को रेणुकूट पुलिस चौकी परिसर में पीस कमेटी की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए पिपरी थानाध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव ने मौजूद लोगों को त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने और बाजार में सुरक्षा को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश दिए। थानाध्यक्ष ने पटाखा कारोबारियों से कहा कि दुकान लगाते समय सुरक्षा का पूरा ध्यान रखें। दो दुकानों के बीच कम से कम तीन फीट की दूरी होनी चाहिए। दुकानदारों के पास आग बुझाने वाला यंत्र, बालू और पानी की व्यवस्था अनिवार्य रूप से होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि रेणुकूट में गांधी मैदान को पटाखा बिक्री के लिए निर्धारित किया गया है। इसके अलावा किसी अन्य जगह पटाखा बेचने या बिना लाइसेंस बिक्री करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बैठक में सोना-चांदी के व्यापारियों को भी सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने को कहा गया। सभी दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे चालू रखने और सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया, ताकि भीड़ के बीच कोई असामाजिक तत्व घटना को अंजाम न दे सके। बाजार में महिलाओं की सुरक्षा के लिए महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती की जानकारी भी दी गई। इस मौके पर पिपरी नगर पंचायत अध्यक्ष दिग्विजय प्रताप सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष बृज किशोर गुप्ता समेत कई व्यापारीगण व पत्रकार मौजूद रहे।

जिले के ८६ क्रय केंद्रों पर १.२५ लाख मिट्रिक टन होगी धान की खरीदारी

किसी भी समस्या के लिये टोल फ्री नंबर, मोबाइल नंबर पर संपर्क करें किसान

सोनभद्र। जिला खाद्य विपणन अधिकारी अनूप कुमार श्रीवास्तव ने अवगत कराया है कि खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में न्यूनतम मूल्य समर्थन योजना के अंतर्गत धान खरीद व्यवस्था के तहत जनपद के समस्त किसान भाइयों को सूचित किया जाता है कि जिन किसानों की फार्मर आईडी बनी हुई है, उसमें उल्लिखित सभी भूमियों का विवरण पंजीकरण में जोड़ा जाएगा। ऐसी भूमि, जिसमें क्रॉप सर्वे के माध्यम से कोई फसल प्राप्त नहीं होती है, उसके संबंध में किसान को स्वयं फसल चुनने का विकल्प दिया गया है। तदनुसार किसान द्वारा भरे गए फसल के विवरण को सत्यापित मान लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि यदि किसान द्वारा क्रॉप सर्वे से प्राप्त फसल और किसान द्वारा स्वयं भरी गई फसल के विवरण में भिन्नता पाई जाती है, तो ऐसे प्रकरणों में वर्तमान व्यवस्था के अनुसार संबंधित अधिकारी के लॉग-इन पर सत्यापन हेतु भेजा जाएगा। यह व्यवस्था पूर्व में कराए गए पंजीकरण एवं वर्तमान में कराए जा रहे पंजीकरण पर समान रूप से लागू होगी। यदि फार्मर आईडी में किसान की सभी भूमियों का उल्लेख नहीं है, तो किसान शेष भूमि को जोड़ने के उपरांत ही पंजीकरण लॉक कराएं। जिन किसान भाइयों की फार्मर आईडी अभी नहीं बनी है, वे पूर्व की व्यवस्था के अनुसार अपना पंजीकरण करा सकते हैं। सक्षम प्राधिकारी द्वारा सत्यापन के उपरांत ही ऐसे किसानों से धान खरीद संभव हो सकेगी। उन्होंने बताया कि धान खरीद वर्ष 2026-27 के लिए शासन स्तर से जनपद को 1,25,000 मीट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जनपद में अब तक 1 हजार 579 किसानों द्वारा पंजीकरण कराया जा चुका है, जिसके सापेक्ष 761 किसानों का सत्यापन भी पूर्ण हो चुका है। उन्होंने बताया कि जनपद में अब तक कुल 86 धान क्रय केंद्रों का अनुमोदन किया जा चुका है। इनमें खाद्य विभाग के 46, पीसीएफ के 34, भारतीय खाद्य निगम के 02 एवं मंडी समिति के 04 क्रय केंद्र शामिल हैं। धान खरीद से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या के निराकरण के लिए खाद्य एवं रसद विभाग का टोल फ्री नंबर 18001800150 तथा विभागीय कंट्रोल रूम जो कि अधोहस्ताक्षरी है स्थापित किया गया है। इसके अतिरिक्त किसान निम्नलिखित अधिकारियों से भी संपर्क कर सकते हैं, कन्हैया लाल मोबाइल नंबर 8707584948, गौरव श्रीवास्तव मोबाइल/व्हाट्सएप नंबर 8423740554 संपर्क का समय प्रात: 09 बजे से अपराह्न 02 बजे तक तथा अपराह्न 02 बजे से सायं 06 बजे तक निर्धारित है। धान विक्रय में किसी प्रकार की असुविधा से बचने के लिए अपनी फार्मर आईडी, भूमि विवरण एवं पंजीकरण की प्रक्रिया समय से पूर्ण कराएं।

एनसीएल बीना क्षेत्र को मिला प्रतिष्ठित अवार्ड

पांच-स्टार माइन अवार्ड उत्कृष्ट, सुरक्षित खनन के लिए हुआ सम्मानित

बीना(सोनभद्र)। नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के बीना क्षेत्र ने एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम की है। बीना क्षेत्र को खनन संचालन, सुरक्षा, पर्यावरण प्रबंधन और सतत खनन प्रथाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए भारत सरकार के कोयला मंत्रालय द्वारा प्रतिष्ठित 5-स्टार माइन अवार्ड से सम्मानित किया गया है। केंद्रीय कोयला मंत्रालय द्वारा आयोजित भव्य पुरस्कार समारोह में केंद्रीय कोयला राज्य मंत्री सतीश चंद्र दूबे ने यह पुरस्कार प्रदान किया। यह सम्मान बीना क्षेत्र के क्षेत्रीय महाप्रबंधक पी.के.जना, कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष बी.सायराम और नार्दर्न कोलफील्ड लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक एन. फ्रैंक्लिन जयकुमार ने संयुक्त रूप से ग्रहण किया। सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण की मिसाल बीना क्षेत्र को यह रेटिंग पर्यावरण-अनुकूल खनन तकनीकों, कड़े सुरक्षा मानकों के पालन और कुशल खदान प्रबंधन के आधार पर दी गई है। अधिकारियों ने बताया कि यह उपलब्धि बीना क्षेत्र के अधिकारियों और कर्मचारियों के सामूहिक परिश्रम, निष्ठा और पेशेवर दक्षता का परिणाम है।नॉर्दर्न कोलफील्ड लिमिटेड पर्यावरण संतुलन बनाए रखते हुए देश की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।



पटाखों की बिक्री निर्धारित स्थानों पर की जाय

विंढमगंज(सोनभद्र)। दीपावली पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने को लेकर थानाध्यक्ष रविकांत मिश्रा की अध्यक्षता में व्यापार मंडल व स्थानीय व्यापारियों, ग्राम प्रधान की बैठक आयोजित हुई। बैठक में उन्होंने व्यापारियों से अपील किया कि दीपावली के दौरान बाजार में भीड़ बढ़ने की संभावना को देखते हुए सभी व्यापारी अपनी दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे, अग्निशमन यंत्र दुरुस्त रखें और दुकान के गलियों में ऊपर प्लास्टिक तिरपाल को हटवा दिया जाए। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान पटाखों की बिक्री निर्धारित स्थान पर ही की जाए, ज्वलनशील पदार्थों से दूरी बनाए रखी जाए और यातायात व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग किया जाए। भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में पुलिस की अतिरिक्त तैनाती व रात्रि गश्त बढ़ाई जाएगी। व्यापारियों ने भी अपनी समस्याएं रखीं और बाजार में पुलिस पिकेट, प्रकाश व्यवस्था और जाम की समस्या से निजात दिलाने की मांग की। उन्होंने सभी समस्याओं के त्वरित निस्तारण कराये जाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर व्यापार मंडल के अध्यक्ष राकेश कुमार केशरी, ग्राम प्रधान दिनेश प्रसाद यादव, सुजीत कुमार, समर गुप्ता, भोला प्रसाद यादव, बाबूलाल पासवान, इंद्रमणि कुशवाहा, गरीब पाल, लखन कुमार, रामचंद्र, ईश्वरी प्रसाद गुप्ता, श्रीखंड चौबे, मनोज कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

दीपावली, छठ पर्व को लेकर मारकुंडी में सफाई अभियान तेज

मारकुंडी(सोनभद्र)। आगामी दीपावली, भैया दूज एवं छठ पर्व को देखते हुए सदर ब्लाक के सलखन न्याय पंचायत के मारकुंडी ग्रामसभा में मंगलवार को स्वच्छता अभियान तेज कर दिया गया। ग्राम प्रधान के नेतृत्व में आरसी सेंटर, प्राथमिक विद्यालय कोलान बस्ती तथा यादव बस्तियों में साफ-सफाई का कार्य शुरू कराया गया। बरसात के बाद गांव में जगह-जगह उगी घास-फूस, झाड़ियों और जलजमाव के कारण गंदगी फैल गई थी। इससे ग्रामीणों को प्रदूषण एवं मच्छरों की समस्या का सामना करना पड़ रहा था। सफाई अभियान शुरू होने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। इस मौके पर ग्राम प्रधान प्रशासक उद्यम सिंह यादव, सूरज यादव, राजकुमार, सूरज केशरी, विकास समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे।

काम कर रहे १५० की जगह २५० कर्मचारियों का हो रहा भुगतान

शक्तिनगर(सोनभद्र)। एनसीएल खड़िया परियोजना में कोल हैंडलिंग प्लांट का कार्य कर रही स्टार ओ एंड एम कंपनी की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। कंपनी पर कर्मचारियों की उपस्थिति, भुगतान व्यवस्था, कथित अवैध धनउगाही और श्रमिकों को मनमाने ढंग से काम से हटाने जैसे गंभीर आरोप सामने आ रहे हैं। यदि इन आरोपों में सच्चाई है तो यह मामला केवल श्रमिकों के शोषण तक सीमित नहीं, बल्कि परियोजना के वित्तीय हितों से भी जुड़ा हो सकता है। कर्मचारियों एवं स्थानीय स्तर पर सामने आ रही शिकायतों के अनुसार, स्टार ओ एंड एम कंपनी द्वारा एनसीएल खड़िया में प्रतिमाह लगभग 200 से 250 कर्मचारियों का भुगतान किए जाने की बात कही जा रही है, जबकि जमीनी स्तर पर नियमित रूप से महज 140 से 150 कर्मचारी ही ड्यूटी करते दिखाई देते हैं। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि शेष कर्मचारियों की उपस्थिति किस आधार पर दर्ज की जा रही है और उनके नाम पर होने वाले भुगतान का सत्यापन कौन करता है? सबसे गंभीर आरोप यह है कि कुछ कर्मचारी अनपरा पावर प्लांट में कार्य करते हैं, लेकिन उनकी हाजिरी एनसीएल खड़िया परियोजना में संचालित के कार्य में भी लगाए जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं। यदि ऐसा हो रहा है तो एक ही कर्मचारी के नाम पर दो अलग-अलग कार्यस्थलों से भुगतान होने की आशंका की जांच आवश्यक है। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि होना अभी बाकी है। श्रमिकों का आरोप है कि कंपनी में कुछ प्रभावशाली लोगों के रिश्तेदारों एवं परिचितों को बना नियमित ड्यूटी किए भुगतान किए जाने की भी शिकायतें हैं। वहीं, कंपनी का दोबारा टेंडर मिलने के बाद कई पुराने कर्मचारियों को काम से बाहर किए जाने और बिना पूर्व नोटिस के हटाए जाने की बात भी सामने आई है। श्रमिकों का कहना है कि भुगतान जारी होने के समय कर्मचारियों पर पैसे देने का दबाव बनाया जाता है। कंपनी के कुछ अधिकारियों पर भी पैसे मांगने से संबंधित कथित ऑडियो और वीडियो सामने आने की चर्चा है। इनकी सत्यता और वास्तविकता की स्वतंत्र जांच कराया जाना आवश्यक है। श्रमिकों का यह भी आरोप है कि कई बार शिकायतें किए जाने के बावजूद अब तक जिम्मेदार अधिकारियों की ओर से कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है।

फांसी लगाकर युवक ने की खुदकुशी

लिलासी(सोनभद्र)। म्योरपुर थाना क्षेत्र के कुसुम्हा गांव निवासी दीपक 21 वर्ष पुत्र ओम प्रकाश ने बुधवार की सुबह अपने घर के बड़ेर मे रस्सी के सहारे फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना तत्काल म्योरपुर थाने मे दी गयी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दुद्धी भेज दिया। खुदकुशी का कारण पारिवारिक विवाद बताया जा रहा है।

किसानों को दी गयी आधुनिक खेती की जानकारी

विंढमगंज(सोनभद्र)। सलैयाडीह लैम्पस के समीप बुधवार को बायर कंपनी की ओर से अराइज प्रगति उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर सैकड़ों किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम में किसानों को अराइज उत्पादों की विशेषताओं, खेतों में उनके प्रदर्शन तथा आधुनिक खेती से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। रिटेलर मैनेजर अजय पटेल, सुपरवाइजर विनय कुमार, हरिओम राजभर सहित लखनऊ से आए कंपनी के प्रतिनिधि मौजूद रहे। वहीं विंढमगंज के डिस्ट्रीब्यूटर सुरेश यादव की भी प्रमुख भूमिका रही। कंपनी के प्रतिनिधियों ने किसानों को बेहतर कृषि उत्पादन, आधुनिक तकनीक और खेती में नए प्रयोगों के प्रति जागरूक किया।

दीपावली, छठ महापर्व को लेकर पीस कमेटी की बैठक

लिलासी(सोनभद्र)। स्थानीय थाना परिसर में बुधवार को दीपावली एवं छठ महापर्व पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से पीस कमेटी की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे थानाध्यक्ष जितेंद्र सरोज ने दीपावली पर्व को आपसी भाईचारे, शांति और सद्भाव के साथ मनाने की अपील किया। साथ ही पर्व के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने की बात कही गई। थानाध्यक्ष ने सभी लोगों से पुलिस प्रशासन का सहयोग करने और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। बैठक में ग्राम प्रधान राम दयाल प्रजापति, गणेश जायसवाल, सुभाष यादव, जगनारायण, सुजीत अग्रहरी, अनिल अग्रहरी आदि मौजूद रहे।

उमेश कुमार पुन: बने भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष

रेणुकूट(सोनभद्र)। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा सोनभद्र में उमेश कुमार ओझा को पुन: जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपे जाने पर उन्होंने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार जताया है। उन्होंने कहा कि संगठन ने उन पर जो विश्वास और भरोसा जताया है।

साइबर सुरक्षा, ब्लाकचेन तकनीक के आधुनिक आयामों पर विशेषज्ञों ने साझा किये विचार

मधुपुर(सोनभद्र)। आरईसी सोनभद्र एवं एमएनएनआईटी इलाहाबाद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित साइबर सुरक्षा एवं गोपनीयता विषयक पांच दिवसीय अल्पकालिक पाठ्यक्रम के चौथे दिन विशेषज्ञों ने साइबर सुरक्षा एवं ब्लाकचेन तकनीक के आधुनिक आयामों पर साझा किया। कार्यक्रम के प्रथम तकनीकी सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित एमएनएनआईटी इलाहाबाद के विशेषज्ञ डॉ. जे. सतीश कुमार ने जीरो-नॉलेज प्रूफ आधारित प्रमाणीकरण विषय पर व्याख्यान दिया।

बोनस वेतन को लेकर मजदूरों ने रोका दो घंटे काम

बीना(सोनभद्र)। नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की बीना कोयला परियोजना में कार्य कर रहे मधुकोन पेटी कान्टैक्टर विंध्यवासिनी कोल हैंडलिंग प्लांट में ऑपरेटरों और मजदूरों ने बोनस भुगतान में अनियमितता और समय पर सैलरी न मिलने के विरोध में काम पूरी तरह दौ बजे तक बंद कर दिया था। बीना प्रोजेक्ट के कोल हैंडलिंग प्लांट मधुकौन में अगले महीने भी मजदूरों ने वेतन को लेकर काम रोका था। प्रदर्शन कर रहे मजदूर ऑपरेटरों व श्रमिकों का कहना है कि बोनस,लिभ में देरी व कंपनियों द्वारा समय पर भुगतान नहीं किया जा रहा है। हाई पावर कमेटी केंद्र सरकार और कोल इंडिया के नियमानुसार तय न्यूनतम वेतन उन्हें नहीं मिल रहे हैं। कुछ मजदूरों को ठेकेदार द्वारा हाथ में मजदूरी का पैसा दिया जाता है। उपस्थित अधिकारियों का कहना है' विंध्यवासिनी कंपनी का आदमी छ: तारीख को आ रहा है, तो आप लोग का सब क्लियर हो जाएगा। अधिकारियों के समझाने पर मजदूर ऑपरेटर कम पर अपने लौट गए।

रोजगार मेले में ६१२ अभ्यर्थी चयनित

दुद्धी(सोनभद्र)। जिला सेवायोजन कार्यालय के तत्वावधान में राजकीय आईटीआई दुद्धी में बृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न क्षेत्रों से करीब 1,800 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। वहीं, रोजगार देने के लिए करीब डेढ़ दर्जन औद्योगिक इकाइयों ने भी हिस्सा लिया। इन इकाइयों ने साक्षात्कार के माध्यम से करीब 612 अभ्यर्थियों का चयन कर उन्हें रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए। मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश मोहन ने मेले का औपचारिक शुभारंभ किया।

वर्तमान साइबर सुरक्षा मानकों को बताया गया, पांच दिवसीय कार्यक्रम का समापन

चुर्क(सोनभद्र)। राजकीय इंजीनियरिंग कालेज सोनभद्र के कंप्यूटर साईंस विभाग व एम एन एन आई टी इलाहाबाद द्वारा आयोजित सिक्योरिटी एंड प्राइवेसी इन साइबर वर्ल्ड चौलेंजेस एंड सल्यूशन विषय पर पांच दिवसीय कार्यक्रम का बुधवार को समापन हो गया। अंतिम दिन के प्रथम सत्र मे प्रोफेसर आर एस यादव ने इंट्रूसन डिटेक्शन इन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्रेजेंटेशन दिया। दूसरे सत्र में प्रोफेसर शेखर वर्मा आई आई आई टी इलाहाबाद ने समकालीन साइबर चुनौतियों से प्रतिभागियों को परिचित कराया। विगत पांच दिनों में दस अलग अलग संस्थाओं के विशेषज्ञों ने अपने ज्ञान और अनुभव के द्वारा सबका मार्गदर्शन किया। समापन कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक प्रोफेसर के एस वर्मा ने आये हुए लोगो का आभार जताते हुए वर्तमान साइबर सुरक्षा मानकों की तरफलोगो का ध्यान आकृष्ट किया। कार्यक्रम के कॉर्डिनेटर डॉ मैनेजर यादव ने सभी विशेषज्ञों प्रतिभागियों का सहयोग प्रदान करने के लिए धन्यवाद दिया। इस मौके पर निदेशक सलाहकार डॉ डी के त्रिपाठी, विभागाध्यक्ष डा. अमोद कुमार तिवारी, डा. अनुराग सेवक, डा. आशीष रंजन मिश्रा, डा. कल्पना सिंह, लाल बाबू यादव, विवेक देव पांडेय, नवनीत उपाध्याय मौजूद रहे।



बाइक पर खून से लथपथ मिला प्रापर्टी डीलर का शव

परिजनों ने लगाया भूमि विवाद में लोहे की राड से पीटकर हत्या का आरोप

बलरामपुर, आजमगढ़। मुबारकपुर थाना क्षेत्र के बिजरवा गांव के समीप आजमगढ़-गोरखपुर

सनसनी

मुबारकपुर क्षेत्र के बिजरवा गांव के समीप आजमगढ़-गोरखपुर मुख्य मार्ग पर घटना

मुख्य मार्ग पर मंगलवार की रात प्रॉपर्टी डीलर का खून से लथपथ शव बाइक पर मिलने से सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे स्वजन ने भूमि विवाद में हत्या किए जाने का आरोप लगाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की। मृतक के भाई ने हत्या में शामिल लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। मुबारकपुर थाना क्षेत्र के बिजरवा गांव निवासी 35 वर्षीय



फाइल फोटो--मुकेश यादव

मुकेश यादव प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते थे। उनके भाई अरविंद यादव ने आरोप लगाया कि गांव के ही कुछ लोगों से काफी समय से भूमि विवाद चल रहा था। विवाद का निस्तारण कराने के लिए मुकेश ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत भी की थी।

अरविंद के अनुसार मंगलवार की रात मुकेश उनके साथ बिजरवा स्थित पुराने मकान पर एक व्यक्ति के साथ बैठकर बातचीत कर रहे थे। इसके बाद मुकेश बाइक से अपने नए मकान के लिए निकले थे। आरोप है कि बिजरवा पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के अंडरपास के पास पहुंचते ही विपक्षियों ने उन पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। मुकेश ने शोर मचाया तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। राहगीरों से घटना की जानकारी मिलने पर पहुंचे स्वजन आनन-फानन मुकेश को जिला अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, दोस्त घायल

बलरामपुर, लालगंज। देवगांव कोतवाली क्षेत्र के भीरा चौराहे के पास मंगलवार की रात अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि उसका दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल का वाराणसी में उपचार चल रहा है। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। नगर पंचायत कटघर लालगंज के लोहिया नगर (भगवानपुर) मोहल्ला निवासी 25 वर्षीय अनूप उर्फ खुशहाल कुमार अपने मित्र 22 वर्षीय हिमांशु कुमार निवासी गोमाडीह, थाना गंभीरपुर के साथ मंगलवार की रात एक ढाबे पर खाना खाने गए थे। खाना खाने के बाद दोनों बाइक से घर लौट रहे थे। भीरा चौराहे के पास पहुंचते ही अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी और चालक वाहन लेकर फरार हो गया। हादसे में दोनों



फाइल फोटो--अनूप

गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को लालगंज अस्पताल पहुंचाया गया। हालत गंभीर देख डाक्टरों ने उन्हें रेफर कर दिया। परिजन दोनों को लेकर वाराणसी जा रहे थे, तभी रास्ते में अनूप ने दम तोड़ दिया। हिमांशु का वाराणसी में उपचार चल रहा है।

शिबली नेशनल कालेज परिसर में फूटा छात्रों का गुस्सा

आजमगढ़। शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के ऐतिहासिक शिबली नेशनल कॉलेज परिसर उस वक्त रणक्षेत्र में तब्दील

प्रिंसिपल पर छात्राओं से अभद्रता और परीक्षा से रोकने का गंभीर आरोप



हो गया, जब कॉलेज के प्रिंसिपल के खिलाफ छात्र-छात्राएं सामने आ गए। एनएसयूआई के यूपी ईस्ट जनरल सेक्रेटरी एसएम और थर्ड ईयर के छात्र अफजाल खान व अन्य विद्यार्थियों का मुख्य आरोप है कि प्रिंसिपल द्वारा छात्राओं के प्रति आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया गया है, जिसके लिए उन्हें सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। छात्रों का यह भी आरोप है कि कॉलेज प्रशासन कैंपस में छात्राओं के पहनावे और संस्कृति, विशेषकर हिजाब व नकाब पर आपत्ति जता रहा है, जो यहां की गंगा-जमुनी तहजीब के खिलाफ है। विवाद बढ़ने पर प्रिंसिपल के अंदर छिप जाने और पुलिस बुलाए जाने से छात्रों का आक्रोश और भड़क गया। उनका कहना है कि उनका एडमिशन और परीक्षा फॉर्म भरने की पूरी प्रक्रिया नियमानुसार संपन्न हो चुकी थी, लेकिन अब ऐन मौके पर उन्हें परीक्षा में बैठने से रोका जा रहा है और पोर्टल पर एरर दिखाया जा रहा है।

विद्यार्थियों का तर्क है कि यदि फॉर्म स्वीकार नहीं किए जाने थे, तो एडमिशन के वक्त ही आधिकारिक नोटिस जारी किया जाना चाहिए था न कि प्रक्रिया पूरी होने के बाद भविष्य से खिलवाड़ किया जाए। हंगामा बढ़ता देख सीओ सिटी शुभम तोंदी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभालने का प्रयास किया, जिससे छात्रों में प्रशासन के प्रति और अधिक रोष देखने को मिला। विद्यार्थियों की मुख्य मांग है कि परीक्षा फॉर्म भरने का पोर्टल तुरंत खोला जाए और उनकी परीक्षाएं समय पर कराई जाएं, अन्यथा मनमाने रवैये के चलते उनका पूरा एक साल बर्बाद हो जाएगा।

बंटवारे को लेकर घर में विवाद, ससुर की हार्टअटैक से मौत

बलरामपुर, आजमगढ़। कंधरापुर थाना क्षेत्र के देवड़ा दामोदरपुर गांव में मंगलवार को घर में बंटवारे को लेकर हुए विवाद के दौरान ससुर की मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक विवाद के बीच हार्ट अटैक आने से 60 वर्षीय कैलाश राम ने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने बताया कि कैलाश राम के बड़े पुत्र की करीब सात वर्ष पूर्व मौत हो चुकी है। उनकी बहू पूनम बंटवारे की मांग को लेकर आए दिन घर में विवाद करती थी। मंगलवार को भी पूनम ने अपने मायके से पिता, भाई समेत अन्य लोगों को बुलाया था। इसके बाद घर में बंटवारे को लेकर विवाद शुरू हो गया। इसी दौरान कैलाश राम की तबीयत बिगड़ गई और हार्ट अटैक आने से उनकी मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में चीख-पुकार मच गई।

पुलिस अभिरक्षा से फरार ५० हजार का इनामी गिरफ्तार

आजमगढ़। नगर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक यादवेन्द्र पाण्डेय एवं एसआई सौरभ त्रिपाठी की टीम ने मुखबिर की सूचना पर बुधवार को दिन के लगभग ढाई बजे पुलिस अभिरक्षा से 18 साल पहले फरार 50 हजार के इनामी राकेश पाण्डेय उर्फ राजू को प्राइवेट बस अड्डा से गिरफ्तार कर लिया। राकेश पाण्डेय उर्फ राजू पुत्र रामानन्द पाण्डेय निवासी खुरशु, थाना देवगांव एनडीपीएस एक्ट थाना देवगांव में गिरफ्तार होकर जिला कारागार में विचाराधीन बंदी था। 29 अप्रैल 2008 को न्यायालय में पेशी के दौरान पुलिस अभिरक्षा से फरार हो गया था। इस संबंध में थाना कोतवाली पर अभियोग पंजीकृत किया गया था। उसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस उपमहानिरीक्षक द्वारा 50 हजार का पुरस्कार घोषित किया गया था।

एंटीबायोटिक का अनावश्यक प्रयोग भविष्य में गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण

आजमगढ़। एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस यानी रोगाणुरोधी प्रतिरोध के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य

फार्मेसी कालेजों के विद्यार्थियों ने एएमआर के प्रति जागरुकता के लिए निकाली रैली



से मंगलवार को डीएवी कालेज से जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली में फार्मेसी कॉलेज, आरके फार्मेसी कॉलेज, राहुल सांकृत्यायन कॉलेज ऑफ फार्मेसी, पीपीएस फार्मेसी कॉलेज, क्रॉसबेली इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी तथा क्रॉसबेली कॉलेज ऑफ फार्मेसी के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने भाग लिया। रैली के दौरान फार्मेसी के विद्यार्थियों ने बताया कि बिना चिकित्सक की सलाह के एंटीबायोटिक दवाओं का सेवन करना, दवाओं का निर्धारित कोर्स बीच में छोड़ देना तथा सामान्य सर्दी-जुकाम जैसी वायरल बीमारियों में एंटीबायोटिक का अनावश्यक प्रयोग करना भविष्य में गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है। विद्यार्थियों ने लोगों को संदेश दिया कि एंटीबायोटिक दवाओं का प्रयोग केवल चिकित्सक की सलाह पर करें और निर्धारित खुराक एवं अवधि का पालन करें। इस अवसर पर ऑल इंडिया चिल्ड्रेन केयर एंड एजुकेशनल डेवलपमेंट सोसाइटी के प्रबंधक डॉ. कृष्ण मोहन त्रिपाठी ने छात्र-छात्राओं को जागरूकता फैलाने के प्रयास की सराहना की। शुभारंभ ऑल इंडिया चिल्ड्रेन केयर एंड एजुकेशनल डेवलपमेंट सोसाइटी के डिप्टी चेयरमैन वेदांत त्रिपाठी ने हरी झंडी दिखाकर किया।

टूटते परिवार को समझा कर पुलिस ने किया एक

आजमगढ़। नगर कोतवाली परिसर स्थित परिवार परामर्श प्रकोष्ठ/नई-किरण में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कुल 8 पत्रावलियों में दोनों पक्षों को दूरभाष एवं नोटिस के माध्यम से सूचित कर मध्यस्थता हेतु बुलाया गया, जिसमें 7 पत्रावलियों में दोनों पक्ष उपस्थित हुए। सुनवाई के दौरान 2 दंपति आपसी कुशलता प्रकट करने हेतु उपस्थित हुए तथा 1 प्रकरण में काउंसलिंग एवं अथक प्रयासों के बाद दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर आपसी सहमति से समझौता कराया गया। प्रकरण में ससुराल पक्ष द्वारा शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करने, गाली-गलौज करने, मारपीट करने तथा घर में न रहने देने संबंधी विवाद था। इसके अतिरिक्त 1 पत्रावली अन्य कारणों से बंद की गई तथा शेष प्रकरणों में अग्रिम तिथि नियत कर दोनों पक्षों को सुनवाई हेतु नोटिस/दूरभाष के माध्यम से सूचित किया जाएगा।

पुरानी रंजिश को लेकर जानलेवा हमला करने वाले दो पकड़े गये

आजमगढ़। बरदह थाने के एसआई उमेश कुमार सिंह की टीम ने बुधवार को दिन के करीब साढ़े ग्यारह बजे क्षेत्र में चेकिंग के दौरान पुरानी रंजिश में जानलेवा हमले के दो आरोपियों को को जिवली तिराहे से गिरफ्तार किया। रोहित यादव की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक डण्डा बरामद किया गया। पकड़े गए आरोपियों में आदर्श सिंह पुत्र मनीष सिंह निवासी ग्राम कनकपुर, थाना लाइन बाजार, जनपद जौनपुर, रोहित यादव उर्फ बुलबुल पुत्र चन्द्रभूषण यादव निवासी ग्राम सतैनी, बरदह शामिल हैं। इस मामले में 3 नवंबर को रमजान उर्फ नीक्कू पुत्र स्व. अब्बास निवासी ग्राम कोदहरा ने तहरीर दी थी कि अपने साथी शहबाज के साथ मोटरसाइकिल से बरदह बाजार से अपने घर जा रहा था। इसी दौरान बरदह नहर के रास्ते ईंट-भट्ठे के पास पुलिया पर आदर्श सिंह व रोहित यादव उर्फ बुलबुल तथा दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उसकी मोटरसाइकिल रोककर चाबी निकाल ली गई तथा गाली-गलौज करते हुए धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया।

ई-लाटरी से कृषि यंत्रों पर अनुदान पाने वाले किसानों का चयन

आजमगढ़। वित्तीय वर्ष 2026-27 में कृषि विभाग की संचालित सब मिशन आन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन एवं प्रमोशन आफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फार इन सीट टू मैनेजमेंट आफ क्राप रेजीड्यू योजना अंतर्गत आनलाइन आवेदन करने वाले किसानों में से अनुदान के लिए, पात्र कृषक का चयन मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में ई-लाटरी के माध्यम किया गया। डीएम की अध्यक्षता में गठित समिति ने प्रक्रिया पूरी की। डीडी कृषि आशीष कुमार ने बताया कि ई-लाटरी के माध्यम से विभिन्न प्रकार के 12 कृषि यंत्रों के लिए 33 किसानों का चयन किया गया।

निरंकारी मिशन इंचार्ज, पूर्व ग्राम प्रधान टीआर भगत का निधन

मुहम्मदपुर, आजमगढ़। ब्लॉक मुहम्मदपुर के ग्राम कोहड़ौरा निवासी पूर्व ग्राम प्रधान एवं संत निरंकारी मिशन बिंद्रा बाजार ब्रांच के इंचार्ज टीआर भगत उर्फ टूअर राम का मंगलवार की सुबह सात बजे निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही क्षेत्र तथा संत निरंकारी मिशन से जुड़े श्रद्धालुओं में शोक की लहर दौड़ गई। सोमवार को अचानक तबीयत खराब होने पर परिजनों ने उन्हें आजमगढ़ के एक अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। भगत वर्ष 1980 से बिंद्रा बाजार ब्रांच के पूर्व संयोजक एवं प्रवक्ता निरंकारी संत प्रेम नारायण लाल तथा पूर्व संचालक राजध्यानी यादव के साथ सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से जुड़े रहे। उन्होंने लंबे समय तक समाजसेवा और संत निरंकारी मिशन की विभिन्न सेवाओं में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके निधन को क्षेत्र और निरंकारी परिवार के लिए अपूरणीय क्षति माना जा रहा है। बुधवार को सुबह नौ बजे बिंद्रा बाजार ब्रांच स्थित सत्संग भवन में उनका पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए रखा जाएगा। इसके बाद मुहम्मदपुर स्थित मंगई नदी के शिव घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

आजाद समाज पार्टी ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंप मांगा न्याय

आजमगढ़। आजाद समाज पार्टी और भीम आर्मी ने रानी की सराय थाना क्षेत्र में फर्जी बैनामे का विरोध करने वाले किसान राजेश कुमार की संदिग्ध मौत, अहरौला क्षेत्र में युवक कुंदन की संदिग्ध मौत के बाद पुलिस द्वारा दबाव बनाकर भोर में जबरन अंतिम संस्कार कराने, तरवां थाना क्षेत्र में कैंसर पीड़ित महिला निर्मला देवी को पुश्तैनी जमीन पर मकान बनवाने से रोकने जैसी घटनाओं को लेकर मोर्चा खोल दिया है। इन मामलों को लेकर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद चंद्रशेखर रावण के निर्देश पर प्रदेश महासचिव विनय सागर के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा और पुलिस-प्रशासन की कार्यशैली पर गहरी नाराजगी जताई। चेतावनी दी कि यदि सभी मामलों में तत्काल गंभीर धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर दोषियों और संदिग्ध भूमिका वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई नहीं की गई, तो न्याय मिलने तक संघर्ष जारी रहेगा। इस दौरान संध्या, प्रियंका, आशु कुमार, निर्मला देवी, एडवोकेट शेषनाथ राव, एडवोकेट संजय कुमार, शुभम जाटव, मोतीलाल, एडवोकेट जनार्दन, विशाल कुमार, शिवनाथ कुमार, ललित कुमार, प्रहलाद आजाद, नीतीश कुमार आदि मौजूद रहे।

सपा विधायक ने लगाया गन्ना किसानों के शोषण का आरोप

आजमगढ़। गोपालपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक नफीस अहमद ने गन्ना किसानों के साथ हो रहे कथित सौतेले व्यवहार और शोषण का आरोप लगाते हुए मंगलवार को प्रदेश के प्रमुख सचिव चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास को जिला प्रशासन के माध्यम से पत्र भेजकर गोपालपुर और सगड़ी विधानसभा क्षेत्र के किसानों की समस्याओं का तत्काल समाधान करने की मांग की है। विधायक का आरोप है कि देवारांचल क्षेत्र में 80 प्रतिशत गन्ने को बिना ठोस प्रमाण के रिजेक्ट घोषित कर दिया गया है, जबकि अन्य क्षेत्रों में वही गन्ना सामान्य माना गया है। पर्ची कैलेंडर में देरी के कारण किसानों को जनवरी-फरवरी तक इंतजार करना पड़ता है, जिससे गेहूं की बुवाई प्रभावित होती है। समय पर आपूर्ति न होने से किसानों का बेसिक सट्टा घट जाता है और अगले सत्र में पर्चियां कम मिलती हैं। विधायक ने मांग की है कि रिजेक्ट गन्ने को सामान्य प्रजाति में बदला जाए, सर्वे किसानों के सट्टा कोड पर हों और समय पर पर्चियां जारी कर किसानों का आर्थिक शोषण रोका जाए।

दीपावली में मुनाफे की तैयारी, पटाखा भंडारण में जुटे अवैध कारोबारी

आजमगढ़। दीपावली में मुनाफे की तैयारी में कारोबारी अभी से जुट गए हैं। पटाखा बिक्री का लाइसेंस प्राप्त करने की

मुबारकपुर और अतरौलिया क्षेत्र के बाद तरवां क्षेत्र में दुकान से ६० किलोग्राम पटाखा बरामद

जगह अवैध रूप से पटाखों का भंडारण करने लगे हैं। मुबारकपुर क्षेत्र के बाद अतरौलिया पुलिस ने दो स्थानों परी किराए के कमरों से रविवार को काफी मात्रा में पटाखा बरामद करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था तो बुधवार को तरवां थाने की पुलिस ने भरथीपुर में कार्रवाई की। पुलिस ने किराना दुकान में अवैध रूप से भण्डारित 60 किलोग्राम पटाखे बरामद करने के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। तरवां थाने के एसआई सैना कुमार सिंह टीम के साथ बुधवार की दोपहर लगभग ढाई बजे क्षेत्र में भ्रमणशील थे। इसी दौरान मुखबिर खास से सूचना प्राप्त हुई कि संदीप गुप्ता निवासी भरथीपुर अपनी किराना की दुकान में अवैध पटाखों का भण्डारण कर चोरी-छिपे बिक्री कर रहा है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर किराना दुकान पर दबिश दी गई। दुकान की तलाशी लेने पर विभिन्न प्रकार के कुल 60 किलोग्राम अवैध पटाखे बरामद हुए। बरामदगी के आधार पर



विस्फोटक अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस के अनुसार बरामद पटाखों में डक ब्राण्ड छोटी मिर्ची 20 पैकेट, चिदम्बरम मिनी बुलेट 3 पैकेट, मोरी छाप मिर्ची बम 30 पैकेट, बिजली क्रैकर्स 4 पैकेट, राकेट बम 2 पैकेट, मोरी छाप राकेट 2 पैकेट, मोरी छाप मिनी बुलेट 30 पैकेट, मोरी छाप बुलेट बम 6 पैकेट तथा मोरी छाप स्माल बुलेट 10 पैकेट शामिल है। उल्लेखनीय है किमुबारकपुर के बाद अतरौलिया क्षेत्र में भी दीपावली त्यौहार के दृष्टिगत अवैध पटाखों के भण्डारण एवं बिक्री के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को सम्मो माता मंदिर के निकट आकाश कुमार सिंह के मकान में किरायेदार विरेन्द्र कुमार गुप्ता गुप्ता पुत्र खेदन राम निवासी वार्ड नंबर नौ हनुमानगढ़ी मंदिर के पास के कमरे की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान कमरे से विभिन्न प्रकार के पटाखे बरामद हुए, जिनका कुल वजन 24 गत्तों में 325 किलोग्राम पाया गया। पटेल तिराहे के पास मिस्त्री चाचा के मकान में किरायेदार प्रवीण गुप्ता उर्फ पिन्टू पुत्र खेदन राम गुप्ता निवासी वार्ड नंबर नौ बरन चौक के कमरे की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान 10 बोरियों एवं 9 गत्तों में विभिन्न प्रकार के पटाखे बरामद हुए, जिनका कुल वजन 347 किलोग्राम पाया गया।

नाले में मिला अज्ञात युवक का शव, हाथ-पैर रस्सी से बंधे मिले

बलरामपुर, आजमगढ़। सिधारी थाना क्षेत्र के बेलइसा के पास मुख्य मार्ग किनारे नाले में बुधवार को एक अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। युवक के हाथ-पैर रस्सी से बंधे होने से स्थानीय लोगों ने हत्या कर शव नाले में फेंके जाने की आशंका जताई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नाले से बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बेलइसा के पास मुख्य मार्ग के किनारे बने नाले को पटिया से ढका गया है। बुधवार को नाले की एक जगह पटिया हटी हुई थी। इसी दौरान वहां से गुजर रहे लोगों की नजर नाले में दिखाई दे रहे एक पैर पर पड़ी। नाले में शव होने की जानकारी मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने डायल 112 पर इसकी सूचना दी। जानकारी मिलते ही डायल 112 के साथ सिधारी थाने की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने नाले की पटिया हटवाकर युवक के शव को बाहर निकलवाया। युवक जींस पहने हुए था और उसके हाथ-पैर रस्सी से बंधे थे। पुलिस ने आसपास के लोगों से शव की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। सिधारी थानाध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने बताया कि युवक की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। स्थानीय लोग उसे मानसिक रूप से विक्षिप्त बता रहे थे। युवक की पहचान होने और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

लापता मानसिक अस्वस्थ महिला को पुलिस ने किया बरामद

आजमगढ़। कप्तानगंज थाने की पुलिस ने मानसिक रूप से अस्वस्थ गुमशुदा महिला को सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया। रविवार को एक महिला बिना बताए अपने घर से कहीं चली गई थी, जिसकी परिजनों द्वारा लगातार खोजबीन की जा रही थी। इसी क्रम में 2 नवंबर को रात 20.53 बजे पीआरवी पर कॉलर द्वारा सूचना दी गई कि उनके घर पर एक अज्ञात महिला आई है, जो मानसिक रूप से अस्वस्थ होने के कारण अपना नाम-पता बताने में असमर्थ है। सूचना पर पीआरवी कर्मियों द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर थाना कप्तानगंज पुलिस को अवगत कराया गया। तत्पश्चात थाना कप्तानगंज से एसआई रामनिहाल वर्मा, नेहा पटेल आदि ने मौके पर पहुंचकर महिला को सकुशल थाने लाया। महिला की मानसिक स्थिति ठीक न होने के कारण वह अपना नाम-पता बताने में असमर्थ थी। पुलिस टीम द्वारा उसके परिजनों की जानकारी प्राप्त कर उन्हें थाने पर बुलाया गया। आवश्यक सत्यापन एवं औपचारिकताएं पूर्ण करने के उपरांत मंगलवार को सकुशल उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

चोरी के हैंडपंप के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

आजमगढ़। देवगांव कोतवाली के एसआई शकील अहमद खां व सुरेश सिंह की टीम ने सोमवार की रात लगभग साढ़े ग्यारह बजे मोलनापुर-देवगांव मार्ग पर सड़क किनारे खड़े दो आरोपियों को चोरी के हैंडपंप के साथ गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों में दिलीप राजभर पुत्र रामबली राजभर निवासी ग्राम बेली तथा इसी गांव के कमलेश कुमार पुत्र स्व. हरिराम राजभर उर्फ हरिदास राजभर शामिल हैं। इस मामले में 29 अक्टूबर को शिवशंकर यादव पुत्र राजाराम यादव निवासी ग्राम रामपुर कठरवां ने तहरीर दी थी कि शाम करीब 7.00 बजे अज्ञात लोगों द्वारा घर के परिसर के बगल में लगा हैंडपम्प चोरी कर लिया गया है।

भाजपा नेता पर मुकदमे के बाद एक साउंड सिस्टम सीज

माहुल, आजमगढ़। अहरौला थाना क्षेत्र के माहुल बाजार में मूर्तिविसर्जन के दौरान भाजपा पिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुजीत जायसवाल आंसू और पुलिस प्रशासन से हुए विवाद के मामले में पुलिस ने कार्यवाही शुरू कर दिया है। बुधवार को माहुल चौकी की पुलिस ने एक साउंड सिस्टम को वाहन समेत पकड़ कर थाने में सीज कर दिया। ज्ञात हो कि 28 अक्टूबर को माहुल में प्रतिमा विसर्जन के दौरान तेज ध्वनि में साउंड सिस्टम बजाने को लेकर भाजपा पिछड़ा मोर्चा लालगंज के जिलाध्यक्ष सुजीत जल जायसवाल आंसू और पुलिस प्रशासन के बीच वाद विवाद हो गया था। घटना के एक दिन बाद 29 अक्टूबर को पुलिस ने सुजीत जायसवाल आंसू और अन्य 10 लोगों के खिलाफ नामजद तथा कुछ अज्ञात के खिलाफ अभियोग दर्ज किया था।पुलिस का कहना है पकड़ा गया साउंड सिस्टम फूलपुर कस्बे के आंबेडकर कालोनी निवासी शिवसागर का है।

इंडो-नेपाल होम्योपैथिक सेमिनार में सम्मानित हुए डा. नवीन कुमार

लालगंज, आजमगढ़। लालगंज बाजार के प्रसिद्ध होम्योपैथिक चिकित्सक डा. नवीन कुमार ने

भैरहवा स्थित मौर्य होटल में किया गया आयोजन, उल्लेखनीय कार्य का सम्मान

अंतरराष्ट्रीय मंच पर जिले का मान बढ़ाया है। नेपाल के भैरहवा स्थित मौर्य होटल में आयोजित इंडो-नेपाल होम्योपैथिक सेमिनार में उन्हें चिकित्सा क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। सेमिनार भारत और नेपाल के होम्योपैथिक चिकित्सकों के बीच चिकित्सा ज्ञान, अनुभव और शोध के आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। आयुष मेडिकल एसोसिएशन बिहार की ओर से आयोजित कार्यक्रम में दोनों देशों के सैकड़ों चिकित्सक,चिकित्सा विशेषज्ञ और शोधकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान डा. नवीन कुमार को नेपाल के स्वास्थ्य मंत्री दीपेन्द्र कुमार पून मगर, आयुष मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डा. वीरेंद्र मौर्या तथा सीसीएच के पूर्व अध्यक्ष डा. रामजी सिंह ने संयुक्त रूप से सम्मानित किया। इस सम्मान की खबर मिलते ही दीदारगंज के विधायक कमलाकांत राजभर सहित शुभचिंतकों और चिकित्सा जगत से जुड़े लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त की। लोगों ने डा. नवीन कुमार के सम्मान को क्षेत्र के लिए गौरव की बात बताया। इससे युवा चिकित्सकों को भी अपने क्षेत्र में बेहतर काम करने की प्रेरणा मिलेगी और क्षेत्र की पहचान राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूत होगी।



सेना के जवान का अस्थि कलश पहुंचते ही रो पड़ा मुहमदल्ला गांव

अरुणांचल प्रदेश में बाढ़ के दौरान लगभग ढाई महीने पहले हो गये थे लापता

रानी की सराय, आजमगढ़। सिधारी थाना क्षेत्र के मुहमदल्ला गांव में बुधवार की दोपहर को गम और गर्व

गम और गर्व

डीएनए टेस्ट से हुई पहचान, सैन्य सम्मान के साथ १५ किमी निकली यात्रा

का मिश्रित वातावरण दिखा जब अरुणांचल प्रदेश में बाढ़ में लापता सेना के जवान का अस्थि कलश पहुंचा। अस्थि कलश यात्रा आने पर पंद्रह किलो मीटर सैन्य सम्मान के साथ शवयात्रा निकाली गई। इस दौरान बाइक सवार युवा भारत माता के जयघोष करते रहे। शवयात्रा शंकरपुर चेकपोस्ट से जवान के घर पहुंची, जहां से अंतिम संस्कार के



लिए राजघाट ले जाया गया।

सिधारी थाना क्षेत्र के मुहमदल्ला गांव निवासी 35 वर्षीय उपेन्द्र यादव वर्ष 2005 में सेना मे हवलदार पद पर भर्ती हुए थे। इन दिनों उनकी तैनाती अरुणांचल प्रदेश के बैली जनपद के पशुपाली कैंप में थी। 14 अगस्त की रात आई बाढ़ की चपेट में सेना का कैंप भी आ गया। सेना के शेल्टर बहने से उसमें ग्रेनोडियर के सात जवान बह गये। सूचना मिलते ही सेना ने रेस्क्यू

मोटरसाइकिल सवार युवा रास्ते भर लगाते रहे भारत माता का जयकारा

कर दो जवानों को तत्काल बचा लिया, जबकि पांच लापता थे। बाढ़ में लापता होने से पूरा परिवार व्यथित था। बड़े भाई रविंद्र से दिन में नायब सूबेदार के मोबाइल पर फोन पर बातचीत से वहां के हालात की जानकारी मिलती थी। जवान उपेंद्र यादव का विवाह निजामाबाद थाने के बड़ागांव में वर्ष 2007 में निर्मला देवी के साथ हुआ था। दस वर्षीय पुत्र श्रेयांस और एक चौदह वर्षीया पुत्री जान्हवी है। उपेंद्र का पुश्तैनी मकान मुहमदल्ला गांव में है, जबकि हाल ही में सिधारी थाने के मूसेपुर में मकान बनवाकर पत्नी बच्चों के साथ रहते थे। तकरीबन ढाई माह के इंतजार के बाद डीएनए से शव की पहचान होने के बाद मौत की पुष्टि हुई। घर पर सूचना मिलते ही कोहराम मच गया। दिन में क्षेत्र के युवाओं का हुजूम पहले से शंकरपुर चेकपोस्ट पहुंच गया था। यहां से सेना के वाहन से जवान का राजकीय सम्मान के साथ शवयात्रा निकली। युवा वाहन के आगे भारत माता का जयघोष कर रहे थे। शव मोहम्मदल्ला गांव में पहुंचा, जहां मौजूद स्वजन के रोने से सभी की आंखें नम हो गईं। यहां से अस्थि कलश अंतिम संस्कार के लिए राजघाट ले जाया गया।

सेवानिवृत्त लेखाकार राजेश कुमार को दी विदाई

मुहम्मदपुर, आजमगढ़। ब्लॉक मुहम्मदपुर सभागार में बुधवार को सेवानिवृत्त लेखाकार राजेश कुमार श्रीवास्तव के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्हें शॉल, मोमेंटो, गुलदस्ता, स्मृति चिह्न, रामायण और छाता आदि भेंटकर सम्मानित किया गया तथा उनके सेवाकाल की सराहना करते हुए विदाई दी गई। ब्लॉक प्रमुख विजय कुमार विश्वकर्मा ने कहा कि राजेश कुमार श्रीवास्तव अपने कार्य के प्रति बेहद वफादार और समर्पित रहे। उनकी कार्यशैली से अन्य कर्मचारियों को भी प्रेरणा लेनी चाहिए। खंड विकास अधिकारी मनोज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि राजेश कुमार श्रीवास्तव 31 अक्टूबर को सेवानिवृत्त हुए। वह समय के बेहद पाबंद थे और अपने कार्यों एवं दायित्वों का बखूबी निर्वहन करते थे। उन्होंने उनके सुखमय जीवन की कामना करते हुए कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद वह अपने घर-



परिवार और मित्रों के साथ अच्छा समय बिताएं। इस अवसर पर एडीओ पंचायत श्रवण कुमार, एडीओ आईएसबी आनंद प्रकाश, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी अनिल कुमार गुप्ता, ब्लॉक समन्वयक अजय सिंह, प्रधान संघ अध्यक्ष जियालाल यादव, प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, अरविंद यादव उर्फ पिंटू, अवधेश चौहान, शाहाब खान, पवन कुमार श्रीवास्तव, ग्राम विकास अधिकारी रामचंद्र राम, पीएन सिंह, नवीन श्रीवास्तव, रामविलास, मनीष यादव, विपिन कुमार राय, कंप्यूटर ऑपरेटर रमेश सरोज, चंदन यादव, राधेश्याम कुमार, राम अवतार, अवधेश प्रधान, हरिकेश कुमार सहित ब्लॉक के अन्य कर्मचारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

ट्रम्पकी बड़ी हार

अमेरिकाके मध्यावधि चुनावमें राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्पकी रिपब्लिकन पार्टीको हार मिली है। विपक्षी दल डेमोक्रेट पार्टीने सीनेटमें ५१ सीटें और हाउस आफ रिप्रेजेंटेटिव्समें २१८ सीटें जीतकर बहुमत हासिल कर लिया है। पिछले २१ मध्यावधि चुनावोंमें १९ बार राष्ट्रपतिकी पार्टीको पराजयका सामना करना पड़ा है। इसलिए इस बारकी हार ट्रम्पके लिए कोई नयी बात नहीं है लेकिन इससे ट्रम्पकी लोकप्रियतामें अवश्य बड़ी गिरावट आयी है। अपवादके तौरपर १९९८ में बिल क्लिण्टन और २००२ में जार्ज बुशकी पार्टियोंने जीत दर्ज की थी। मध्यावधि चुनावमें इस बार भारतीय मूलके प्रत्याशियोंका जलवा विशेष रूपसे उल्लेखनीय रहा। सीनेटमें बहुमत खोनेके बाद ट्रम्पकी मुश्किलें अवश्य बढ़ेगी। विशेष बात यह भी है कि डेमोक्रेट पार्टीको युवाओंने ज्यादा मतदान किया है। साथ ही महिला मतदाताओंकी पसन्द भी डेमोक्रेट रहे। ट्रम्पने सार्वजनिक रूपसे अपनी हार स्वीकार कर ली है और यह भी कहा है कि हम डेमोक्रेट्सिके साथ मिलकर काम करेंगे। उनके साथ काम करनेके लिए हम उत्साहित हैं। हम कोई रास्ता निकाल लेंगे। तीन नवम्बरको हुए मध्यावधि चुनावोंका विशेष महत्व इसलिए है कि इनके परिणाम राष्ट्रपति ट्रम्पके शेष कार्यकाल, उनकी नीतियों और रिपब्लिकन पार्टीकी विधायी क्षमताको प्रभावित करेंगे। चुनाव परिणामोंसे ट्रम्प प्रशासनके प्रति जनताकी नाराजगी स्पष्ट रूपसे दिखती है। अमेरिकी मतदाताओंके एक बड़े वर्गने सरकारकी आर्थिक और विदेश नीतिसे जुड़े मुद्दोंपर गहरा असन्तोष व्यक्त किया है। इसके कई बड़े कारण हैं। इनमें महंगी और जीवनयापनकी बढ़ती लागत, ईरान युद्धका दुष्प्रभाव, भ्रष्टाचार और प्रशासनिक पारदर्शिता प्रमुख है। चुनाव परिणामोंका सबसे महत्वपूर्ण राजनीतिक पक्ष है। डेमोक्रेट पार्टीके सीनेटपर नियंत्रणसे ट्रम्पके लिए मुश्किलें बढ़ सकती हैं। हालांकि ट्रम्पके पास वीटोकी शक्ति बनी रहेगी। ऐसी भी आशंका है कि ट्रम्पके खिलाफ महाभियोग आ सकता है। अमेरिकाकी विदेश नीतिमें भी बदलाव किये जा सकते हैं। साथ ही भारत और अमेरिकाके सम्बन्धोंपर भी प्रभाव सम्भावित है। भारतके लिए इन चुनावोंका विशेष महत्व है। दोनों देशोंके सम्बन्ध व्यापार, रक्षा, तकनीक, ऊर्जा, अन्तरिक्ष और हिन्द-प्रशान्त क्षेत्रकी सुरक्षा जैसे अनेक क्षेत्रोंसे जुड़े हैं। इसलिए भारतको अब बदली हुई स्थितियोंको ध्यानमें रखते हुए अपनी रणनीति बनानी होगी। इसके लिए भारतको सोच-समझकर कदम बढ़ाना होगा।

धरनेपर सुप्रीम सुझाव

दिल्लीमें प्रदर्शनके दौरान अराजकतापर नाराजगी व्यक्त करते हुए सर्वोच्च न्यायालयने मंगलवारको जो सख्त टिप्पणी की है वह न केवल महत्वपूर्ण और न्यायसंगत है, बल्कि प्रदर्शनकारियोंको भी इसके निहितार्थको समझनेकी जरूरत है। मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकान्त, न्यायमूर्ति जायमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहनाकी पीठने कहा कि विरोध प्रदर्शन करनेका संवैधानिक अधिकार सभीको है, लेकिन अनिश्चित कालतक किसी स्थानपर लम्बे समयतक कब्जा बनाये रखनेकी अनुमति नहीं, क्योंकि इससे दूसरे समूहके लोगोंको विरोध करनेके इसी अधिकारसे वंचित होना पड़ेगा। यदि एक ही समूह लम्बे समयतक कब्जा बनाये रखेगा तो और लोग कहां जायंगे। विरोध प्रदर्शनके लिए निश्चित समय और निर्धारित अवधि होनी चाहिए। अनुमति आदेशमें यह स्पष्ट होना चाहिए कि अनुमति क्यों दी जा रही है, कितने अवधिके लिए दी जा रही है या नहीं दी जा रही है। पीठने यह टिप्पणी निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमारके खिलाफ हालमें ही हुए प्रदर्शनसे जुड़ी याचिकाओंपर सुनवाईके दौरान की। कारोबारियोंने त्योहारी सीजनमें दो माहके लिए प्रदर्शनोंपर रोक लगानेकी मांग की थी। इस सम्बन्धमें पीठका यह कहना महत्वपूर्ण है कि विरोध करनेका अधिकार और व्यापार करने एवं आजीविका कमानेके अधिकारके बीच सन्तुलन होना चाहिए। इस तरहके लम्बी अवधितक चलने वाले प्रदर्शनोंसे सर्वाधिक प्रभावित दिहाड़ी मजदूर होते हैं। प्रदर्शनकारियोंको प्रदर्शन स्थगित कर देना चाहिए, क्योंकि यह मामला शीर्ष न्यायालयके विचाराधीन है, इसलिए आन्दोलनकारियोंको कोर्टका निर्णय आनेतक शान्ति और सौहार्द बनाये रखनेकी जरूरत है। त्योहारी सीजनमें हजारों करोड़ प्रतिदिन नुकसान गम्भीर चिन्ताकी बात है। राजनीति दलोंको सिर्फ अपनी पड़ी है, उन्हें कारोबारियों और इससे जुड़े श्रमिकोंके हितोंसे कुछ मतलब नहीं है जिनका काम पूरी तरह चौपट हो गया है। शीर्ष न्यायालयको कोई खास समाधान निकालनेकी जरूरत है। अभी त्योहारी सीजन चल रहा है, इसलिए किसी भी तरहके विरोध प्रदर्शन या धरनेकी अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

लोक संवाद

मासूमोंमें बढ़ती हिंसक प्रवृत्ति

महोदय,-बचपनका नाम आते ही मनमें मासूमियत, निश्छल मुस्कान और बेफिक्र शरारतोंकी तस्वीरें उभरती हैं। लेकिन हालके दिनोंमें बच्चोंके व्यवहारसे आ रही खबरें दिल दहला देने वाली हैं। हरियाणाके पंचकूलाके एक स्कूलमें तीसरी कक्षाके महज आठ सालके छात्र द्वारा केजी क्लासकी छह सालकी मासूम बच्चीपर जिस तरह ईंटों और गमलेसे जानलेवा हमला किया गया, उसने पूरे देशको झकझोर कर रख दिया है। क्लासरूमके भीतर हुई यह खौफनाक वारदात सिर्फ एक प्रशासनिक लापरवाही नहीं है, बल्कि यह हमारे समाजके सामने एक बेहद डरावना सवाल खड़ा करती है कि आखिर हमारे मासूम बच्चे इतने हिंसक क्यों हो रहे हैं। बाल मनोवैज्ञानिकोंका मानना है कि इतनी छोटी उम्रमें बच्चोंके भीतर इस कदर क्रूरता और संवेदनशीलताकी कमी अचानक पैदा नहीं होती। यह एक गहरी मानसिक और सामाजिक विकृतिका संकेत है, जिसकी जड़ें हमारे बदलते परिवेशमें छिपी हैं। आजकलके बच्चोंका एक बड़ा हिस्सा स्मार्टफोन, इंटरनेट और गेमिंगकी आभासी दुनियामें कैद हो चुका है। वे घंटों ऐसे वीडियो गेम्स खेलते हैं या वेब सीरीज देखते हैं जहां मार-काट, खून-खराबा और हिंसाको सामान्य बात बनाकर परोसा जाता है। जब एक कच्चा और कोमल दिमाग लगातार स्क्रीनपर इस तरहकी हिंसा देखता है तो उसकी वास्तविक संवेदनाएं कुण्ठित होने लगती हैं। उनके लिए किसीको शारीरिक नुकसान पहुंचाना महज एक खेलका हिस्सा लगने लगता है। वे वास्तविक जीवनके दर्द और डिजिटल स्क्रीनके रोमांचमें फर्क नहीं कर पाते। इसके साथ ही बदलते आधुनिक दौरमें एकल परिवारोंका चलन बढ़ा है, जहां माता-पिता दोनों काममें व्यस्त हैं। बच्चोंको बड़ोंका वह नैतिक मार्गदर्शन नहीं मिल पा रहा है जो कभी संयुक्त परिवारोंमें दादा-दादी या नाना-नानीसे मिलता था। घरका अशांत वातावरण, माता-पिताके आपसी झगड़े उनके भीतर एक अनजाना अकेलापन और चिड़चिड़ापन भर देता है। यही दबा हुआ गुस्सा धीरे-धीरे हिंसक आक्रामकताका रूप ले लेता है। पंचकूलाकी इस घटनाने स्कूलोंके भीतर बच्चोंकी सुरक्षा और निगरानी व्यवस्थापर भी बड़े सवाल उठाये हैं। कक्षामें शिक्षकोंकी अनुपस्थिति और सीसीटीवी मॉनिटरिंगकी कमी इस तरहके हादसोंको बढ़ावा देती है। हालांकि घटनाके बाद शिक्षकोंको निलंबित करना या कमेटियां गठित करना एक तात्कालिक प्रशासनिक प्रक्रिया है, लेकिन यह इस मानसिक बीमारीका स्थायी इलाज नहीं है। अब समय आ गया है कि इस खतरेकी घंटीको गम्भीरतासे सुना जाय। केवल बच्चोंको कोसने या स्कूलोंपर ठीकरा फोड़नेसे बात नहीं बनेगी। माता-पिताको अपने बच्चोंके स्क्रीन टाइमको नियंत्रित करना होगा और वे इंटरनेटपर क्या देख रहे हैं, इसपर पैनी नजर रखनी होगी। उनके व्यवहारमें आने वाले चिड़चिड़ेपन या आक्रामकताको बचपनकी जिद समझकर नजरअंदाज करनेके बजाय उनसे प्यारसे संवाद करना होगा। साथ ही स्कूलोंमें केवल किताबी ज्ञान और ग्रेड्सकी होड़के बजाय नैतिक शिक्षा और व्यावहारिक मूल्योंपर जोर दिया जाना चाहिए। बच्चोंको यह सिखाना बेहद जरूरी है कि गुस्सा आनेपर खुदको कैसे संभालें और दूसरोंके प्रति दया भाव कैसे रखें। बचपनको संस्कार, सुरक्षा और स्नेहकी जरूरत होती है, नफरत या हिंसाकी नहीं। यदि आज हमने मिलकर अपने मासूमोंके मनमें पनप रहे इस गुस्सेको शांत नहीं किया तो हम एक ऐसे भविष्यका निर्माण कर रहे होंगे जो बेहद असुरक्षित, असंवेदनशील और हिंसक होगा। बच्चोंकी मासूमियत बचाना पूरे समाजका सामूहिक दायित्व है। **-सूर्यदीप कुशवाहा, वाराणसी।**

पर्यावरणीय चुनौती है प्रदूषण

दिल्लीमें दिवालीकी आहटके साथ ही एक बार फिर प्रदूषणका संकट गहराने लगा है। त्योहारकी तैयारियोंके बीच राजधानीकी हवा इतनी जहरीली होती जा रही है कि लोगोंके लिए खुलेमें सांस लेना भी कठिन हो गया है। सुबहकी सैर करने वाले लोग घरोंमें रहनेको मजबूर हैं। यह स्वास्थ्य और जीवनकी सुरक्षासे जुड़ा गम्भीर प्रश्न है।

❐ महेन्द्र तिवारी

भारतीय मौसम विज्ञान संस्थानकी वायु गुणवत्ता संबंधी निगरानीके अनुसार दिल्लीके कई इलाकोंमें वायु गुणवत्ता सूचकांक ४०० के पार पहुंच गया। जहांगीरपुरीमें यह ४४०, पंजाबी बागमें ४३६ और रोहिणीमें ४२५ दर्ज किया गया। कुछ अन्य क्षेत्रोंमें भी स्थिति बेहद चिन्ताजनक रही। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्डके अनुसार ३ नवम्बरको दिल्लीका औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक ३५० तक पहुंच गया था। यह इस वर्ष फरवरीके बाद सबसे खराब स्थिति बतायी गयी। इन आंकड़ोंसे स्पष्ट है कि राजधानीकी हवा अब सामान्य जन-जीवनके लिए गम्भीर चुनौती बन चुकी है। प्रदूषणकी गम्भीरताको देखते हुए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोगने २ नवम्बरको दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्रमें क्रमिक प्रतिक्रिया कार्ययोजनाके दूसरे चरणको लागू कर दिया। इसके अंतर्गत सड़कोंकी नियमित यांत्रिक सफाई, धूल दबानेके लिए पानीका छिड़काव, निर्माण स्थलोंपर कड़ी निगरानी और प्रदूषण फैलाने वाले वाहनोंपर नियंत्रण जैसे उपाय किये जा रहे हैं। सार्वजनिक परिवहनको बढ़ावा देनेके लिए अतिरिक्त रेलगाड़ियां चलाने और यातायातके दबाव वाले स्थानोंपर निगरानी बढ़ाने जैसे कदम भी उठाये गये हैं। हालांकि सवाल यह है कि क्या ये उपाय राजधानीको प्रदूषणसे वास्तविक राहत दिला पायंगे या फिर हर वर्षकी तरह कुछ दिनोंकी सख्तीके बाद स्थिति पहले जैसी हो जायगी।



दिवाली प्रकाश, उल्लास और नयी आशाओंका त्योहार है। इसकी चमक धुएं और धुंधमें खोनी नहीं चाहिए। सरकार, उद्योग, किसान और आम नागरिक, सभीको अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। अदालतके आदेशोंका पालन और प्रदूषण नियंत्रणके उपाय तभी सफल होंगे, जब उनके साथ जन-भागीदारी भी जुड़ी होगी। हमें ऐसी दिवाली मनानेका संकल्प लेना चाहिए, जिसमें घरोंमें दीप जलें, चेहरोंपर मुस्कान हो और हवामें सांस लेनेका भरोसा बना रहे। आखिर स्वच्छ हवा किसी एक मौसम या त्योहारकी जरूरत नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिकका बुनियादी अधिकार है।

दिल्लीके प्रदूषणका सबसे बड़ा कारण किसी एक गतिविधिको नहीं माना जा सकता। इसके पीछे कई कारक एक साथ काम करते हैं। वाहनोंसे निकलने वाला धुआं, औद्योगिक इकाइयोंका उत्सर्जन, निर्माण कार्योंसे उड़ने वाली धूल, सड़कोंपर जमा मिट्टी, कूड़ा जलाना और आसपासके राज्योंमें पराली जलानेकी घटनाएं वायुको प्रदूषित करती हैं। इसके अतिरिक्त मौसममें बदलाव भी इस समस्याको गम्भीर बना देता है। तापमानमें गिरावट, हवाकी कम गति और वातावरणमें नमीके कारण प्रदूषक कण ऊपर नहीं उठ पाते। वे धरतीके निकट ही जमा होते रहते हैं। परिणामस्वरूप धुंधकी मोटी परत बन जाती है और सांसके साथ सूक्ष्म प्रदूषक कण शरीरके भीतर पहुंचने लगते हैं। हर वर्ष धानकी कटाईके बाद पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेशके कुछ क्षेत्रोंमें फसल अवशेष जलानेकी घटनाएं सामने आती हैं। इस वर्ष भी इन घटनाओंमें वृद्धिकी खबरें हैं। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषदके उपग्रह आंकड़ोंके अनुसार, ३ नवंबरको छह राज्योंमें फसल अवशेष जलानेकी ७९८ घटनाएं दर्ज की गयीं। हालांकि दिल्लीके प्रदूषणके लिए केवल परालीको जिम्मेदार ठहराना उचित नहीं होगा। राजधानीके भीतर मौजूद प्रदूषणके स्रोत भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं। जब स्थानीय प्रदूषण और प्रतिकूल मौसमी परिस्थितियां एक साथ मिलती हैं, तब समस्या और विकराल हो जाती है। इसलिए राज्योंके बीच आरोप-प्रत्यारोपके बजाय साझा समाधानकी आवश्यकता है।

दिवालीके अवसरपर पटाखोंका उपयोग इस समस्याको और बढ़ा सकता है। आतिशबाजीसे निकलने वाला धुआं और सूक्ष्म कण पहलेसे प्रदूषित वातावरणमें अतिरिक्त विषाक्तता पैदा करते हैं। इसीको ध्यानमें रखते हुए सर्वोच्च न्यायालयने इस वर्ष दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्रमें प्रमाणित हरित पटाखोंके सीमित उपयोगकी अनुमति दी है। न्यायालयके निर्देशके अनुसार ७ और ८ नवंबरको सुबह छहसे सात बजे तथा रात आठसे दस बजेतक ही इन्हें जलाया जा सकेगा। इनकी बिक्री ४ से ६ नवम्बरतक निर्धारित अधिकृत स्थानोंपर होगी। अस्पतालों, स्वास्थ्य केन्द्रों, वृद्धाश्रमों, शिक्षण संस्थानों और घोषित शांत क्षेत्रोंके ३०० मीटरके दायरेमें पटाखे जलानेपर रोक रहेगी। ९ नवम्बरसे पटाखोंपर पूर्ण प्रतिबंध फिर लागू हो जायगा। हरित पटाखोंको पारम्परिक पटाखोंकी तुलनामें कम प्रदूषण फैलाने वाला विकल्प माना जाता है। इनका निर्माण वैज्ञानिक मानकों और निर्धारित प्रमाणनके अनुसार किया जाता है। इनके पैकेटपर पहचानके लिए विशेष संकेत और क्यूआर कोड होना आवश्यक है। लेकिन यह समझना जरूरी है कि हरित पटाखे प्रदूषण रहित नहीं होते। उनसे भी धुआं, ध्वनि और हानिकारक कण निकलते हैं। इसलिए न्यायालयके निर्देशोंका पालन केवल प्रशासनकी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिकका कर्तव्य भी है। प्रदूषणका सबसे अधिक प्रभाव बच्चों, बुजुर्गों गर्भवती महिलाओं और पहलेसे सांस तथा हृदय संबंधी समस्याओंसे जूझ रहे लोगोंपर पड़ता है। छोटे बच्चोंके फेफड़े विकासकी अवस्थामें होते हैं। ऐसेमें जहरीली हवा उनके स्वास्थ्यपर दीर्घकालिक प्रभाव डाल सकती है। बुजुर्गोंके लिए भी प्रदूषित वातावरण गम्भीर खतरा पैदा करता है। स्वस्थ व्यक्ति भी लम्बे समयतक प्रदूषित हवामें रहनेसे सांस संबंधी परेशानियोंका शिकार हो सकता है। इस स्थितिमें विद्यालयों, अस्पतालों और सार्वजनिक संस्थानोंको विशेष सतर्कता बरतनी चाहिए।

प्रदूषणसे निबटनेके लिए सरकारको तात्कालिक कदमोंके साथ दीर्घकालिक योजना भी बनानी होगी। सार्वजनिक परिवहनको अधिक सुविधाजनक और सुलभ बनाना इसका महत्वपूर्ण हिस्सा है। यदि बसों और रेलगाड़ियोंकी संख्या बढ़ेगी तथा उनकी सेवाएं नियमित होंगी तो निजी वाहनोंपर निर्भरता कम हो सकती है। निर्माण स्थलोंपर धूल रोकनेके नियमोंका उल्लंघन करने वालोंके विरुद्ध कठोर कारवाई होनी चाहिए। किसानोंके सामने फसल अवशेषोंके निबटारेकी समस्याको समझे बिना पराली जलानेपर रोक लगाना पर्याप्त नहीं होगा। उन्हें ऐसी मशीनों, तकनीकों और आर्थिक सहायताकी जरूरत है, जिनसे खेतोंमें बचे अवशेषोंका उपयोग किया जा सके। इसके लिए केन्द्र और राज्य सरकारोंको मिलकर काम करना चाहिए। किसानोंको दोषी ठहरानेके बजाय उन्हें व्यवहारिक विकल्प उपलब्ध कराने होंगे। फसल अवशेषोंसे जैविक खाद, ऊर्जा और अन्य उपयोगी उत्पाद तैयार करनेकी व्यवस्था विकसित की जा सकती है। इससे पर्यावरणकी रक्षाके साथ किसानोंकी आय बढ़ानेके अवसर भी पैदा होंगे। नागरिकोंकी भूमिका भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। छोटी-छोटी सावधानियां सामूहिक रूपसे बड़ा बदलाव ला सकती हैं। त्योहार मनानेके लिए पटाखोंको अनिवार्य माननेकी सोच भी बदलनी होगी। दीपक, रंगोली, सामूहिक सांस्कृतिक आयोजन और परिवारके साथ उत्सव मनानेके अनेक विकल्प मौजूद हैं। त्योहारका वास्तविक आनन्द तभी है, जब उसकी खुशियां किसी दूसरेके लिए बीमारी और परेशानीका कारण न बनें।

दिल्लीकी प्रदूषित हवा हमें विकासकी दिशा और जीवनकी गुणवत्तापर पुनर्विचार करनेके लिए मजबूर करती है। ऊंची इमारतें, चौड़ी सड़कें और चमकते बाजार किसी शहरकी सफलताके पर्याप्त प्रमाण नहीं हो सकते। किसी राजधानीकी वास्तविक समृद्धि इस बातसे भी तय होती है कि वहां रहने वाले नागरिक कितनी स्वच्छ हवामें सांस लेते हैं। हर वर्ष सर्दियोंके आरम्भमें प्रदूषणका बढ़ना और फिर अस्थायी उपायोंसे उसे नियंत्रित करनेका प्रयास हमारी नीतियोंकी कमजोरियोंको उजागर करता है। अब समय आ गया है कि प्रदूषणको मौसमी संकट माननेके बजाय स्थायी सार्वजनिक स्वास्थ्य और पर्यावरणीय चुनौतीके रूपमें देखा जाय। दिवाली प्रकाश, उल्लास और नयी आशाओंका त्योहार है। इसकी चमक धुएं और धुंधमें खोनी नहीं चाहिए। सरकार, प्रशासन, उद्योग, किसान और आम नागरिक, सभीको अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। अदालतके आदेशोंका पालन और प्रदूषण नियंत्रणके उपाय तभी सफल होंगे, जब उनके साथ जन-भागीदारी भी जुड़ी होगी। हमें ऐसी दिवाली मनानेका संकल्प लेना चाहिए, जिसमें घरों और गलियोंमें दीप जलें, चेहरोंपर मुस्कान हो और हवामें सांस लेनेका भरोसा बना रहे। आखिर स्वच्छ हवा किसी एक मौसम या त्योहारकी जरूरत नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिकका बुनियादी अधिकार है।

क्रिप्टोकी चोरीसे उपजे सुरक्षाके सवाल

दुनियाके सबसे बड़े क्रिप्टो एक्सचेंज बाइनेंससे लगभग ६.३ अरब डालरकी डिजिटल संपत्ति कुछ ही मिनटोंमें उड़ा ली गयी। यह क्रिप्टो इतिहासकी सबसे बड़ी चोरी है। यह घटना भारतके लिए कई सवाल छोड़ जाती है।

❐ डा. संजय वर्मा

डिजिटल इंडिया और यूपीआई जैसे अभियानोंकी बदौलत भारत डिजिटल लेन-देनमें दुनियाके अग्रणी देशोंमें है। यहां लाखों लोग क्रिप्टोमें पैसा लगाते हैं। इसलिए क्रिप्टो एक्सचेंजमें हुई सेंधमारी एक अनिश्चित भविष्यके मद्देनजर हमारे लिए भी कई सवाल पैदा कर रही है। अबतक जो जांच-पड़ताल हुई है, उसमें सेंधमारोंके बारेमें कुछ अंदाजे लगाये गये हैं। जैसे कि ब्लॉकचेन विश्लेषक कम्पनियों- टीआरएम लैब्स और चेनालिसिसके मुताबिक इस सेंधमारीके पीछे उत्तर कोरियाकी हैकर इकाई 'ट्रेडरट्रेटर' का हाथ है। हैकरोंका यह समूह हैकिंगके मामलेमें पहलेसे कुख्यात लाजरस समूहसे जुड़ा बताया गया है। शुरुआती जानकारीके अनुसार सेंध बाइनेंसके ही एक इंजीनियरके हैक हुए लैपटॉपसे लगी और फिर महज २० मिनटमें अरबों डालरकी क्रिप्टो सफाईसे निकाल ली गयी। यह साबित करता है कि लेन-देन और निवेश जितना डिजिटल होगा, कमजोर कड़ियां उतनी ही महंगी पड़ेंगी। दिलचस्प यह है कि चुराई गयी क्रिप्टोको बाजारमें खपाना नकदी लूटको खपाने जितना आसान नहीं। ब्लॉकचेन (क्रिप्टो निर्माण और संचालनमें काम आने वाली तकनीक) में हर लेन-देन सार्वजनिक बहीखातेमें दर्ज होता है। इसलिए चोरको माल तुरन्त छोटे टुकड़ोंमें बांटना, दूसरी क्रिप्टो करेंसीमें बदलना और वैध धनमें मिलाना पड़ता है। इसके लिए फर्जी पहचानसे कई एक्सचेंजोंपर खाते, छोटी-छोटी जमाएं और एक ब्लॉकचेनसे दूसरीपर छलांगका सहारा लिया जाता है। यह हथेलीपर दहकता अंगारा लेकर, खुद जले बिना, उसे ठिकानेतक पहुंचाने जैसा है। बाइनेंस मामलेमें भी चुराये गये बिटकॉइन हजार-हजार और सौ-सौके टुकड़ोंमें बांटे गये और डालर-आधारित स्टेबलकॉइन विकेन्द्रीकृत एक्सचेंजोंपर बाजार भावसे दस फीसदी सस्ते बेचे गये। लेकिन इस बीच कई लेन-देन नियंत्रण करने वाली उन कम्पनियोंके जरिये गुजरे, जो ऐसी हरकतोंपर कड़ी नजर रखती हैं। जैसे कि स्टेबलकॉइन जारी करने वाली टेथर, सर्कल और रिपल जैसी कम्पनियां। इन कम्पनियोंने हैकिंग होनेके घंटेभरके भीतर करीब २.७ अरब डालर फ्रीज कर दिये। यानी जहां लेन-देनके बीच कोई जवाबदेह संस्था थी, वहां चोरी रोकी जा सकी। इसके बावजूद हमलावरके पास करीब २.४ अरब डालरके ईथर और बिटकॉइन बचे हैं, जिन्हें कोई वैध या सरकारी एजेंसी नहीं रोक पायी। इसलिए सवाल है कि आखिर क्रिप्टो करेंसीके सारे लेन-देन जवाबदेह संस्थाओं और कम्पनियोंके जरिये संपन्न क्यों नहीं कराये जा रहे हैं।

हालांकि चिन्ता इससे भी बड़ी है। संयुक्त राष्ट्रके विशेषज्ञ वर्षोंसे कहते रहे हैं कि क्रिप्टो चोरी उत्तर कोरियाके प्रतिबंधित हथियार कार्यक्रमोंकी कमाईका बड़ा जरिया है। यानी किसी एक्सचेंजकी सुरक्षामें चूक अंतत: किसी मिसाइल कार्यक्रमका ईंधन बन सकती है। पाकिस्तान जैसे अस्थिर पड़ोसीके रहते भारतके लिए यह सुरक्षाका सवाल भी है। यूं हमारे लिए यह संकट एकदम अनजाना भी नहीं। जुलाई २०२४ में घरेलू एक्सचेंज वजीरएक्ससे करीब २३ करोड़ डालर चुराये गये और उसके तार भी लाजरस समूहसे जोड़े गये। लाखों उपयोगकर्ताओंके खाते महीनों फ्रीज रहे। साथ ही नुकसान सभी ग्राहकोंमें बांटनेका प्रस्ताव आया और पुनर्गठनकी प्रक्रिया भारतके बजाय सिंगापुरकी अदालतमें चली। भारतीय एक्सचेंज, भारतीय ग्राहक, भारतीय पैसा, परन्तु इंसाफके लिए विदेशी कानूनका सहारा! जुलाई २०२५ में देशके सबसे बड़े एक्सचेंज कॉइनडीसीएक्ससे करीब ४.४ करोड़ डालर उड़ाये गये कम्पनीने नुकसान अपने खजानेसे उठाया और सरकारी एजेंसी सर्ट-इनके साथ जांच की। परन्तु यह कम्पनीकी सदिच्छा थी, कोई कानूनी बाध्यता नहीं। सबक यह कि भारतमें हैकिंगके बाद निवेशकका पैसा लौटना इसपर निर्भर है कि उसका एक्सचेंज कितना अमीर और नेक है। बाइनेंस छह अरब डालरका घाव सह सकता है, कोई छोटा भारतीय स्टार्टअप नहीं।

बाइनेंस जैसे विदेशी मंचोंपर सक्रिय भारतीय निवेशकोंका पैसा भी इस हादसेमें अटका और बिटकॉइन छह हफ्तेके निचले स्तरपर आ गया। वैश्विक झटकेकी कीमत दलाल स्ट्रीटसे लेकर छोटे शहरोंके जेन-जी निवेशकोंको चुकानी पड़ सकती है। यही वह जगह है जहां भारतकी क्रिप्टो नीतिके आकलनकी जरूरत पड़ती है। मौजूदा स्थितियोंमें क्रिप्टो करेंसीके निवेशकोंको प्रत्येक निवेशपर ३० प्रतिशतकी दरसे कर चुकाना पड़ता है। इसके अलावा हरेक लेन-देनपर एक प्रतिशतके टीडीएस यानी स्रोतपर ही टैक्स लगानेका प्रावधान है। एक अन्य कानूनी प्रावधान यह है कि क्रिप्टो एक्सचेंजको अपना पंजीकरण सरकारकी वित्तीय खुफिया इकाई (एफआईयू) में कराना होता है। इसका उद्देश्य हवाला कारोबार रोकना है। किन्तु यहां सवाल यह है कि क्या ये प्रावधान निवेशकोंके पैसेकी सुरक्षामें मददगार होते हैं। सचाई यह है कि इन तीनों उपायोंके बावजूद क्रिप्टोमें पैसा लगाने वाले भारतीय निवेशकोंको कोई सुरक्षा हासिल नहीं होती है। इसका कारण यह है कि देशमें ऐसी नियामक संस्थाका अभाव है, जो क्रिप्टो एक्सचेंजसे ग्राहकोंको किसी आर्थिक नुकसानसे बचानेके लिए आपात भंडारमें पर्याप्त पूंजी रखनेको बाध्य करे। साथ ही एक्सचेंजको भी नुकसानकी पहली जिम्मेदारी लेनेकी व्यवस्था बनवाये। शेयर बाजारकी नियामक संस्था-सेबी ऐसा करती है। वह शेयर ब्रोकरोंसे ग्राहकोंको होने वाले संभावित नुकसानसे बचानेके लिए प्रतिभूतियां अलग रखवाती है और रिजर्व बैंकसे संबंधित बैंकोंका सुरक्षा ऑडिट करवाती है। जबकि क्रिप्टो एक्सचेंजोंके लिए ऐसी कोई बाध्यता नहीं है। इसपर क्रिप्टोमें निवेशपर अत्यधिक कराधानकी वजहसे भारतीय निवेशक विदेशी अथवा कम प्रचलित, लेकिन असुरक्षित क्रिप्टो एक्सचेंजोंकी शरणमें चले जाते हैं, जिससे उनका जोखिम और बढ़ जाता है।



प्रदक्षिणाका अर्थ

❐ श्रीश्री रविशंकर

प्रदक्षिणाका अर्थ है इर्द-गिर्द जाना। दक्षिणाका अर्थ है कुशलतासे कुछ पूरा करना। अंग्रेजीका शब्द डेक्सटरोस संस्कृतके दक्षिणा शब्दसे आया है, जिसका मतलब है निपुणता। प्रदक्षिणाका अर्थ है एक बहुत ही विशेष रूपसे निपुण होना, एक बहुत ही निपुण तरीका जो कि कौशल और योग्यतासे बहुत निपुणतासे प्राप्त किया जाता है। प्रदक्षिणाका अर्थ है इर्द-गिर्द जाना। प्रदक्षिणाका अर्थ है निपुणतासे इर्द-गिर्द जानेकी योग्यता प्राप्त करना। जब आप किसी मंदिरके अंदर जाते हो तो मंदिरके निर्माणकी व्यवस्थाके अनुसार इसके तीन घेरे होते हैं। पहला घेरा हर्बल बागीचा होता है, जिसमें खूब सारे पेड़-पौधे होते हैं। यह पेड़ किस दिशामें लगाये जायं, यह मंदिरके निर्माणकी व्यवस्थाके अधीन आता है। सभी पेड़-पौधे दिशाओं और हवाके बहावके अनुसार लगाये जाते हैं। कुछ औषधिवाले पौधे, फूल और पेड़ बाहरी घेरेमें लगाये जाते हैं और जब आप इस हर्बल खुशबूसे निकलते हो तो इससे भावनात्मक और शारीरिक समस्यायोंका इलाज होता है और शरीरके असंतुलन ठीक हो जाते हैं। यह प्राय: एक किलोमीटर लंबा रहता है और इसमेंसे गुजरते समय सारे शरीरमें संचार बेहतर हो जाता है। शरीरके लिए जरूरी तेल और सुगंध खास कर पीपलके पेड़की, शरीरके द्वारा सोख ली जाती है। यही अकेला पेड़ है जो चौबीसों घंटे आक्सीजन छोड़ता है। बाकीके पेड़ आधा समय आक्सीजन छोड़ते हैं। पेड़ एक व्यक्तिकी बहुत सारी समस्याएं दूर करते हैं। सामाजिक रूपसे बहुत ज्यादा परिचर्चामें नहीं होनेकी वजहसे एक बड़ा तबका इससे अनभिज्ञ रह जाता है, खासकार पेड़-पौधोंके वैज्ञानिक पक्षको लेकर। खास कर इंफट्रिलिटी की। प्रदक्षिणा ईश्वरके लिए या अन्य किसी और कारणसे नहीं, बल्कि स्वास्थ्यके लाभके लिए की जाती है। तब दूसरा घेरा आता है जिसमें बहुतसे स्त्री-पुरुषोंकी मूर्तियां रखी रहती हैं। पुराने समयमें वहांपर बैठ कर कुछ देरके लिए ध्यान करनेको कहा जाता था। इस तरहसे पहला घेरा आपको शारीरिक रूपसे बेहतर बनाता है। वहांकी हवामें सांस लेनेसे वात, पित्त और कफका संतुलन ठीक होता है। दूसरे घेरेमें मनकी सारी कल्पनाएं खत्म होती हैं। तब अंतमें आप मुख्य भागमें आते पवित्र मुख्य स्थान, जहां आप आंखें बंद करके बैठते हो और शून्यताका अनुभव करते हो। हिंदू धर्ममें प्रदक्षिणाका बहुत बड़ा महत्व है।

प्रकृति संरक्षण संचारमें सहायक पर्व

❐ आनन्द उपाध्याय

भारतवर्ष पर्वोंका देश है। सनातन संस्कृतिके गौरवपूर्ण त्योहारोंमें दीपावली पर्वकी विशिष्ट महत्ता है। भारतीय सनातन संस्कृतिमें त्योहार सिर्फ धार्मिक अनुष्ठानभर न होकर प्रत्यक्ष तौरपर प्रकृति संरक्षण एवं पर्यावरण संतुलनसे सम्बद्ध परिलक्षित होते हैं। दीपावली पर्वका शुभारम्भ धनतेरसके शुभ पर्वसे होता है। पांच दिवसीय इस पर्वमें कार्तिक माहकी त्रयोदशी तिथिको धनतेरस मनाया जाता है। विभिन्न धातुओंके बर्तन एवं आभूषण विशेष रूपसे क्रय किये जाते हैं अगले दिवसको नरक चर्तुदशी या छोटी दीपावली मनायी जाती है। तीसरे दिन दीपावलीका मुख्य पर्व एवं लक्ष्मी गणेशके पूजनका आयोजन होता है। यह दिन कार्तिक माहकी अमावस्या तिथिको होता है। अगले दिन गोवर्धन पूजनका होता है जिसे अन्नकूटके नामसे भी संबोधित किया जाता है। इस पूज्य तिथिको गोवर्धन पर्वतक

सेवा क्षेत्र की गतिविधियां चार महीने के उच्चतम स्तर पर

नयी दिल्ली। देश के सेवा क्षेत्र की गतिविधियों में अक्टूबर में चार महीने की सबसे तेज वृद्धि दर्ज की गई। मांग में मजबूती से कारोबारी गतिविधियों और नए ऑर्डर में बढ़ोतरी हुई, जबकि लागत का दबाव कम हुआ। बुधवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई। कंपनियां भविष्य की संभावनाओं को लेकर सतर्कता के साथ आशावादी रहीं और उन्होंने चार महीने में सबसे कम संख्या में कर्मचारियों की भर्ती की। अंतरराष्ट्रीय बिक्री में ताजा विस्तार लगभग चार साल में सबसे कमजोर रहा। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक सितंबर के 55.2 से बढ़कर अक्टूबर में 55.8 हो गया। यह चार महीने में वृद्धि की सबसे तेज रफ्तार को दर्शाता है। क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर का अंक विस्तार, जबकि 50 से नीचे का अंक संकुचन दर्शाता है। एचएसबीसी की मुख्य अर्थशास्त्री (भारत) प्रांजुल भंडारी ने कहा, भारत का सेवा पीएमआई अक्टूबर में बढ़कर 55.8 हो गया, जो चार महीने का उच्चतम स्तर है। इस दौरान कारोबारी स्थितियों में सतर्कता के साथ सुधार हुआ। हालांकि, कुल मांग काफी मजबूत बनी रही लेकिन नए निर्यात ऑर्डर में वृद्धि की रफ्तार फरवरी 2023 के बाद सबसे धीमी रही।%% सर्वेक्षण में शामिल कंपनियों ने उत्पादन में वृद्धि की मुख्य वजह नए कारोबार में बढ़ोतरी को बताया। सर्वेक्षण के अनुसार, मांग की अनुकूल परिस्थितियों, नए ग्राहक मिलने और सफल विज्ञापन अभियानों से नए ऑर्डर बढ़े। कीमतों के मोर्चे पर लागत का दबाव काफी कम हुआ। भंडारी ने कहा, कच्चे माल और तैयार उत्पादों की कीमतों में वृद्धि जारी रही लेकिन इसकी रफ्तार पिछले महीने के मुकाबले धीमी रही। इससे महंगाई के दबाव में कुछ राहत मिलने के संकेत मिलते हैं। उन्होंने कहा कि रोजगार में वृद्धि की रफ्तार भी जून के बाद सबसे कमजोर रही। इससे संकेत मिलता है कि सेवा क्षेत्र की कुछ कंपनियों के पास मौजूदा कर्मचारियों की जरूरतें पूरी करने के लिए पर्याप्त क्षमता है।

कंपनियां भविष्य की संभावनाओं को लेकर हालांकि सतर्कता के साथ आशावादी रहीं और उन्होंने चार महीने में सबसे कम संख्या में कर्मचारियों की भर्ती की। इस बीच, भारत का समग्र पीएमआई उत्पादन सूचकांक सितंबर के 55.9 से बढ़कर अक्टूबर में 56.2 हो गया। यह चार महीने में कुल उत्पादन में सबसे तेज वृद्धि को दर्शाता है और कारोबारी गतिविधियों की मजबूत स्थिति का संकेत देता है। विनिर्माण और सेवा क्षेत्र की कंपनियों में लागत का दबाव कम हुआ, जिससे कुल महंगाई की दर घटकर 11 महीने के निचले स्तर पर आ गई।

उत्तर मध्य रेलवे

ई-निविदा सं०: पी आर वाई जे-सिग-047-2026-27 **दिनांक:** 03.11.2026

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से वरि0 मंडल संकेत एव दूरसंचार अभियन्ता/सम0/उत्तर मध्य रेल/प्रयागराज द्वारा ई-टेन्डर के द्वारा पर्याप्त वित्तीय क्षमता एवं अनुभव सहित प्रतिष्ठित ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिये खुली निविदा, ई-निविदा में वर्णित खुलने के दिनांक को 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। **कार्य का विवरण निम्न प्रकार है।**

क्र. सं. 1	निविदा नं.: 047	निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹): ₹ 0.00

कार्य का विवरण: प्रयागराज मंडल के पं0 दीन दयाल उपाध्याय-कानपुर खण्ड में सुजातपुर (एसजेटी) स्टेशन एवं नैनी (एनवाईएन) जंक्शन पर लगे हुये वेस्टरेष (सीमेन्स मेक) इलेक्ट्रानिक इन्टर लॉकिंग प्रबन्ध का तीन वर्ष के लिये समग्र (कम्प्रेहेन्सिव) अनुरक्षण अनुबन्ध।

अनुमानित मूल्य (₹): ₹ 7012147.68	बिड सिक्यूरिटी (₹): ₹ 140300.00
कार्य समापन की अवधि: छत्तीस माह	निविदा खुलने की तिथि: 01.12.2026

2. **निविदा प्रपत्रों की उपलब्धता:** निविदा प्रपत्र www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

3. **निविदा खुलने का समय तथा स्थान:** निविदा पूर्व निर्धारित तिथि 12:30 बजे या उसके बाद ई-निविदा द्वारा मण्डल रेल प्रबंधक, प्रयागराज के कार्यालय में खोली जाएगी। अगर उस दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहे तो निविदा अगले दिन, कार्य दिवस पर खोली जाएगी। **2521/26(AK)**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
मीरजापुर वृत्त, लोक निर्माण विभाग, मीरजापुर

पत्रांक:- 4992/53एम.-मी.वृत्त/2026-27 **दिनांक:-** 28.10.2026

अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना
(ई-प्रोक्यूरमेंट सूचना)

महामहिम राज्यपाल महोदय उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, मीरजापुर वृत्त, लोक निर्माण विभाग, मीरजापुर द्वारा लोक निर्माण विभाग उ0प्र0 में "ए, बी" एवं "सी" श्रेणी में मार्ग कार्य में पंजीकृत एवं अर्ह ठेकेदारों से प्रतिशत दर के आधार पर ऑन-लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि आई0टी0बी0 की धारा-4 के अनुसार कार्य प्राप्त करने के सम्बन्ध में सम्पूर्ण अर्हता रखता है।

क्र0 सं0	जनपद	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रू0 लाख में)	धरोहर धनराशि (रू0 लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य, स्टेशनरी प्रभार	कार्य पूर्ण करने की अवधि	कार्यपालन अभियन्ता अधिशासी अभियन्ता के कार्यालय का पता	अधीक्षण अभियन्ता कार्यालय का पता	मुख्य अभियन्ता कार्यालय का पता	ठेकेदार का पंजीयन श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
		स्वीकृति की प्रत्याशा में विशेष मरम्मत योजनान्तर्गत कार्य। (बिल ऑफ क्वान्टिटी के अनुसार)								
1	मीरजापुर	लालगंज गैपुरा रामपुरघाट मार्ग (अ0जि0मा0) के मरम्मत व रेटेनिंग वाल के निर्माण के कार्य का विशेष मरम्मत का कार्य।	169.00	10.45	निर्गत मूल्य 300.00+2000.00 स्टेशनरी चार्ज + जी0एस0टी0 आनलाईन भुगतान कुल रू0 2720.00 मात्र।	05 माह	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, मीरजापुर।	मीरजापुर वृत्त, लो0नि0वि0, मीरजापुर।	मुख्य अभियन्ता, मीरजापुर क्षेत्र, लो0नि0वि0, मीरजापुर।	A,B
2	मीरजापुर	जमुनहिया से बिन्नानी डिग्री कालेज मार्ग(अ0जि0मा0) का विशेष मरम्मत का कार्य।	130.00	8.50	-तदैव-	05 माह	-तदैव-	-तदैव-	-तदैव-	A,B
3	मीरजापुर	आमघाट अर्जुनपुर लच्छाष्टी विजयपुर मार्ग (अ0जि0मा0) के आबादी भाग में सी0सी0 से विशेष मरम्मत का कार्य।	57.00	4.85	-तदैव-	02 माह	-तदैव-	-तदैव-	-तदैव-	A,B,C
4	मीरजापुर	बरौंधा पाषाण मार्ग पर मार्ग के किनारे नाली व इंटरलाकिंग से विशेष मरम्मत का कार्य।	115.00	7.75	-तदैव-	05 माह	-तदैव-	-तदैव-	-तदैव-	A,B
5	मीरजापुर	एस0एच0-74 कछवा से एन0एच0-2 राजातालाब मार्ग (कछवा जमुआ राजा तालाब मार्ग (अ0जि0मा0)) के आबादी भाग में नाली का विशेष मरम्मत का कार्य।	75.50	5.78	-तदैव-	02 माह	-तदैव-	-तदैव-	-तदैव-	A,B
6	मीरजापुर	सखौरा बीरशाहपुर महेवा मार्ग (अ0जि0मा0) के आबादी भाग में सी0सी0 से विशेष मरम्मत का कार्य।	80.00	6.00	-तदैव-	02 माह	-तदैव-	-तदैव-	-तदैव-	A,B
7	मीरजापुर	तहसील चौराहा जी0आई0सी0 गिरधर चौराहा तुलसी चौक पानदरिया दक्षिण फाटक तक मार्ग (अ0जि0मा0) के आबादी भाग में सी0सी0 से विशेष मरम्मत का कार्य।	62.00	5.10	-तदैव-	02 माह	-तदैव-	-तदैव-	-तदैव-	A,B,C
8	मीरजापुर	इटवा से वीरपुर वाया टाड मार्ग (अ0जि0मा0) का विशेष मरम्मत कार्य।	150.00	9.50	-तदैव-	05 माह	-तदैव-	-तदैव-	-तदैव-	A,B
9	मीरजापुर	पहाड़ा भरपुरा गहिरा उखदण्ड मार्ग (अ0जि0मा0) का विशेष मरम्मत का कार्य।	83.00	6.15	-तदैव-	02 माह	-तदैव-	-तदैव-	-तदैव-	A,B
10	मीरजापुर	लालगंज हलिया मार्ग (अ0जि0मा0) पर यू-टाईप नाली का विशेष मरम्मत का कार्य।	131.00	8.55	-तदैव-	05 माह	-तदैव-	-तदैव-	-तदैव-	A,B
11	मीरजापुर	लोहदीं कला सम्पर्क मार्ग	38.00	3.80	-तदैव-	02 माह	-तदैव-	-तदैव-	-तदैव-	A,B,C
12	मीरजापुर	जरहा से महुआरी सम्पर्क मार्ग।	46.00	4.30	-तदैव-	02 माह	-तदैव-	-तदैव-	-तदैव-	A,B,C
13	मीरजापुर	रीवां मीरजापुर मार्ग से कठारी सम्पर्क मार्ग	51.00	4.55	-तदैव-	02 माह	-तदैव-	-तदैव-	-तदैव-	A,B,C
14	मीरजापुर	उसरी पाण्डेय सम्पर्क मार्ग पर आबादी भाग में सी0सी0 व शेष भाग में पी0सी0 से विशेष मरम्मत का कार्य ।	69.00	5.45	-तदैव-	02 माह	-तदैव-	-तदैव-	-तदैव-	A,B,C
15	मीरजापुर	दाढ़ीराम से डेरहिया पहाड सम्पर्क मार्ग।	41.00	4.05	-तदैव-	02 माह	-तदैव-	-तदैव-	-तदैव-	A,B,C
16	मीरजापुर	एन0एच0-35 से उमरिया सम्पर्क मार्ग।	38.00	3.80	-तदैव-	02 माह	-तदैव-	-तदैव-	-तदैव-	A,B,C
17	मीरजापुर	जिगना मिश्रपुर से रामपुर गौरा सम्पर्क मार्ग।	47.00	4.35	-तदैव-	02 माह	-तदैव-	-तदैव-	-तदैव-	A,B,C
18	मीरजापुर	अकोढ़ी बबुरा सम्पर्क मार्ग।	43.00	4.15	-तदैव-	02 माह	-तदैव-	-तदैव-	-तदैव-	A,B,C
19	मीरजापुर	पुरानी जिगना मिसिरपुर मार्ग।	50.00	4.50	-तदैव-	02 माह	-तदैव-	-तदैव-	-तदैव-	A,B,C
20	मीरजापुर	जोपा सम्पर्क मार्ग।	41.00	4.05	-तदैव-	02 माह	-तदैव-	-तदैव-	-तदैव-	A,B,C

1. कार्य पूर्ण करने की समयावधि कालम सं0-7 के अनुसार होगी।
2. निविदा की वैधता निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि से 90 दिवस होगी।
3. बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गई दरें जी0एस0टी0 को छोड़ते हुये लगाई गयी है।
4. निविदा प्रस्तुत करने के पश्चात् वापस नहीं ली जा सकती।
5. ई-निविदा सूचना एवं विड डाक्यूमेन्ट (T-2) ऑनलाईन दिनांक 13.11.2026 से दिनांक 27.11.2026, 12:00 बजे अपरान्ह तक ई-टेण्डरिंग पोर्टल (http://e-tender.up.nic.in) पर उपलब्ध है जो आन लाईन (http://e-tender.up.nic.in) पर ही सबमिट किया जायेगा।
6. यदि कोई शुद्धि पत्र (Corrigendum) बाद में प्रकाशित होता है तो इसकी पूर्ण जानकारी केवल ई-टेण्डरिंग पोर्टल (http://e-tender.up.nic.in) पर ही सर्वजनिक की जायेगी।

निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी विड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।

नोट :- ई-निविदा की समस्त शर्तें ई-टेण्डरिंग पोर्टल (http://e-tender.up.nic.in) पर देखी जा सकती है।

(अषोक कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0
मीरजापुर

(डी0के0 सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता
मीरजापुर वृत्त, लो0नि0वि0
मीरजापुर

उ.प्र.:- 260148
दिनांक:- 03.11.2026
वेबसाईट:- **www.upgov.nic.in** पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, मीरजापुर

No.:- 4870/Nivida/2026-27 **Dated:-**28.10.2026

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
(ई-प्रोक्यूरमेंट सूचना)

महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यो हेतु ऑन लाईन निविदायें http://etender.up.nic.in के माध्यम से आर्थराइज्ड रजिस्टर्ड फर्म से दिनांक 13.11.2026 से दिनांक 27.11.2026 तक दोपहर 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा की प्री-क्वालिफिकेशन/टेक्निकल बिड उसी दिन अपरान्ह 12.30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में उपस्थित आर्थराइज्ड रजिस्टर्ड फर्म के प्रतिनिधि के समक्ष 27.11.2026 को गठित समिति के सदस्यो द्वारा आनें लाईन खोली जायेगी। कार्यालय बन्द होने अथवा छुटटी होने की दशा में प्री-क्वालिफिकेशन/टेक्निकल बिड एव फाईनेन्सियल बिड उसी क्रम एंव समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। कार्यो का विवरण निम्नवत् है:-

क्र0 सं0/ लॉट सं0	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाख रू0 में)	धरोहर धनराशि (रू0 लाख में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में)	ठेकेदार के पंजीयन की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7
	स्वीकृति की प्रत्याशा में विशेष मरम्मत योजनान्तर्गत कार्य। (बिल ऑफ क्वान्टिटी के अनुसार)					
1	मीरजापुर भटौली मार्ग (अ0जि0मा0) के आबादी भाग में सी0सी0 से विशेष मरम्मत का कार्य।	16.10	1.61	02 माह	(निविदा मूल्य रू0 300+स्टेशनरी चार्जेज रू0 500+ जीएसटी) रू0 950.00	ए,बी,सी,डी
2	एन0एच0-7 का शहरी छूटा भागके चहर नदी पर क्षतिग्रस्त भाग में सुरक्षात्मक कार्य का विशेष मरम्मत कार्य। (अ0जि0मा0)	17.40	1.74	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
3	एन0एच0-135 से रामपुर मड़वा टाण्डाफाल मार्ग (अ0जि0मा0) का विशेष मरम्मत का कार्य।	17.00	1.70	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
4	घसड़ा गोड़टुटवा सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	30.00	3.00	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
5	लालगंज हाटा रोड से सुबाव वाया बसकोप सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	9.90	0.99	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
6	लालगंज गैपुरा मार्ग से टिटिहरी डाढ़ सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	14.20	1.42	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
7	राजापुर सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	18.40	1.84	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
8	वीरपुर सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	9.00	0.90	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
9	लालगंज हलिया मार्ग से खरिहट खुर्द सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	2.80	0.28	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
10	एन0एच0-135 (महुवट) से बनवा मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	4.20	0.42	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
11	लालगंज हलिया से बरौंधा मार्ग	17.00	1.70	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
12	जमुआ बाजार से हीरापुर सम्पर्क मार्ग पर सीसी व रिटेनिंग वाल का विशेष मरम्मत का कार्य।	20.30	2.03	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
13	देवरी से बिरोही सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	21.40	2.14	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
14	विजयपुर से दुर्गा मंदिर सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	17.20	1.72	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
15	बत्तापुर सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	12.90	1.29	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
16	सेतुहार सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	17.20	1.72	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
17	तीन पाँलिया से बनका सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	17.20	1.72	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
18	हलिया से ददरी सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	24.00	2.40	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
19	दुहौवा सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	13.60	1.36	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
20	विन्ध्याचल केवटान घमहापुर बस्ती सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	14.70	1.47	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
21	विन्ध्याचल केवटान शिवपुर छर्रहवा सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	20.90	2.09	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
22	चितावनपुर से बरईपुर रानीबारी सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	18.90	1.89	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
23	एन0एच0-35 से गोसाईपुर कोईरान बस्ती सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	6.30	0.63	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
24	जी0एम0 मार्ग पर मड़गुड़ा गोपालपुर में मल्लाह बस्ती तक सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	10.50	1.05	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
25	दुबार वसेवरा मार्ग आबादी भाग मे सी0सी0 व शेष मे पी0पी0 के साथ विशेष मरम्मत का कार्य ।	35.00	3.50	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
26	पडरी ददिरम रोड से उपखंड सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	16.60	1.66	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
27	झिंगुरा बरकछा मार्ग से दूबेपुर रजवाहा वाया गोपालपुर हरिजन बस्ती सम्पर्क मार्ग एवं 30 मी0 रपटा का निर्माण का विशेष मरम्मत कार्य।	1.70	0.17	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
28	लउरिया सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	21.70	2.17	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
29	पहिती मार्ग से मनोहरपुर सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	29.90	2.99	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
30	पहिती मार्ग से जरहाँ नई बस्ती सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	19.10	1.91	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
31	बिहसड़ा खुर्द तुलापुर बिन्द बस्ती सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	21.40	2.14	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
32	मुरधुरा से डागर खेरी पी0एम0जी0एस0वाई मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	3.20	0.32	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
33	ननौर से इस्तरा सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	10.70	1.07	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
34	जनपद मिर्जापुर में अरोह पर पहुँच मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	34.70	3.47	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
35	लालगंज विजयपुर के किमी0-4 से रानीबारी से सामुदायिक केन्द्र तक सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	6.70	0.67	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
36	लालगंज गैपुरा से रामपुर वासित अली सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	4.30	0.43	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
37	मीरजापुर रीवाँ मार्ग के किमी0 32 से निनवान किमी0 4 से निनवान दक्षिण सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	16.40	1.64	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
38	रा0मा0 सं0-7 से बामी सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	8.60	0.86	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
39	चक मझली संपर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	5.00	0.50	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
40	पुरजागीर कम्पनी घाट से रामपुर मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	3.90	0.39	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
41	हनुमान नगर सेमरा से चकमझलीपट्टी संपर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	16.40	1.64	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
42	चील्ह-गोपीगंज मार्ग से हरिसिंगपुर मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	20.10	2.01	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
43	चील्ह गोपीगंज मार्ग से मनौवा सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	10.60	1.06	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
44	कोल्हुवा घाट सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	14.70	1.47	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
45	पटेहरा से हुसैनीपुर संपर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	10.50	1.05	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
46	रामगया घाट से बिड़ला गेस्ट हाउस तक सम्पर्क मार्ग पर आबादी भाग में सी0सी0 से विशेष मरम्मत का कार्य	8.20	0.82	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
47	बनवा रोड से नवादा सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	22.30	2.23	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
48	रा0मा0-7 से भैसोड़ बलाय पहाड़ मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	32.90	3.29	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
49	मवई खुर्द सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	30.80	3.08	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
50	भैसोड़ बलाय पहाड़ में कोईरान टोला बस्ती सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	22.80	2.28	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
51	ड्रामण्डगंज हलिया मार्ग से महुगढ़ी मार्ग एवं सुखड़ा नाले पर आर0सी0सी0 रपटा का विशेष मरम्मत कार्य।	33.30	3.33	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
52	गढ़वा सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	33.60	3.36	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
53	मटिहरा कोल बस्ती सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	6.00	0.60	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
54	हर्रा सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	3.10	0.31	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
55	सोनगढ़ा अनु0 बस्ती सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	5.20	0.52	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
56	बढ़वार सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	3.10	0.31	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
57	परसिया कला सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	3.10	0.31	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
58	सगरा सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	22.70	2.27	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
59	सोनगढ़ा हलिया मार्ग से अहूगीं कला सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	29.00	2.90	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
60	बरैनी भैसा से कनकसराय सम्पर्क मार्ग पर आबादी भाग मे सी0सी0 से विशेष मरम्मत का कार्य।	10.60	1.06	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
61	बरैनी से सेमरी भैसा सम्पर्क मार्ग पर आबादी भाग मे सी0सी0 से विशेष मरम्मत का कार्य।	6.40	0.64	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
62	घुरहूपट्टी जोगीयाबारी मार्ग का आबादी भाग मे सी0सी0 से विशेष मरम्मत का कार्य।	33.90	3.39	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
63	बरौंधा राजवाहा से खैराकलां तक सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य।	17.70	1.77	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
64	दुबार से गोसाईं मैना संपर्क मार्ग पर आबादी भाग मे सी0सी0 व पी0सी0 से विशेष मरम्मत का कार्य।	33.70	3.37	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
65	महूलरिया कोल बस्ती सम्पर्क मार्ग से बढौना संपर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य।	8.90	0.89	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
66	बरौंधा बाजार सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	19.10	1.91	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
67	ड्रमनगंज हालिया रोड से गड़बड़ा गोकुल संपर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	33.80	3.38	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
68	मवई कला सामान्य बस्ती सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	13.20	1.32	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
69	पवारी कला अनु0 बस्ती सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	2.90	0.29	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
70	रतेह रैरहा से बबुरा रघुनाथ सिंह मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	4.30	0.43	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
71	बबुरा रघुनाथ सिंह (गईघटवा) से करनपुर किरका सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	4.30	0.43	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
72	कछवा कटका से चइरहा मार्ग पर आबादी भाग मे सी0सी0 व पी0सी0 से विशेष मरम्मत का कार्य।	19.60	1.96	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
73	बरबसा राजा संपर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	2.90	0.29	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
74	भैसोड बलाय पहाड़ में गुलरिहवा संपर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	3.00	0.30	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
75	रीवां मीरजापुर मार्ग से ददरी सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	2.90	0.29	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
76	लायन सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	2.90	0.29	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
77	बिरशाहपुर सम्पर्क मार्ग पर आबादी भाग मे सी0सी0 से विशेष मरम्मत का कार्य।	20.70	2.07	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
78	भैसोड़ बलाय पहाड़ में गुलरिहवा टोला बस्ती सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	2.90	0.29	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
79	शिवपुर खुटहाँ से गलरिया वाया देवरी पुरव सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	2.90	0.29	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
80	बेदउर धईकार बस्ती सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	6.90	0.69	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
81	भीटी बालनाथ आश्रम मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	6.20	0.62	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
82	भरपुरा-दाँती सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	18.40	1.84	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
83	गहिरा सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	25.40	2.54	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
84	पतार कला पहड़ी पर सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	1.90	0.19	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
85	कोलकम कला सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	12.50	1.25	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
86	मुड़पेली सब स्टेशन से मनिगढ़ा हरिजन बस्ती सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	27.10	2.71	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
87	देवरी करौंदिया मार्ग से बडौंहा सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	10.00	1.00	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
88	मड़ियार पाल बस्ती सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	2.60	0.26	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
89	रैही संपर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	2.50	0.25	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
90	एन0एच0-7 से पाण्डेयपुर सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	3.10	0.31	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
91	रामपुर घाट मार्ग के किमी0 9 से नदौनी मार्ग का निर्माण का विशेष मरम्मत कार्य।	25.50	2.55	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
92	परतिया सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	16.20	1.62	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
93	गौरा मड़हौरा पठान चक सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	17.10	1.71	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
94	तैलियानी सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	21.30	2.13	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
95	जिगना मिसिरपुर मार्ग से बौता विशेषर सिंह सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	23.40	2.34	02 माह	-तदैव-	-तदैव-
96	हरगढ में भौंरूपुर शमशानघाट सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	30.00	3.00	02 माह	-तदैव-	-तदैव-

जनसुनवाई में प्रभारी जिलाधिकारी ने सुनीं आमजन की समस्याएं

चंदौली। शासन की मंशा के अनुरूप आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में प्रभारी जिलाधिकारी मुख्य विकास अधिकारी आर जगत साई ने कलेक्ट्रेट स्थित जनसुनवाई कक्ष में फरियादियों की शिकायतें गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुनीं। जनसुनवाई के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों ने अपनी व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं को जिलाधिकारी के समक्ष रखा। जनसुनवाई में राजस्व, विद्युत, पेंशन, राशन कार्ड, आवास योजना, भूमि विवाद,अतिक्रमण सहित विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। जिलाधिकारी ने प्रत्येक शिकायत को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि जनसमस्याओं का समाधान शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और किसी भी शिकायत को गंभीरता से समयानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में केवल औपचारिकता न बरती जाए, बल्कि प्रत्येक प्रकरण की स्थलीय जांच कर वास्तविक स्थिति का आकलन किया जाए और तथ्यों के आधार पर उचित कार्रवाई की जाए।

एमडीएम योजना में गड़बड़ी का आरोप

सकलडीहा। सकलडीहा जूनियर हाईस्कूल मॉडल स्कूल में एमडीएम के तहत बच्चों को मिलने वाले भोजन, फल और दूध के वितरण में अनियमितता का आरोप है। विद्यालय प्रबंध समिति सचिव विनोद पाण्डेय ने मुख्यमंत्री,जिलाधिकारी और उप जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। आरोप लगाया कि विद्यालय के प्रधानाध्यापक की नियुक्ति के बाद से अब तक बच्चों को मध्याह्न भोजन, फल और दूध का वितरण नियमित रूप से नहीं किया गया है। आरोप है कि विद्यालय बंद रहने के बावजूद कागजों में विद्यालय खुला दिखाकर एमडीएम से संबंधित अभिलेख तैयार किए जाते हैं। शिकायतकर्ता ने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत का आरोप लगाते हुए जांच की मांग किया है। बीईओ बालकृष्ण तिवारी ने बताया कि शिकायत की जांच किया जायेगा।



समस्याओं को सुनते प्रभारी जिलाधिकारी । छायाः आज

दिनदहाड़े दो लाख की चोरी, कस्बे में दहशत

कमालपुर। धीना थाना क्षेत्र के कमालपुर पुलिस चौकी अंतर्गत मंगलवार को दिनदहाड़े चोरी की घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। बेखौफ चोरों ने एक सब्जी व्यवसायी के घर को निशाना बनाते हुए आलमारी तोड़कर उसमें रखे दो लाख रुपये नकद पार कर दिए। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से क्षेत्रीय लोगों में भय और आक्रोश व्याप्त है। जानकारी के अनुसार, कमालपुर निवासी सब्जी व्यवसायी संतोष मौर्या मंगलवार को अपनी दुकान पर थे। दोपहर करीब तीन बजे वह भोजन करने के लिए दुकान बंद कर घर पहुंचे। घर के अंदर आलमारी टूटी देखकर उनके होश उड़ गए। जांच करने पर आलमारी में रखे दो लाख रुपये गायब मिले। आशंका जताई जा रही है कि उनकी अनुपस्थिति का फायदा उठाकर चोरों ने घर में घुसकर वारदात को अंजाम दिया। घटना की जानकारी पर पीड़ित ने कमालपुर पुलिस चौकी पर लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी। कमालपुर चौकी क्षेत्र में चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। इससे पहले 17 अक्टूबर को मेराज अंसारी की दुकान में घुसकर चोरों ने 20 हजार रुपये की चोरी की थी। अब दिनदहाड़े घर से दो लाख रुपये चोरी होने की घटना ने पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों ने क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और चोरी की घटनाओं का शीघ्र खुलासा कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

सनबीम स्कूल के वार्षिकोत्सव का आयोजन

दुलहीपुर। सनबीम स्कूल मुगलसराय में अपनी २१ वर्षों की स्वर्णिम शैक्षणिक यात्रा और गौरवशाली संस्थागत परंपरा को एक बार फिर उत्कृष्ट सांस्कृतिक आयोजन के माध्यम से नई ऊँचाई प्रदान करते हुए दिन बुधवार ४ नवम्बर को आयोजित किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मध्य रेल डीडीयू के मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीणा एवं काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के कृषि संकाय के संकाया अध्यक्ष प्रो० सतीश कुमार सिंह रहे। विशिष्ट अतिथियों में डीएचके एडुसर्व आदि रहे। बहुप्रतीक्षित वार्षिकोत्सव विद्यालय के लगभग २५० से अधिक विद्यार्थियों की प्रतिभा, परिश्रम और सामूहिक समर्पण को सशक्त उदाहरण बना। विद्यार्थियों ने विगत एक माह से कला क्षेत्र चेन्नई के ख्यातिप्राप्त भरतनाट्यम विशारद महेश आर.पांडे के कुशल मार्गदर्शन में निरंतर अभ्यास कर अपनी मंचीय प्रतिभा को निखारा और शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। भारतीय संस्कृति विरासत और मानवीय जीवन-मूल्यों को केन्द्र में रखकर वार्षिकोत्सव 'अभिव्यक्ति- एक महागाथा:मनुष्य मर्यादा और जीवन का भव्य आयोजन किया गया । इसमें श्रीराम के जीवन से जुड़े प्रसंगों को संगीत,भावभिनय के माध्यम से सजीव रूप में प्रस्तुत किया गया। इसके माध्यम से सत्य, त्याग, प्रेम, कर्तव्यनिष्ठा पारिवारिक मर्यादा और सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे सार्वकालिक मानवीय मूल्यों को प्रभावशाली अभिव्यक्ति दी गई। यह आयोजन नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति और जीवन-मूल्यों से जोड़ने का सार्थक प्रयास रहा ।



अवैध पटाखों के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

चन्दौली। उच्चाधिकारीगण के कुशल निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक बलुआ संतोष कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में 03 नवम्बर को थाना बलुआ पुलिस टीम चेकिंग व भ्रमण के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना दी गई कि चहनियां चौराहे के पास रिद्धी बेकर्स की दुकान में भारी मात्रा में अवैध पटाखे रखे गए हैं, उक्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर दुकान की तलाशी ली गई। दुकान के बगल वाले कमरे में गत्तों में भारी मात्रा में अवैध पटाखे बरामद हुए। इलेक्ट्रॉनिक तराजू से तौल करने पर कुल 09 गत्तों में भरे अवैध पटाखों का कुल वजन 103 किलोग्राम के साथ मौके से एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त द्वारा घनी आबादी के बीच बिना किसी वैध लाइसेंस या अनुमति के सुरक्षा मानकों की अनदेखी कर विस्फोटक सामग्री का भंडारण किया गया था। इस संबंध में थाना स्थानीय पर विस्फोटक अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

शराब तस्करी का खुलासा, दो महिलाओं समेत तीन गिरफ्तार

मुगलसराय। कोतवाली पुलिस ने अवैध देशी शराब की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो महिलाओं समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों पर चेकिंग के दौरान आरोपियों के कब्जे से कुल 34 लीटर अवैध देशी शराब बरामद की है। बरामद शराब 170 टेट्रा पैक में रखी गई थी। सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। थानाध्यक्ष अर्जुन सिंह के नेतृत्व में बुधवार सुबह सुभाष पार्क के पास चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक पुरुष और महिला शराब लेकर मुगलसराय रेलवे स्टेशन की ओर जा रहे हैं। पुलिस ने घेराबंदी कर फायर सर्विस के सामने दोनों को पकड़ लिया। उनकी पहचान बिहार के रोहतास जिले के सासाराम थाना क्षेत्र के बलथुआ निवासी मोहन पासवान 40 और उसकी पत्नी मीरा देवी 35 के रूप में हुई। तलाशी में दोनों के पास से ब्लू लाइम और विंडिज ब्रांड की कुल 19 लीटर देशी शराब बरामद हुई। वहीं,दूसरी कार्रवाई में परमार कटरा के पास रात्रि गश्त के दौरान पुलिस ने सिर पर गठरी लेकर जा रही महिला को रोककर तलाशी ली। गठरी से 75 टेट्रा पैक में 15 लीटर ब्लू लाइम देशी शराब बरामद हुई। महिला की पहचान बिहार के रोहतास जिले के डालमियानगर निवासी सुनीता देवी 45 के रूप में हुई। कार्रवाई करने वाली टीम में उपनिरीक्षक सुरेश चंद्र पांडेय,चौकी प्रभारी सतीश प्रकाश समेत पुलिसकर्मी शामिल रहे।

संक्षिप्त

ट्रेन चेनपुलिंग को लेकर किया गया जागरूक

मुगलसराय। ट्रेनों के सुचारु परिचालन तथा यात्रियों को होने वाली असुविधा रोकने के लिए पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल में अनावश्यक अलार्म चेन पुलिंग के विरुद्ध रेलवे सुरक्षा बल द्वारा लगातार निगरानी और कार्रवाई की जा रही है। जनवरी से अक्टूबर 2026 तक मंडल में चेन पुलिंग के कुल 1,336 मामलों में कार्रवाई की गई तथा इन मामलों में 8,44,990 का जुर्माना लगाया गया। चेन पुलिंग की घटनाओं की प्रवृत्ति एवं अधिक प्रभावित स्टेशनों को ध्यान में रखते हुए गया जंक्शन, डेहरी ऑन सोन, रफीगंज, नबी नगर एवं जपला स्टेशनों पर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। जनवरी से अक्टूबर 2026 के दौरान इन स्टेशनों पर गया जंक्शन पर 343, डेहरी ऑन सोन पर 305, रफीगंज पर 96, नवीनगर पर 35 तथा जपला स्टेशन पर 58 व्यक्तियों को पकड़ा गया।

काली मंदिर से काली माता का मुकुट चोरी

धानापुर। थाना क्षेत्र में चोरों के हौसले इस कदर बुलंद होते जा रहे हैं कि अब घरों और दुकानों के बाद मंदिर भी उनके निशाने पर आ गए हैं। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं के बीच बुधवार की रात धानापुर कस्बा स्थित वार्ड नंबर छह के काली माता मंदिर से चोर चांदी का मुकुट और देवी की आंखें चोरी कर ले गए। धार्मिक स्थल में हुई इस वारदात ने श्रद्धालुओं की आस्था को चोट पहुंचाने के साथ ही पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। बताया जाता है कि यह कोई पहली घटना नहीं है। पिछले कई महीनों से धानापुर थाना क्षेत्र में चोरी की वारदातें लगातार सामने आ रही हैं। कभी मंदिरों के ताले टूट रहे हैं तो कभी घरों में घुसकर नकदी और लाखों के आभूषण पार किए जा रहे हैं। घटनाओं का सिलसिला थमने के बजाय नए इलाकों तक फैलता दिखाई दे रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस हर घटना के बाद मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल तो करती है, लेकिन चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश और पुराने मामलों के खुलासे को लेकर अपेक्षित परिणाम सामने नहीं आ रहे हैं।

१०३ जोड़ी पूजा स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

मुगलसराय। 03 नवम्बर तक 103 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का परिचालन की सूचना जारी की जा चुकी है जो पूर्व मध्य रेल से खुलने/समाप्त होने वाली स्पेशल ट्रेनें हैं तथा 05 जोड़ी स्पेशल ट्रेन वैसी हैं जो पूर्व मध्य रेल क्षेत्राधिकार में परिचालित की जा रही हैं। इसके साथ ही 51 जोड़ी ऐसी स्पेशल ट्रेनें हैं जो पूर्व मध्य रेल के विभिन्न स्टेशनों से होकर गुजरती हैं ।

धनुष भंजन का प्रसंग सुन गदगद हुए श्रोता

सकलडीहा। क्षेत्र के पिपरी गांव में चल रही सप्त दिवसीय श्री राम कथा के तृतीय सत्र धनुष भंजन का प्रसंग सुन श्रोता हुए गदगद। कथाव्यास पंडित शक्ति तिवारी ने बताया जिस कार्य को 10 हजार राजा नहीं कर पाए, उस कार्य को रघुनाथ जी ने कर के दिखाया उसका सिर्फ एक ही कारण था कि रघुनाथ जी धनुष तोड़ने नहीं बल्कि धनुष यज्ञ देखने आए थे और राजा लोग तोड़ने अर्थात सम्मान पाने आए थे। ये प्रसंग ये संकेत करता है कि सम्मान की भूख लेकर कही जायेगे तो अपमानित होना पड़ेगा। इसके बाद मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र जी ने गुरु विश्वामित्र जी की आज्ञा पाने के बाद ही धनुष का भंजन किया। इसके बाद बहुत ही मनोरम ढंग से जयमाल का प्रसंग तिवारी जी ने बताए जिसे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा और पंडाल अनवरत जय सियाराम और हर हर महादेव के गूज से गुंजायमान रहा। वहीं उपस्थित आयोजक राकेश तिवारी, परमानंद तिवारी, वेद प्रकाश तिवारी, राकेश दुबे, टुनटुन सिंह, शैलेश तिवारी,सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

धनतेरस, दीपावली को लेकर बाजारों में बढ़ी चहल-पहल

मुगलसराय। जनपद के एकमात्र मिनी शहर मुगलसराय में धनतेरस व दीपावली से पूर्व जहां दुकानदार अपने दुकानों की साफ- सफाई व सजावट में लगे हुए है वहीं लोग अपने घरों की साफ-सफाई व रंगरोगन में जुटे हुए है। इससे बाजार में खरीददारों की भीड़ बढ़ गई है। सोना-चाँदी का कारोबार करने बाले विभिन्न आकर्षक उपहार देने का प्रचार भी कर रहे है। दीपावली के पांच दिवसीय पर्व की शुरुआत 6 नवंबर को धनतेरस से होगी। धनतेरस पर सोना-चांदी और बर्तन खरीदने के साथ झाड़ू, साबुत धनिया और कौड़ी खरीदने की भी परंपरा है। इन तीनों चीजों को मां लक्ष्मी और घर की सुख-समृद्धि से जोड़कर देखा जाता है। झाड़ू को सफाई, साबुत धनिया को धन-धान्य और कौड़ी को समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। बताया जाता है कि इस बार 6 नवंबर को धनतेरस पर शाम 6:06 बजे से रात 8:02 बजे तक वृष लग्न में लक्ष्मी पूजन का मुहूर्त है। स्थिर लग्न में पूजा करने से धन-संपत्ति और वैभव स्थिर रहने की धार्मिक मान्यता है।

युवा संसद में एक राष्ट्र, एक चुनाव पर युवाओं ने रखे विचार

चंदौली। क्षेत्र के पचफेड़वा स्थित रामबिलास शिक्षण संस्थान महिला महाविद्यालय में बुधवार को जिला स्तरीय विकसित भारत युवा संसद 2026-27 का आयोजन किया गया। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत मेरा युवा भारत की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न महाविद्यालयों से आए युवा प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। कार्यक्रम में स्व० रामविलास सिंह शिक्षण संस्थान के प्रबंध निदेशक छत्रबली सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। युवा संसद में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' विषय पर प्रतिभागियों ने अपने विचार और तर्क प्रस्तुत किए। उन्होंने लोकसभा, विधानसभा, नगर निकाय और पंचायत चुनाव एक साथ कराने के प्रस्ताव के विभिन्न पहलुओं पर अपनी बात रखी। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. वसुंधरा चरण, डॉ. पवन गुप्ता, डॉ. ऋतु खरवार, डॉ. दयाशंकर सिंह यादव और डॉ. वंदना कुमारी शामिल रहीं।

बबुरी थाने की व्यवस्थाओं को परखने पहुंचे सीओ

बबुरी । थानों की कार्यप्रणाली में सुधार और पुलिस व्यवस्था को अधिक जवाबदेह बनाने के उद्देश्य से बुधवार की दोपहर क्षेत्राधिकारी पीडीडीयू नगर अरुण कुमार सिंह ने बबुरी थाने का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाने में संचालित विभिन्न व्यवस्थाओं को बारीकी से परखा और संबंधित पुलिसकर्मियों से आवश्यक जानकारी हासिल की। क्षेत्राधिकारी ने निरीक्षण के दौरान थाने के मालखाने में रखे सामानों एवं मुकदमों से संबंधित जब्त सामग्री के रखरखाव की स्थिति देखी। इसके अलावा त्योहार रजिस्टर, अपराध रजिस्टर और अन्य महत्वपूर्ण अभिलेखों का अवलोकन किया। उन्होंने अभिलेखों में दर्ज सूचनाओं की स्थिति तथा उनके नियमित रखरखाव के संबंध में जानकारी ली। महिला हेल्प डेस्क पहुंचकर महिलाओं की शिकायतों की सुनवाई और उनके निस्तारण की प्रक्रिया का भी जायजा लिया। सीओ ने थाना परिसर की साफ-सफाई, कार्यालय व्यवस्था और पुलिसकर्मियों की कार्यप्रणाली का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की दी जानकारी

पड़ाव। यातायात नवंबर माह के तहत बुधवार को नियामताबाद के सेमरा स्थित सेंट हनीफ इंटरमीडिएट स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम हुआ। अधिकारियों ने छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी दी और उनका पालन करने की अपील की। कार्यक्रम में यातायात क्षेत्राधिकारी कृष्ण मुरारी शर्मा, यातायात प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र यादव और प्रभारी निरीक्षक सत्य प्रकाश यादव मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि सड़क हादसों की प्रमुख वजह यातायात नियमों की अनदेखी और लापरवाही है। उन्होंने दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाने और तय गति सीमा में वाहन चलाने की सलाह दी। सड़क पार करते समय सावधानी बरतने को भी कहा। विद्यार्थियों को नाबालिगों के वाहन न चलाने और वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करने की सलाह दी गई। अधिकारियों ने कहा कि नियमों का पालन अपनी और दूसरों की सुरक्षा के लिए करना चाहिए। विद्यार्थियों से अपील की गई कि वे खुद नियमों का पालन करें और अपने परिवार व आसपास के लोगों को भी जागरूक करें। हर वर्ष नवंबर माह में यातायात पुलिस विभाग द्वारा छोटे बड़े वाहन चालकों को सड़क पर चलने व सुरक्षा के बाबत जागरूक किया जाता है।

एलबीएस पीजी कालेज में रोजगार मेले का आयोजन

मुगलसराय। नियामताबाद स्थित लाल बहादुर शास्त्री पीजी कॉलेज में जिला सेवायोजन कार्यालय चंदौली की ओर से विधानसभा स्तरीय वृहद रोजगार मेला-2026 का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के तहत आयोजित इस मेले में करीब 26 कंपनियों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। कंपनियों के प्रतिनिधियों ने विभिन्न पदों के लिए अभ्यर्थियों का साक्षात्कार एवं चयन प्रक्रिया पूरी की। रोजगार मेले में 8वीं, 10वीं, 12वीं, आईटीआईए डिप्लोमा और स्नातक उत्तीर्ण युवाओं को रोजगार पाने का अवसर दिया गया। इसमें विभिन्न औद्योगिक एवं निजी क्षेत्र की कंपनियों ने ऑपरेटर, प्रोडक्शन, इलेक्ट्रिशियन, फिटर, मशीन ऑपरेटर, सुपरवाइजर और तकनीकी पदों के लिए रिक्तियां उपलब्ध कराईं। कंपनियों की ओर से 14 हजार से लेकर 35 हजार रुपये तक के मासिक पैकेज की पेशकश की गई। रोजगार के अवसर गौतमबुद्ध नगर, गुरुग्राम, फरीदाबाद, बेंगलुरु, पुणे,अहमदाबाद सहित विभिन्न शहरों में उपलब्ध कराए गए। जिला सेवायोजन अधिकारी ओम जी गुप्ता ने बताया कि प्रदेश सरकार और रोजगार विभाग की ओर से प्रत्येक जिले में विधानसभा स्तर पर वृहद रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शासन का उद्देश्य युवाओं को रोजगार से जोड़कर हर हाथ को काम उपलब्ध कराना है। भविष्य में इससे अधिक कंपनियों को आमंत्रित करने का प्रयास किया जाएगा।

ग्रामीण क्षेत्र में दर्जनों अवैध पटाखे की दुकानें सजी

धानापुर । दीपावली का त्योहार नजदीक आते ही धानापुर कस्बे सहित आसपास के चट्टी-चौराहों तक पटाखों की दुकानें सज गई हैं। बाजार में जगह-जगह पटाखों की बिक्री हो रही है, लेकिन इन दुकानों की वैधता और सुरक्षा व्यवस्था की जांच को लेकर प्रशासनिक कार्रवाई पर सवाल खड़े होने लगे हैं। हैरानी यह है कि कस्बे में पटाखों की लाइसेंसशुदा एकमात्र दुकान बताई जा रही हैए जबकि बिक्री के लिए सैकड़ों दुकानें खुलने की बात सामने आ रही है। ऐसे में सवाल है कि बाकी दुकानों की जांच कौन करेगा। दीपावली को देखते हुए सकलडीहा एसडीएम आकांक्षा सिंह और क्षेत्राधिकारी कृष्णमूर्ति शर्मा ने धानापुर कस्बे में डॉ. सत्यप्रकाश की लाइसेंसशुदा पटाखा दुकान का निरीक्षण किया। प्रशासन ने लाइसेंसशुदा दुकान की जांच तो कीए लेकिन क्षेत्र में जगह-जगह संचालित अन्य पटाखा दुकानों की तरफ कोई झाका तक नहीं इस प्रकार दो तरफा कार्य को लेकर सवाल बरकरार हैं। स्थानीय स्तर पर चर्चा है कि कस्बे के अलावा विभिन्न चट्टी-चौराहों पर भी पटाखों की दुकानें सज चुकी हैं। ऐसे में इन दुकानों के लाइसेंस और सुरक्षा मानकों की जांच भी जरूरी है।

श्रीरामलीला में लंका दहन लीला का सजीव मंचन

सैयदराजा। शिवानगर की प्रसिद्ध 133 वर्ष पुरानी श्रीरामलीला में सीता की खोज, अक्षय कुमार वध एवं लंका दहन लीला का सजीव मंचन किया गया। लीला का मंचन देखकर दर्शक भाव विभोर हो उठे। मंचन में वानरराज सुग्रीव हनुमान को तथा पूरी वानर सेना को सीता को खोजने के लिए चारों दिशाओं में भेज देते हैं। सीता की खोज करते-करते हनुमान दक्षिण दिशा में समुद्र के किनारे पहुंचते हैं जहां पर जटायु के भाई संपाती से मुलाकात होती है और गिद्धराज संपाती ने हनुमान को बताते हैं कि सीता जी लंका के अशोक वाटिका में हैं। हनुमान जी अशोक वाटिका में बैठी माता सीता को भगवान राम की दी हुई मुद्रिका दिखाते हैं, तभी सीता पहचान जाती हैं कि यह कोई राम का दूत है । हनुमान भगवान राम की पूरी दशा बताते हैं। हनुमान सीता से आज्ञा लेकर अशोक वाटिका में लगे फलों को खाने लगते हैं और पूरी अशोक वाटिका को तहस-नस कर देते हैं। अशोक वाटिका के रक्षक जब लंका पति रावण को अशोक वाटिका उजाड़ने की खबर बताते हैं तो रावण अपने पुत्र अक्षय कुमार को वानर को पकड़ कर लाने का आदेश देता है। पिता कि आज्ञा पाकर अक्षय कुमार अशोक वाटिका जाता है और हनुमान को युद्ध करने के लिए ललकारता है। हनुमान अक्षय कुमार का वध कर देते हैं । जब यह सूचना रावण को मिलती है कि एक वानर ने अक्षय कुमार का वध कर दिया तब वह अपने पुत्र मेघनाथ को आदेश देता है कि वानर को जीवित पड़कर लंका दरबार में लेकर आओ। पिता कि आज्ञा पाकर मेघनाद हनुमान के पास जाता है। हनुमान और मेघनाद के बीच घनघोर युद्ध होता है । बाद में मेघनाद हनुमान पर ब्रह्मफास छोड़ देता है। ब्रह्मफास का मान रखने के लिए हनुमान ब्रह्मफास में वध जाते हैं । मेघनाद हनुमान को लेकर लंका जाता है और रावण के सामने पेश करता है। तभी रावण हनुमान का बध करने का आदेश देता हैं।

नाले का ढक्कन हटाकर छोड़ने से भड़के ग्रामीण, एक घंटे तक किया चक्काजाम

पड़ाव। पड़ाव से बहादुरपुर जाने वाले मार्ग पर सुजाबाद वार्ड एवं मढ़िया गांव के ग्रामीणों ने मंगलवार की दोपहर नाले की सफाई के बाद ढक्कन नहीं लगाए जाने और निकाली गई गंदगी सड़क किनारे छोड़ने के विरोध में चक्काजाम कर प्रदर्शन किया। करीब एक घंटे तक चले जाम से आवागमन बाधित रहा। सूचना पर पहुंची सुजाबाद चौकी पुलिस ने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर जाम समाप्त कराया। ग्रामीणों का आरोप है कि दो दिन पूर्व संबंधित विभाग द्वारा नाले की सफाई के दौरान ढक्कन हटाया गया था। नाले की आगे तक सफाई करने के बाद ढक्कन दोबारा लगाया जाना था, लेकिन विभाग ने खुले नाले को ही छोड़ दिया। इससे मार्ग के किनारे रहने वाले लोगों को काफी परेशानी हो रही थी। मंगलवार को एक बच्चा खुले नाले के गड्ढे में गिरकर चोटिल हो गया। इस घटना के बाद ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शन के दौरान सुजाबाद वार्ड के लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चंदौली के सांसद वीरेंद्र सिंह के पोस्टर लगाकर अपना विरोध जताया। स्थानीय लोगों के अनुसार, कुछ महीने पूर्व बरसात के दिनों में भी संबंधित विभाग द्वारा नाले की सफाई कराई गई थी, लेकिन इसके बावजूद नाला दोबारा चोक हो गया। करीब एक महीने से नाला चोक होने के कारण गंदा पानी सड़क पर बह रहा था। कई बार शिकायत करने के बाद विभाग द्वारा नाले की सफाई कराई जा रही थी। ग्रामीणों का कहना था कि दीपावली पर लोग अपने घर और दरवाजे की साफ-सफाई करते हैं, जबकि उनके घरों के सामने नाले से निकाली गई गंदगी छोड़ दी गई है। ग्रामीणों ने नाले पर ढक्कन लगवाने, गंदगी हटवाने और नियमित सफाई कराने की मांग की।



जुआ खेलते तीन गिरफ्तार

चन्दौली। उच्चाधिकारीगण के कुशल निर्देशन में थानाध्यक्ष मुगलसराय अर्जुन सिंह के कुशल नेतृत्व में 04 नवम्बर को थाना मुगलसराय पुलिस टीम द्वारा रात्रि गश्त एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की जा रही थी कि मुखबिर की सूचना पर ग्राम सहजौर स्थित संत रविदास मंदिर के पास खाली खेत में छापेमारी कर जुआ खेल रहे व्यक्तियों को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पुलिस बल को देखकर जुआ खेल रहे व्यक्ति ताश के पत्ते फेंककर भागने लगे, जिनमें से पुलिस टीम द्वारा 03 अभियुक्तों को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि अन्य व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। मौके पर जुआ खेलने के फड़ से 5,100 नगद तथा 52 ताश के पत्ते बरामद हुए। इस संबंध में थाना स्थानीय पर सार्वजनिक जुआ अधिनियम, के तहत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। फरार व्यक्तियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी हेतु प्रयास किए जा रहे हैं।

राष्ट्रीय नदी गंगा उत्सव पर गंगा संरक्षण का लिया संकल्प

चहनियां। राष्ट्रीय नदी गंगा उत्सव प्रत्येक वर्ष 4 नवंबर को मनाया जाता है। इसी दिन वर्ष 2008 में भारत सरकार ने मां गंगा को राष्ट्रीय नदी घोषित किया था। इस अवसर पर जिलाधिकारी चंद्र मोहन गर्ग और प्रभागीय वनाधिकारी बी शिवशंकर के कुशल निर्देशन में गंगा के संरक्षण, स्वच्छता, अविरलता एवं निर्मलता के प्रति बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनी घाट पर जनजागरूकता का संदेश दिया गया । जागरूकता रैली पूरे बाजार और आस पास होते हुए पश्चिम वाहिनी घाट पर सभा आयोजित हुई । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता अरविन्द पाण्डेय ने कहा गंगा भारतीय संस्कृति, सभ्यता, आस्था और जीवन का आधार है। गंगा के जल को स्वच्छ रखना केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं,बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। गंगा में कूड़ा-कचरा, प्लास्टिक, पूजन सामग्री एवं अन्य अपशिष्ट डालने से बचना चाहिए। जिला परियोजना अधिकारी दर्शन निषाद ने कहा कि चंदौली जनपद के बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनी गंगा घाट का भी धार्मिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से विशेष महत्व है। कार्यक्रम के अंत में बाल्मीकि इंटर कालेज के छात्र छात्राओं और उपस्थित लोगों ने जन जागरूकता अभियान चलाया। लोक गीत के माध्यम से बिरहा राजेश पाण्डेय और प्रभु निषाद ने प्रस्तुत किया । गंगा सेवा समिति, बलुआ के माध्यम से भी गंगा संरक्षण, घाट की स्वच्छता और जनजागरूकता के प्रयासों को निरंतर आगे बढ़ाने का संकल्प है। कार्यक्रम का संचालक गंगा सेवा समिति के अध्यक्ष दीपक जायसवाल ने किया। इस अवसर पर अंकित जायसवाल, राजेश सोनकर, राज साहनी, मनोज साहनी, विनय रस्तोगी, राजेश साहनी, बृजेश साहनी, धीरज मोदनवाल,जुगनू पासवान आदि लोग उपस्थित रहे।



राम-जानकी मठ मंदिर में चालीसवां मानस सम्मेलन

चंदौली। नगर पंचायत चंदौली स्थित राम जानकी मठ मंदिर में आयोजित आध्यात्मिक चालीसवें मानस सम्मेलन में आठवीं दिवस की कथा में मैनपुरी से पधारे हुए व्यास कमल नयन महाराज ने कहा कि रामचरितमानस पूर्ण वैज्ञानिक सद्ग्रंथ भी है जिसमें विश्व कल्याण की कामना की गई है यह किसी एक वर्ग के लिए नहीं बल्कि सभी संप्रदाय के लिए संजीवनी बूटी की तरह है संसार का जो भी व्यक्ति इसके राह पर चलेगा उसे धर्म अर्थ काम मोक्ष की प्राप्ति होकर रहेगी अर्थ धर्म काम अभि चारी कहां हो ज्ञान विज्ञान बिचारी । राम चरित्र मानस पंचम वेद है सभी शास्त्र वेद पुराण स्मृतियों का सार है यह आध्यात्म को जागृत करता है। इसके पाठ वचन करने से अंतरिक्ष को भी पावन कर देती है पेड़ पौधे जड़ चेतन को भी निर्मल बना देती है हनुमान जी उड़ान भर के समुद्र पार होते हैं संजीवनी लाते हैं हमारे रघुनंदन राजा राम छत् मुकुट तान्टक सब हते एक ही बान सबके देखत मही परे मरम न कोउ जान । यह पूर्ण विज्ञान है भगवान राम के अमोघ बाण में पांच गुण थे एकता अनेकता भिन्नता और दृश्यता प्रविष्टता पूर्ण विज्ञान कहने का मतलब भारतीय रामचरितमानस सामाजिक धार्मिक आर्थिक वैज्ञानिक आध्यात्मिक पौराणिक सब ग्रंथ है अत: सभी मानव प्राणियों को रामचरितमानस का अपने बच्चों के साथ प्रतिदिन पाठ सुनना चाहिए। आरती समय संतोष तिवारी, ओ पी सिंह, अनिल सिंह, जय शन्कर दूबे, हरि द्वार सिंह, शिव बच्चन सिंह, राजनारायण विश्वकर्मा, पंकज तिवारी, चन्द्र भानु सिंह, राम चन्द्र यादव, मणिशंकर पान्डेय, सूर्य मुनि तिवारी सुदर्शन सिंह पिन्टू सिंह राम नगीना सिंह मैजूद रहे।

पाइपलाइन लीकेज ,घरों में नहीं पहुंच रहा जल

कमालपुर। स्थानीय कस्बा क्षेत्र के जमुरखा गांव में पेयजल पाइपलाइन पिछले एक माह से अधिक क्षतिग्रस्त पड़ी है। इससे प्रतिदिन हजारों लीटर स्वच्छ

अवैध पटाखा फैक्टरी का भण्डाफोड़, दो गिरफ्तार

भारी मात्रा में विस्फोटक बारूदी सामान बरामद

मड़ियाहूं। पुलिस अधीक्षक जौनपुर के कड़े निर्देशन में अपराधियो के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में सहायक पुलिस अधीक्षक क्षेत्राधिकारी गोल्डी गुप्ता तथा कोतवाल विनोद कुमार मिश्र के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर पुलिस अवैध पटाखा बनाने वाली फैक्टरी की तहकीकात करने में लग गई जिसमे ड्रोन कैमरे की सहायता से नगर के भंडारिया टोला में अवैध संचालित पटाखा फैक्ट्री का पुलिस को पता चला जिसपर बड़ी कार्यवाही करते हुए पुलिस ने छापा मारा और सम्पूर्ण माल को देखा तो पुलिस के होश उड़ गए। इसपर बड़ी कार्यवाही करते हुए पुलिस ने विभिन्न प्रकार के उपकरण तथा भारी मात्रा में बारूद व विस्फोटक सामग्री बरामद किया जिसका आंकड़ा कई कुंतलो में है। तथा बेटा कैफ पुत्र इम्तियाज निवासी



इस कार्य में लिप्त बाप बेटे दो लोगो को जिसमे इम्तियाज अहमद पुत्र बाबू मिया गण भंडरिया टोला कस्बा मड़ियाहूं को गिरफ्तार कर लिया जिनके विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए जेल भेज दिया।बरामदगी में भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री, बारूद, उपकरण सहित काफी संख्या सामग्री बरामद किया गया है। इस कार्य को अंजाम देने में कोतवाल विनोद कुमार मिश्र, उपनिरीक्षक प्रसिद्ध नारायण सिंह, नायब तहसीलदार शीतला प्रसाद सिंह, कास्टेबल श्रीप्रकाश तिवारी, अजय सिंह, अभिषेक पाठक, विकास सिंह, अर्चना चौरसिया, अंकिता राजपूत सहित अन्य पुलिस टीम मौके पर मौजूद रही।

डीएम ने क्राप कटिंग का किया निरीक्षण

जौनपुर। जिलाधिकारी सैमुअल पाल एन. ने विकासखंड करंजाकला के ग्राम कोहड़ा में क्रॉप कटिंग कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने फसल कटाई की प्रक्रिया देखी और अधिकारियों से उत्पादन के आंकड़ों की जानकारी ली। डीएम ने निर्देश दिया कि क्रॉप कटिंग निर्धारित मानकों के अनुसार पारदर्शी एवं निष्पक्ष तरीके से कराई जाए, ताकि फसल की वास्तविक उत्पादकता का सही आकलन हो सके। इस अवसर पर तहसीलदार, उप कृषि निदेशक अश्वनी सिंह, जिला कृषि अधिकारी विनय सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

मछलीशहर। जल जीवन मिशन में ड्यूटी पर जा रहे दो युवक सड़क हादसे का शिकार हो गए। एक की मौत हो गई, दूसरा घायल है। गोहका निवासी विकास पुत्र बाबूलनाथ (27) अपने साथी के साथ फतेहगंज स्थित जल जीवन मिशन स्टोर में चौकीदारी करता था। मंगलवार रात दोनों बाइक से जा रहे थे, तभी फुटहवा इनारा के पास पीछे से आ रही वैगनआर कार ने टक्कर मार दी। बाइक सामने बिजली के पोल से टकरा गई। विकास के सिर में गंभीर चोट से मौके पर मौत हो गई। दूसरे युवक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सिकरारा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



एक नज़र इधर भी

खेत बचाओ अभियान के दूसरे दिन भारी संख्या में जागरूक हुए किसान

बरसठी। खेतों की उर्वरा शक्ति बचाने और कृषि को टिकाऊ बनाने के उद्देश्य से कृषि विभाग की ओर से 22 अक्टूबर से 30 नवंबर तक खेत बचाओ अभियान चलाया जा रहा है। दूसरे दिन बुधवार को आदमपुर और आलमगंज ग्राम पंचायत में किसानों को जागरूक किया गया। आदमपुर में प्रथम पाली और आलमगंज में द्वितीय पाली में आयोजित कार्यक्रम में सहायक विकास अधिकारी कृषि सर्वेश कुमार पाल ने मृदा परीक्षण, मृदा स्वास्थ्य कार्ड और मिट्टी में जीवांश कार्बन बढ़ाने के उपाय बताए। उन्होंने घटते जीवांश कार्बन पर चिंता जताई। डॉ. सुनील कुमार ने समन्वित पोषण एवं कीट प्रबंधन तथा संतुलित उर्वरक प्रयोग की जानकारी दी। धर्मराज वर्मा ने पराली प्रबंधन, फसल अवशेष जलाने के दुष्परिणाम और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के बारे में बताया। किसानों को वर्मी कम्पोस्ट, हरी खाद, ढैंचा-सनई की खेती, बीज शोधन, फसल चक्र और सहफसली खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। दोनों गांवों के प्रधानों ने योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। इस मौके पर राजकुमार पटेल, श्वेता यादव, सुनील गुप्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

युवती का फोटो सोशल मीडिया पर किया वायरल, मुकदमा दर्ज

पवांरा। युवती का इन्ट्राग्राम आईडी व अन्य नाम से आईडी बनाकर गलत तरीके से दूसरे व्यक्ति के साथ जोड़कर व मिक्सिंग कराकर वायरल करने पर पुलिस ने एक युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर लिया है। जानकारी के अनुसार थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने थाने पर लिखित तहरीर दिया और आरोप लगाया कि गांव का ही अनुज पाण्डेय पुत्र रमेश पाण्डेय से उसका जमीनी-विवाद चल रहा है। इसी बात को लेकर वह उसके नाम से इन्स्टाग्राम आईडी व अन्य नाम से भी आईडी बनाकर उसकी फोटो गलत तरीके से दूसरे व्यक्ति के साथ जोड़कर व मिक्सिंग कराकर वायरल कर रहा है तथा उसे बदनाम कर रहा है। फोन करके उसे भद्दी-भद्दी गालियां देता है और उसकी शादी होने में रुकावटे पैदा करता है। इस प्रकरण में प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि युवती की तहरीर के आधार पर उक्त के खिलाफ मुकदमा दर्जकर लिया गया है और आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

रबी अभियान की तैयारियों को लेकर डीएम की बैठक

जौनपुर। जिलाधिकारी सैमुअल पाल एन. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में रबी अभियान 2026-27 की तैयारियों को लेकर कृषि एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक हुई। डीएम ने किसानों को समय से गुणवत्तापूर्ण बीज, खाद एवं कृषि रक्षा रसायन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जनपद में धान खरीद के लिए 161 क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। किसान इन केंद्रों पर धान बेचकर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का लाभ उठा सकते हैं। साथ ही किसानों की फार्मर रजिस्ट्री पूर्ण कराने, नहरों की सफाई तथा सभी टेल तक समय से पानी पहुंचाने के निर्देश दिए। डीएम ने फसल बीमा योजना के तहत चक्रवात से फसलों को हुए नुकसान का मुआवजा दिलाने का भी आश्वासन दिया। बैठक में सीडीओ नरेंद्र बहादुर सिंह, उप कृषि निदेशक डॉ. अश्वनी कुमार सिंह, जिला कृषि अधिकारी विनय सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं किसान मौजूद रहे।

भाजपा किसान मोर्चा में जिला मंत्री बनाये जाने पर खुशी

तेजीबाजार। क्षेत्र के गौराखुर्द निवासी विकास सिंह को भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति एवं किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष भूपेश कुमार सिंह ने जिला मंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी हैं। जिला मंत्री बनाये जाने की सूचना मिलते ही घर परिवार में खुशी की लहर दौड़ पड़ी, वही विकास सिंह ने कहा कि संगठन द्वारा सौंपी गयी जिम्मेदारियों को पूर्ण निष्ठा, समर्पण एवं ईमानदारी के साथ करते हुए किसानों के हितों की रक्षा और संगठन को मजबूत बनाने के लिए निरंतर प्रयास करूंगा। विकास सिंह ने किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष भूपेश कुमार सिंह एवं पूर्व गृह राज्य मंत्री कृपाशंकर सिंह व इनकी पुत्री सुनीता सिंह सहित भाजपा के जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति के प्रति आभार व्यक्त किया है।

नारी शक्ति का सम्मान, सुरक्षा एवं शिक्षा का अवसर ही असली पूजा-डा. विवेक

श्री लक्ष्मी पूजा महासमिति (ट्रस्ट) का ४१वां पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न

जौनपुर। मां लक्ष्मी की पूजा तभी सार्थक होगी जब हम घर की माताओं-बेटियों के साथ समाज की प्रत्येक महिला को सम्मान, सुरक्षा और शिक्षा का समान अवसर देंगे। उक्त बातें श्री लक्ष्मी पूजा महासमिति ट्रस्ट द्वारा नगर में आयोजित 41वें पुरस्कार वितरण समारोह में सपा नेता डा. विवेक यादव ने बतौर मुख्य अतिथि कही। इसीक्रम में अति विशिष्ट अतिथि इं. कृष्ण कुमार जायसवाल मुन्नू पूर्व महामंत्री काशी क्षेत्र भाजपा ने कहा कि नारी को मां लक्ष्मी एवं दुर्गा का स्वरूप मानकर उसका सम्मान करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। जब तक महिलाएं सुरक्षित और सम्मानित नहीं होंगी तब तक देश की वास्तविक प्रगति सम्भव नहीं है। इसके पहले उपरोक्त अतिथियों के अलावा विशिष्ट अतिथि डा. प्रशांत द्विवेदी प्रकाश डेंटल क्लीनिक, कार्यक्रम संयोजक जगदीश प्रसाद मौर्य गप्पू राष्ट्रीय सचिव मुलायम यूथ ब्रिग्रेड एवं विशिष्ट अतिथि प्रीति गुप्ता जिलाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा ने मां लक्ष्मी के चित्र पर पुष्प अर्पित करके समारोह का शुभारम्भ किया। इसके बाद पूर्व अध्यक्ष चन्द्रशेखर निषाद बबलू, दीपक अग्रहरि, कृष्णकान्त विश्वकर्मा, कृष्ण कुमार यादव, राकेश वर्मा, शिवा गुप्ता, अंकित यादव, दिलीप जायसवाल, दिनेश यादव फौजी सहित अन्य लोगों ने मंचासीन अतिथियों का स्वागत माल्यार्पण एवं अंगवस्त्रम से किया। तत्पश्चात पूर्व अध्यक्ष लाल बहादुर यादव नैपाली, श्री गणपति पूजा महासमिति ट्रस्ट के संस्थापक/अध्यक्ष संजीव यादव, वरिष्ठ पत्रकार संजय अस्थाना, संस्थापक पुत्र वैभव वर्मा सहित अन्य वक्ताओं ने अपना विचार व्यक्त किया, जिसके बाद निर्णायक मण्डल के पुराने सदस्य अंजनी



प्रजापति, शिवेन्द्र गुप्ता, रश्मि केसरवानी, सीमा चक्रवाल, दीक्षा अग्रहरि को सम्मानित करते हुये निर्णायक मण्डल के नये सदस्य शान्तनु गुप्ता, रिया गुप्ता, आशीष पाण्डेय शिक्षक को मुख्य अतिथि ने शपथ दिलायी। साथ ही समाजसेवी प्रत्युष गुप्ता बच्चा, भजन गायक अभिषेक मयंक, तेलंगाना के पत्रकार अजय शुक्ला सहित तमाम गणमान्य लोगों को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में विशिष्ट अतिथि प्रशांत द्विवेदी ने सनातन धर्म के महत्व पर प्रकाश डालते हुये नशा मुक्ति पर बल दिया। साथ ही पूजन समितियों से अपील किया कि वे पूजा पण्डालों और विसर्जन कार्यक्रमों में शान्ति, सौहार्द एवं अनुशासन बनाये रखें। विशिष्ट अतिथि प्रीति गुप्ता ने नारी शक्ति पर चर्चा करते हुये हर अच्छे आयोजनों में महिलाओं को आगे आने का आह्वान किया। साथ ही आगे कहा कि जौनपुर की लक्ष्मी पूजा की पहचान शान्तिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण आयोजन से बनी रहनी चाहिये। इसी क्रम में कार्यक्रम संयोजक जगदीश मौर्य गप्पू ने शिक्षा को समाज और राष्ट्र की तरक्की का सबसे मजबूत आधार बताते हुये कहा कि दो वक्त की रोटी कम खा लें, कपड़े थोड़े सादे पहन लें लेकिन बच्चों की शिक्षा से कभी समझौता न करें। इस मौके पर आये लोगों का स्वागत पूर्व अध्यक्ष चन्द्रशेखर निषाद बबलू एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष राहुल सिंह ने संयुक्त रूप से किया। अन्त में संस्थापक पुत्र वैभव वर्मा ने समस्त आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महासमिति के संस्थापक सदस्य डा. राम नारायण सिंह एवं संचालन संरक्षक रामजी जायसवाल ने किया।

मड़ियाहूं पीजी कालेज में छह को सजेगा वृहद रोजगार मेला

जनपद के हजारों युवाओं को मिलेंगे नौकरी के अवसर, पंजीकरण प्रक्रिया शुरू

मड़ियाहूँ। उत्तर प्रदेश के युवाओं को मुख्यधारा के रोज़गार से जोड़ने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया जा रहा है। जिला सेवायोजन कार्यालय, जौनपुर और मड़ियाहूँ पीजी कॉलेज, जौनपुर के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 6 नवंबर 2026 को कॉलेज परिसर में एक विशाल वृहद रोज़गार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस मेगा इवेंट को सफल बनाने के लिए कॉलेज प्रशासन और सेवायोजन विभाग ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर सुरेश कुमार पाठक द्वारा सभी विभागों के प्राध्यापकों को सख्त निर्देश जारी किए गए हैं कि वे अपने-अपने विषयों के छात्र-छात्राओं के डिजिटल ग्रुप्स में इस सूचना को तत्काल फॉरवर्ड करें, ताकि सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों तक भी यह जानकारी समय से पहुँच सके। इस रोज़गार मेले में तकनीकी, गैर-तकनीकी, बैंकिंग, आईटी, रिटेल, मैन्युफैक्चरिंग और मार्केटिंग जैसे विभिन्न क्षेत्रों की बहुराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर की पचास से भी अधिक कंपनियाँ शामिल हो रही हैं। हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक, स्नातकोत्तर (पीजी) के साथ-साथ आईटीआई और डिप्लोमा धारक युवाओं के लिए भी उनकी योग्यता के अनुसार हज़ारों पदों पर रिक्तियाँ उपलब्ध होंगी। मेले में भाग लेने के लिए पहले ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। रजिस्ट्रेशन के लिए क्यू आर कोड और वेबसाइट तथा व टोल फ्री नंबर 155330 पर कर सकते है पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन 5 नवंबर 2026 तक कर सकते है साथ ही साथ अपना प्रोफाइल सुनिश्चित कर ले जिससे आपको काफी सुविधा होगी।

ताला तोड़कर जेवरात नकदी चोरी

सरायख्वाजा। थाना क्षेत्र के भैसनी गांव में मंगलवार की रात चोरों ने ताला तोड़कर घर से जेवरात व नगदी उठा ले गए। सुबह परिजनों ने देखा तो मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस पहुंचकर छानबीन में जुट गई ।जानकारी के अनुसार भैसनी गांव निवासी मंजू देवी का परिवार रोज की भाति खाकर सो गया और चोर रात में घर का दरवाजा तोड़कर सोने की लॉकेट पायल सोने की बाली वह चांदी के बिछुआ व नगदी उठा ले गए चोर कमरे में घुसे थे सभी बक्से अलमारी तोड़कर चोरी की और जब सुबह परिवार जागा तो देखा घर का ताला टूटा हुआ सारे बक्से टुटे कमरे का सामान बिखरा हुआ है।

रामलीला के मंच पर जीवंत हुई नारद मोह की लीला, श्रीकृष्ण पांडेय ने किया शुभारंभ

खुटहन। पिलकिछा में मंगलवार की रात भक्ति और आस्था का अनूठा संगम देखने को मिला। आदर्श रामलीला बाल कमेटी की ओर से आयोजित रामलीला का शुभारंभ वरिष्ठ भाजपा नेता एवं प्रधान संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीकृष्ण पांडेय उर्फ बड़कऊ ने फीता काटकर किया। इसके बाद मंच पर नारद मोह प्रसंग की मनमोहक प्रस्तुति हुई। कलाकारों के सजीव अभिनय और प्रभावशाली संवादों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उद्घाटन समारोह में श्रीकृष्ण पांडेय ने कहा कि रामलीला भारतीय संस्कृति और धार्मिक परंपराओं की अमूल्य धरोहर है। यह केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि भगवान श्रीराम के आदर्शों, मर्यादा, त्याग और नैतिक मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने के साथ ही समाज को सद्मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं इस अवसर पर कमेटी के अध्यक्ष शशिधर शर्मा, प्रबंधक सुधाकर शर्मा, संचालक पवन कुमार शर्मा तथा संरक्षक मुनिराज शर्मा, भवानी प्रसाद शर्मा, नरेंद्रनाथ उपाध्याय और शीतला प्रसाद शर्मा उर्फ पप्पू समेत बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।



प्रयोगशाला में उगाया आयस्टर मशरूम, बिस्कुट बनाने की तैयारी में विद्यार्थी

सरायख्वाजा। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के बीएससी एग्रीकल्चर के विद्यार्थियों ने कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह से उनके कार्यालय में मुलाकात कर स्वयं उत्पादित ताजा ऑयस्टर मशरूम भेंट किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने मशरूम उत्पादन की प्रक्रिया, अपनाई गई तकनीक और अपने व्यावहारिक अनुभवों को कुलपति के साथ साझा किया। भविष्य में मशरूम से बिस्कुट, नमकीन और समोसा जैसे खाद्य उत्पाद तैयार करने की दिशा में भी प्रयोग किए जाएंगे। विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह ने कहा कि कृषि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि विद्यार्थियों को प्रयोग और व्यावहारिक गतिविधियों के माध्यम से सीखने के अवसर भी मिलने चाहिए। इस तरह की पहल विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार और उद्यमशीलता की भावना विकसित करती है। उन्होंने कहा कि मशरूम उत्पादन कृषि के क्षेत्र में स्वरोजगार और उद्यमिता की बेहतर संभावनाएं प्रस्तुत करता है। कम स्थान और अपेक्षाकृत कम संसाधनों में भी इसका उत्पादन किया जा सकता है। विद्यार्थियों को ऐसे प्रयोगों को आगे बढ़ाते हुए कृषि की आधुनिक तकनीकों का उपयोग करना चाहिए और नए अवसरों की तलाश करनी चाहिए। विद्यार्थियों ने बताया कि ऑयस्टर मशरूम का उत्पादन उनके लिए कक्षा में प्राप्त ज्ञान को वास्तविक परिस्थितियों में लागू करने का उपयोगी अनुभव रहा। इससे उन्हें उत्पादन तकनीक के साथ-साथ कृषि आधारित उद्यम की संभावनाओं को समझने का अवसर मिला।



विद्यालय के पास मछली पालन का पट्टा, नागरिकों में आक्रोश

जंघई। विकास खंड मुंगराबादशाहपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत असवां में प्राथमिक विद्यालय से सटे स्कूल के पास स्थित तालाब का मछली पालन का पट्टा कर दिए जाने से प्राथमिक विद्यालय के छात्र छात्राओं छात्राओं, अभिभावकों एवं नागरिकों ने आपत्ति जताई है। उक्त गांव निवासी सत्य प्रकाश यादव ने उप जिलाधिकारी मछली शहर को दिए प्रार्थना पत्र में देकर कहा है कि तालाब से सटे प्राथमिक विद्यालय के बच्चों कमरा बनाया गया है जिसमें छात्र छात्राओं को दोपहर का मीड डे का भोजन बनता है तथा उसी सटा बस्ती है अगर समय रहते मछली पालन हेतु दिए गए पट्टा को शासन के द्वारा निरस्त नहीं किया गया तो बच्चों का मीड डे वर्कशॉप में बन रहे भोजन गन्दगी के चलते खाने योग्य नहीं रह जाएगा। शिकायती प्रार्थना पत्र पर हल्का लेखपाल सुरेश कुमार यादव के द्वारा जांच पड़ताल किया गया है अब वे किस दिशा में जांच पड़ताल करके शासन को अपनी आख्या उपलब्ध कराएंगे यह आने वाला समय ही बताएगा। फिलहाल ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी मछली शहर से मछली पालन का पट्टा निरस्त करने की मांग किया है और अगर मछली पालन का पट्टा निरस्त नहीं हुआ तो ग्रामीण धरना प्रदर्शन को बाध्य होंगे जिसकी सारी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

वन गमन सुन निकल आए दर्शकों के आंसू

जंघई। विकास खंड मुंगराबादशाहपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत असवां में आदर्श रामलीला एवं राघव सेवा ट्रस्ट के तत्वाधान में चल रही रामलीला के तीसरे दिन कैकेयी-वरदान और राम वन गमन प्रसंग का मार्मिक मंचन हुआ। मंथरा के बहकावे में आकर कैकेयी ने राजा दशरथ से दो वर मांगे - राम को चौदह वर्ष का वनवास और भरत का राज्याभिषेक। यह सुनते ही राजा दशरथ बेहोश हो गए। राजमहल में शोक छा गया। राम के वन गमन की बात सुनकर दर्शकों की आंखों से आंसू निकल आए। राम, सीता और लक्ष्मण के वन जाने के दृश्य ने सभी को भावुक कर दिया। कलाकारों के सजीव अभिनय से पंडाल में सन्नाटा छा गया। राम के वन जाने के पश्चात् राजा दशरथ को बहुत बड़ा सदमा लगा जिससे उनके प्राण पखेरू उड़ गए।

भेड़ चोरी का एक अभियुक्त गिरफ्तार

बोलेरो, नकदी बरामद

पवांरा। देवकीपुर गांव में 19/20 अक्टूबर की रात्रि घर के सामने बंधी भेड़ों को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया था। पुलिस अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जांच पड़ताल में जुट गयी थी। वहीं पुलिस एक अभियुक्त को नकदी व बोलेरो संग गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार थानाक्षेत्र के देवकीपुर गांव निवासी दीपचन्द्र पाल पुत्र राजबली पाल ने थाने पर लिखित तहरीर दिया था कि 19/20 अक्टूबर की रात्रि घर के सामने उसकी चालीस भेड़ें बंधी हुई थी कि उसी रात्रि अज्ञात चोरों द्वारा उसकी चालीस भेड़ों को चुरा लिया गया। काफी खोजबीन किया गया लेकिन कहीं पता नहीं चला। पुलिस



अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्जकर छानबीन में जुट गयी थी। वहीं तीन नवम्बर को मुखबिर खास की सूचना पर उपनिरीक्षक बाबूलाल साहनी ने कान्सटेबल धनंजय यादव व कान्सटेबल रामनिवास यादव के साथ एक अभियुक्त प्रभाकर कुमार पुत्र बसन्त लाल निवासी- जोरवट बारा थाना-शंकरगढ़ जिला-प्रयागराज को जोरवट बारा से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किये गये अभियुक्त के पास से 16500 रुपये नकद व एक बोलेरो भी बरामद किया। पुलिस गिरफ्तार किये गये अभियुक्त को चालान हेतु न्यायालय भेज दिया। वहीं प्रभारी निरीक्षक निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि गिरफ्तार किये गये अभियुक्त के अलावा भेड़ चोरी में और भी अभियुक्त शामिल हैं जिनकी तलाश की जा रही है और जल्द ही बाकी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

सिकरारा। जौनपुर प्रयागराज मार्ग पर फुटहवा इनारा के पास मंगलवार की रात तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक हादसे का शिकार हो गए। दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल का उपचार अस्पताल में चल रहा है।

घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस को दी गई तहरीर के मुताबिक, तीन नवंबर की रात करीब 8:30 बजे विकास गौतम पुत्र बाबूलनाथ निवासी गोहका थाना मछलीशहर अपने साथी विकास गौतम पुत्र छोटेलाल



गौतम के साथ बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में पीछे से आए तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मछलीशहर पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने विकास गौतम को मृत घोषित कर दिया, जबकि दूसरे का उपचार चल रहा है।

मामले में शिवकुमार पुत्र हरिलाल निवासी सुंदरपुर थाना बरसठी ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मुकदमा दर्ज करके जांच पड़ताल करने में जुट गई है।

शाहगंज में आज लगेगा रोजगार मेला

जौनपुर। जिला सेवायोजन कार्यालय की ओर से 5 नवम्बर को सुबह 10 बजे राधिका इंटरनेशनल कॉलेज, शाहगंज में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। जिला सेवायोजन अधिकारी जय प्रकाश पासवान ने बताया कि मेले में 20 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियों के शामिल होने की संभावना है। मेले में आठवीं, दसवीं, बारहवीं, स्नातक, परास्नातक, आईटीआई एवं डिप्लोमा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को विभिन्न पदों पर रोजगार का अवसर मिलेगा। इसमें टेक्निशियन, सुपरवाइजर, मशीन ऑपरेटर, कंप्यूटर ऑपरेटर, वेल्डर, इलेक्ट्रीशियन एवं सिक्योरिटी गार्ड सहित कई पदों पर चयन किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपने शैक्षिक एवं तकनीकी प्रमाणपत्रों की छायाप्रति और बायोडाटा के साथ निर्धारित स्थल पर पहुंचें। अभ्यर्थी रोजगार संगम पोर्टल पर निःशुल्क पंजीकरण कर भी आवेदन कर सकते हैं।

खिलाड़ी रोहित यादव का कुंवर पब्लिक स्कूल में भव्य स्वागत एवं सम्मान

सिकरारा। जनपद के अंतरराष्ट्रीय जैवलिन खिलाड़ी रोहित यादव का बुधवार को कुंवर पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल एवं माँ इसराजी देवी महाविद्यालय, रैया गुलजारगंज के प्रांगण में आगमन हुआ। इस अवसर पर विद्यालय एवं महाविद्यालय परिवार की ओर से उनका भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व माँ इसराजी देवी महाविद्यालय एवं कुंवर पब्लिक स्कूल के प्रबंधक रोहित सिंह यादव ने किया। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रोहित यादव को सम्मानित करते हुए उनकी खेल उपलब्धियों की सराहना की। इस दौरान उन्हें उनकी उपलब्धियों से जुड़ा आकर्षक चित्र स्मृति चिह्न के रूप में भेंट किया गया। प्रबंधक रोहित सिंह यादव ने कहा कि रोहित यादव ने अपनी मेहनत, लगन और प्रतिभा के दम पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जनपद जौनपुर का नाम रोशन किया है। उनकी सफलता क्षेत्र के युवाओं और विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए अनुशासन, निरंतर अभ्यास और दृढ़ इच्छाशक्ति बेहद जरूरी है। इस अवसर पर विद्यालय एवं महाविद्यालय के विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी के आगमन से विद्यार्थियों को खेल के प्रति प्रेरित होने का अवसर मिला। अंत में संस्थान परिवार ने रोहित यादव के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दीं।



सीमा सिंह ने आशा कार्यकर्ताओं को किया संबोधित

सुजानगंज। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर कार्यरत आशा बहूओ द्वारा परी हॉस्पिटल के परिसर में एक बैठक आयोजित की गई। इसमें आशा बहुओं की प्रदेश अध्यक्ष सीमा सिंह ने सैकड़ों की संख्या में उपस्थित आशा कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने प्रदेश सरकार से आशा बहुओं की लंबित मांगों को जल्द पूरा करने की अपील की ।सीमा सिंह ने कहा कि आशा बहुएं स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इसके बावजूद उनकी समस्याओं और मांगों पर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने सरकार से आशा कार्यकर्ताओं की मांगों पर गंभीरता से विचार कर उन्हें पूरा करने का आग्रह किया। चिकित्सक डॉ. इंद्रजीत निषाद सहित सैकड़ों की संख्या में आशा बहुएं उपस्थित रहीं।

लीलावती सिंह का निधन

बदलापुर। नगर पंचायत की चेयरमैन सीमा सिंह की सास एवं अध्यक्ष प्रतिनिधि उन्नत सिंह की माता लीलावती



सिंह का रविवार देर शाम निधन हो गया। वह लगभग 87 वर्ष की थीं और लंबे समय से बीमारी से पीड़ित चल रही थीं। उन्होंने अपने आवास पर अंतिम सांस ली। उनके निधन की जानकारी मिलते ही परिवार, रिश्तेदारों, इष्ट-मित्रों, शुभचिंतकों, नगर पंचायतवासियों सहित दूर-दराज के लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों के अनुसार, लीलावती सिंह काफी समय से अस्वस्थ चल रही थीं और उनका उपचार कराया जा रहा था। बीमारी से लंबी जंग लड़ने के बाद रविवार देर शाम उनका निधन हो गया। लीलावती सिंह स्वर्गीय ठाकुर रामचंद्र सिंह की पत्नी थीं ।उनके निधन की सूचना मिलते ही रिश्तेदारों, शुभचिंतकों एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों का परिवार को सांत्वना देने के लिए आवास पर पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया, जो रात से लेकर सोमवार सुबह तक जारी रहा। बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की और शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। दिवंगत लीलावती सिंह का अंतिम संस्कार वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर किया गया। वहां उनके ज्येष्ठ पुत्र राजू सिंह ने मुखाग्नि देकर उन्हें अंतिम विदाई दी। इस दौरान परिजनों एवं शुभचिंतकों की आंखें नम रहीं। उनके निधन से परिवार को अपूरणीय क्षति पहुंची है। क्षेत्र के लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

होटल मालिक पर असलहे के दम पर महिला से दुष्कर्म का आरोप

पीड़िता ने एसपी से लगायी न्याय की गुहार, जबरन समझौते का लगाया आरोप

मीरजापुर। कटरा कोतवाली क्षेत्र स्थित होटल विनायक के मालिक पर एक महिला ने असलहे के दम पर दुष्कर्म करने और अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।पीड़िता के मुताबिक, वह अप्रैल 2025 से होटल में बच्चों के पालन-पोषण के लिए नौकरी कर रही थी। आरोप है कि होटल मालिक अशोक कुमार सिंह और अन्य कर्मचारी उस पर गलत नजर रखते थे। इसकी शिकायत करने पर उसे होटल मालिक से मिलने के लिए कहा गया। पीड़िता का आरोप है कि अप्रैल 2025 में उसे प्रयागराज के एक होटल में ले जाया गया, जहां नशीला पदार्थ देकर उसके साथ दुष्कर्म किया गया। होश आने पर उसने अपने साथ हुई घटना का विरोध किया तो आरोपी ने अश्लील वीडियो बनाने की बात कहते हुए उसे धमकाया। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि आरोपी ने रिवाल्वर दिखाकर जान से मारने और उसके पति व बच्चे को नुकसान पहुंचाने की धमकी दी। पीड़िता ने मई-जून 2026 में भी दुष्कर्म किए जाने का आरोप लगाया है। प्रार्थना पत्र में पीड़िता ने कटरा कोतवाली पुलिस पर शिकायत के बाद जबरन समझौते पर हस्ताक्षर कराने का आरोप भी लगाया है। उसने मामले में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर निष्पक्ष जांच और सुरक्षा की मांग की है।

ट्रक ने मकान में मारी टक्कर, एक घायल

अदलहाट। स्थानीय थाना अंतर्गत वाराणसी शक्ति नगर मार्ग के किनारे हाजीपुर टप्पा रस्तोगी तालाब में मंगलवार की देर रात लगभग 10 बजे एक हाईवा ट्रक अनियंत्रित होकर मकान में टक्कर मार दी जिससे मकान का एक भाग ध्वस्त हो गया।



क्षतिग्रस्त मकान। छाया:आज

पास के कमरे में सो रहा गृहस्वामी रामचंदर उर्फ व्यास 54 वर्ष पुत्र स्वर्गीय अछैवर प्रजापति घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार राम सकल प्रजापति व रामचंदर प्रजापति दोनों भाई हाजीपुर गांव में निवास करते थे। इधर दो वर्षों से हाजीपुर सीमा अंतर्गत टप्पा रस्तोगी तालाब के निकट अपनी कृषि भूमि में वाराणसी शक्ति नगर किनारे मकान बनाकर निवास करते हैं तथा दुकान चलाते हैं। मंगलवार रात लगभग 10 बजे अनियंत्रित ट्रक बड़े भाई राम सकल के सामने के स्थित गुमती को रौंदते हुए रामचंदर उर्फ व्यास प्रजापति के मकान से टकरा गई, जिससे एक भाग ध्वस्त हो गया। कमरे में सो रहे रामचंदर प्रजापति घायल हो गए। परिवार के अन्य सदस्य दूसरे भाग में होने से बाल बाल बच गए। पीड़ित राम सकल प्रजापति ने बताया कि सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को चिकित्सालय भेजवाया तथा ट्रक को रात्रि में मौके से निकलवाकर थाने ले गई।

चार आरोपियों को किया गिरफ्तार, नकदी, ताश बरामद

मीरजापुर। अपराध नियंत्रण और जुआरियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कटरा कोतवाली पुलिस ने बुधवार को चार जुआरियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 275 रुपये नकद और 52 ताश के पत्ते बरामद किए। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर उपनिरीक्षक राकेश सिंह ने पुलिस टीम के साथ मुखबिर की सूचना पर नऊवा टोला स्थित बोरा वाली गली में छापेमारी की। इस दौरान सार्वजनिक स्थान पर जीत-हार की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे कल्लू उर्फ रेहान, मोहम्मद समीर, गोलू गुप्ता और इरफान को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ कटरा कोतवाली में मुकदमा के तहत सार्वजनिक जुआ अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की।

ओवरब्रिज का हिस्सा टूटा, बगल से गुजर रहे वाहन, हादसे का खतरा

एनएच १३५ की गुणवत्ता पर उठे सवाल, ५० किलोमीटर से अधिक हाईवे क्षतिग्रस्त होने का दावा

मीरजापुर। लालगंज रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग पर बस्तरा मोड़ स्थित ओवरब्रिज का एक हिस्सा टूट जाने से आवागमन को लेकर खतरा पैदा हो गया है। ओवरब्रिज का हिस्सा क्षतिग्रस्त होने के बावजूद वाहन चालक बगल से रास्ता बनाकर गुजर रहे हैं। ऐसे में किसी बड़े हादसे की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। पुल पर वाहनों का इस तरह निकलना राहगीरों की सुरक्षा के लिए गंभीर चिंता का विषय बना हुआ है। एनएच 135 के तहत निर्मित इस राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण दिलीप बिल्डकॉन कंपनी द्वारा कराया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब से हाईवे का निर्माण हुआ है। तभी से जगह-जगह मरम्मत का सिलसिला जारी है। आरोप है कि राष्ट्रीय राजमार्ग का 50 किलोमीटर से अधिक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो चुका है। सड़क के विभिन्न हिस्सों में टूट-फूट और मरम्मत की समस्या लगातार सामने आ रही है। ओवरब्रिज जैसे महत्वपूर्ण स्थान पर क्षति होने के बावजूद वाहनों का बगल से गुजरना दुर्घटना को न्योता दे सकता है। यदि समय रहते सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए तो कभी भी गंभीर हादसा हो सकता है। क्षेत्रीय लोगों ने एनएचएआई और संबंधित अधिकारियों से तत्काल मौके पर पहुंचकर क्षतिग्रस्त हिस्से का निरीक्षण कराने, वाहनों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित कराने की मांग की है।

अंडरपास को लेकर आयुक्त से मिला प्रतिनिधिमंडल

राजगढ़। रामपुर अड़तीस सहित लगभग आधे दर्जन गांवों की लगभग पांच हजार से अधिक की आबादी के लिए महज आधे किलोमीटर से एक किलोमीटर की दूरी को लगभग दस से बारह किलोमीटर की दूरी तय कर जरूरत की चीजों के लिए राजगढ़ बाजार जाना पड़ता है। जिसको लेकर रामपुर अड़तीस ग्राम पंचायत के ग्रामीण विगत दो महीने से लगातार अपनी मांगों को लेकर उच्चाधिकारियों को पत्र सौंप रहे हैं। इसी संबंध में बुधवार को रामपुर अड़तीस का एक प्रतिनिधिमंडल विन्ध्याचल मंडल के आयुक्त राजेश प्रकाश से मिला। इस दौरान आयुक्त राजेश प्रकाश ने प्रतिनिधिमंडल के साथ उपस्थित रेलवे विभाग के कर्मचारी, जिलाधिकारी व अन्य उच्चाधिकारियों की उपस्थिति में रेलवे अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए दो महीने के अंदर उचित समाधान निकालते हुए समस्या का समाधान करने का निर्देश दिया।

चौखड़ा इंटरमीडिएट कालेज के प्रबंध समिति चुनाव पर लगी रोक

राजगढ़। संयुक्त शिक्षा निदेशक ने श्री बृजराज आदर्श इंटर कॉलेज चौखड़ा की प्रबंध समिति के चुनाव की प्रक्रिया पर रोक लगा दी है। उन्होंने जिला विद्यालय के निरीक्षक से तीन दिन में स्पष्टीकरण मांगा है। मामला कॉलेज के प्रबंधक बृजेश कुमार सिंह के विगत तीन नवम्बर के पत्र से संबंधित है। उन्होंने प्रबंध समिति के चुनाव को लेकर जानकारी दी थी। मंडलीय समिति ने 27 अगस्त-2024 को चार जून 2023 को 2396 सदस्यों के साथ हुए चुनाव को अमान्य घोषित कर दिया था। समिति ने तीन जून 2018 की 2508 सदस्य की सूची से मृत सदस्यों को हटाकर दो महीने के भीतर नया चुनाव कराने का फैसला किया था। चुनाव जिला विद्यालय निरीक्षक और विभागीय पर्यवेक्षक की देखरेख में होना था। इस फैसले के खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका लंबित है। इन याचिकाओं में कमेटी आप मैनेजमेंट श्री बृजराज आदर्श इंटरमीडिएट कॉलेज चौखड़ा व अन्य बनाम उत्तर प्रदेश सरकार व अन्य पक्षकार हैं। याचिकाएं लंबित रहने के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक ने 28 अक्टूबर के पत्र के जरिए 15 दिन में चुनाव कराने की प्रक्रिया शुरू की थी और इसके लिए पर्यवेक्षक और चुनाव अधिकारी भी नामित कर दिए गए थे।संयुक्त शिक्षा निदेशक ने कहा कि रजिस्ट्रार, चिट्स फंड सोसाइटी वाराणसी से साधारण सभा के वैध पंजीकृत सदस्यों की नई सूची नहीं मिली है। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक से पूछा कि वैध सूची के बिना और मामला अदालत में लंबित रहते हुए चुनाव प्रक्रिया किन परिस्थितियों में शुरू की गई।

भरत के प्रेम और त्याग का प्रसंग सुन भावुक हुए श्रद्धालु

जमालपुर। विकास खंड के बहुआर गांव स्थित रविंद्रालय में श्रीराम कथा यज्ञ समिति के तत्वावधान में आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा के पांचवें दिन मानस बाल विदुषी शिखा तिवारी ने भरत के चित्रकूट प्रस्थान और प्रभु श्रीराम को मनाने के प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भरत का चरित्र भ्रातृ प्रेम, त्याग और निष्काम भक्ति का सर्वोच्च आदर्श है। अयोध्या लौटने पर घटनाक्रम की जानकारी मिलते ही उन्होंने राजपाट त्याग दिया और गुरु वशिष्ठ, माताओं तथा अयोध्यावासियों के साथ श्रीराम को वापस लाने चित्रकूट पहुंचे। राम-भरत मिलन और चरण पादुका धारण करने का प्रसंग सुन श्रद्धालु भावुक हो उठे। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख मंजू सिंह व आनंद सिंह बंटू ने व्यासपीठ का पूजन किया।

वार्षिकोत्सव अस्मिता में दिखी विविध संस्कृतियों की झलक

मीरजापुर। डैफोडिल्स पब्लिक स्कूल की संकट मोचन शाखा का वार्षिकोत्सव अस्मिता बुधवार को लोहिया तालाब परिसर में धूमधाम से आयोजित हुआ। विविध परंपराएँ, एक उत्सव थीम पर आधारित कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने देश की सांस्कृतिक विरासत, लोककलाओं और परंपराओं की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का दिल जीत लिया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि बिंदु सैनी, विद्यालय की निदेशक अपराजिता सिंह, अमरदीप सिंह, साहिबा, काशिका, प्रधानाचार्या पूजा अग्रवाल तथा अन्य शाखाओं के प्रधानाचार्यों और प्रशासकीय अधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में विद्यालय की सामाजिक पहल शेयर एंड केयर के तहत छह जरूरतमंद एवं होनहार छात्राओं को शिक्षा जारी रखने के उद्देश्य से साइकिल भेंट की गई। तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव के माध्यम से कुल 19 बेटियों की शिक्षा में दूरी को बाधा न बनने देने का संकल्प भी दोहराया गया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की शुरुआत प्री-प्राइमरी के बच्चों के फैंटेसी लैंड कार्यक्रम से हुई। इसके बाद यूकेजी से कक्षा आठ तक के विद्यार्थियों ने गोवा, पंजाब, असम, बंगाल और कश्मीर की संस्कृति प्रस्तुत की। महाराष्ट्र के गोंधल, गुजरात के गरबा और राजस्थान के कालबेलिया नृत्य ने विशेष आकर्षण बटोरा। कथक नृत्य और 'महादेव से महाकाल' की भक्तिमय प्रस्तुति ने समारोह को यादगार बना दिया। इसके अलावा कराटे, स्काउट्स, योग, ऑर्केस्ट्रा और गायन के जरिए विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। प्रधानाचार्या पूजा अग्रवाल ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल अकादमिक उपलब्धि नहीं, बल्कि बच्चों का सर्वांगीण विकास और उनमें आत्मविश्वास, अनुशासन तथा सांस्कृतिक मूल्यों का निर्माण करना है। आयोजन में सांस्कृतिक विभाग प्रभारी राधा गुप्ता, बलजीत कौर, शिवम, इक्रा अंजुम, प्रतिमा, स्वाति और मुस्तकीम सहित विद्यालय के शिक्षक-कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा। राष्ट्रगान और जय हिंद के उद्घोष के साथ समारोह संपन्न हुआ।



प्रस्तुति देते बच्चे। छाया:आज

लकड़ियों का बड़े पैमाने पर किया गया अवैध भंडारण, वनविभाग मौन

ड्रमंडगंज। एक तरफ सरकार वनावरण को बढ़ावा देने और वनों सुरक्षा के लिए तमाम प्रयास कर रही है। लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही से हरे भरे पेड़ो की धड़ल्ले से कटाई की जा रही है।ड्रमंडगंज वनरेंज के महेशपुर गांव के प्राथमिक विद्यालय के पीछे बड़े पैमाने पर आम, महुआ, शीशम आदि की लकड़ियों की बिक्री के लिए अवैध भंडारण कर रखा गया है। ग्रामीणों ने बताया कि लकड़ी कारोबारी द्वारा बहुत दिनों से प्राथमिक विद्यालय के पीछे विभिन्न प्रजातियों के पेड़ों की अवैध रूप से काटी गई लकड़ियों का अवैध रूप से भंडारण किया जा रहा है। बिना अनुमति के क्षेत्र में स्थित हरे पेड़ों का कटान होने से क्षेत्र की हरियाली गायब होती जा रही है। वहीं वनविभाग की उदासीनता से पेड़ों का धड़ल्ले से कटान किया जा रहा है, जिससे सरकार के मंसूबों पर पानी फिर रहा है। क्षेत्रीय लोगों ने लकड़ी का अवैध कारोबार करने वालों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई की मांग की है। डीएफओ वन प्रभाग राकेश कुमार ने बताया कि मामले की जांच के लिए उप प्रभागीय वनाधिकारी को निर्देशित किया गया है। लकड़ी का अवैध भंडारण करने वाले के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।



काटी गयी लकड़ी। छाया:आज

भगवान श्रीकृष्ण पर धीरेंद्र शास्त्री की टिप्पणी, काररवाई की मांग

अदलहाट। बागेश्वर धाम के कथावाचक धीरेंद्र शास्त्री द्वारा प्रवचन के दौरान भगवान श्रीकृष्ण पर की गई कथित टिप्पणी को लेकर श्रद्धालुओं में आक्रोश व्याप्त है। बुधवार को रस्तोगी तालाब स्थित शिव मंदिर परिसर में डॉ. मृत्युंजय पांडेय की अध्यक्षता में क्षेत्रीय श्रद्धालुओं की बैठक आयोजित की गई। इसमें धीरेंद्र शास्त्री की टिप्पणी पर कड़ी नाराजगी जताते हुए शासन से उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की गई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के प्रति की गई टिप्पणी निंदनीय और आपत्तिजनक है। सनातन धर्म में भगवान परशुराम, श्रीराम, श्रीकृष्ण सहित सभी अवतरित देवी-देवता श्रद्धालुओं के आराध्य हैं। सभी एक ही परमात्मा के अंश हैं, जिन्होंने युगों के अनुसार विभिन्न रूपों में अवतार लिया। ऐसे में किसी भी देवी-देवता पर आपत्तिजनक टिप्पणी करना उचित नहीं है। वक्ताओं ने धीरेंद्र शास्त्री की भाषा और उनके आचरण पर सवाल उठाते हुए उनकी गतिविधियों की जांच कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि देवी-देवताओं का अपमान किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। बैठक में सूर्यकांत पांडेय, विजय शंकर, विनोद कुमार जायसवाल, अशोक कुमार, कौशलपति, हरिशंकर सिंह, मृत्युंजय मिश्र, उमाशंकर दुबे, विनोद दुबे, धर्मकुमार सिंह, प्रकाश श्रीवास्तव, राजनाथ सिंह, कमलेश गुप्ता, रामबाबू, धर्म चौहान, सुनील दुबे और पारस यादव सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।

कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन

छानबे। क्षेत्र के बबुरा स्थित ठाकुर ब्रह्म दंगल कमेटी के द्वारा आयोजित कुस्ती दंगल के बाद परम्परागत रूप से बुधवार को महिलाओं के मेला का आयोजन किया गया। संगठन के अध्यक्ष राधे कृष्ण दुबे ने बताया कि काफी पुरानी परम्परा है कि दंगल के दूसरे दिन महिलाओं का मेला लगता है, जिसमें दुकानदार व सुरक्षा के लिए लगाए वालंटियर के अलावा पुरुषों का मेला में प्रवेश वर्जित रहता है। संयोजक धीरेंद्र सिंह ने बताया कि दो दिवसीय मेला में गट्टा व लाई की खरीदारी तेज़ी से होती है और रिस्तेदारी में पहुंचाया जाता है। मेले में सौन्दर्य प्रसाधन, खिलौने, गट्टा, लाई, फल-मिष्ठान, चाट-फुल्की की दुकानों के अलावा बच्चों के लिए झूला आदि लगा था। मेले में महिलाओं बच्चों आदि ने घूम कर अपने मन पसंद का सामान खरीदा। मेला में शांति ब्यवस्था पर नज़र रखने के लिए पृथ्वी राज सिंह, मंगलेश्वर मिश्रा, गुलराज, विक्रम सिंह, अनिल तिवारी, नीलकांत पाण्डेय, राजेश कुमार आदि निगरानी में लगे रहे।

सपा मजदूर सभा का पीडीए जन संवाद कार्यक्रम संपन्न

चील्ह। समाजवादी पार्टी द्वारा मजदूर सभा का पीडीए जन संवाद कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार नगर विधानसभा के कोन विकास खंड के मिश्रीलाल इंटर कॉलेज मवैया के पास मजदूर सभा के पीडीए जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन प्रात: 10 बजे किया गया। जन संवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मजदूर सभा के प्रदेश अध्यक्ष धनीलाल श्रमिक ने भाग लिया। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पीडीए ही समाजवादी पार्टी की असली ताकत है। पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक समाज के साथ मजदूर वर्ग को जोड़कर ही सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ी जा सकती है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में मजदूरों, किसानों और बेरोजगार नौजवानों की उपेक्षा हो रही है। महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी मजदूरों के हक और अधिकार की लड़ाई सड़क से सदन तक लड़ेगी। मजदूरों को उनका सम्मानजनक मजदूरी, स्वास्थ्य सुविधा और सामाजिक सुरक्षा दिलाना पार्टी का मुख्य लक्ष्य है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के नेताओं, पदाधिकारियों, विधानसभा अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष और प्रकोष्ठों के जिलाध्यक्ष के अलावा मजदूर सभा के समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे।

संक्षेप

प्रदेश स्तरीय राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस में दो चयनित

अदलहाट। क्षेत्र के विद्या संस्कार पब्लिक स्कूल कौड़ियाकला के बाल वैज्ञानिकों के लघुशोध प्रदेश स्तरीय राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस में चयनित होने पर बुधवार को डायरेक्टर डॉ नागेन्द्र प्रसाद द्विवेदी ने मिठाई खिलाकर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस की जिला स्तरीय प्रतियोगिता में विद्या संस्कार के बाल विज्ञानी कुशाग्र कृष्णय और आशुतोष सिंह ने अपनी वैज्ञानिक सोच और शोध से पहचान बनाई है। चेयरमैन डॉ. नागेन्द्र प्रसाद द्विवेदी ने कहा कि जिला विज्ञान कांग्रेस में 135 प्रोजेक्ट में से बच्चों के बेहतरीन प्रोजेक्ट का चयन प्रदेशीय स्तर के लिए होना उनकी कड़ी मेहनत, वैज्ञानिक सोच और



चयनित छात्र। छाया:आज

समर्पण का प्रमाण है। मंगलवार को साईं इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी लोधी में आयोजित मूल्यांकन के आधार पर परियोजनाओं का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। इनके गाइड शिक्षक संजीव कुमार दुबे ने विश्वास जताया कि बच्चे राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करके राष्ट्रीय प्रतियोगिता में राज्य का नेतृत्व करेंगे। चयनित परियोजनाएं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस की पांच मुख्य विषयों में से एक कृषि और अनुसंधान पर आधारित हैं। ये बच्चे राज्य स्तरीय राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस में मिर्जापुर से प्रतिभाग करेंगे।

दिवंगत रूद्रेश के परिवार को मिला सहयोग

मीरजापुर। सेवा, सहयोग और संवेदना को समर्पित एक सार्थक पहल में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा द्वारा की गई अपील समाजबंधुओं के सहयोग और संवेदनशीलता से सार्थक हुई। अत्यंत दु:खद परिस्थितियों में स्वर्गीय रूद्रेश प्रताप सिंह के परिवार के सहयोग हेतु संगठन ने समाज से अपील की थी, जिस पर उदारमना बंधुओं ने बढ़-चढ़कर सहयोग दिया। कोन ब्लॉक के कमासिन ग्राम निवासी स्वर्गीय रूद्रेश प्रताप सिंह का मात्र 32 वर्ष की आयु में सड़क दुर्घटना में असामयिक निधन हो गया था। उनके पीछे पत्नी एवं दो मासूम बच्चे हैं, जिनके भविष्य को लेकर परिवार कठिन दौर से गुजर रहा है। परिवार पर अचानक टूटे इस दु:ख के पहाड़ के बाद समाज ने एकजुटता का परिचय देते हुए परिवार को अकेला नहीं छोड़ा। इस पीड़ादायक परिस्थिति में संगठन की अपील पर समाज के उदारमना बंधुओं एवं शुभचिंतकों ने आगे बढ़कर आर्थिक सहयोग प्रदान किया। सभी के सामूहिक प्रयासों से कुल एक लाख पाँच हजार सौ रुपये की सहयोग राशि एकत्रित हुई, जिसे स्वर्गीय रूद्रेश प्रताप सिंह की पत्नी निशा सिंह के एसबीआई, कोन शाखा स्थित बैंक खाते में जमा करा दिया गया है।

गंगा उत्सव पर फतहा घाट से निकली प्रभात फेरी

स्वच्छता अभियान चलाकर दिया गंगा संरक्षण का संदेश

मीरजापुर। गंगा उत्सव के अवसर पर प्रभागीय वन अधिकारी के निर्देशन में फतहा घाट से प्रभात फेरी निकाली गई। इसके पश्चात घाट परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को गंगा नदी की स्वच्छता एवं संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। अभियान के माध्यम से गंगा को स्वच्छ, निर्मल एवं प्रदूषणमुक्त बनाए रखने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ स्थानीय नागरिकों, गंगा प्रहरियों, नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों तथा राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय, परसिया के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। सभी ने सामूहिक रूप से फतहा घाट परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई। साथ ही लोगों से गंगा नदी में कूड़ा-कचरा एवं गंदगी न फैलाने तथा घाटों को स्वच्छ रखने की अपील की गई। इस अवसर पर उप प्रभागीय वनाधिकारी शेख मुअज्जम, क्षेत्रीय वन अधिकारी मिर्जापुर रेंज सत्य प्रकाश वर्मा, उप वन रेंजर विपिन कुमार सिंह, वन दारोगा कपूर चंद, मनोज कुमार एवं वन रक्षक संजीव सिंह सहित वन विभाग के अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

सनबीम में पंचतत्व की थीम पर सजा वार्षिक समारोह

विद्यार्थियों ने बिखेरी सांस्कृतिक छटा, परिजन देखकर हुए मंत्रमुग्ध

मीरजापुर। मंगलवार को पंचतत्व-पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश विषय पर आधारित 12वां वार्षिक अभिभावक संध्या समारोह भव्यता के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डीएचके एडुसर्व लिमिटेड के डायरेक्टर हर्ष मधोक, विशिष्ट अतिथि सनबीम सनसिटी की प्राचार्य अर्चना सिंह तथा विद्यालय के डायरेक्टर सुरेश आहूजा, अमन आहूजा और श्वेता आहूजा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई। इसके बाद नर्सरी से लेकर कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों ने पांचों तत्वों पर आधारित आकर्षक नृत्य-नाटिकाओं की प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रकृति, संस्कृति और जीवन में पंचतत्व के महत्व को खूबसूरती से प्रदर्शित किया। विद्यालय की डायरेक्टर श्वेता आहूजा ने कहा कि पंचतत्व केवल प्रकृति के आधार नहीं, बल्कि जीवन के महत्वपूर्ण मूल्य भी हैं। पृथ्वी धैर्य, जल शीतलता, अग्नि तेज, वायु गतिशीलता और आकाश विशालता का संदेश देता है। विद्यालय का उद्देश्य बच्चों में इन गुणों का संतुलित विकास करना है।मुख्य अतिथि हर्ष मधोक ने विद्यालय की प्रगति और विद्यार्थियों के आत्मविश्वास की सराहना करते हुए प्रबंधन एवं शिक्षकों को बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन छात्र-छात्राओं ने किया। अंत में प्रधानाचार्या कंचन श्रीवास्तव ने अतिथियों, अभिभावकों और शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया। राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ।



वार्षिकोत्सव में मौजूद अतिथि। छाया:आज

ब्लाक स्तरीय रैली राजगढ़ में संपन्न, बच्चों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

राजगढ़। ब्लॉक स्तर पर खेलकूद प्रतियोगिता राजगढ़ का आयोजन कंपोजिट विद्यालय जमुहार के प्रांगण में बुधवार को संपन्न हुआ, इसमें एथलेटिक्स, कबड्डी, योग, जिमनास्टिक की नौ पंचायत से प्रतिभागियों ने अपने-अपने हुनर को दिखाया। जिसमें एथलेटिक्स में ऑल ओवर चैंपियन पीएम श्री विद्यालय समुदवा का दबदबा रहा। साथ ही साथ न्याय पंचायत खटखरियां टीम कहीं से कमजोर नहीं दिखी। योग तथा जिमनास्टिक के दोनों टीमों बालक वर्ग तथा बालिका वर्ग का प्रदर्शन बेहतर करके लोगों के मन को मोह लिया। कबड्डी की टीम यूपीएस कूड़ी किसी से कमजोर नहीं दिखी। इस प्रकार से एक से बढ़कर एक प्रदर्शन नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा खेल कौशल के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी राजगढ़ संजय यादव ने कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान बच्चों को पुरस्कार भी वितरित किया गया। समापन अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल भावना से खेल को खेलना चाहिए। खेल से स्वास्थ्य के साथ-साथ सामाजिक एवं नैतिक ज्ञान प्राप्त होता है। खेल शिक्षा का एक अभिन्न अंग है। शिक्षा की शुरुआत प्राथमिक स्तर पर खेल से ही होता है। खेल गतिविधि हमारे पाठ्यक्रम में शामिल है, जिसमें गतिविधि प्रमुख रूप से सभी विद्यालयों में प्रतिदिन कराया जाता है। प्रति वर्ष विद्यालयों में भारी बजट का आवंटन प्रत्येक विद्यालयों में किया जाता है। ग्रामीण स्तर पर गांव में छुपे हुए प्रतिभाओं को निखारने का कार्य खेल के माध्यम से होता है।



काशी हिंदू विश्वविद्यालय के दक्षिणी परिसर में दीपोत्सव की धूम

मीरजापुर। काशी हिंदू विश्वविद्यालय के राजीव गांधी दक्षिणी परिसर में बुधवार को नर्चरिंग लाइफ स्किल्स सेल के सहयोग से दीपोत्सव-2026 का भव्य आयोजन किया गया। खेलल संकुल में आयोजित समारोह में दीपों की रोशनी, रंगोली और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने पूरे परिसर को उत्सवमय बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य प्रभारी प्रो. बीएमएन कुमार एवं अन्य पदाधिकारियों ने मंगल दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान आकाश दीप भी प्रज्वलित एवं प्रेषित किए गए। आचार्य प्रभारी ने कहा कि दीपोत्सव केवल दीप जलाने का पर्व नहीं, बल्कि ज्ञान, सकारात्मकता, एकता और मानवीय मूल्यों का संदेश देने का अवसर है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता और नेतृत्व क्षमता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। नर्चरिंग लाइफ स्किल्स सेल की समन्वयक डॉ. दीपिका कौर एवं सह-समन्वयक डॉ. कौस्तव चटर्जी के संयोजन में रंगोली प्रतियोगिता, गायन, नृत्य, कविता पाठ और रामलीला सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। विद्यार्थियों की आकर्षक रंगोलियों और मनमोहक प्रस्तुतियों ने खूब तालियां बटोरीं। समारोह में शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों और उनके परिवारों ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर उत्सव में सहभागिता की। प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

बिहार समाचार

साइबर ठगी के शिकार दस पीड़ितों को मिली राहत, साइबर थाना ने वापस कराए1.87 लाख रुपये

डेहरी ऑन सोन(आससे.)। साइबर ठगी के शिकार लोगों के लिए साइबर थाना रोहतास से बड़ी राहत की खबर आई है। साइबर ठगी के शिकार पीड़ितों ने साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल कर अपनी ठगी की गई राशि को होल्ड करवाया था। इसके बाद साइबर थाना, रोहतास ने एम आर एम पोर्टल के माध्यम से प्रभावी कार्रवाई करते हुए सभी पीड़ितों की कुल 1,87,486 रुपये की राशि वापस कराई है।पुलिस की इस कार्रवाई से पीड़ितों में खुशी का माहौल है। राशि वापस पाने वाले पीड़ितों में राधेश्याम कुमार को 11,602 रुपये, नीतू कुमारी को 31,418 रुपये, उमा भारती कुशवाहा को 13,560 रुपये, सरफराज इंद्रेशी को 25,000 रुपये, ब्रजेश नारायण सिंह को 31,576 रुपये, गोविंद कुमार को 14,999 रुपये, अरुण कुमार सिंह को 17,011 रुपये, मुराद अंसारी को 12,099 रुपये, फिरोज अंसारी को 15,421 रुपये और विजय कुमार को 14,800 रुपये वापस मिले हैं।

डीएम-एसपी ने डेहरी के छठ घाटों का लिया जायजा

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गया है। श्रद्धालुओं और छठ व्रतियों की सुविधा, सुरक्षा और सुगम व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी रोहतास दीपक कुमार मिश्रा और पुलिस अधीक्षक ने डेहरी अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने डेहरी स्थित सुधा फैक्ट्री क्षेत्र, एनीकट क्षेत्र सहित अन्य प्रमुख छठ घाटों का जायजा लिया।

राज्योंको अतिरिक्त बिक्री कर, सरचार्ज लगानेका अधिकार बरकरार- सुप्रीम कोर्ट

27 साल पुराने संवैधानिक विवाद पर सात जजों की पीठ का फैसला

नयी दिल्ली (आससे)। सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों के अतिरिक्त बिक्री कर, सरचार्ज और सेस लगाने के अधिकार को बरकरार रखा है। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली सात सदस्यीय संविधान पीठ ने बुधवार को 27 साल पुराने संवैधानिक विवाद पर फैसला सुनाते हुए कहा कि यदि अतिरिक्त कर की गणना मूल बिक्री कर की देय राशि के प्रतिशत के आधार पर की जाती है तो उसका स्वरूप भी बिक्री कर का ही माना जाएगा। ऐसे कर राज्य सूची की प्रविष्टि-54 के तहत राज्यों की विधायी शक्तियों के दायरे में आते हैं। पीठ में जस्टिस के.वी. विश्वनाथन, एस.वी.एन. भट्टी, जॉयमाल्य बागची, एन.वी. अंजारिया, अरुण पल्ली और वी. मोहन शामिल थे। अदालत ने स्पष्ट किया कि किसी कर का



नाम अतिरिक्त कर, सरचार्ज या सेस रख देने मात्र से उसकी संवैधानिक प्रकृति नहीं बदल जाती। उसकी वैधता का निर्धारण उसके वास्तविक स्वरूप और आधार से होगा। यह विवाद ओडिशा सेल्स टैक्स एक्ट, 1947 की धारा 5ए से जुड़ा था। इसके तहत 10 लाख रुपये से एक करोड़ रुपये तक वार्षिक कारोबार करने वाले व्यापारियों पर 10 प्रतिशत और एक करोड़ रुपये से अधिक कारोबार वालों पर 15 प्रतिशत अतिरिक्त बिक्री कर लगाया गया था। याचिकाकर्ताओं ने दलील दी थी कि राज्यों को बिक्री और खरीद पर कर लगाने का अधिकार है, लेकिन अतिरिक्त बिक्री कर वस्तुत: आयकर की प्रकृति का है, जिसे लगाने का अधिकार केवल संसद के पास है। इस मामले को वर्ष 1999 में सात जजों की संविधान पीठ के पास भेजा गया था। अदालत ने एस. कोदार मामले में दिए गए फैसले को बरकरार रखते हुए कहा कि अतिरिक्त बिक्री कर लगाने से मूल कर का चरित्र नहीं बदलता। हालांकि, पीठ ने कहा कि विवादित कानूनों की जगह नए कानून लागू हो चुके हैं, इसलिए मूल संदर्भ में उठाया गया सवाल अब काफी हद तक अकादमिक रह गया है। सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील दी थी कि 2017 में जीएसटी लागू होने के बाद इस तरह के अधिकांश विवाद अप्रासंगिक हो गए हैं। अदालत ने भी पुराने फैसलों की कानूनी स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि एस. कोदार मामले में निर्धारित सिद्धांत अब भी प्रभावी है।

नौसेना के दो अधिकारियों का होगा कोर्ट मार्शल

नयी दिल्ली (एजेंसी)। मुंबई के नेवल डॉकयार्ड में भारतीय नौसेना के युद्धपोत आईएनएस ब्रह्मपुत्र के पलटने की घटना के करीब दो साल बाद नौसेना ने दो अधिकारियों के खिलाफ कोर्ट मार्शल की कार्रवाई शुरू कर दी है। आपको बता दें कि इस घटना में जहाज के कमांडिंग ऑफिसर (कैप्टन) और ऑफिसर ऑफ द डे (लेफ्टिनेंट कमांडर), दोनों अधिकारियों पर ड्यूटी के दौरान लापरवाही बरतने का आरोप है। इसके अलावा कैप्टन पर युद्धपोत को खतरे में डालने का अतिरिक्त आरोप भी लगा है।21 जुलाई 2024 को मुंबई के नेवल डॉकयार्ड में मरम्मत के दौरान भारतीय नौसेना के युद्धपोत ढ्रह्म ब्रह्मपुत्र में आग लग गई थी। युद्धपोत में लगी इस आग बुझाने के लिए जहाज में बड़ी मात्रा में पानी डाला गया। पानी भरने से युद्धपोत का संतुलन बिगड़ा और वह पोर्ट साइड की ओर झुककर पलट गया। इस पूरे हादसे में लीडिंग



सीमैन सितेंद्र सिंह की मौत हो गई। इस दौरान कई नौसैनिक गैंगवे के जरिए बाहर निकले, जबकि कुछ को जान बचाने के लिए समुद्र में कूदना पड़ा। मुख्य नाविक सितेन्द्र सिंह का शव नौसेना के गहन अभियान के बाद बरामद कर लिया गया था। जानकारी सामने आई थी कि आग से युद्धपोत एक तरफ (बंदरगाह की ओर) झुक गया और तमाम कोशिशों के बावजूद उसे सीधा नहीं किया जा सका। आग को बुझाने के लिए बहुत ज्यादा पानी का इस्तेमाल किया गया। संभवतः इसी के कारण युद्धपोत का संतुलन बिगड़ गया और यह एक तरफ झुक गया। नौसेना ने पूरे प्रकरण की जांच करने का आदेश दिया था। भारतीय नौसेना ने आईएनएस ब्रह्मपुत्र युद्धपोत को दोबारा सीधा करने के लिए कई महीनों तक सल्वेज ऑपरेशन चलाया था। युद्धपोत को सीधा करने के बाद इसकी मरम्मत और बहाली का काम शुरू किया गया। फिलहाल ढ्रह्म ब्रह्मपुत्र का ट्रायल जारी हैं।

मुजफ्फरपुर में 1 करोड़ की विदेशी शराब जब्त

मुजफ्फरपुर (आससे)। बिहार के मुजफ्फरपुर में दिवाली से पहले शराब की बड़ी खेप पकड़ी गई है। बेला फेज-2 स्थित नारायणपुर इंडस्ट्रियल एरिया रोड से उत्पाद विभाग की टीम ने एक ट्रक से करीब 1200 कार्टन विदेशी शराब बरामद की है। जिस ट्रक से शराब की खेप मुजफ्फरपुर आ रही थी वो पंजाब नंबर का है। भारी मात्रा में बरामद शराब की कीमत लगभग एक करोड़ रुपये आंकी जा रही है। उत्पाद विभाग की टीम ने मौके से ट्रक चालक को भी गिरफ्तार किया गया है। शराब तस्करों ने पुलिस और उत्पाद विभाग की नजरों से बचने के लिए तस्करी का नया तरीका अपनाया था। ट्रक के ऊपर कागज और कॉटन के टुकड़ों से भरी बोरियां रखी गई थीं, जबकि नीचे शराब के कार्टन छिपाकर रखे गए थे। तस्करों को उम्मीद थी कि इस तरीके से शराब की खेप आसानी से अपने ठिकाने तक पहुंच जाएगी, लेकिन उत्पाद विभाग की टीम ने उनके मंसूबों पर पानी फेर दिया। जानकारी के अनुसार, उत्पाद विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि पंजाब नंबर के एक ट्रक से विदेशी शराब की बड़ी खेप मुजफ्फरपुर लाई जा रही है। सूचना के बाद एएसआई नीरज कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गई।

टीम ने बेला फेज-2 के नारायणपुर रोड में छापेमारी की, जहां सड़क किनारे एक संदिग्ध ट्रक खड़ा मिला। ट्रक चालक भी मौके पर मौजूद था।

दीपावली सेलिब्रेशन-पटाखों से रकुलका कॉम्पटीशन

रामायण में शूर्पणखा की भूमिका निभाने वालीं एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह ने दीवाली सेलिब्रेशन से अपनी लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की हैं जिसमें वह बहुत खूबसूरत लग रही हैं। बॉलीवुड में दीवाली का सेलिब्रेशन शुरू हो गया है और सितारे अपने ग्लैमरस दीवाली लुक की तस्वीरें शेयर कर रहे हैं। हाल ही में, एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह ने भी अपनी लेटेस्ट फोटोज से ध्यान खींचा है। रकुल प्रीत सिंह ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर दीवाली पार्टी की तस्वीरें शेयर की हैं जिसमें वह ग्लैमरस लुक में कैमरे के सामने स्टनिंग पोज दे रही हैं। रकुल प्रीत सिंह ने फोटोज शेयर करते हुए मजेदार कैप्शन दिया है। उन्होंने लिखा, यहां पटाखों से मुकाबला करने नहीं आई हूं, पर कभी-कभी मैं भी कमाल कर देती हूं। रकुल प्रीत सिंह के लुक की बात करें तो उन्होंने ऑरेंज कलर की मिरर वर्क साड़ी पहनी है जिसे उन्होंने स्लीवलेस ब्लाउज से स्टाइल किया है। एक्ट्रेस ने अपने लुक को चोकर सेट से स्टाइल किया है। इयररिंग्स को स्किप करके उन्होंने हाथों में कंगन पहना है। मिनिमल मेकअप और खुले बालों में रकुल हसीन लग रही हैं। फ्रेटो सीरीज में रकुल प्रीत सिंह ने अपना ट्रेडिशनल लुक फ्लॉन्ट किया और एक से बढ़कर एक पोज दिए।



शेष

बीएचयू..

थाना प्रभारी निरीक्षक शिवाकांत मिश्र बम निरोधक दस्ता और क्यूआरटी टीम के साथ नगर निगम कार्यालय पहुंचे और परिसर को खाली कराया गया। घंटों चली सघन चेकिंग में परिसर में कोई आपत्तिजनक लावारिस वस्तु नहीं मिली। इस दौरान भारी दहशत का माहौल बना रहा। चेकिंग के बाद नगर निगम अधिकारियों और कर्मचारियों ने राहत की सांस ली। सुरक्षा की दृष्टि से परिसर में पुलिस बल की तैनाती की गयी है। आतंकवादियों ने एक धमकी भरा ई-मेल बीएचयू प्रशासन को भी मिला। जिससे बीएचयू प्रशासन में हड़कम्प मच गया लोग इधर-उधर भागने लगे। मौके पर डीसीपी (काशी) गौरव बंशवाल सहित एक दर्जन थानों के थाना प्रभारी बम निरोधक टीम के साथ पहुंचे और बीएचयू रजिस्टार कुलपति आवास और सर सुन्दरलाल चिकित्सालय परिसर की सघन चेकिंग शुरू की गयी।

सड़क हादसे...

चालक संतुलन को दिया और सड़क किनारे लगे डिवाइडर से बाइक टकरा गयी मृतकों में अभिमन्यु उर्फ मनु 15 वर्ष उनके छोटे भाई अनीश कुमार 12 वर्ष और गौतम कुमार की मौत हो गई। जबकि अमित कुमार और रवि कुमार दो दो दोस्त बुरी तरह घायल हो गए ।जिन्हें अस्पताल में दाखिल किया गया है।

केन्द्रने...

ऊर्जा भंडारण योजना वित्तीय वर्ष 2027 से वित्तीय वर्ष 2031 के बीच लागू होगी। यह भारत के 2030 तक 500 जी डब्ल्यू नवीकरणीय ऊर्जा के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायक होगी। यह विकास भारत के लिए काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।इस योजना का उद्देश्य तीन प्रौद्योगिकियों में 92 जीडब्ल्यूएच भंडारण क्षमता का विकास करना है। इनमें बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (30 जीडब्ल्यूएच) शामिल है। पंप भंडारण परियोजनाएं (60 जीडब्ल्यूएच) भी इस योजना का हिस्सा हैं। उभरती भंडारण प्रौद्योगिकियां (2 जीडब्ल्यूएच) भी विकसित की जाएंगी। यह योजना पांच वर्षों तक यानी 2030-31 तक कार्यान्वित की जाएगी। व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण से इन परियोजनाओं को आर्थिक रूप से व्यवहार्य बनाने में मदद मिलेगी। सरकार ने लिथियम और निकल जैसे महत्वपूर्ण खनिजों के प्रसंस्करण को बढ़ावा देने के लिए 2,814 करोड़ रुपये की योजना को मंजूरी दी है।

राज्यविधान...

समितियों को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण बताया। सम्मेलन में 27 राज्यों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। संसद की लोक लेखा समिति के सभापति केसी वेणुगोपाल ने कहा कि सार्वजनिक धन के इस्तेमाल की प्रक्रिया जटिल होने के कारण लोक लेखा समितियों को अपनी कार्यप्रणाली में बदलाव करना होगा। उन्होंने सरकारी योजनाओं की समयबद्ध लेखापरीक्षा, रिपोर्टों पर सदन में चर्चा और मंत्रालयों से समय पर जवाब मिलने की जरूरत बताई।

राहुल गांधी...

पुनरीक्षण की कार्यवाही हुई। कांग्रेस के समय मतदाता सूची का पुनरीक्षण होता था तो वे इसका समर्थन करते थे। और, आज बांग्लादेशी घुसपैठियों, पाकिस्तानियों या मृत व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची से हटाने के लिए निर्वाचन आयोग विशेष कार्यक्रम चलाता है, तो वे हाय-तौबा मचा कर देश के अंदर अराजकता का माहौल पैदा कर रहे हैं। दिल्ली में सपा प्रमुख के बयान 'अगली पीढ़ी हर लाठी और हर जख्म का बदला लेगी' पर कटाक्ष करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि समाजवादी पार्टी के बबुआ को थोड़ा समझना चाहिए कि लोकतंत्र में बदला नहीं होता, बल्कि जनता बदलाव करती है। 2014 में देश और 2017 में प्रदेश में बदलाव जनता जनार्दन के बल पर हुआ था। वर्ष 2017 और 2022 के विधानसभा चुनावों में सपा-कांग्रेस को मिली कुल सीटों से अधिक 255 सीटें अकेले भाजपा ने वर्ष 2022 में जीती थीं। जनता ही तय करती है कि किसे सत्ता सौंपनी है।

पंजाब : आप...

विधायक अमनदीप कौर अरोड़ा, उनके पति डॉ. राकेश अरोड़ा, परिवार के सदस्यों और उनसे जुड़े अन्य लोगों के परिसर शामिल हैं। ईडी की टीम डा राकेश अरोड़ा से जुड़े नशा मुक्ति अस्पताल में भी तलाशी लेने पहुंची।ईडी चंडीगढ़ की ओर से जारी जानकारी के मुताबिक, यह मामला नेशनल हाईवे नंबर 754ए के निर्माण के लिए अधिग्रहीत की गई सरकारी जमीन से संबंधित है। आरोप है कि जमीन के राजस्व रिकार्ड में कथित तौर पर फर्जी इंतकाल दर्ज करवाकर मुआवजे की राशि गलत तरीके से हासिल की गई। इसी मामले में सार्वजनिक धन के दुरुपयोग और सरकारी संपत्तियों के कथित धोखाधड़ीपूर्ण अधिग्रहण की जांच की जा रही है। इस मामले में पंजाब पुलिस की ओर से 16 जून 2024 को एफआइआर नंबर 101 दर्ज की गई थी।

अमूलने...

थी। पांच लीटर का टिन 3,275 से घटकर रु 3,075 हो गया था। बटर के 100 ग्राम पैक की कीमत 62 से घटकर 58 हो गई थी। 500 ग्राम पैक 305 से घटकर 285 का हुआ था। गुजरात में अमूल काउ घी की कमी दाम बढ़ने के साथ लोगों को अमूल के कुछ डेयरी प्रोडक्ट्स मिलने में भी दिक्कत हो रही है। वडोदरा और अहमदाबाद के दुकानदारों ने बताया कि घी का स्टॉक कम चल रहा है। गणेश उत्सव के बाद मांग बढ़ने से काउ घी की उपलब्धता प्रभावित हुई है। मंगलवार को अहमदाबाद के सैटेलाइट इलाके के एक डी-मार्ट आउटलेट में अमूल घी और बटर का स्टॉक नहीं था। यह दिक्कत सिर्फ गुजरात तक सीमित नहीं है। जुलाई और सितंबर में पुणे और कोलकाता में भी सप्लाई रुकने की शिकायतें सामने आई थीं। नकली घी पर कार्रवाई के बाद ब्रांडेड घी की मांग बढ़ीअमूल से जुड़े एक कोऑपरेटिव लीडर ने बताया कि गुजरात और राजस्थान में नकली घी के खिलाफ हुई बड़ी कार्रवाई की वजह से ब्रांडेड घी की मांग अचानक बहुत बढ़ गई है। पिछले 6 महीनों के दौरान दोनों राज्यों के अलग-अलग इलाकों से करीब 2 लाख किलो नकली घी जब्त किया गया है।

दो से..

वृद्धि को नियंत्रित करने के उद्देश्य से बनाए गए इन कानूनों का औचित्य अब समाप्त होता दिखाई दे रहा है। अदालत ने आगाह किया कि घटती प्रजनन दर के कारण भविष्य में आबादी में बुजुर्गों की हिस्सेदारी बढ़ने और कामकाजी आयु वर्ग की आबादी कम होने की चुनौती सामने आ सकती है। पीठ ने 2003 के %जावेद बनाम हरियाणा राज्य% मामले में दिए गए फैसले को बड़ी पीठ के पास भेज दिया है। उस फैसले में तीन से अधिक नहीं, बल्कि दो से अधिक जीवित बच्चे होने पर पंचायत चुनाव लड़ने से रोकने वाले हरियाणा पंचायती राज अधिनियम के प्रावधान को संवैधानिक रूप से वैध ठहराया गया था।

नशेमें रहने...

मुख्यमंत्री भगवंत मान पर सीधा प्रहार करते हुए राहुल गांधी ने लोकसभा के दिनों का एक संस्मरण साझा किया। उन्होंने कहा कि जो मुख्यमंत्री खुद हर शाम नशे की गिरफ्त में रहता हो, वह जनता को नशे से कैसे बचा सकता है। राहुल ने कहा कि नशा रोकने के लिए एक ऐसे नेता और मुख्यमंत्री की जरूरत है जिसके दिल में पंजाब का असली दर्द हो।राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को खुली चुनौती देते हुए सीधा मुकाबला करने और डिबेट की हुंकार भरी है। उन्होंने प्रधानमंत्री पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि मोदी जी कहते हैं कि कांग्रेसी देशद्रोही हैं, तो मैं उन्हें चुनौती देता हूं कि वह कहीं भी, किसी भी मंच या एनडीटीवी के स्टूडियो में मेरे सामने आकर बैठ जाएं। जिसे चाहें जज बना लें, मेज के एक तरफ वह बैठें और दूसरी तरफ मैं बैठूंगा। राहुल गांधी ने दावा किया कि मोदी मेरे सामने टिक नहीं सकते और मैं महज पांच मिनट में साबित कर दूंगा कि असलियत क्या है। वैर देश का भरण-पोषण करता है। उन्होंने कहा कि एक समय था जब पंजाब में खेलकूद, टेक्सटाइल और ऑटोमोबाइल जैसे लघु और मध्यम उद्योग भारी मात्रा में थे। उन्होंने दो टूक कहा कि इन दोनों सेक्टरों (किसानी और उद्योग) को बचाए बिना न तो नशे के नासूर को मिटाया जा सकता है और न ही गैंगस्टर्स के खिलाफ जंग जीती जा सकती है। सिर्फ कांग्रेस पार्टी ही किसानों की रक्षा और उद्योगों को दोबारा पटरी पर लाने का माद्दा रखती है। मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि आज का दिन पंजाब के लिए शुभ ह। सभी कांग्रेसी नेता इकट्ठा हैं और भारी भीड़ ने साबित कर दिया है। एकता को क़ायम रखने की जरूरत है। राहुल गांधी ने वोट चोरी का मुद्दा उठाया और सभी दलों को इकट्ठा किया। दिल्ली सरकार, वोट चोरी से बनी है। यदि पंजाब में चुनाव जीते तो पूरे देश में जीतेंगे, ये मेरा दावा है।

ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड के लिए ज्ञानमण्डल यंत्रालय, संत कबीर मार्ग, **वाराणसी** से- **ओम प्रकाश शर्मा** द्वारा मुद्रित और प्रकाशित। **सम्पादक- शार्दूल विक्रम गुप्त,** स्थानीय कार्यकारी **सम्पादक- शिवशंकर व्यास। गोरखपुर:** बैंक रोड, **प्रयागराज:** 3,लीडर रोड, **कानपुर:** बांसमण्डी, **झांसी:** झोंकन बाग, **लखनऊ:** 1,जापलिंग रोड, **आगरा:** महात्मा गांधी रोड, **बरेली:** रोड नं. 3 परसाखेड़ा, **पटना:** फ्रेजर रोड, **रांची:** नामकुम इण्डस्ट्रियल एरिया, **जमशेदपुर:** न्यू काली माटी रोड-साकची।

वर्ष-107 पू.सं. 899678131022471
आर. एन. आई. रजिस्ट्रेशन नं. 2026/ 57
फोन:- 2393981 से 2393987 तक
E-Mail:ajvaranasi.1920@gmail.com
W ebsite : www.ajhindidaily.com
पी.आर.बी. अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए ओम प्रकाश शर्मा जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद वाराणसी न्यायालय के अधीन होंगे।

उत्तर रेलवे
ई-निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा०, मंडल रेल प्रबंधक, हजरतगंज, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

1.	**ई-निविदा सूचना सं0**	1157-वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता- उत्तर रेलवे-लखनऊ दिनांक- 04.11.2026
2.	**कार्य का नामः** लखनऊ डिवीजन के अंतर्गत BSB यार्ड में LC 4 स्पेशल/लूप को बंद करने हेतु किलोमीटर 773.898 पर रैम्प सहित 'एंड टू एंड' फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) की व्यवस्था से संबंधित विद्युत कार्य।	
3.	**अनुमानित लागत**	रु. 41,74,650.68/- (इकतालीस लाख चौहत्तर हजार छह सौ पचास रुपये और अड़सठ पैसे मात्र)
4	**ई निविदा की कीमत**	शून्य
5.	**बयाना राशि**	रु. 83,500/- (तिरासी हजार पाँच सौ रुपये मात्र)
6.	**कार्य पूर्ण करने की अवधि**	06 माह
7.	**ई-निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि**	दिनांक 04.11.2026 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:00 बजे के बाद वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा० उत्तर रेलवे, हजरतगंज लखनऊ के कार्यालय में।
8.	**प्रस्ताव की वैधता**	ई-निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन।
9.	**उत्तर रेलवे की वेबसाइट**	अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर चेक की जा सकती है।

सूचना सं0-1157-वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता-उत्तर रेलवे-लखनऊ दिनांक 04.11.2026 **3852/2026**
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)
CIN: L65110TN2014PLC097792 रजिस्टर्ड ऑफिस: केआरएम टावर्स, 8वीं मंज़िल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई - 600031 **दूरभाष:** +91 44 4564 4000 || **फैक्स:** +91 44 4564 4022
IDFC FIRST Bank

सार्वजनिक सूचना
सोने की नीलामी सह आमंत्रण सूचना
नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं और आम जनता को नोटिस दिया जाता है कि उक्त उधारकर्ताओं ने सोने के गहने गिरवी रखकर आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (बैंक) से ऋण सुविधाओं का लाभ उठाया है और बार-बार याद दिलाने और नोटिस के बावजूद, उधारकर्ता सुविधा के तहत निर्धारित समय के भीतर बकाया राशि चुकाने में विफल रहे हैं। तदनुसार, बैंक, अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए, अपने बकाया की वसूली के लिए **08-दिसंबर-2026 से 10-दिसंबर-2026** तक गिरवी रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी आयोजित करेगा। उधारकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि निरीक्षण/बोली तिथि से पहले लागू प्रासंगिक ब्याज, शुल्क और खर्चों के साथ संपूर्ण बकाया राशि चुकाने का यह अंतिम अवसर है, अन्यथा गिरवी रखे गए सोने के आभूषण नियामकों द्वारा दिए गए दिशानिर्देशों के अनुसार नीलामी के माध्यम से बेचे जाएंगे।

ऋण खाता सं.	उधारकर्ता का नाम	शाखा का नाम
186449924	संगीता दुबे	बेला प्रतापगढ़ ग्रामीण
187988338	शिव विशाल तिवारी	बेला प्रतापगढ़ ग्रामीण
183301182	सौरभ कुमार दुबे	पीटी डीडी यू नगर ग्रामीण

नीलामी के मामले में, अगर इस नीलामी से कोई अधिशेष राशि मिलता है, तो उसे संबंधित उधारकर्ता को वापस कर दिया जाएगा और अगर नीलामी के बाद कोई घाटा/कमी होती है, तो शेष राशि उधारकर्ता से सही कानूनी कार्रवाई के ज़रिए वसूला जाएगा। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के पास बिना किसी पहले से जानकारी के किसी भी अकाउंट को नीलामी से हटाने का अधिकार है। इसके अलावा, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक बिना कोई पहले से नोटिस दिए, अपनी मर्ज़ी से नीलामी अनुसूची को बाद की तारीख के लिए बदलने या टालने का अधिकार रखता है। नीलामी उसके पैनल नीलामी सेवा प्रदाता मेसर्स **श्रीराम ऑटो मॉल इंडिया लिमिटेड** के ज़रिए शुबह **10:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक** भौतिक मोड में होगा। यदि ग्राहक की मौत हो गई है, तो नीलामी से जुड़ी सभी शर्तें उनके नॉमिनी/कानूनी वारिस पर लागू होंगी।

नीलामी बिक्री के नियम और शर्तें:
1) संबंधित सोने के गहनों की बिक्री "जैसा है, जहां है", "जैसा है, जैसा " और "जो कुछ भी है" के आधार पर होगी।
2) इच्छुक बोलीदाताओं को बैंक के अधिकृत नीलामी सेवा प्रदाता से संपर्क करना होगा और केवाईसी आवश्यकताओं पूरा करना होगा।
3) बोली लगाने वालों की ज़िम्मेदारी होगी कि वे बोली जमा करने से पहले गहनों और विनिर्देश को देखकर खुद को संतुष्ट करें। नीलामी लगाने वाला शाखा प्रबंधक से सलाह करके गहनों को देख सकता है।
4) उच्चतम बोली बैंक के अधिकृत द्वारा पुष्टि के प्रतिनिधि के अधीन होगी।
5) सफल बोली लगाने वाले को तय समय के अंदर पूरी बिक्री की रकम जमा करनी होगी, ऐसा न करने पर पहले से जमा की गई रकम ज़ब्त कर ली जाएगी।
6) एक बार बिक जाने के बाद गोल्ड पाउच किसी भी हालत में सेलर को वापस नहीं किए जा सकते और जीतने वाले बोली लगाने वाले/खरीदार के इसे एक बार विजेता बोलीदाता क्रेता द्वारा इसे भौतिक रूप से सौंप दिया जाता है।
7) बैंक के अधिकृत प्रतिनिधि के पास किसी भी बोली को स्वीकार/अस्वीकार करने या बिना किसी पूर्व सूचना के या कोई कारण बताए बिना नीलामी को रद्द करने/निरस्त करने/स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित है।
8) बिक्री बैंक द्वारा पुष्टि किए जाने के अधीन है।

दिनांक: **05-11-2026**
स्थान : उत्तर प्रदेश
हस्ता/-
अधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड
कार्पोरेट कार्यालय :ऑफिस नं. 501 एवं 503, पाँचवी मंजिल, लाइटब्रिज, साकी विहार रोड, अंधेरी ईस्ट, मुंबई सुबुरबन (जिला), महाराष्ट्र-400072
वाराणसी शाखा: मकान नं. D 59/103, M-1, द्वितीय तल, सिगरा, निकट स्मिथ स्कूल, वाराणसी, अरजी नं. 515, मौजा शिवपुरवा, वार्ड दशाश्वमेध, परगना देहात अमानत, वाराणसी- 221010
Aadhar Housing Finance Ltd

मांग सूचना
सिक्यूरिटाईजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाईनेन्सियल एस्सेट्स एंड इंफोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटी इंट्रस्ट एक्ट 2002 के साथ सपठित सिक्यूरिटी इंट्रेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम 2002 का नियम 3(1) के साथ धारा 13(2) के अंतर्गत सूचना
सिक्यूरिटाईजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाईनेन्सियल एस्सेट्स एंड इंफोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटी इंटेस्ट एक्ट 2002 (उपरोक्त कानून) के अंतर्गत अधोहस्ताक्षरकर्ता **आधार हाउसिंग फायनेंस कार्पोरेशन लिमिटेड (AHFL)** के प्राधिकृत अधिकारी है। उपरोक्त कानून की धारा 13(12) के साथ सपठित सिक्यूरिटी इंटेस्ट (इंफोर्समेंट) एक्ट, 2002 के नियम 3 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए प्राधिकृत अधिकारी ने धारा 13(2) के अंतर्गत नीचे वर्णित निम्न ऋणकर्ता (ओं) (उपरोक्त ऋणकर्ता (ओं)) को संबंधित मांग सूचना (ओं) में वर्णित राशि का पूर्णभुगतान करने के लिए बुलाये जाने के लिए जारी की गई थी। उपरोक्त संबंध में एक बार पुन: उपरोक्त ऋणकर्ता (ओं) को पुन: सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 60 दिवस के अंदर नीचे वर्णित राशि के साथ नीचे वर्णित दिनांक से भुगतान की दिनांक एवं/या पुर्न प्राप्ति तक लागू मय ब्याज के उपरोक्त ऋणकर्ता (ओं) से किए गए ऋण अनुबंध के साथ अन्य दस्तावेजो/लिखित में यदि कोई हो, के अंतर्गत देय राशि का भुगतान करें। जैसा कि ऋण के पुर्नभुगतान की जमानत के लिए निम्न संपत्ति को उपरोक्त संबंधित ऋणकर्ता (ओं) द्वारा AHFL को गिरवी रखा गया है।

क्र.	उधारकर्ताओं एवं सह-उधारकर्ता / जमानतदार के नाम	मांग पत्र की दिनांक एवं मांग राशि	प्रतिभूतित आस्तियों का विवरण (अचल संपत्ति/यां)
1	(लोन कोड नं. 01100000466 / वाराणसी शाखा) जितेंद्र कुमार सिंह (ऋणी) दीपा सिंह (सह-ऋणी) जमील अहमद खान (जमानतदार)	06-10-2026 & ₹ 7,07,113/-	संपत्ति का शेष एवं संपूर्ण भाग, प्लॉट नंबर 662, मौजा लालपुर मीरापुर बसही, परगना- शिवपुर, तह. व जिला- वाराणसी, उ.प्र., क्षेत्रफल- 950 वर्ग फीट **चर्तुसीमाएँ:** पूर्व - 10 फीट चौड़ा कच्चा रास्ता, पश्चिम - अशोक कुमार की बाउंड्री वॉल, उत्तर - राधे श्याम शर्मा का मकान, दक्षिण - 10 फीट चौडा कच्चा रास्ता
2	(लोन कोड नं. 01100001927 / वाराणसी शाखा) सुनील कुमार (ऋणी) सुनीता देवी (सह-ऋणी)	06-10-2026 & ₹ 9,83,924/-	संपत्ति का शेष एवं संपूर्ण भाग, मकान नंबर 344, मोहल्ला- चंधासी, तहसील- मुगलसराय, जिला- चंदौली, उत्तर प्रदेश, क्षेत्रफल- 1420 वर्ग फीट **चर्तुसीमाएँ:**- पूर्व - 5 फीट चौड.I रोड पन्ना लाल के मकान की ओर, पश्चिम - सुदामा देवी की भूमि, उत्तर - राजाराम राजभर का मकान, दक्षिण - गली राजाराम राजभर की ओर
3	(लोन कोड नं. 01110000284 / वाराणसी शाखा) अमित कुमार वर्मा (ऋणी) शांति वर्मा (सह-ऋणी) आनंद कुमार वर्मा व विंध्याचल वर्मा (जमानतदार)	09-10-2026 & ₹ 14,57,870/-	संपत्ति का शेष एवं संपूर्ण भाग, मौजा- गौसाबाद, परगना, तहसील व जिला- गाजीपुर, अरजी नंबर 122, क्षेत्रफल- 63.5 वर्ग मीटर **चर्तुसीमाएँ:-** पूर्व - विक्रेता की भूमि, पश्चिम - रीता की भूमि, उत्तर - रास्



करियरका ८०वां अर्द्धशतक पूरा करनेके बाद विराट कोहली।

विराटके दमपर भारतकी जीतसे शुरुआत

अर्शदीप, गुरनूर और अंशुलने भी बिखेरी चमक, डकवर्थ लुईस नियमसे न्यूजीलैण्डको पहले एकदिनी में पांच विकेटसे हराया

आकलैण्ड (एजेन्सियां)। अर्शदीप सिंह (४-७०), गुरनूर बराड़ (३-४४) और प्लेयर ऑफ द मैच अंशुल कंबोज (२-२२) की घातक गेंदबाजीके बाद चेज मास्टर विराट कोहली (७४) की शानदार अर्द्धशतकीय पारी और उनकी कप्तान शुभमन गिल (३७) के साथ दूसरे विकेटके लिए १०४ गेंद में की गयी ११३ रन की साझेदारी के दमपर भारत ने बुधवार को यहां बारिश से प्रभावित पहले एकदिवनी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में न्यूजीलैण्ड को डकवर्थ लुईस पद्धति से पांच विकेट से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में १-० की बढ़त हासिल की। दूसरा मुकाबला सात नवम्बर को वेलिंगटन में खेला जायेगा। न्यूजीलैण्ड को ४०.२ ओवर में में १८५ रन पर समेटनेके बाद भारतने २२.४ ओवरमें पांच विकेट पर १४३ रन बना लिए। १८६ रनों के जवाब में भारत की शुरुआत भी खराब रही। रोहित शर्मा (शून्य) मैच की छठी गेंद पर आउट हो गये। रोहित ने काइल जैमीसन की आफ स्टंप से बाहर जा रही गेंद पर ड्राइव करने के प्रयास में मिड आफ पर खड़े मिचेल सैंटनर को कैच थमा दिया लेकिन इसके बाद कप्तान शुभमन गिल और विराट कोहली ने शानदार बल्लेबाजी की। इसबीच मैच दो बार बारिशके कारण रोकना पड़ा। पहली बार १०.५ ओवर के बाद मैच रोका गया तो भारतका स्कोर एक विकेट पर ५४ रन था। इसके बाद जब बारिश रुकी और मैच ४० ओवर का कर दिया गया और संशोधित लक्ष्य १६७ रन का किया गया। हालांकि, कुछ गेंदों के बाद फिर बारिश शुरू हो गयी और मैच रोकना पड़ा। बारिश जब रुकी तो एक बार फिर लक्ष्य को संशोधित किया गया। फिर भारत के सामने ३२ ओवर में १४३ रन का लक्ष्य था। हालांकि भारत ने २२.४ ओवर में लक्ष्य हासिल किया लेकिन इसके लिए पांच विकेट गंवाये। गिल और कोहली ने दूसरे विकेट के लिए ११३ रन की साझेदारी की। इसी स्कोर पर गिल ५६ गेंद में पांच चौके की मदद से ३७ रन बनाकर आउट हुए। कोहली ने ३५ गेंद में एकदिनी करियर का ८०वां अर्द्धशतक लगाया। वह ५१ गेंद में १३ चौके और एक छक्के की मदद से ७४ रन बनाकर आउट हुए। कोहली के आउट होते ही दो और विकेट गिरे। अक्षर खाता खोले बिना पवेलियन लौटे जबकि श्रेयस १५ रन बना सके। मगर इसके बाद केएल राहुल (तीन) और नमन धीर (पांच) ने भारत को जीत दिला दी। भारतीय बल्लेबाजों विशेषकर



कोहली ने दो बार व्यवधान के बावजूद अपनी एकाग्रता भंग नहीं होने दी और सहजता से रन बटोरे। कोहली शुरू से आक्रामक होकर खेल रहे थे और उन्होंने चौकों की झड़ी लगाने में कोताही नहीं बरती। अब केवल एकदिनी प्रारूप में खेलने वाले कोहली ने ब्लेयर टिकनर की गेंद पर छक्का लगाया और इसी गेंदबाज के अगले ओवर में चौका लगाकर ३५ गेंद पर अपना अर्द्धशतक पूरा किया। उन्होंने इस ओवर में दो और चौके लगाये। गिल ने हालांकि नाथन स्मिथ की तेजी से उठती गेंद पर टाम लैथम को हवा में लहराता कैच दे दिया। इस पारी के दौरान विराट कोहली न्यूजीलैण्ड के खिलाफ एकदिनी क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में संयुक्तत रूप से पहले स्थान पर पहुंच गये हैं। कोहली के नाम अब न्यूजीलैण्ड के खिलाफ १९७१ रन हो गये हैं। उन्होंने इस मामले में आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग (१९७१ रन) की बराबरी की है। इस सूची में सचिन तेंदुलकर १७५० रन तीसरे स्थान पर हैं। जैकब डफी (४९ रन देकर तीन विकेट) ने एक ओवर में कोहली और अक्षर पटेल को आउट करके मैच में कुछ रोमांच भरा। टिम सीफर्ट ने कोहली का डीप स्क्वायर लेग पर एक हाथ से शानदार कैच लिया। डफी ने श्रेयस अय्यर (१५) के रूप में अपना तीसरा विकेट लिया। नमन धीर (अजेय पांच) ने विजयी चौका लगाया। इससे पहले गिल ने टास जीतकर न्यूजीलैण्ड को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा के कार्यभार प्रबंधन और चोट के कारण नहीं खेलने के बावजूद भारत के कम अनुभवी तेज गेंदबाजी आक्रमण ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि न्यूजीलैण्डके सिर्फ पांच बल्लेबाज ही दहाई का आंकड़ा पार कर सके। टिम साइफर्ट ४३ गेंद में तीन चौके और दो छक्के की मदद से ३८ रन, डेरिल मिचेल 41 गेंद में तीन चौके और एक छक्के की मदद से २८ रन और टी-२० के विशेषज्ञ बल्लेबाज ग्लेन फिलिप्स ५१ गेंद में दो चौके और एक छक्के की मदद से ३० रन बनाकर आउट हुए। इसके अलावा टिकनर और डफी ही दहाई का आंकड़ा पार कर सके। भारत को न्यूजीलैण्ड के शीर्षक्रम और मध्यक्रम के बल्लेबाजों ने इतना परेशान नहीं किया, जितना परेशन ११वें नम्बर पर आये ब्लेयर टिकनर ने किया। मेजबान टीमका स्कोर एक समय नौ विकेट पर १४६ रन था। इसके बाद टिकनर ने जैकब डफी (अजेय १५) के साथ १०वें विकेट के लिए ३१ गेंद में ३९ रन की साझेदारी निभाई। टिकनर २३ गेंद में एक चौका और चार छक्के की मदद से ३४ रन की तूफानी पारी खेलकर आखिरी विकेट के रूप में आउट हुए। उन्हें गुरनूर बराड़ ने विकेटकीपर राहुल के हाथों कैच कराया। विल यंग (नौ), हेनरी निकोल्स (नौ), टाम लाथम (तीन), कप्तान मिचेल सैंटनर (चार), नाथन स्मिथ (एक) और काइल जेमीसन (एक) रन बनाकर आउट हुए।

अनमोल खरब और तन्वी दूसरे दौर में

यिओसु (एजेन्सियां)। भारत की अनमोल खरब और तन्वी शर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बुधवार को कोरिया ओपन सुपर ५०० बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के दूसरे दौर में जगह बनायी। पिछले हफ्ते हाइलो ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली अनमोल ने पहले दौर के मुकाबले में कनाडा की रेचल चान को सीधे गेम में २१-१९, २१-१८ से हराया। ताइपे ओपन सुपर ३०० का खिताब जीतने वाली तन्वी ने दूसरा गेम गंवाने के बाद कड़े मुकाबले में जापान की मनामी सुइजु को २१-१६, १२-२१, २१-१७ से हराया। २०२३ विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय को पुरुष एकल के पहले दौर में दक्षिण कोरिया के यू ताए बिन के खिलाफ १५-२१, २१-२३ से हार का सामना करना पड़ा। मिश्रित युगल में ध्रुव और मनीषा की जोड़ी को भी झू यी जुन और ली चियान की चीन की सातवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी के खिलाफ २२-२०, १२-२१, २२-२४ से शिकस्त झेलनी पड़ी।

मनवंत, श्रेयसके सहारे कर्नाटक की बड़ी जीत

रणजी ट्राफी
असम को पारी और ३१४ रनसे हराया

गुवाहाटी (एजेन्सियां)। मनवंत कुमार के अजेय यातक के बाद स्पिनर श्रेयस गोपाल और शिखर शेट्टी की शानदार गेंदबाजी के दम पर कर्नाटक ने बुधवार को यहां रणजी ट्राफी एलीट ग्रुप बी के तीसरे दिन असम को पारी और ३१४ रन से करारी शिकस्त दी। कर्नाटक को इस मैच में बोनस सहित सात अंक मिले जिससे उसके १६ अंक हो गएये हैं और वह ग्रुप में शीर्ष पर पहुंच गया है। कर्नाटक ने सुबह अपनी पहली पारी पांच विकेट पर ४९६ रन से आगे बढ़ायी और छह विकेट पर ५७७ रन बनाकर घोषित की। इस तरह से उसने ४४२ रन की बड़ी



बढ़त हासिल की। पहली पारी में १३५ रन बनाने वाली असम की टीम दूसरी पारी में केवल १२८ रन बना पायी जिससे आठ बार के चैम्पियन ने एक दिन से भी अधिक समय शेष रहते हुए जीत हासिल कर ली। लेग स्पिनर श्रेयस (३९ रन देकर चार) और बाएं हाथ के स्पिनर शेट्टी (२८ रन देकर तीन) ने फिर से अपनी बलखाती गेंदों का कमाल से असम के बल्लेबाजों को दिन में तारे दिखा दिये। इससे पहले मनवंत (अजेय १००) ने ५३ रन से अपनी पारी आगे बढ़ाते हुए केवल १०८ गेंदों में आठ चौकों और पांच छक्कों की मदद से अपना शतक पूरा किया। उन्होंने अमलंज्योति दास की गेंद पर एक रन लेकर यह मुकाम हासिल किया। इस २२ वर्षीय खिलाड़ी का यह मौजूदा सत्र में दूसरा शतक है। मनवंत ने दो सप्ताह पहले बेंगलुरु के अलूर में सौराष्ट्र के खिलाफ अपना पहला प्रथम श्रेणी शतक बनाया था। असम की दूसरी पारी में कप्तान डेनिश दास ने ७४ गेंदों पर ५० रन बनाये लेकिन इससे हार का अंतर ही कम हो पाया।

सिंधू बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर में खेलेंगी

नयी दिल्ली (एजेन्सियां)। भारत की स्टार बैडमिण्टन खिलाड़ी पीवी सिंधू ने बीडब्ल्यूएफ (बीडब्ल्यूएफ) वर्ल्ड टूर फाइनल्स के लिए क्वालिफाई कर लिया है। बैडमिण्टन वर्ल्ड फेडरेशन ने बुधवार को इसकी पुष्टि की। सीजन का यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट नौ से १३ दिसम्बर तक चीन के हांगझोउ में खेला जायेगा। सिंधु २०२१ के बाद पहली बार इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी। महिला एकल वर्ग में सिंधू के अलावा दक्षिण कोरिया की आन से यंग, जापान की अकाने यामागुची और चीन की वांग झी यी तथा चेन यू फेई ने भी टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई किया है। यह पीवी सिंधू के करियर का छठा वर्ल्ड टूर फाइनल्स होगा। इससे पहले वह २०२२ के संस्करण के लिए भी क्वालिफाई करने में सफल रही थीं, लेकिन चोट के कारण उन्हें टूर्नामेंट से अपना नाम वापस लेना पड़ा था। सिंधू इस टूर्नामेंट में महिला एकल का खिताब जीतने वाली इकलौती भारतीय खिलाड़ी हैं। उन्होंने २०१८ में जापान की नोजोमी ओकुहारा को हराकर यह खिताब अपने नाम किया था।

कोहली, रोहित और गिलको मिली विशेष जर्सी

आकलैण्ड (एजेन्सियां)। भारतीय कप्तान शुभमन गिल और दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली और हिटमैन रोहित शर्मा ने बुधवार को न्यूजीलैण्ड के खिलाफ पहले एकदिनी मैच से पूर्व रग्बी के दिग्गज खिलाड़ी केवन मेलामु से

पूर्व दिग्गज खिलाड़ी मेलामु ने भेंटकी रग्बी टीमकी जर्सी

मुलाकात की, जिन्होंने उन्हें रग्बी टीम की विशेष जर्सी भेंट की। न्यूजीलैण्ड की राष्ट्रीय रग्बी टीम के लिए १३२ मैच खेलने वाले मेलामु आल ब्लैक्स (न्यूजीलैण्ड की राष्ट्रीय रग्बी टीम) के इतिहास में सबसे अधिक मैच खेलने वाले खिलाड़ियों में से एक हैं और उन्होंने टीम की कप्तानी भी की थी। मेलामु २०११ और २०१५ में रग्बी विश्वकप जीतने वाली टीमों के एक प्रमुख सदस्य रहे। उन्होंने मैच शुरू होने से पहले भारत के तीनों खिलाड़ियों को विशेष जर्सी भेंट की। भारतीय क्रिकेट



बोर्ड (बीसीसीआई) ने इस मुलाकात की तस्वीर के साथ एक्स पर लिखा, 'मैच शुरू होने से पहले एक खास पल। कप्तान शुभमन गिल, विराट कोहली और रोहित शर्मा ने न्यूजीलैण्ड रग्बी के दिग्गज केवन मेलामु से मुलाकात की। उन्हें व्यक्तिगत रग्बी जर्सी (जिसमें उनके नाम और नम्बर अंकित थे) भेंट की गयी।' श्रेयस अय्यर की कप्तानी में पांच मैचों की टी-२० श्रृंखला ३-२ से जीतने वाली भारतीय टीम अब पांच मैच की एकदिनी श्रृंखला खेल रही है। इसके बाद १९ नवम्बर से दो टेस्ट मैच की श्रृंखला खेली जायेगी।

भारत फाइनलमें

एशियाई चैम्पियंस ट्राफी हाकी
दक्षिण कोरियाको ८-१ से रौंदा

चंडीगढ़ (एजेन्सियां)। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने एशियन चैंपियंस ट्राफी के फाइनल में जगह बना ली है। बुधवार को खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में भारत ने दक्षिण कोरिया को ८-१ से रौंद दिया। कप्तान हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई में भारतीय खिलाड़ियों ने पूरे मैच में दमदार प्रदर्शन किया और कोरियाई टीम को वापसी का कोई मौका नहीं दिया मुकाबले की शुरुआत से ही भारतीय टीम आक्रामक नजर आयी। शिलानंद लाकरा ने चौथे मिनट में गोल करके भारत का खाता खोला। हालांकि, दक्षिण कोरिया ने नौवें मिनट में सांगजुन हन के गोल से बराबरी हासिल कर ली। इसके तुरंत बाद भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिसे कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने गोल में बदलकर टीम को २-१ से आगे कर दिया। १३वें मिनट में शिलानंद ने अपना दूसरा गोल दागते हुए भारत की बढ़त ३-१ कर दी। दूसरे क्वार्टर में भी भारतीय खिलाड़ियों का दबदबा जारी रहा। सुखजीत सिंह ने २१वें मिनट में गोल करके स्कोर ४-१ किया। इसके बाद दिलप्रीत सिंह ने शानदार खेल दिखाते हुए २१वें और २५वें मिनट में लगातार दो गोल दागे। इस तरह मध्यांतर तक भारत ने ६-१ की बड़ी बढ़त हासिल कर ली। दूसरे हाफ में भी भारतीय टीम ने अपनी आक्रामक रणनीति जारी रखी। खिलाड़ियों ने गेंद पर नियंत्रण बनाते हुए कोरियाई डिफेंस पर लगातार दबाव बनाया। दक्षिण कोरिया की टीम ने वापसी की कोशिश की, लेकिन भारतीय खिलाड़ियों के सामने उसकी एक नहीं चली। अंतत: भारत ने मुकाबला ८-१ से अपने नाम कर लिया। भारत अब पांच नवम्बर को होने वाले फाइनल में जापान से भिड़ेगी। जापान ने पहले सेमीफाइनल में मलेशिया को पेनल्टी शूटआउट में ५-३ से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। निर्धारित समय तक दोनों टीमों के बीच मुकाबला गोलरहित रहा था।



पैरा खिलाड़ियोंसे मिलेंगे प्रधानमंत्री

नयी दिल्ली (एजेन्सियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जापान में हाल ही में हुए पैरा एशियाई खेलों के पदक विजेता भारतीय खिलाड़ियों से गुरुवार को मिलेंगे। मोदी यहां इंदिरा गांधी खेल परिसर में शाम ४.३० बजे भारतीय दल से मिलेंगे। विज्ञप्ति के अनुसार, प्रधानमंत्री इस अवसर पर खिलाड़ियों को संबोधित भी करेंगे। इस मौके पर पैरा कोच, भारतीय पैरालम्पिक समिति और भारतीय ओलम्पिक संघ के अधिकारी, राष्ट्रीय खेल महासंघों के प्रतिनिधि और खेल मंत्रालय के अधिकारी भी मौजूद होंगे। भारत ने जापान के आइची नागोया में हुए पैरा एशियाई खेलों में रेकार्ड ३० स्वर्ण, ३५ रजत और ४९ कांस्य समेत ११४ पदक जीते।

१३५ अंक के साथ वाराणसी मण्डल उपजेता रहा

वाराणसी। सुल्तानपुरमें आयोजित मण्डलीय बालिका सब जूनियर कुश्ती प्रतियोगितामें वाराणसी मण्डलको उपजेता से संतोष करना पड़ा। वाराणसी मण्डलके खिलाड़ियों ने दो स्वर्ण, दो रजत और तीन कांस्य पदक के साथ १३५ अंक लेकर दूसरे स्थान पर रहा। वहीं स्पोर्ट्स कालेज गोरखपुर (१५० अंक) चैम्पियन बना जबकि मेरठ (८५ अंक) को तीसरा स्थान मिला। वाराणसी मण्डलके लिए ४० किलोग्राम भार वर्ग



में तृप्ति यादव कांस्य, ४६ किलो में श्रेयांशी द्विवेदी रजत, ४९ किलो में आकांक्षा यादव रजत, ५७ किलो में अंदरी पटेल ने स्वर्ण, ६५ किलो में टिंकल यादव को कांस्य, ६९ किलो में आराध्या यादव कांस्य तथा ७३ किलो में अर्पित यादव ने स्वर्ण पदक जीता। इस उपलब्धि पर वाराणसी कुश्ती संघ के अध्यक्ष राजीव सिंह रानू और वरीय उपाध्यक्ष गोरख यादव ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी पहलवानों को बधाई दी। इस मौके पर क्रीड़ा अधिकारी सुल्तानपुर राजेश कुमार सोनकर, वाराणसी कुश्ती संघ के महासचिव राजकुमार मिश्रा, राम सजन यादव, राम सेवक यादव, जावेद अंसारी, सोनू पटेल, उमेश कुमार, दर्शन यादव, आनंद श्रीवास्तव, सुल्तानपुर कुश्ती संघ के महासचिव सत्यवीर यादव, संघ के अध्यक्ष प्रवीण कुमार आदि मौजूद रहे। लोग उपस्थित रहे।

कराटे टीमका चयन १० को

वाराणसी। क्रीड़ा परिषद, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में विश्वविद्यालय परिसर की कराटे (महिला/पुरुष) टीम का चयन १० नवम्बर को पूर्वाह्न ११ बजे से होगा। विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद के उपाध्यक्ष प्रो. पीताम्बर दास ने बताया कि टीम में विश्वविद्यालय परिसर, एन.टी.पी.सी., गंगापुर परिसर, भैरव तालाब परिसर के खिलाड़ियों का चयन किया जायेगा। डाक्टर ऊर्जस्विता सिंह ने बताया संस्थागत छात्र अन्तर्महाविद्यालयीय प्रतियोगिता २०२६-२७ के लिए इलिजिबिलिटी प्रोफार्मा (विभागाध्यक्ष/संकायाध्यक्ष/पाठ्यक्रम प्रभारी के हस्ताक्षर व मुहर सहित), हाईस्कूल अंक पत्र व प्रमाण पत्र, इण्टरमीडिएट अंक पत्र व प्रमाण पत्र एवं अन्य प्रमाण पत्र, फीस रसीद, आधार कार्ड, अपार आईडी की छाया प्रति, चार पासपोर्ट साइज फोटो के साथ कराते (महिला/पुरुष) टीम के चयन के लिए क्रीड़ा परिषद में कराटे प्रभारी डाक्टर अमरेन्द्र कुमार सिंह से सम्पर्क कर सकते हैं।

सनबीम भगवानपुर की जान्हवी ने किक बाक्सिंगमें रजत जीता

वाराणसी। वाराणसी जिलेका प्रतिनिधित्व करनेवाली सनबीम भगवानपुर की होनहार छात्रा जान्हवी मिश्रा ने उत्तर प्रदेश किकबाक्सिंग कपमें शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल कर विद्यालय एवं क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। यह प्रतियोगिता डाक्टर विभूति नारायण मिश्र स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स, बीएचयू सम्पन्न हुई। प्रदेश स्तरीय इस प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। कड़े मुकाबलों के बीच जान्हवी मिश्रा ने अपने शानदार खेल प्रदर्शन, मेहनत और प्रतिभा के दम पर रजत पदक पर कब्जा जमाया। जान्हवी की इस सफलता से सनबीम भगवानपुर विद्यालय परिवार, उनके परिजनों एवं क्षेत्र में खुशी का माहौल है। इस उपलब्धि की जानकारी सनबीम भगवानपुर के वरिष्ठ खेल शिक्षक शशि प्रकाश सिंह ने दी। जान्हवी की यह सफलता अन्य विद्यार्थियों एवं युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है।



फुटबाल नर्सरी और सिगरा एफसी चैम्पियन

वाराणसी। डाक्टर संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम सिगरा में खेली जा रही सांसद खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत विभिन्न आयु वर्ग के बालक बालिकाओं के अण्डर-१४ फुटबाल मुकाबले में कुमाऊ हीरोज ने सिगरा एफसी को २-० से हराया। विजेता टीम की ओर से मौसम तथा खुशी ने एक-एक गोल दागे। दूसरे मैच में फुटबाल नर्सरी ने महामना मालवीय इंटर कालेज बछांव वाराणसी को २-१ से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। विजेता टीमके लिए खुशी यादव ने दोनों गोल किये जबकि पराजित टीम की ओर से रुचि ने गोल किया। तीसरा स्थान संयुक्त रूप से सिगरा एफ सी एवं महामना मालवीय इंटर कालेजको मिला। फाइनल मुकाबले में फुटबाल नर्सरी ने कुमाऊं हीरोज को ३-० से शिकस्त देकर खिताब अपने नाम कर लिया। विजेता टीम की ओर से



महक ने दो तथा नेहा ने एक गोल किया। वहीं बालक अण्डर-१४ के पहले मैच में बीएल डब्ल्यू प्रमोशन अकादमी ने आर्मी ब्वायज को टाईब्रेकर में कप्तान सौरभ के गोल से १-० से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में सिगरा एफसी ने यूपी कालेज को २-० से हराया। विजेता की ओर से रिजवान तथा अभय ने गोल किया दूसरे सेमीफाइनल में फुटबाल नर्सरी ने बीएल डब्ल्यू फुटबाल प्रमोशन को ५-० से हराया। उसके लिए अमन कुमार ने चार गोल हैटट्रिक सहित तथा अल्तमश अली ने एक गोल कर टीम को फाइनल में पहुंचाया। तीसरा स्थान यूपी कालेज तथा बीएल डब्ल्यु प्रमोशन अकादमी को मिला। फाइनल में सिगरा एफसी ने फुटबाल नर्सरी को ६-१ से पराजित कर विजेता होने का गौरव हासिल किया। विजेता टीम की ओर से रोशन ने तीन कृष्ण ने दो तथा यश ने एक गोल किया। पराजित टीम की ओर से अमन ने खेल शुरू होते ही अपनी टीम को गोल कर बढ़त दिलायी थी। इससे पहले मुख्य अतिथि भूपेंद्र सिंह, संयुक्त सचिव उत्तर प्रदेश फुटबाल संघ का स्वागत कमिश्नर राणा अनवर जिला फुटबाल संघ वाराणसी ने अंग वस्त्र बुके स्मृति चिन्ह प्रदान कर तथा विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश फुटबॉल संघ के कोषाध्यक्ष चितहर प्रसाद का स्वागत अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं एनआईएस फुटबाल प्रशिक्षक विनोद कनौजिया ने अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर किया।

बिमल जैन हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन, भोजूबीर, वाराणसी-221002

09335414722

आज का राशिफल — गुरुवार, 5 नवंबर 2026

मेष-	आर्थिकपक्ष बेहतर, आय के नवीन स्रोत, व्यापार में विस्तार, कठिनाइयों का निराकरण।
वृषभ-	आज दिन 9/35 बजे तक परेशानी तदुपरान्त आर्थिक प्रगति, सदुविचारों का उदय, धनलाभ।
मिथुन-	आज दिन 9/35 बजे तक वांछित प्रगति, परिजनों का सहयोग तदनन्तर आर्थिक हानि।
कर्क-	समय शुभ, विवाद हल, कर्ज की निवृत्ति, लाभ का सुयोग, परिवार में खुशी का माहौल।
सिंह-	बुद्धि का विकास, आर्थिक सफलता, जिम्मेदारी हेतु व्यय, धन की प्राप्ति, प्रसन्नता।
कन्या-	आज दिन 9/35 बजे तक व्यय की अधिकता, एकाग्रता का अभाव तत्पश्चात् आर्थिक उन्नति।
तुला-	आज दिन 9/35 बजे तक अभीष्ट सिद्धि तदुपरान्त मानसिक तनाव, प्रतिष्ठा में कमी, व्यर्थ भ्रमण।
वृश्चिक-	लाभ का सुअवसर, भौतिक सुख सुलभ, इच्छित पद की प्राप्ति, अभिलाषा की पूर्ति।
धनु-	व्यवसायिक उन्नति, पुरुषार्थ में रुचि, राजनैतिक कृत्यों में रुचि, संत समागम से खुशी।
मकर-	आज दिन 9/35 बजे तक जीवनसाथी से तनाव, विवाद सभव तदनन्तर धनागम से मन प्रसन्न।
कुम्भ-	आज दिन 9/35 बजे तक नवसमाचार से खुशी, यात्रा सुखद तत्पश्चात् योजना अधूरी, धनहानि।
मीन-	विशिष्टजनों से सम्पर्क, मसला हल, मित्रों से विचार-विमर्श, यात्रा का लाभ, हर्ष।

आज है जिनका जन्मदिन — 5 नवंबर

आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ। जन्मदिनांक 5 का स्वामी ग्रह बुध एवं माह का अधिपति ग्रह मंगल है। विश्वसनीय और निष्ठावान व्यक्ति होंगे। लगातार कार्य करते रहना पसन्द करेंगे। किसी के अधीन रहकर कार्य नहीं करना चाहेंगे। कठिनाइयों के समय भी आत्मविश्वास कायम रख सकेंगे। आपमें साधारण विश्लेषणात्मक क्षमता होगी। किसी भी समस्या पर तुरन्त निर्णय लेने में सक्षम होंगे। कुछ जल्दबाजी प्रवृत्ति के होंगे। जिससे नुकसान सम्भव होगा। उद्देश्य की पूर्ति हेतु सदैव प्रयत्नशील रहेंगे। स्वार्थगुण आपमें विशेष रूप से विद्यमान रहेगी। साथ-साथ दूसरों को भी प्रसन्न रख सकेंगे। आपके जीवन में आधुनिकता का समावेश रहेगा। आत्मिक शांति हेतु जीवन में कई बार परिवर्तन करेंगे। कला-संगीत प्रेम होगे। इष्ट देवी-देवता की आराधना पूजा-पाठ नियमित रूप से करें। दैनिक जीवन में सफेद रंग की वस्तुओं का प्रयोग अधिकतम करें। बुधवार के दिन हरे रंग से सम्बन्धित वस्तुओं का दान भी करें। समाज सेवा निष्काम भाव से करें। गाय को मीठी रोटी नियमित रूप से खिलावें।

आपके लिए शुभ

मन्त्र	: ॐ बुं बुधाय नमः	मास	: जनवरी, नवम्बर एवं दिसम्बर
वत	: बुधवार	वर्ष	: 5, 14, 23, 32, 41, 50, 59, 68
दिन	: रविवार, गुरुवार एवं शनिवार	रंग	: सफेद एवं हरा
दिनांक	: 5, 14, 23	जन्मरत्न	: पन्ना
अंक	: 4, 6, 8	जड़ी	: विधारा की जड़

उपरत्न : एक्वामैरीन
दिशा : उत्तर

वर्ष का महत्वपूर्ण समय— 21 नवम्बर से 20 नवम्बर, 21 नवम्बर से 20 नवम्बर

यन्त्र

9	4	11
10	8	6
5	12	7

सुडोकू ५००५

				6				8
4	2						1	
		9			1			3
	1		2					
			7		4			
						4	2	
5								
3				9				

कैसे खेलते हैं: दिये गये खेल और नम्बरों को पहेली है। तर्क से इसे हल कर सकते हैं। इस में 9-9 खाने के नौ खाने दिए गए हैं। खानों को 1 से 9 की संख्याओं से इस तरह भरना है कि खड़ी और पड़ी लाइनों के प्रत्येक खाने में 1 से 9 की संख्या केवल एक बार आए।

9	4	1	7	5	8	6	3	2
6	3	7	1	9	2	5	8	4
2	5	8	3	6	4	7	9	1
3	8	4	6	1	9	2	5	7
7	2	6	5	8	3	4	1	9
1	9	5	4	2	7	8	6	3
4	7	9	8	3	5	1	2	6
8	6	2	9	7	1	3	4	5
5	1	3	2	4	6	9	7	8

कल का सुडोकू ५००४

परीक्षा केन्द्रों के निर्धारण में बरतें पारदर्शिता -डीएम

मऊ। जिलाधिकारी आनन्द वर्द्धन की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में माध्य मिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज द्वारा संचालित हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2 027 के लिए परीक्षा केन्द्र निर्धारण नीति के अंतर्गत जनपद स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा परीक्षा केन्द्र निर्धारण से संबंधित शासन द्वारा निर्धारित नीति, मानक एवं दिशा-निर्देशों के अनुरूप समस्त बिंदुओं को समिति के समक्ष विस्तारपूर्वक प्रस्तुत किया गया। उन्होंने प्रस्तावित परीक्षा केन्द्रों के संबंध में उपलब्ध कराई गई जानकारी एवं निर्धारित मानकों से समिति को अवगत कराया। जिलाधिकारी ने प्रस्तावित परीक्षा केन्द्रों की व्यवस्थाओं एवं निर्धारित मानकों के अनुपाल न के संबंध में गंभीरता से विचार- विमर्श करते हुए कुछ प्रस्तावित परीक्षा केन्द्रों की स्थलीय जांच कराने के निर्देश संबंधित उप जिलधिक. ारियों को दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि संबंधित उप जिला. धिकारी प्रस्तावित परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर आवश्यक बिंद.



ुओं की जांच सुनिश्चित करें तथा जांच के उपरांत अपनी रिपोर्ट जिला विद्यालय निरीक्षक को उपलब्ध कराएं, जिससे प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम काररवाई की जा सके। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक ने समिति के सदस्यों से यह भी अपेक्षा की कि यदि किसी प्रस्तावित परीक्षा केन्द्र के संबंध में कोई अतिरिक्त तथ्य, आपत्ति अथवा सुझाव हो तो उसे समिति के संज्ञान में लाया जाए,ताकि सभी पहलुओं पर विचार करते हुए नियमानुसार परीक्षा केन्द्रों का निर्धारण किया जा सके। जिला. धिकारी ने परीक्षा केन्द्र निर्धारण की प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप संपन्न कराने पर बल दिया। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (वि/रा0), उप जिलाधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित अन्य सम्बंधित समाहित अधिक. ारीगण उपस्थित रहे।

ईंट-भट्ठा व्यापारियों को ब्याज माफी योजना की दी जानकारी

मऊ। ईंट निर्माता समिति, मऊ के पदाधिकारियों एवं राज्य कर विभाग के अधिका. रियों के साथ आज मेगा मार्ट स्थित भट्ठा एसोसिएशन के कार्यालय में ब्याज माफी योजना-2026 के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त राज्य कर, मऊ मनोज कुमार यादव ने की। बैठक में उपस्थित ईंट भट्ठा संघ के पदाधिकारियों को ब्याज माफी योजना-2026 के प्रावधानों एवं उससे मिलने वाले लाभों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस दौरान राज्य कर विभाग, मऊ द्वारा ईंट भट्ठा बकायेदारों से संबंधित सूची की एक-एक प्रति संघ के पदाधिकारियों को उपलब्ध कराई गई।उपायुक्त राज्य कर ने संघ के पदा. धिकारियों से अनुरोध किया कि वे व्यक्तिगत रूप से ईंट भट्ठा व्यापारियों से संपर्क कर उन्हें ब्याज माफी योजना के अंतर्गत मिलने वाले लाभों की जानकारी दें तथा अधिक से अधिक व्यापारियों को इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करें। बैठक में ईंट निर्माता समिति, मऊ के अध्यक्ष वीरभद्र सिंह, कोषाध्यक्ष संजय सिंह, अंजनी कुमार सिंह, रामकृपाल सिंह, अजय सिंह, जितेन्द्र सिंह, अखिलेश राय एवं कौशल राय सहित अन्य पदा. धिकारी उपस्थित रहे। राज्य कर विभाग की ओर से उपायुक्त राज्य कर मनोज कुमार यादव, सहायक आयुक्त कुलदीप, विकास मिश्रा, संतोष सिंह, प्रशांत यादव, सर्वेश यादव एवं अमित राय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

सराफा की दुकानों के सीसीटीवी कैमरे क्रियाशील रखने के निर्देश

मुहम्मदाबाद गोहना(मऊ)। मुहम्मदाबाद गोहना कोतवाली परिसर में बुधवार दोपहर सर्राफा संघ के पदाधिकारी की एक विशेष बैठक कोतवाली परिसर में आयोजित की गई बैठक को संबो. धित करते हुए प्रभारी निरीक्षक ने सर्राफा व्यापारियों से अपील किया कि पर्व को देखते हुए बाजारों में काफी भीड़ होगी। सुरक्षा के मध्य नजर आप सभी का कर्तव्य है कि अपनी सीसीटीवी को सही हालत में रखें तथा समय से अपने दुक. ानों को समय से बंद किया जाए । पुलिस प्रशासन सदैव आपके साथ हर दु:ख सुख में तैयार हैं । भीड़ को देखते हुए हम सभी का यह कर्तव्य बनता है कि अनजान व्यक्ति कोई नजर आता है तो इसकी सूचना पुलिस को दें । ताकि पुलिस उसे पर विशेष नजर रखें त्योहार हम सभी का है । सभी लोग मिलजुल कर मनाएं माता लक्ष्मी का पर्व हम सभी को सुख समृद्धि एवं खुशहाली लाएंगी जिसको लेकर हम सब प्रेम पूर्वक त्यौहार को मनाया जाए । इस मौके पर सर्राफा संघ की तहसील अध्यक्ष त्रिभुवन नारायण सिंह, शिव मुनि ,नीरज कुमार ,लाल जी वर्मा, प्रेमचंद वर्मा ,पप्पू सेठ ,श्याम जी वर्मा समेत सर्राफा संघ के कई दर्जन व्यापारी उपस्थित रहे।

३७ वाहनों का चालान

मुहम्मदाबाद गोहना(मऊ)। पुलिस अधीक्षक सर्वेश कुमार मिश्रा के आदेश के क्रम में मुहम्मदाबाद गोहना में चलाए जा रहे विशेष वाहन चेकिंग को लेकर अलग-अलग स्थान से पुलिस ने 37 बाइकों का ई-चालान किया।

पुलिस ने ठगी के ३६ हजार कराये वापस

दोहरीघाट (मऊ)। उसरीखुर्द निवासी सुमित मौर्य पुत्र सुभाष मौर्य के साथ आनलाइन साइबर फ्राड की घटना हुई थी। पीड़ित ने साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी, अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार, क्षेत्राधिकारी घोसी सत्येंद्र भूषण तिवारी तथा प्रभारी निरीक्षक दो. हरीघाट रामायण सिंह के कुशल निर्देशन में साइबर टीम ने प्रभावी काररवाई करते हुए 4 नवंबर 2026 को पीड़ित के खाते में होल्ड हुई 36 हजार रुपये की पूरी धनराशि वापस करा दी। इस काररवाई में प्रभारी निरीक्षक रामायण सिंह, कांस्टेबल सुनील कुमार, महिला कांस्टेबल प्रज्ञा शुक्ला एवं कांस्टेबल अंकित पांडेय शामिल रहे।

पुलिस ने इण्टर कालेज में छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

मऊ। पुलिस अधीक्षक के आदेश के अनुपालन में चलाए जा रहे विशेष जागरूकता अभियान के तहत मिशन शक्ति टीम, सीसी टीम व साइबर टीम द्वारा संयुक्त रूप से गांधी विद्यालय इंटर कालेज, मारुफपुर में एनसीसी के छात्र-छात्राओं को महिला सुरक्षा, साइबर सुरक्षा तथा यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान टीम ने छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्यों से अवगत कराते हुए आत्मरक्षा, महिला अधिकारों तथा आपातक. ालीन हेल्पलाइन नंबरों जैसे विमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा112 चाइल्ड हेल्पलाइन1098 और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 के प्रयोग की विस्तृत जानकारी दी और स्पष्ट किया कि 1090 पर शिकायतकर्ता की पहचान पूर्णत: गोपनीय रखी जाती है। इसके साथ ही साइबर टीम द्वारा विद्यार्थियों को वर्तमान समय में बढ़ते डिजिटल अपराधों, फर्जी काल्स, अनजान लिंक, सोशल मीडिया फ्राड और ओटीपी शेयरिंग के खतरों से आगाह करते हुए साइबर ठगी का शिकार होने पर तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1930 तथा नेशनल साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया समझाई गई। कार्यक्रम में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु सभी को यातायात नियमों के पालन की शपथ दिलाई गई, जिसमें दोपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से मानक हेलमेट पहनने, तीन सवारी न बैठाने, सीट बेल्ट लगाने तथा नाबालिगों द्वारा वाहन न चलाने की कड़ी हिदायत दी गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य, एनसीसी अधिक. ारी, शिक्षकगण, पुलिस टीम तथा बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे।

शांतिभंग की आशंका में दो गिरफ्तार

मुहम्मदाबाद गोहना(मऊ)। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बंदी घाट निवासी अख्तर पुत्र मोहम्मद राजिक तथा दूसरे पक्ष के समीर पुत्र शाह आलम निवासी बंदी घाट पुरानी रंजिश को लेकर एवं पानी बहने की बात को लेकर आपस में नोक झोंक के बाद मारपीट कर लिए । घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने बुधवार को दोनों लोगों का शांति भंग में चालान किया।

दो वारंटी गिरफ्तार

मुहम्मदाबाद गोहना(मऊ)। वलीदपुर स्थित मोहल्ला कोदरा निवासी अवनीश तथा बुद्धिराम जो दहेज हत्या के मामले में आरोपी हैं । दोनों लोगों को उनके घर से गिरफ्तार कर चालान किया गया।













तीन दिनों तक चलेगा दीपावली मेला, बनेंगे १८१ लक्ष्मी पंडाल

मुहम्मदाबाद गोहना(मऊ)। स्थानीय ऐतिहासिक लक्ष्मी पूजा दीपावली को लेकर समस्त प्रतिमा आयोजन करता द्वारा भिन्न-भिन्न स्थानों पर पदाधिकारी तैयारी में जुट गए हैं। स्थानीय कोतवाली में माता लक्ष्मी की कुल 181 प्रतिमाएं तथा मुहम्मदाबाद गोहना कस्बे में माता लक्ष्मी की 61 प्रतिमाएं 8 नवंबर रविवार को स्थापित कर दी जाएगी । जिसको लेकर रविवार से मंगलवार तक स्थानीय कस्बे में तीन दिन तक भव्य मेला का भी आयोजन विभिन्न प्रतिमा के आयोजन को द्वारा किया जाता है और हजारों हजार की संख्या में भीड़ होती है । माता लक्ष्मी की प्रतिमा को देखने के लिए आजमगढ़ मऊ ही नहीं बल्कि पूर्वांचल के कई जनपदों से भक्तगण माता लक्ष्मी की प्रतिमा का दर्शन करने के लिए आते हैं इस ऐतिहासिक दीपावली को लेकर जहां प्रशासन एवं पुलिस की विशेष निगाह रहती है कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की समस्या न हो जिसके लिए प्रशासन पूरी तरह से कमर कस लिए हैं । जिसको लेकर स्थानीय कस्बे में जय मां अंबे क्लब ,अकेला क्लब ,विद्यार्थी क्लब ,जय क्लब ,जय मां दुर्गा काली क्लब ,विद्यार्थी क्लब ,क्रांतिकारी क्लब, मां को देवी दुर्गा क्लब एवं तमाम क्लब के पदाधिकारी सजावट एवं पंडाल की तैयारी में जुट गए हैं । जबकि काली माता चौरा स्थित जय क्लब द्वारा भगवान शिव की भव्य प्रतिमा जहां बनाई जा रही है । जिसको लेकर अभी से भक्तगण देखने में जुटे हुए हैं । जबकि अभी दीपावली कुछ दिन शेष है । लेकिन अभी से विभिन्न क्लब के पदा. धिकारी तैयारी में लगे हैं । जबकि इदारतगंज स्थित श्रीराम क्लब में स्थापित होने वाली माता लक्ष्मी की प्रतिमाएं इस वर्ष किन्ही कर्म से स्थापित नहीं की जाएगी।

पूर्व सैनिकों की समस्याओं के निस्तारण के लिए शिविर तेरह को

मऊ। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, जे एन राय मऊ द्वारा जनपद के समस्त पूर्व सैनिकों एवं वीर नारियों को सूचित किया गया है कि उनकी पेंशन एवं स्पर्श से संबंधित समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए 13 नवंबर 2026 को समयरू प्रात: 10.00 बजे से अपरान्ह 3. 00 बजे तक विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शि. विर 39 गोरखा रेजीमेंट सेंटर, वाराणसी के सहयोग से जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय, मऊ में आयोजित होगा। शिविर का उद्देश्य पूर्व सैनिकों एवं वीर नारियों की पेंशन से संबंधित विभिन्न समस्याओं का समाधान करना है। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ने जनपद के सभी पूर्व सैनिकों एवं वीर नारियों से अपील की है कि वे अपनी पेंशन एवं स्पर्श से संबंधित समस्याओं के निस्तारण हेतु आवश्यक अभिलेखों एवं सभी संबंधित कागजातों के साथ शि. विर में उपस्थित हों। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ने सभी संबंधित पूर्व सैनिकों एवं वीर नारियों से निर्धारित तिथि एवं समय पर पहुंचकर इस शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

बिजली मीटर में लगी आग, डेढ़ सौ घरों की बिजली गुल

मुहम्मदाबाद गोहना(मऊ) नगर पंचायत वलीदपुर के डीह पर मंगलवार देर रात लगभग 10 बजे शार्ट सर्किट से ट्रांसफार्मर के पास लगे मीटर बोर्ड में अचानक भीषण आग लग गई। घटना के चलते करीब डेढ़ सौ घरों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई, जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

गौशाला के पशुओं को ठंड से बचाने का निर्देश

घोसी(मऊ)। ठंड को देखते हुए निराश्रित गोवंशों के संरक्षण एवं सुरक्षा को लेकर तहसील सभागार घोसी में उपजिलाधिकारी अशोक कुमार सिंह ने बैठक कर ठंड से बचाने का निर्देष्ठा दिया।

यज्ञ के समापन में पहुँचे रामपुर एसपी

नदवासराय(मऊ)। स्थानीय तहसील क्षेत्र के कोठिया स्थित ब्रह्मर्षि रामकृष्ण धाम में मंगलवार को पांच दिवसीय ब्रह्म गायत्री महायज्ञ का समापन श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में हुआ। अंतिम दिन वैदिक मंत्रों की गूंज के बीच हवन-पूजन और पूर्णाहुति संपन्न हुई। पांच लाख ब्रह्म गायत्री मंत्रों के सामूहिक जप का अनुष्ठान पूरा होने पर दशांश हवन, तर्पण अंतिम दिन विधिविधान से पूर्णाहुति कराई गई। समापन समारोह में पहुंचे भदीड़ निवासी रामपुर एसपी अनिल सिंह सिसोदिया ने यज्ञ में शामिल विद्वान ब्राह्मणों, अतिथियों और आयोजन को सफल बनाने में योगदान देने वाले कार्यकर्ताओं का स्वागत एवं सम्मान किया। इस मौके पर भूपेंद्र नारायण, दीपक पाठक, चंद्रविजय सिंह, अभिषेक यादव, प्रवीण कुमार राय, मुन्ना मौर्य, राघवेंद्र प्रताप सिसोदिया, शिवम आचार्य, अभय सिंह, डाक्टर सादिक अहमद, लव चतुर्वेदी, पुनीत सिंह, अभिषेक सिंह टिंकू, शशि प्रकाश डेविड, संजय सिंह, पम्पुल कुमार, देवमणि त्रिपाठी, प्रभुनाथ यादव आदि मौजूद रहे।

बस से ले जाया जा रहा २.३० कुन्टल नकली खोवा बरामद

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। सहायक आयुक्त (खाद्य) सुश्री मंजूषा सिंह ने बस रोकवा कर कैलाश यादव का एक कुन्टल और सतीश का 80किलो तथा दूसरी बस से लावारिस 50किलो खोवा बरामद कर नष्ट कराया। पहसा बाजार से छेना मिठाई का नमूना, भीमपुरा मोड़ रतनपुरा स्थित प्रतिष्ठान से बेसन लड्डू का नमूना, चोरपाकला स्थित भाई-भाई बंगाली स्वीट से बर्फी का नमूना तथा चोरपाकला स्थित प्रतिष्ठान से बर्फी का नमूना खाद्य विश्लेषक की प्रयोगशाला से जांच कराने हेतु संग्रहित किये गये। जांच दल में सहायक आयुक्त (खाद्य)-मऊ, मंजूषा सिंह तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारी, अमित कुमार राना, ओमप्रकाश यादव, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवेंद्र सिंह यादव, रीता, स्वामीनाथ, अजीत कुमार त्रिपाठी तथा विजय प्रकाश आदि शामिल रहे।

घाघरा और तमसा तट पर गूंजा नदियों की स्वच्छता का संदेश

मऊ। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के निर्देशों के क्रम में जिला गंगा समिति, मऊ द्वारा गंगा उत्सव 2026 का दो दिवसीय भव्य आयोजन घाघरा नदी के रामघाट, दोहरीघाट एवं तमसा नदी के महादेव मंदिर, गायघाट पर किया गया। नदियों के संरक्षण, स्वच्छता, निर्मलता एवं अविरलता के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित इस उत्सव में धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से आमजन को नदी संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। गंगा उत्सव घाघरा नदी के रामघाट दोहरीघाट पर भव्य भजन संध्या एवं दीपदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

संक्षिप्त समाचार

आनंद चौधरी बने भाजपा अनुसूचित मोर्चा गोरखपुर के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष

घोसी(मऊ)। भारतीय जनता पार्टी ने संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपते हुए घोसी निवासी वरिष्ठ भाजपा नेता आनंद चौधरी को गोरखपुर क्षेत्र के अनुसूचित मोर्चा का क्षेत्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष मुन्ना गुप्ता, रघुनंदन यादव, मोहन गुप्ता, प्यारेलाल राजभर, हरिकेश मिश्रा, नागेंद्र सिंह, अरविंद मौर्य और रूपेंद्र राजभर सहित अन्य लोगों ने आनंद चौधरी को बधाई दी।

गनी बने कांग्रेस सेवादल के प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी

रतनपुरा (मऊ)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं मुहम्मदाबाद गोहना विधानसभा क्षेत्र के वलीदपुर नगर निवासी मोबस्सिर गनी को उत्तर प्रदेश कांग्रेस सेवादल का सोशल मीडिया प्रभारी बनाए जाने पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव घनश्याम सहाय ने खुशी प्रकट की है।

प्राचार्य संग धान के खेत में पहुंचे कृषि संकाय के छात्र-छात्राएं

घोसी(मऊ)। सर्वोदय पीजी कालेज घोसी के कृषि फार्म पर वैज्ञानिक विधि से की जा रही धान की खेती का निरीक्षण करने के लिए महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. वंदना पाण्डेय कृषि संकाय के प्राध्यापकों और छात्र-छात्राओं के साथ खेत में पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने कृषि फार्म पर लगी धान की फसल का बारीकी से जायजा लिया तथा खेती में अपनाई जा रही वैज्ञानिक पद्धतियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान प्राचार्या ने कृषि संकाय के विद्यार्थियों से संवाद भी किया। इस अवसर पर कृषि संकाय के प्राध्यापक नितिल कुमार श्रीवास्तव, अमरनाथ जायसवाल, डा. ब्रजेश यादव, डा. धनंजय शर्मा, संजय चौरसिया, राहुल कुमार त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में कृषि संकाय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

कलम खरीदने निकला बालक नहीं लौटा घर

मऊ। मधुबन थाना क्षेत्र के गाजियापुर चट्टी पर कलम खरीदने गया एक 13 वर्षीय बालक देर शाम तक घर नहीं लौटा तो पिता ने थाने में तहरीर देकर अज्ञात के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है । जितेंद्र सिंह पुत्र हरी सिंह का आरोप है कि 3 नवम्बर की दोपहर तीन बजे मेरा पुत्र अंश उम्र 13 वर्ष घर से लगभग 250 मीटर दूर गाजियापुर स्थित सर्वोदय इंटर कालेज के पास कलम खरीदने गया था किन्तु काफी समय व्यतीत होने के बाद भी वापस घर नहीं लौटा, जिसकी बहुत खोजबीन किया गया। मगर, कहीं अता-पता नहीं चला । मुझे अंद. शा है कि मेरे पुत्र के साथ कोई अनहोनी घटना न घटित हो जाए । इस मामले में पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

कृषक प्रशिक्षण शिविर में पहुंचे बंटी

दोहरीघाट(मऊ)। दोहरीघाट ब्लाक परिसर स्थित कृषि विभाग की ओर से 26 अक्टूबर से 20 नवंबर 2026 तक आयोजित कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा उत्तर प्रदेश विनय कुमार राय उर्फ बंटी शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विनय कुमार राय 'बंटी' ने किसानों को संबोधित करते हुए आधुनिक तकनीक से खेती करने, उन्नत बीजों का प्रयोग करने तथा कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक तरीके से खेती अपनाकर किसान अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं। कार्यक्रम में कृषि विभाग के एडीओ रमेश यादव, वरिष्ठ वैज्ञानिक अंगद प्रसाद, अवधेश राय डा. आकांक्षा, रमेश यादव, आलोक यादव, प्रहलाद दास सहित सैकड़ों किसान एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को कृषि की नवीनतम तकनीकों एवं बेहतर खेती के तरीकों की जानकारी दी गई।

भदोही को हराकर मऊ पुलिस सेमीफाइनल में

मऊ। जनपद गाजीपुर में आयोजित अन्तर्जनपदीय क्रिकेट प्रतियोगिता वाराणसी जोन में मऊ पुलिस टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। प्रतियोगिता में मऊ पुलिस टीम ने 03 नवंबर को जनपद भदोही की टीम को 16 रनों से पराजित किया। वहीं, बुधवार को खेले गए मुकाबले में जनपद सोनभद्र की टीम को 5 विकेट से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। दोनों मुकाबलों में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए मऊ पुलिस टीम ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया, जहां उसका मुकाबला मेजबान जनपद गाजीपुर की टीम से होगा। मऊ पुलिस टीम के कप्तान मुलायम यादव के नेतृत्व में टीम में रविरंजन राय, संदीप यादव, कमलेश यादव, अंकित सिंह, सौरभ यादव-1, वसीम अकरम, रोहित यादव, सौरभ यादव-2, वीरेन्द्र, धर्मेंद्र सिंह, अजय यादव और आशीष शामिल हैं। टीम के मैनेजर उपनिरीक्षक लल्लू प्रसाद हैं। मऊ पुलिस टीम की इस सफलता से पुलिस महकमे में उत्साह का माहौल है। अब सभी की निगाहें सेमीफाइनल मुकाबले पर टिकी हैं, जहां टीम की नजर फाइनल में जगह बनाने पर होगी।

सत्यमेव जयते
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण



“21वीं सदी का नया भारत, बेहतरीन और आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण कर रहा है। बेहतर सड़कें, रेल नेटवर्क, ‘एयरपोर्ट’–ये सिर्फ इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स नहीं होते, बल्कि ये पूरे क्षेत्र का कायाकल्प कर देते हैं।”
– नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

₹3650 करोड़ से अधिक की लागत से 8 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का
भूमिपूजन, कार्य शुभारम्भ एवं लोकार्पण

गुरूवार, 5 नवम्बर, 2026। सुबह 11.00 बजे । कार्यक्रम स्थल: सार्वजनिक इण्टर कॉलेज, मुंगरा–बादशाहपुर, जौनपुर

लोकार्पण

रायबरेली–प्रयागराज का 4–लेन चौड़ीकरण
राष्ट्रीय राजमार्ग–30, कुल लम्बाई–63 किमी, लागत ₹1505 करोड़

मछलीशहर–जंघई–दुर्गागंज–भदोही 2–लेन पेव्ड शोल्डर सहित सड़क निर्माण
राष्ट्रीय राजमार्ग–731बी (पैकेज–1), कुल लम्बाई–49 किमी, लागत ₹627 करोड़

जगतपुर, बाबूगंज, ऊँचाहार, अलापुर 4–लेन बाईपास एवं सई नदी पर ब्रिज का निर्माण
राष्ट्रीय राजमार्ग–30, कुल लम्बाई–24 किमी, लागत ₹1078 करोड़

कार्य शुभारम्भ

मुंगरा–बादशाहपुर बाईपास का निर्माण
कुल लम्बाई–4 किमी, लागत ₹198 करोड़

जौनपुर शहर में लता मंगेशकर तिराहे से प्रसाद इंस्टीट्यूट तक 4–लेन चौड़ीकरण
राष्ट्रीय राजमार्ग–128ए, कुल लम्बाई–5 किमी, लागत ₹75 करोड़

भूमिपूजन

जौनपुर शहर में कुत्तूपुर तिराहे से सरॉय ख्वाजा तक 4–लेन चौड़ीकरण
राष्ट्रीय राजमार्ग–135ए, कुल लम्बाई–12 किमी, लागत ₹128 करोड़

मड़ियाहूँ रेलवे क्रासिंग पर ओवर ब्रिज का निर्माण
राष्ट्रीय राजमार्ग–135ए, कुल लम्बाई–1.5 किमी, लागत ₹92 करोड़

रामदयालगंज में सई नदी पर 2–लेन ब्रिज का निर्माण
राष्ट्रीय राजमार्ग–135ए, लागत ₹16 करोड़

परियोजनाओं के लाभ

मछलीशहर–जंघई–भदोही मार्ग के निर्माण से यात्रा समय 2.5 घण्टे का सफर, मात्र 40 मिनट में।

मुंगरा बादशाहपुर कस्बे को जाम की समस्या से राहत तथा महाकुम्भ एवं माघ मेले में श्रद्धालुओं के आवागमन की सुगमता।

मड़ियाहूँ कस्बा में आर.ओ.बी. के निर्माण से जाम से निजात तथा आम नागरिकों का आवागमन आसान।

प्रयागराज–भदोही क्षेत्र के लोगों को सुरक्षित एवं सुविधाजनक आवागमन, कृषि एवं लघु उद्योगों को बढ़ावा।

सई नदी के दोनों ओर बसे क्षेत्रों के बीच सीधा संपर्क तथा शिक्षा, स्वास्थ्य एवं व्यापारिक सुविधाओं तक पहुंच आसान।

जौनपुर शहर में यातायात का दबाव कम होने के साथ–साथ व्यापार, उद्योग एवं पर्यटन को बढ़ावा।

रायबरेली–प्रयागराज के बीच बेहतर एवं निर्बाध यातायात एवं भारी वाहनों को शहरों एवं बाजारों के बाहर से गुजरने का विकल्प।

नितिन गडकरी
मंत्री, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग, भारत सरकार

के कर–कमलों द्वारा

गरिमामयी उपस्थिति

राहुल गांधी – नेता प्रतिपक्ष, सांसद, लोकसभा
मनोज पाण्डेय – मंत्री ,खाद्य एवं रसद नागरिक आपूर्ति, उत्तर प्रदेश
गिरीश चन्द्र यादव – राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण, उत्तर प्रदेश
दिनेश प्रताप सिंह – राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उद्यान, कृषि विपणन कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात, उत्तर प्रदेश
बृजेश सिंह – राज्यमंत्री, लोक निर्माण उत्तर प्रदेश
सीमा द्विवेदी – सांसद, राज्यसभा

अमर पाल मौर्य – सांसद, राज्यसभा
प्रमोद तिवारी – सांसद, राज्यसभा
इमरान प्रतापगढ़ी – सांसद, राज्यसभा
डॉ विनोद कुमार बिंद – सांसद, लोकसभा
प्रवीण पटेल – सांसद, लोकसभा
बाबू सिंह कुशवाहा – सांसद, लोकसभा
डॉ. शिव पाल सिंह पटेल – सांसद, लोकसभा
उज्जवल रमण सिंह – सांसद, लोकसभा
प्रिया सरोज – सांसद, लोकसभा
पुष्पेंद्र सरोज – सांसद, लोकसभा

माननीय विधान सभा व विधान परिषद सदस्यगण

रमेश चन्द्र मिश्र । रमेश सिंह । अदिति सिंह । अशोक कुमार । राजेन्द्र कुमार मौर्य । गुरू प्रसाद मौर्य । हर्षवर्धन बाजपेयी । बृजेश कुमार सिंह ‘प्रिन्सू’ । सुरेन्द्र चौधरी । देवेन्द्र प्रताप सिंह । डा. आर.के. पटेल । जीत लाल पटेल रघुराज प्रताप सिंह । विनोद सरोज । अक्षय प्रताप सिंह । राहुल राजपूत उर्फ राहुल लोधी । पंकज पटेल । डा0 राकेश कुमार वर्मा उर्फ डा0 आर. के. वर्मा । राम सिंह पटेल । गीता शास्त्री (पासी) । डॉ0 रागिनी जाहीद । विजमा यादव । डॉ. मान सिंह यादव । आराधना मिश्रा, मोना । अन्नपूर्णा सिंह उर्फ पूनम सिंह

एवं अन्य गणमान्य महानुभाव

FOR LIVE STREAMING :
www facebook com/nitingadkary | https://twitter com/nitin gadkari | www youtube com/c/NitinGadkariOfficial

सड़कें ही नहीं,
राष्ट्र का निर्माण भी

CBC 37107/13/0022/2627